सूर्योदय : 5:11
सूर्यास्त : 6:59
अधिकतम तापमान : 38.7
न्यूनतम : 26.8

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-351 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 13 जून 2026
26 जिलहिज्जा 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




# तीन भारतीयों की मौत पर भड़का भारत

■ अमेरिकी राजनयिक को दूसरी बार बुलाकर कड़ा विरोध दर्ज कराया



**नई दिल्ली।** ओमान तट के पास कमर्शियल जहाज पर हुए हमले में तीन भारतीय नाविकों की मौत के मामले में भारत ने कड़ा रुख अपनाया है। भारत ने शुक्रवार को अमेरिकी दूतावास के प्रभारी अधिकारी जेसन मीक्स को तलब किया और ओमान के तट के पास भारतीय चालक दल के सदस्यों वाले कमर्शियल जहाजों पर अमेरिकी नौसेना के हमलों को लेकर कड़ा विरोध दर्ज कराया। इस हफ्ते में यह दूसरी बार है जब भारत अमेरिकी दूतावास के प्रभारी अधिकारी को तलब किया है।

अमेरिकी राजनयिक जेसन मीक्स को विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव (अमेरिका) के द्वारा तलब किया गया है। यह लगातार दूसरी बार है, जब विदेश मंत्रालय ने इस तरह से अमेरिकी राजनयिक को तलब किया है। एक दिन पहले सरकार ने कहा था कि अमेरिकी कार्रवाई में एक टैंकर के भारतीय चालक दल के तीन सदस्यों की मौत हो गई। अमेरिकी दूतावास के प्रभारी अधिकारी को विदेश मुख्यालय में तलब किया गया और उन्हें अमेरिका की सैन्य कार्रवाई को लेकर भारत की कड़ी आपत्ति से अवगत कराया गया। मीक्स को बुधवार की रात भी तलब किया गया था।

भारत ने कहा था कि इस सप्ताह ओमान तट के निकट तीन वाणिज्यिक जहाजों पर अमेरिकी सैन्य बलों के हमले में तीन भारतीय नागरिकों की मौत हो गई। यह पहली बार था जब भारत ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया कि अमेरिकी नौसेना ने भारतीय चालक दल वाले जहाजों को निशाना बनाया था। भारत ने कहा था कि ये हमले तुरंत रुकने चाहिए। पलाउ के ध्वज वाले तेल टैंकर मैरीवेक्स को पिछले दिनों अमेरिकी सुरक्षा बलों द्वारा निशाना बनाया गया। अमेरिका ने 10 जून को पलाउ ध्वज वाले एक अन्य टैंकर सेटेबेलो पर हमला किया था, जिसमें जहाज पर सवार 24 भारतीय नाविकों में से तीन की मौत हो गई थी।

## अमेरिका से समझौते पर आखिरकार ईरानी विदेश मंत्री ने तोड़ी चुप्पी



**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिका के साथ डील हो जाने की संभावना जताई है। उन्होंने कहा है कि दोनों देश समझौते के करीब हैं। दूसरी ओर अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा है कि ईरान के साथ समझौते पर कई ऐसी बातें कहीं जा रही हैं, जिनमें सच्चाई नहीं है। इसमें ईरान को कैश देने जैसे बेबुनियाद दावे भी हैं। ईरानी विदेश मंत्री और अमेरिकी वाइस प्रेसिडेंट के बयान राष्ट्रपति ट्रंप के समझौता फाइनल होने का ऐलान करने के कुछ घंटे बाद आए हैं।

अमेरिका से समझौते के लिए अहम वार्ताकार अब्बास अराघची ने शुक्रवार रात एक ट्वीट किया है। इसमें उन्होंने लिखा, 'इस्लामाबाद मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग इतना करीब पहले कभी नहीं था। हालांकि जब तक यह फाइनल नहीं हो जाता, तब तक मीडिया को अंदाजा लगाने से बचना चाहिए। हमारे जिम्मेदार और ट्रांसपेरेंट नजरिए के हिसाब से इसकी डिटेल सही समय पर लोगों के साथ शेयर की जाएगी।'

# अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा को लेकर गृह मंत्री अमित शाह की हाई लेवल मीटिंग

■ आर्मी चीफ और एनएसए अजीत डोभाल भी रहे मौजूद




**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तीन जुलाई से 28 अगस्त तक चलने वाली पवित्र अमरनाथ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर शुक्रवार को एक हाई लेवल सिक्योरिटी रिव्यू मीटिंग की। इसमें एनएसए अजित डोभाल, जम्मू-कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा, आर्मी चीफ, केंद्रीय गृह सचिव, आईबी चीफ, जम्मू-कश्मीर के डीजीपी, सीआरपीएफ, बीएसएफ, सीआईएसएफ और सीएपीएफ के सभी डीजी समेत आर्मी और जम्मू-कश्मीर के अन्य आला अधिकारी शामिल हुए।

मीटिंग में गृह मंत्री ने निर्देश दिया कि सभी सुरक्षा एजेंसियों के समन्वित प्रयासों से यात्रा के लिए एक अभेद्य सुरक्षा कवच तैयार किया जाना चाहिए। निगरानी के लिए ड्रोन, सीसीटीवी कैमरे और अन्य सर्विलांस सिस्टम रहेगा। आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल करते हुए सुरक्षा को और अधिक मजबूत किया जाए। साथ ही यात्रा के मार्ग पर जम्मू-कश्मीर पुलिस, सीआरपीएफ, बीएसएफ और आईटीबीपी समेत अन्य सुरक्षा एजेंसियों द्वारा मल्टी लेयर सुरक्षा ग्रिड बनाया जाए। ताकि यात्रा के बीच कोई भी नापाक इरादों वाला शख्स घुसपैठ ना कर सके।

यात्रा के बीच में शिविरों में रूकने वाले भक्तों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए गृह मंत्री ने सीएपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस को निर्देश दिए कि वह लगातार शिविरों के अंदर और बाहर अपनी मौजूदगी सुनिश्चित रखेंगे। श्रद्धालुओं के रजिस्ट्रेशन, उनके रहने, स्वास्थ्य सेवाओं और आपदा प्रबंधन समेत सभी आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित हो। यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन कराने और यात्रियों की सहायता के बारे में श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड की वेबसाईट पर जानकारी हासिल की जा सकती है।

### मौसम की स्थिति के अनुसार आगे बढ़ेंगे श्रद्धालु

गृह मंत्री ने कहा कि मौसम की स्थिति एवं पूर्वानुमान के अनुरूप ही श्रद्धालुओं के जत्थों के आगे बढ़ाने की व्यवस्था की जाए। यात्रा से जुड़े स्थानीय लोगों एवं पशुओं के रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था के साथ उनके लिए क्यूआर कोड युक्त पहचान पत्र जारी किए जाएंगे।

# कांग्रेस नेत्री मीनाक्षी नटराजन को झटका, याचिका खारिज

■ सुप्रीम कोर्ट का याचिका पर विचार करने से इनकार



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता मीनाक्षी नटराजन की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने मध्य प्रदेश से राज्यसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन रद्द होने को चुनौती दी थी। हालांकि अदालत ने उन्हें यह छूट दी है कि वह जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत चुनाव याचिका दायर कर इस मामले को आगे बढ़ा सकती हैं।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और ए एस चांदूरकर की पीठ ने इस याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। पीठ ने व्यवस्था दी कि संविधान के अनुच्छेद 329 के तहत इस चरण में न्यायिक हस्तक्षेप वर्जित है। यह टिप्पणी करते हुए कि इस चुनौती को वैधानिक चुनाव याचिका तंत्र के माध्यम से उठाया जा सकता है, पीठ ने रिट याचिका को विचारणीय न मानते हुए खारिज कर दिया। सुश्री नटराजन का नामांकन नौ जून को इस आधार पर खारिज कर दिया गया था कि उन्होंने हलफनामे में इसका खुलासा नहीं किया था कि उनके खिलाफ एक निजी शिकायत दर्ज की गई थी। नटराजन की ओर से पेश अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि चुनाव आयोग ने कल ही परिणाम घोषित कर दिये, जिसमें अन्य उम्मीदवारों को निर्विरोध विजेता घोषित कर दिया गया।

# पीएम मोदी के चमत्कारिक नेतृत्व से देश में आया बड़ा बदलाव

■ सीएम योगी ने कहा पहले की सरकारों ने समाज को बांटा




**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चमत्कारिक नेतृत्व का लाभ देश को मिला है। मोदी सरकार के 12 साल पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में योगी ने केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाई और कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश में बड़ा सकारात्मक बदलाव आया है।

उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 'सबका साथ, सबका विकास' को धरातल पर उतारा गया। उन्होंने कहा, 'पहले की सरकारों ने समाज को बांटने का काम किया, लेकिन पीएम मोदी ने गरीब, महिला, युवा और किसान - इन चार जातियों को केंद्र में रखकर योजनाएं बनाई और उनके उत्थान के लिए काम किया।'

**दुनिया ने माना भारत के सामर्थ्य का लोहा :** उन्होंने कहा कि भारत ने दुनिया में अपने सामर्थ्य का लोहा मनवाया है। योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन हो रहा है और पहली बार किसी प्रधानमंत्री ने योजनाओं को लागू करने के लिए शानदार काम किया है। योगी ने आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टैंडअप योजना, स्टार्टअप योजना समेत कई जनकल्याणकारी योजनाओं का जिक्र किया।

उन्होंने कहा कि इन योजनाओं को व्यापक रणनीति के साथ लागू किया गया और 12 वर्षों में सफलता से क्रियान्वित किया गया। प्रधानमंत्री ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने का काम किया है। इनमें से हर घर में एक कमाने वाला बना है। इसका सबसे अधिक लाभ उत्तर प्रदेश को मिला है।

**पीएम मोदी के विजन से यूपी को मिला लाभ :** मुख्यमंत्री ने कहा कि कभी उत्तर प्रदेश भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, गुंडागर्दी और पहचान के संकट से जूझ रहा था। पीएम मोदी के विजन से यूपी को लाभ मिला। आवास और शौचालय जैसी योजनाओं का लाभ प्रदेश के गरीबों तक पहुंचा। योगी ने कहा कि कोरोना काल में उत्तर प्रदेश में अकेले 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिला। साथ ही 2 करोड़ लोगों को मुफ्त रसोई गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए गए। पहले आधी आबादी के साथ भेदभाव होता था, असुरक्षा का माहौल था और नौकरियों में सुविधाएं नहीं मिलती थीं।

2014 के बाद पीएम मोदी ने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना शुरू की। आज जन्म से लेकर पढ़ाई तक बेटियों के लिए सरकार पूरी मदद कर रही है। कार्यक्रम में योगी ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे केंद्र सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाकर 'विकसित भारत - विकसित उत्तर प्रदेश' के संकल्प को साकार करें।

### पंकज चौधरी ने गिनाईं डबल इंजन सरकार की उपलब्धियां

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने पार्टी के कार्यक्रम में केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि विकास और विकास यात्रा अब विकसित भारत संकल्प में बदल चुकी है। उन्होंने 2014 से 2026 तक के 4402 दिनों को आम आदमी के जीवन में बदलाव का सफर बताया। पंकज चौधरी ने मोदी सरकार के 12 साल पूरे होने पर लखनऊ के लोकभवन में आयोजित मीडिया संवाद कार्यक्रम में कहा कि आज आम आदमी विकास का भागीदार बना है। जनधन खातों के जरिए भ्रष्टाचार रोकने का प्रयास हुआ है। मुद्रा योजना से 40 करोड़ लोगों के खाते में पैसा पहुंचा, वहीं 58 करोड़ से अधिक लोगों को बीमा सुविधा से जोड़ा गया। उन्होने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत 44 करोड़ लोगों को स्वास्थ्य कवर मिला। उन्होंने कहा कि सरकार नागरिक देवो भव को आगे रखकर काम कर रही है।

# मतदाता सूची से स्मृति ईरानी का नाम गायब

जांच के आदेश



**अमेठी।** उत्तर प्रदेश में अमेठी जिले की मेदन मवई ग्राम पंचायत की त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची से पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व अमेठी सांसद स्मृति ईरानी का नाम गायब होने का मामला सामने आया है। इस घटनाक्रम के बाद जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। जिलाधिकारी संजय चौहान ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

जानकारी के अनुसार, 10 जून को पंचायत निर्वाचन नामावली का अंतिम प्रकाशन किया गया था। इसी सूची में स्मृति ईरानी का नाम नहीं पाया गया, जबकि इससे पहले हुए लोकसभा और विधानसभा चुनावों की मतदाता सूची में उनका नाम दर्ज था। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने अमेठी के इसी मतदान केंद्र पर अपने मताधिकार का प्रयोग भी किया था। गौरतलब है कि स्मृति ईरानी ने 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को हराकर अमेठी सीट पर जीत दर्ज की थी। सांसद बनने के बाद उन्होंने अमेठी के मेदन मवई गांव में अपना आवास भी बनवाया था, जिसके बाद उनका नाम स्थानीय मतदाता सूची में शामिल किया गया था।

इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ल ने बताया कि स्मृति ईरानी का नाम पुनः शामिल कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवेदन पत्र दे दिया गया है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने उचित सत्यापन के बाद नाम जोड़े जाने का आश्वासन दिया है। जिलाधिकारी संजय चौहान ने कहा कि मामले की जांच के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

## एनटीए ने बढ़ाई नीट परीक्षा की अवधि, परीक्षार्थियों को मिलेगा 15 मिनट एक्स्ट्रा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (यूजी) -2026 परीक्षा को अधिक छात्र-अनुकूल बनाने के लिए परीक्षा समय को 15 मिनट बढ़ाने का फैसला किया है। एनटीए ने शुक्रवार को सार्वजनिक सूचना जारी कर कहा कि 21 जून को आयोजित होने वाली परीक्षा में परीक्षार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए परीक्षा की अवधि बढ़ाकर 195 मिनट कर दी गई है। अब परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम सवा पांच बजे तक आयोजित होगी। अतिरिक्त समय में उपस्थिति पत्रक पर हस्ताक्षर और अन्य औपचारिकताओं का समय भी शामिल रहेगा।

# जसपाल राणा के निधन से खेलों को बड़ी क्षति

■ राष्ट्रपति मुर्मू ने जताया दुख, पीएम मोदी ने दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** भारतीय निशानेबाजी जगत के दिग्गज खिलाड़ी और प्रतिष्ठित कोच जसपाल राणा के असामयिक निधन पर पूरे खेल जगत में शोक की लहर है। उनके निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित खेल जगत की कई हस्तियों ने गहरा दुख व्यक्त किया है। राणा का शुक्रवार तड़के दिल्ली के एक अस्पताल में निधन हो गया था। वह 49 वर्ष के थे।

राष्ट्रपति मुर्मू ने 'एक्स' पर जारी संदेश में कहा, 'जसपाल राणा जी के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। वह एक प्रख्यात निशानेबाज थे, जिनके उत्कृष्ट प्रदर्शन ने देश को गौरवान्वित किया।'' उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर की विभिन्न निशानेबाजी प्रतियोगिताओं में कई पदक जीतने वाले राणा ने भारतीय खेल जगत में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई थी। '

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह भारतीय खेल जगत के लिए एक बहुत बड़ी क्षति है। मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, 'जसपाल राणा जी के निधन से मुझे गहरा दुख हुआ है। उनका निधन भारतीय खेल जगत के लिए बड़ी क्षति है।' प्रधानमंत्री ने कहा कि राणा ने निशानेबाजी में अपनी असाधारण उपलब्धियों से देश का गौरव बढ़ाया तथा एक कोच के रूप में युवा खिलाड़ियों को तैयार करने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा, 'उत्कृष्टता, अनुशासन और खेल जगत के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता ने उन्हें अपार सराहना दिलाई। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार, मित्रों और संपूर्ण खेल जगत के साथ हैं। ओम शांति।'

## दिल्ली-वाराणसी बुलेट ट्रेन के स्टेशनों को लेकर मंथन, चार स्थान चिह्नित

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में बुलेट ट्रेन का स्टेशन कहां बनेगा, इस पर विमर्श तेज हो गया है। चार स्थानों को चिह्नित किए जाने की बात सामने आई है। इसमें एक स्थल को अंतिम रूप दिया जाएगा। केंद्र सरकार ने दिल्ली से वाराणसी तक बुलेट ट्रेन के संचालन के लिए रूट भी तय कर दिया है। डीपीआर के मुताबिक, बुलेट ट्रेन का मुख्य रूट 812 किलोमीटर का होगा। हालांकि, लखनऊ जंक्शन पॉइंट होगा। यहां से अयोध्या के लिए अलग ब्रांच लाइन जाएगी। बुलेट ट्रेन का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद दिल्ली से लखनऊ तक की यात्रा महज दो घंटे की रह जाएगी।

कॉकरोच जनता पार्टी

## सरकार को शिक्षामंत्री से लेना चाहिए इस्तीफा : अभिजीत

# पेपर लीक के खिलाफ लखनऊ में छात्रों का प्रदर्शन



**लखनऊ।** पेपर लीक और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के विरोध में शुक्रवार को राजधानी लखनऊ स्थित ईको गार्डन में छात्रों और युवाओं ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। सुबह छह बजे से ही बड़ी संख्या में अभ्यर्थी वहां जुटने लगे। प्रदर्शन को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए और कई स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहा। प्रदर्शन में शामिल छात्रों ने परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने, पेपर लीक की घटनाओं पर सख्त कार्रवाई करने तथा प्रभावित परीक्षाओं को निष्पक्ष व्यवस्था के साथ दोबारा कराने की मांग उठाई।

कुछ अभ्यर्थियों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग भी की। यह आंदोलन मूल रूप से छात्रों और युवाओं द्वारा आयोजित था। प्रदर्शन के दौरान सीजेपी (क्रॉकरोच जनता पार्टी) के संस्थापक अभिजीत दीपके भी ईको गार्डन पहुंचे और छात्रों के आंदोलन का समर्थन किया। उन्होंने कुछ समय तक प्रदर्शन में भाग लिया और अभ्यर्थियों से बातचीत की, लेकिन कार्यक्रम के बीच में ही वहां से रवाना हो गए। इसके बावजूद प्रदर्शन छात्रों के नेतृत्व में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जारी रहा और इसकी अगुवाई छात्र संगठनों एवं अभ्यर्थियों ने ही की।

छात्रों की मुख्य मांग थी कि परीक्षाओं में हुई गड़बड़ियों और पेपर लीक के मामलों को देखते हुए परीक्षाओं को पूरी पारदर्शिता और सख्त सुरक्षा व्यवस्था के साथ दोबारा कराया जाए। कुछ छात्रों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की भी मांग की, जबकि कई छात्रों का कहना था कि सरकार सिर्फ परीक्षाओं को निष्पक्ष तरीके से दोबारा कराए, ताकि उनका भविष्य प्रभावित न हो। एक छात्र ने कहा कि जितनी पुलिस इको गार्डन में लगाई गई है, अगर उतनी सुरक्षा परीक्षा केंद्रों पर भी कर दी जाए तो गड़बड़ी नहीं हो सकती।

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दीपके भी इस प्रदर्शन में शामिल हुए। उन्होंने छात्रों का समर्थन किया और सरकार से शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा मांगने पर जोर दिया। दीपके इससे पहले दिल्ली में भी पेपर लीक के मुद्दे पर प्रदर्शन कर चुके हैं। भीषण गर्मी के बीच अभिजीत दीपके प्रदर्शन स्थल संविधान की किताब लेकर प्रदर्शनकारियों को संबोधित किया। हालांकि, वे आधे घंटे से भी कम समय तक प्रदर्शन में रुक पाए।

लखनऊ के बाद सीजेपी अमृतसर, बेंगलुरु में प्रदर्शन करेगी, इसके बाद 20 जून को दिल्ली के जंतर-मंतर पर बड़ा प्रदर्शन होगा। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दीपके ने शुक्रवार को कहा कि वह परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के विरोध में लखनऊ में प्रदर्शन के दौरान केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग पर जोर देंगे। युवाओं के नेतृत्व वाले आंदोलन की शुरुआत दिल्ली में प्रदर्शन से हुई थी और अब राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन किए जाने का कार्यक्रम है। इस राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन के तहत यह विरोध प्रदर्शन राज्य की राजधानी के इको गार्डन में हुआ है।

### टीम इंडिया की टीशर्ट पहने दिखे अभिजीत

अभिजीत दीपके शुक्रवार देर रात अमौसी एयरपोर्ट पर पहुंचे। इस दौरान वह टीम इंडिया की टीशर्ट पहने हुए थे। एक सवाल पर उन्होंने कहा कि वह स्थानीय पुलिस से प्रदर्शन की अनुमति मांगेंगे। हमने दिल्ली और पुणे में प्रदर्शन किया था। सभी प्रदर्शनकारियों ने इस दौरान शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखी।

# दोफाड़ होगी तृणमूल कांग्रेस, बढ़ी हलचल

■ 19 सांसदों के हस्ताक्षरों वाला दस्तावेज सामने आया



**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के संसदीय दल में संभावित विभाजन को लेकर कयासों का बाजार एक बार फिर गर्म हो गया है। पार्टी के 19 सांसदों के हस्ताक्षरों वाले कई पन्नों की कॉपियां सार्वजनिक होने के बाद पश्चिम बंगाल और देश के अन्य हिस्सों में सियासी बहस छिड़ गई है। सूत्रों के अनुसार, इन हस्ताक्षर करने वाले सांसदों ने कथित तौर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर एक अलग संसदीय दल के रूप में मान्यता देने की मांग की है। हालांकि, अब भी कई बड़े सवाल अनसुलझे हैं।

अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि जिन पन्नों पर हस्ताक्षर हैं, वे किसी औपचारिक पत्र का हिस्सा हैं भी या नहीं, या ऐसा कोई पत्र अध्यक्ष को भेजा गया है, या फिर लोकसभा अध्यक्ष के कार्यालय को यह प्राप्त हुआ है। सार्वजनिक रूप से सामने आए इन दस्तावेजों की सत्यता की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी है। सामने आए इन पन्नों पर तृणमूल कांग्रेस के 19 सांसदों के हस्ताक्षर हैं। इसमें पहला हस्ताक्षर बारासात की सांसद काकोली घोष दस्तीदार का है, जिन्हें दस्तावेज में पार्टी का मुख्य सचेतक बताया गया है। उनके बाद बीरभूम की सांसद शताब्दी रॉय का हस्ताक्षर है, जिनका पद उपनेता के रूप में लिखा गया है। अन्य हस्ताक्षरकर्ताओं में मथुरापुर के बापी हलदार, बर्धमान पूर्व की शर्मिला सरकार, हावड़ा के प्रसून बनर्जी, कूचबिहार के जगदीश चंद्र बर्मा बसुनिया, बोलपुर के असित माल, बांकुरा के अरूप चक्रवर्ती और झाडग्राम के कालीपद सोरेन शामिल हैं। इस सूची में घाटल के सांसद दीपक अधिकारी, मेदिनीपुर की सांसद जून मालिया और बैरकपुर के सांसद पार्थ भौमिक के भी हस्ताक्षर हैं। दिलचस्प बात यह है कि हस्ताक्षरों के क्रम में एक नंबर को छोड़ दिया गया है।

### आधिकारिक पुष्टि नहीं

लोकसभा अध्यक्ष को भेजे गए कथित पत्र में अनुरोध किया गया है कि इन 19 सांसदों को काकोली घोष दस्तीदार के नेतृत्व में एक अलग गुट के रूप में मान्यता दी जाए। हालांकि, लोकसभा सचिवालय की ओर से अभी तक इस बात की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है कि ऐसा कोई अनुरोध मिला है या इस पर विचार किया जा रहा है।

# केंद्र सरकार की नीतियों का उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना हैः नितिन अग्रवाल

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शुक्रवार को शहर स्थित भाजपा जिला कार्यालय में मीडिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के आबकारी एवं मद्यनिषेध मंत्री नितिन अग्रवाल मौजूद रहे। उन्होंने केंद्र सरकार की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा देश के विकास के विभिन्न आयामों पर विस्तार से चर्चा की कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, राजेश सिंह, मनोज वर्मा, आशू मिश्रा, प पवन गुप्ता, अंकित अवस्थी, हर्ष गुप्ता, जिला आईटी प्रभारी शौर्य सक्सेना एवं सुमित मोदी सहित अन्य पदाधिकारियों ने मंत्री नितिन अग्रवाल का माल्यार्पण कर स्वागत किया।कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा के विचार पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन के



साथ हुआ पत्रकारों को संबोधित करते हुए मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन, राष्ट्रीय सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों का उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना रहा है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन, जनधन योजना, डिजिटल इंडिया, किसान सम्मान निधि तथा आत्मनिर्भर भारत अभियान जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। आज भारत विश्व मंच पर एक सशक्त, आत्मविश्वासी और प्रभावशाली राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बना चुका है।इस मंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्गों का सशक्तिकरण है। देश में आधारभूत संरचना के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। सड़कों, एक्सप्रेस-वे, रेलवे, हवाई अड्डों तथा डिजिटल कनेक्टिविटी के विस्तार से विकास को नई गति मिली है।मीडिया संवाद के दौरान पत्रकारों द्वारा विभिन्न समसामयिक मुद्दों पर पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए नितिन अग्रवाल ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। विकास और जनसेवा की यह यात्रा आगे भी इसी प्रतिबद्धता के साथ जारी रहेगी।कार्यक्रम के अंत में भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने उपस्थित पत्रकारों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मीडिया लोकतंत्र का सशक्त स्तंभ है, जो सरकार की योजनाओं और जनहित से जुड़े विषयों को समाज तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।इस अवसर पर राजेश सिंह, अनुराग मिश्रा, मनोज वर्मा, आशू मिश्रा, संजय मिश्रा, संतोष कुमारी, किरण अग्रवाल, अभिजात मिश्रा, सह मीडिया , अंकित अवस्थी, हर्ष गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं पत्रकार उपस्थित रहे।

# 14 जून को 15 केंद्रों पर होगी जीआईसी प्रवक्ता पद के लिए परीक्षा



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** जिले में 14 जून को आयोजित होने वाली प्रवक्ता (महिला/पुरुष) राजकीय इंटर कॉलेज (प्रारंभिक) परीक्षा-2025 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। परीक्षा जिले के 15 केंद्रों पर एक पाली में सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक आयोजित होगी। इस परीक्षा में 6257 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में डीएम अंजनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट और केंद्र व्यवस्थापकों की बैठक आयोजित की। बैठक का संचालन एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह और डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र ने किया। बैठक में अधिकारियों को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा निर्धारित सभी मानकों और दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए डीएम ने कहा कि परीक्षा को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला और पुलिस प्रशासन समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को समय से ड्यूटी स्थल पर पहुंचने तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही से बचने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि परीक्षा संबंधी कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी बैठक में परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, बैठने की व्यवस्था और साफ-सफाई सहित सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। साथ ही केंद्रों के प्रवेश द्वार पर सघन जांच करने और मोबाइल फोन, ब्लूटूथ डिवाइस, स्मार्ट घड़ी, कैलकुलेटर समेत सभी प्रतिबंधित इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को परीक्षा केंद्र में ले जाने पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए।बैठक में आयोग के समन्वयी पर्यवेक्षक ने परीक्षा संचालन संबंधी व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र सहित प्रशासन और पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# 18 जून को सीएसए में होगी प्राकृतिक खेती कार्यशाला, 500 से अधिक किसान होंगे शामिल

**कानपुर नगर।** जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने अवगत कराया कि मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों तथा कृषि निदेशालय, उत्तर प्रदेश (बाढ़ोन्मुखी प्रकोष्ठ), लखनऊ के आदेशों के क्रम में भारत सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। यह अभियान 05 जून से 21 जून, 2026 तक आयोजित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न नीतियों, योजनाओं, कार्यक्रमों तथा उनसे जनसामान्य के जीवन में आए सकारात्मक बदलावों को प्रदर्शित किया जाएगा। इसी क्रम में जनपद कानपुर नगर में दिनांक 18 जून, 2026 को प्रातः 10:00 बजे से प्राकृतिक खेती कार्यशाला का आयोजन कैलाश भवन ऑडिटोरियम, चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय (सीएसए), कानपुर में किया जाएगा।

# नगर आयुक्त ने नाला सफाई  को लेकर अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**कानपुर।** नगर निगम के नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय द्वारा शुक्रवार को नाला सफाई के अन्तर्गत गलीपिट व डॉट नाले का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय मुख्य अभियन्ता जैदी, महाप्रबन्धक, जलकल आनन्द कुमार त्रिपाठी, जोनल अभियन्ता आलोक, कमलेश पटेल, सुश्री मीनाक्षी अग्रवाल, जोनल स्व0 अधिकारी फहीम, अवनीश यादव, अमित कुमार एवं जल निकल के अभियन्तागण व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये गयेः-

सर्वप्रथम मोतीझील स्थित कानपुर विकास प्राधिकरण गेट के मोड पर गलीपिट का निरीक्षण किया गया। मौके पर जलकल की जेटिंग मशीन द्वारा गलीपिट की सफाई करते हुए पायी गयी। अवगत कराया गया कि मोतीझील क्षेत्र का पानी इसी गलीपिट के माध्यम से होकर जलकल जाता है। इसी तरह सड़क



के दूसरी ओर गलीपिट को भी देखा गया। मौके पर जोनल स्वच्छता अधिकारी को निर्देश दिये गये कि पूरी गलीपिट की तलीझार सफाई करायी जाये, किसी भी दशा में बरसात के समय जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो, इस स्थान पर एक कर्मचारी की तैनाती भी सुनिश्चित की जाये जिससे बरसात के समय फ्लोटिंग गलीपिट में न जाने पाये। मौके पर यह भी निर्देश दिये गये कि गलीपिट/डॉट नाले की तलीझार सफाई के उपरान्त इसमें एक टैंकर पानी डालकर देखा जाये कि जल निकासी की तीव्रता क्या है, यदि सूगमता से जल निकासी सुनिश्चित न हो रही हो, तो तत्काल पुनः गलीपिट की सफाई सुनिश्चित की जाये। मोतीझील स्थित गुरू गोविन्द सिंह द्वार अमर जवान चैक के पास गलीपिट/डॉट नाले का निरीक्षण गया। यहॉ पर भी अवगत कराया गया कि बरसात के समय गलीपिट से ही पानी की निकासी होती है। निर्देशित किया गया कि बरसात के समय यहॉ पर एक कर्मचारी तैनात किया जाये, जिससे बरसात के समय फ्लोटिंग गलीपिट में न जाने पाये। अमर जवान चैक पर मन्दिर के बगल में चैम्बर से काफी मात्रा में पानी निकलते हुए मौके पर पाया गया।

महाप्रबन्धक, जलकल अवगत कराया गया कि कारगिल पार्क के झील में पानी ओवर मात्रा में होने के कारण यहॉ पर पानी निकल रहा है, जैसे ही झील में पानी का लेबल ठीक हो जायेगा, वैसे ही यहॉपर पानी बन्द हो जायेगा। निर्देशित किया गया कि इस समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाये, जिससे पानी की अनावश्यक बर्बादी न हो। अमर जवान चैक के पास मन्दिर के बगल में एक मकान टूटा पाया गया एवं इसका सीएण्डडी वेस्ट काफी मात्रा में सड़क पर पाया गया। निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित भवन स्वामी से सीएण्डडी वेस्ट का रू0 20,000/- यूजर चार्ज के रूप में वसूल किया जाये तथा सीएण्डडी वेस्ट को पनकी भवसिंह स्थिति सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट प्लान्ट में निस्तारण हेतु भेजा जायें।

# 20 जून को कलेक्ट्रेट परिसर में होगी निष्प्रयोज्य चल सम्पत्तियों की नीलामी

*अवधनामा संवाददाता*

**कानपुर नगर।** अपर जिलाधिकारी (नगर) ने जनसामान्य को सूचित किया है कि कलेक्ट्रेट परिसर, कानपुर नगर स्थित नजारत अनुभाग की निष्प्रयोज्य चल सम्पत्तियों की सार्वजनिक नीलामी 20 जून, 2026 को अपराह्न 4:00 बजे कलेक्ट्रेट बैठक हॉल में संपादित की जाएगी। नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति एवं बोलीदाता निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर प्रतिभाग कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि नीलामी से संबंधित नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में नाजिर सदर, कलेक्ट्रेट नजारत अनुभाग से प्राप्त की जा सकती है। नीलामी में भाग लेने वाले प्रत्येक बोलीदाता को अपना जीएसटी पंजीकरण संख्या (यदि लागू हो) तथा एक वैध पहचान पत्र की छायाप्रति उपलब्ध करानी होगी। नीलामी प्रक्रिया में प्रतिभाग करने के लिए इच्छुक व्यक्तियों को जमानत धनराशि के रूप में 5,000 रुपये अग्रिम रूप से नायब नाजिर कैश, कलेक्ट्रेट नजारत अनुभाग, कानपुर नगर में जमा करानी होगी। उच्चतम बोलीदाता को नीलामी धनराशि का आधा भाग तत्काल जमा करना होगा, जबकि शेष धनराशि नीलामी स्वीकृति के एक सप्ताह के भीतर देय वाणिज्य कर एवं अन्य प्रासंगिक करों सहित जमा करनी होगी। पूर्ण धनराशि जमा होने के उपरांत संबंधित चल सम्पत्ति हस्तांतरित की जाएगी। अपर जिलाधिकारी (नगर) ने बताया कि नीलामी की जाने वाली सम्पत्तियां 'जहां हैं और जिस स्थिति में हैं' के आधार पर प्रदान की जाएंगी। अतः इच्छुक व्यक्ति नीलामी में भाग लेने से पूर्व संबंधित सामग्री का निरीक्षण कर सकते हैं। नीलामी की प्रक्रिया निर्धारित नियमों के अनुसार संचालित की जाएगी तथा सर्वाधिक बोली लगाने वाले पात्र बोलीदाता के पक्ष में नीलामी पूर्ण की जाएगी।

## सीडीओ ने किया निरीक्षण, कार्यों की गुणवत्ता और गति पर जोर



**लखीमपुर खीरी।** प्रसिद्ध शिव मंदिर लिलौटी नाथ में इन दिनों विकास कार्यों ने रफ्तार पकड़ ली है। सीडीओ अभिषेक कुमार की अभिनव पहल और सतत निगरानी के चलते मंदिर परिसर एवं आसपास क्षेत्र तेजी से नए स्वरूप में ढल रहा है। वर्षों से लंबित बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण कार्य अब धरातल पर दिखाई देने लगे हैं, जिससे श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में उत्साह है।शुक्रवार को सीडीओ अभिषेक कुमार ने स्वयं मौके पर पहुंचकर मंदिर परिसर में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति और आगामी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। लोक निर्माण विभाग द्वारा मंदिर मार्ग का चौड़ीकरण एवं पुल निर्माण कार्य तेजी से जारी है, जिससे आवागमन पहले से अधिक सुगम होगा। वहीं परिसर में लगाए गए नए विद्युत पोल और लाइटों से रात्रिकालीन व्यवस्था भी सुदृढ़ हुई है मंदिर परिसर में चल रहा चबूतरा निर्माण कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है। इसके पूरा होने पर परिसर का सौंदर्य और अधिक निखरेगा तथा श्रद्धालुओं के लिए बैठने एवं पूजा-अर्चना की बेहतर व्यवस्था उपलब्ध होगी। वहीं स्टील बेंच लगाने की प्रक्रिया भी जल्द शुरू होगी। नदी की व्यापक सफाई कर घाट को उसके मूल स्वरूप में पुनर्स्थापित किया गया है, जिससे क्षेत्र का धार्मिक एवं पर्यटन महत्व और बढ़ गया है। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने मंदिर प्रबंधन से संवाद कर विकास कार्यों को समन्वय के साथ आगे बढ़ाने पर जोर दिया।

## वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना नीमगांव पुलिस टीम द्वारा अपनी पत्नी पर बर्बरता करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। थाना नीमगांव पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 12.06.2026 को कार्रवाई करते हुए वांछित अभियुक्त मुन्ना लाल को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त पर अपनी ही पत्नी का मुंह से कान काटकर अलग कर देने का अत्यंत गंभीर और अमानवीय आरोप है। अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजने की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## लक्ष्मीपुरवा-खलवा में नाला धंसने से प्रभावित क्षेत्र का विधायक अमिताभ बाजपेई ने किया निरीक्षण



**आर्यनगर।** विधायक अमिताभ बाजपेई ने आज लक्ष्मीपुरवा-खलवा क्षेत्र में डॉट नाला धंसने से उत्पन्न गंभीर स्थिति का स्थलीय निरीक्षण किया। नाला धंसने के कारण आसपास के कई मकान प्रभावित हो गए हैं, जिससे स्थानीय निवासियों में चिंता का माहौल है। मौके पर पहुंचकर विधायक अमिताभ बाजपेई ने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना तथा स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने जलकल विभाग एवं नगर निगम के अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने, प्रभावित क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा समस्या के स्थायी समाधान के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। विधायक अमिताभ बाजपेई ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से राहत एवं मरम्मत कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश भी दिए। इस दौरान स्थानीय नागरिक रामू कुशवाहा, रिंकू बाजपेई, आनंद साहू, शिनेष कुमार, धीरू पटेल, गुड्डू गुप्ता, अनवार, सोनू, पवन कनौजिया क्षेत्रीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 410 ग्राम अवैध चरस के साथ दो नशा तस्कर किए गिरफ्तार

**सहारनपुर।** थाना देहात कोतवाली पुलिस ने मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले दो शातिर नशा तस्करों को दबोचकर उनके कब्जे से 410 ग्राम अवैध चरस बरामद कर ली। मिली जानकारी के अनुस थाना देहात कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक एचएन सिंह व उपनिरीक्षक विजय सिंह के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर चैकिंग के दौरान दो शातिर नशा तस्करों सागर पुत्र सुरेश व शेरवान पुत्र तालिब निवासीगण मौहल्ला बड़ी तरफ ग्राम शेखपुरा कदीम थाना कोतवाली देहात को भारत गैस एजेंसी से आगे शेखपुरा कदीम के पास से पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 410 ग्राम अवैध चरस बरामद कर ली। पुलिस के अनुसार पुलिस आरोपियों के अवैध कारोबार के नेटवर्क के बारे में जानकारी हासिल कर रही है।

# डीएम ने मोहर्रम की तैयारियों के संबंध में शांति समिति के सदस्यों, आयोजकों एवं अधिकारियों के साथ की बैठक

**पहले से ही सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण करें अधिकारीः जिला मजिस्ट्रेट।**

**सहारनपुर में कलक्ट्रेट सभागार में शांति समिति की बैठक को सम्बोधित करते जिलाधिकारी।**

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** जिला मजिस्ट्रेट अरविंद कुमार चैहान ने शांति समिति की बैठक में आगामी मोहर्रम के पर्व पर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों, विभिन्न समुदायों के संभ्रांत नागरिकों से शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। कलक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी श्री चैहान कहा कि साम्प्रदायिक सौहार्द को बनाये रखते हुये पर्व को परम्परागत रूप से रीत-रिवाज के साथ मनायें। अगर कहीं पर कोई समस्या या विवाद है तो जिला प्रशासन एवं पुलिस को अवगत कराएं। समय रहते ही समस्या का उचित निस्तारण किया जाएगा। अलम और ताजिया परंपरागत मार्गो पर से ही निकाले जाएं। अलम की ऊंचाई मानक के अनुरूप रहे। धार्मिक आयोजन के दौरान किसी प्रकार के राजनीतिक संदेश न दिए जाएं। उन्होने आयोजकों से अपील करते हुए कहा कि धर्म एक आस्था का विषय है इसमें गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल कायम कर शांति सदभाव और अखण्डता के साथ मनाया जाए। यह जनपद हमेशा से आपसी भाईचारा व मेल-जोल का उदाहरण रहा है। उन्होने आयोजकों से अपेक्षा की कि मोहर्रम को मनाए जाने के लिए आमजनों के बीच बेहतर संदेश प्रसारित करें। जिला मजिस्ट्रेट ने नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों को साफ सफाई व्यवस्था एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए। जुलूस के दौरान किसी प्रकार का अवरोध उत्पन्न न हो, विद्युत विभाग तारों को अलम की ऊँचाई के हिसाब से दुरूस्त कर लें। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को जुलूस मार्ग पर एम्बुलेंस की व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। उन्होने निर्देश दिए कि कहीं पर भी गड्ढे और जलभराव की स्थिति न हो। संबंधित सभी अधिकारी समिति के सदस्यों से निरंतर सम्पर्क में रहें। एडीएम एवं एसपी सिटी जुलूस मार्ग का भ्रमण अवश्य कर लें। संबंधित क्षेत्रों के उपजिलाधिकारी एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी जुलूस मार्गों का भ्रमण कर आवश्यक व्यवस्थाओं के साथ ही समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि अनावश्यक रूप से कोई नई परंपरा ना डालें। बिना अनुमति के कोई भी जुलूस न निकाला जाए। सोशल मीडिया के दौरान किसी भी भ्रामक पोस्ट से बचने की सलाह दी। आयोजकों द्वारा जिला प्रशासन को आश्वस्त किया गया कि शासन के निर्देशों का अनुपालन करते हुए जिला प्रशासन एवं पुलिस का पूर्ण रूप से सहयोग किया जाएगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह, एसपी सिटी व्योम बिंदल, एसपी देहात मयंक पाठक, एसपी यातायात शैलेंद्र कुमार श्रीवास्तव, नगर मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह, पूर्व विधायक सुरेन्द्र कपिल, सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन राजेश जैन, सरफराज खान, महेन्द्र कुमार तनेजा, ब्रित चावला, श्री आमिर खान सहित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारीगण तथा शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## किशोरों से फैक्ट्रियों या संस्थानों में काम कराना कानूनी अपराधः प्रवीण दत्त




*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** सहारनपुर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल महानगर इकाई द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर आयोजित गोष्ठी में 14 वर्ष से कम के किशोरें से काम नहीं कराने का आह्वान किया गया। रेलवे रोड स्थित व्यापार मंडल कार्यालय पर आयोजित गोष्ठी का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एसिस्टेन्ट लेबर कमिश्नर प्रवीण दत्त, महानगर अध्यक्ष विवेक मनोचा व महामंत्री स. सुरेन्द्र मोहन सिंह चावला ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित करके किया। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि असिस्टेन्ट लेबर कमिश्नर प्रवीण दत्त ने व्यापारी प्रतिनिधियो को बताया कि 14 वर्ष से कम किसी भी श्रमिक को दुकानों, फैक्ट्रियों या प्रतिष्ठानों में काम नहीं कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि किसी दुकान, संस्थान या फैक्ट्री में कोई बाल श्रमिक काम करते पाया गया तो उन्हें 20 हजार, 50 हजार या तीन साल की सजा का प्राविधान है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई श्रमिक लगातार पांच घंटे लगातार काम करता है तो उसे 3 घंटे बाद एक घंटे का रेस्ट दिया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी किशोर से ओवरटाइम नहीं कराया जाएगा तथा साप्ताहिक अवकाश भी देना जरूरी है। उन्होंने कहा कि 20 कर्मचारियों व श्रमिकों से नीचे के व्यापारी व प्रतिष्ठानों पर कम लेबर रजिस्ट्रेशन की अनिवार्यता खत्म कर दी गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में रजिस्ट्रेशन की अनिवार्यता पूर्व में नही थी, परन्तु अब 20 से अधिक लेबर होने पर रजिस्ट्रेशन अनिवार्य कर दिया है। कार्यक्रम को लेबर इस्पेक्टर मनोज अरोड़, एम. एस. त्रिपाठी, महानगर अध्यक्ष विवेक मनोचा, महामंत्री स. सुरेन्द्र मोहन सिंह चावला, प्रदेश उपाधक्ष यशपाल मैनी ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष सुधीर मिगलानी, संयोजक राजकुमार विज, मण्डल अध्यक्ष संजय भसीन, प्रदेश संगठन मंत्री अशोक छाबडा, युवा चेयरमैन दीपक खेडा, युवा अध्यक्ष अनुभव शर्मा, युवा महामंत्री कुबेर नरूला, प्रदेश अध्यक्ष आई टी मंच राजीव मदान, उपाध्यक्ष नीरज जैन, सूरज प्रकाश ठक्कर, गुलशन अनेजा, ललित पोपली, मनजीत अरोडा, मदन लाम्बा, जसविन्द्र सिहं (जस्सी), संजय जुनेजा, अमृत बजाज, मनीष शर्मा, ऋषि कपूर, यशपाल डाबरा, डा. राजेश नारंग, रवि जसूजा, जसपाल बत्रा, इकबाल बब्लू, राकेश मदान, एच एस चढडा, अशोक नारंग, आशीष गर्ग, इकबाल अहमद, मुरली खन्ना, पंकज हरजाई, विपिन मदान, राकेश अरोडा, विजय कालडा, शादाब अहमद, जितेश नागपाल, कुनाल गुप्ता, अमृत बजाज, हरमीत सिहं, हरप्रीत सिहं बग्गा, खुर्शीद अहमद, राजकुमार नरूला, विनय, सुरेन्द्र कुमार, पराग गोयल, नितेश कुमार, देवेन्द्र सिंह चडडा, हरमीत सिहं, अनिल ठकराल, मौ अनस, पारस जैन, सोमनाथ, श्रम विभाग से मुख्य अतिथि प्रवीण दत्त (ए.एल. सी), मनोज अरोडा (लेबर इन्सपेक्टर), एस एस त्रिपाठी (लेबर इन्सपेक्टर) आदि उपस्थित रहे।

## जीएसटी एवं एमएसएमई योजनाओं पर आईआईए की जागरूकता कार्यशाला आयोजित

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) सहारनपुर चैप्टर द्वारा होटल दि ओएसिस में जीएसटी एवं एमएसएमई संवाद एवं समाधान जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आईआईए के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं कार्यवाहक चैप्टर चेयरमैन प्रमोद सड़ाना ने की। कार्यक्रम में संयुक्त आयुक्त जीएसटी अमित पाठक, डिप्टी कमिश्नर राजीव सिंह, अखिलेश मिश्रा, राकेश कुमार राय, भारत भूषण एवं परितोष मिश्रा, सहायक आयुक्त उद्योग प्रमोद कुमार, अनुज लावणिया तथा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के अभिषेक भदौरिया का अंगवस्त्र एवं पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। प्रमोद सड़ाना ने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य उद्यमियों को जीएसटी के नवीन प्रावधानों, रिफंड प्रक्रिया एवं एमएसएमई योजनाओं की जानकारी देना तथा उद्योग और प्रशासन के बीच संवाद को मजबूत करना है। चैप्टर सचिव कुशल शर्मा ने कहा कि आईआईए भविष्य में भी ऐसे ज्ञानवर्धक कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। संयुक्त आयुक्त अमित पाठक ने जीएसटी संबंधी समस्याओं के समाधान के प्रति विभाग की प्रतिबद्धता जताई। वहीं डिप्टी कमिश्नरों ने जीएसटी रिटर्न, इनपुट टैक्स क्रेडिट, ई-वे बिल, ई-इनवॉइसिंग, रिफंड एवं विभागीय अनुपालन से जुड़े विषयों पर विस्तार से जानकारी दी और उद्यमियों की शंकाओं का समाधान किया। सहायक आयुक्त उद्योग प्रमोद कुमार एवं अनुज लावणिया ने उत्तर प्रदेश एमएसएमई प्रोत्साहन नीति-2022, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, पीएमईजीपी, ओडीओपी मार्जिन मनी योजना, पूंजीगत एवं ब्याज अनुदान सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के अभिषेक भदौरिया ने एमएसएमई इकाइयों के लिए उपलब्ध बैंकिंग एवं वित्तीय सुविधाओं पर प्रकाश डाला।

## सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर एक भारत-श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम आयोजित

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** राष्ट्र की एकता एवं अखंडता के शिल्पकार, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर भारत-भारती उत्तर प्रदेश द्वारा 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' विषयक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षाविदों, समाजसेवियों, साहित्यकारों, जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य नागरिकों ने बड़ी संख्या में सहभागिता कर सरदार पटेल को श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम का शुभारंभ सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। वक्ताओं ने सरदार पटेल के अद्वितीय व्यक्तित्व, राष्ट्र निर्माण में उनके ऐतिहासिक योगदान तथा देश की 562 रियासतों के एकीकरण में निभाई गई उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल की दूरदर्शिता, दृढ़ इच्छाशक्ति और कुशल नेतृत्व के कारण ही भारत आज एक सशक्त एवं अखंड राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाए हुए है। वक्ताओं ने



युवाओं से आह्वान किया कि वे सरदार पटेल के जीवन मूल्यों, राष्ट्रभक्ति, कर्तव्यनिष्ठा एवं जनसेवा की भावना को आत्मसात करते हुए देश की एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता को मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम में 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की अवधारणा पर भी सारगर्भित विचार-विमर्श हुआ। वक्ताओं ने कहा कि भारत की विविधता ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है और राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने के लिए समाज के सभी वर्गों को मिलकर कार्य करना होगा। इस अवसर पर भारत-भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय भाई पत्रालय ने कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रांतीय संयोजक डॉ. गोकरण दत्त शर्मा एडवोकेट एवं उनकी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में आयोजित यह अपने प्रकार का पहला और अत्यंत सफल कार्यक्रम रहा। उत्तर प्रदेश के मंत्री कुंवर ब्रिजेश सिंह ने भी आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में सरदार वल्लभभाई पटेल का योगदान अतुलनीय है तथा उनके आदर्श आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। कार्यक्रम में विधायक राजीव गुंबर, विधायक देवेन्द्र निम, पूर्व मंत्री सुरेश गंगवार, मेयर डॉ. अजय कुमार सिंह, जिला अध्यक्ष अजीत राणा, महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई, वीसी विमला वाई, डीन मिली पंत, संगठन मंत्री विवेकानंद, सिताब सिंह छोकर, फूल सिंह, उपाध्यक्ष उमेश शर्मा एडवोकेट, रणबीर राहगीर, प्रशांत पुंडीर, कंवरपाल सिंह, विजय शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने सहभागिता की।

# अखिलेश यादव की बेटी पर अभद्र टिप्पणी से भड़के सपाई, किया जोरदार प्रदर्शन

- विरोध प्रदर्शन के बाद सपा ने कोतवाली में दी तहरीर, आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी



अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की पुत्री के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक और भ्रामक पोस्ट किए जाने पर सपा कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश है। जहां एक ओर पूरे उत्तर प्रदेश में सपाई प्रदर्शन कर पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग कर रहे है। वहीं दूसरी ओर शुक्रवार को पूर्व मंत्री दद्दू प्रसाद और सपा जिलाध्यक्ष शोभालाल यादव के नेतृत्व में पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जमकर विरोध जताया। विरोध प्रदर्शन के बाद सदर कोतवाली में कोतवाली प्रभारी को तहरीर सौंपकर अभद्र टिप्पणी करने वाले युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

अखिलेश यादव की पुत्री अदिति यादव के चरित्र को लेकर बुलंदशहर निवासी ठाकुर सम्राट सिंह यदुवंशी नामक युवक ने फेसबुक पर विवादित पोस्ट किया था। इस आपत्तिजनक पोस्ट से नाराज सपा कार्यकर्ता पहले शहर के अंबेडकर पार्क में एकत्र हुए और भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर विरोध जातया। विरोध प्रदर्शन दौरान पूर्व मंत्री ने कहा कि दो दिनों से सोशल मीडिया पर कुछ लोग समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की पुत्री के विरुद्ध अमर्यादित एवं अनर्गल टिप्पणियां की जा रही हैं। इस प्रकार की अवांछित टिप्पणियों को सोशल मीडिया पर डालकर शरारती तत्व उनकी सामाजिक और राजनीतिक छवि धूमिल करना चाहते हैं। सोशल मीडिया पर अमर्यादित टिप्पणी सुनियोजित षड्यंत्र के तहत की जा रही है जो आपराधिक कृत्य है। भाजपा और आरएसएस पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा महिलाओं का अपमान करने और मुद्दों को भटकाने में माहिर रही है। कहा कि जब अखिलेश यादव ने राम मंदिर में चढ़ावे के घोटाले की जांच की मांग उठाई, तो उससे बौखलाकर नेताओं के परिवार की बेटियों पर कीचड़ उछाला जा रहा है।

सपा जिलाध्यक्ष शोभलाल यादव ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष की बेटी के खिलाफ बेबुनियाद और ओछी टिप्पणी कर अफवाह फैलाई गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि अयोध्या के राम मंदिर में हुए चढ़ावे के कथित घपले के मुद्दे से जनता का ध्यान भटकाने के लिए यह एक सोची समझी साजिश के तहत किया गया कृत्य है। इन अभद्र पोस्ट मुद्दे पर सपाईयों ने इसे राजनीतिक विरोध के नाम पर लोकतंत्र और महिलाओं की गरिमा के खिलाफ बताया है। प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ता शहर कोतवाली पहुंचे, जहां उन्होंने कोतवाली प्रभारी मनीष पांडे को तहरीर सौंपी। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की। समाजवादी पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि इस मामले में शामिल आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई, तो पूरे प्रदेश में एक बड़ा और उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर खुनुवा बाजार में चला जनजागरूकता अभियान

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र खुनुवा में बाल श्रम के खिलाफ व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। उत्तर प्रदेश सरकार के बाल श्रम मुक्त उत्तर प्रदेश तथा बाल श्रम मुक्त सिद्धार्थनगर अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), पुलिस विभाग, पीआरसी एवं मानव संसाधन में महिला विकास संस्थान के प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से लोगों को बाल श्रम के प्रति जागरूक किया। अभियान के दौरान खुनुवा बाजार, सार्वजनिक स्थलों, दुकानों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर बाल श्रम उन्मूलन, बच्चों के अधिकारों और शिक्षा के महत्व से जुड़े जागरूकता स्टिकर लगाए गए। टीम के सदस्यों ने दुकानदारों, व्यापारियों, अभिभावकों एवं स्थानीय नागरिकों से संवाद कर बाल श्रम के सामाजिक और कानूनी दुष्परिणामों की जानकारी दी। साथ ही लोगों से अपील की गई कि वे बच्चों को श्रम में लगाने के बजाय विद्यालय भेजने में सहयोग करें।

# बाल श्रम के खिलाफ डीएम ने जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

- अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर डीएम ने कलेक्ट्रेट से दिखाई हरी झंडी, कहा- बच्चों से मजदूरी कराने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई
- बाल श्रम के खिलाफ गांव-गांव घूमकर जागरूक करेंगे प्रचार वाहन





अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर बाल श्रम की रोकथाम के लिए जिले वासियों को जागरूक करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर से प्रचार प्रसार के लिए ईरिक्शा प्रचार वाहन को हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रचार वाहन गांव-गांव और शहरों के मुख्य चैराहों, बाजारों और ढाबों पर जाकर लोगों को बाल श्रम के नुकसान बताकर जागरूक करेंगे।

विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर बाल श्रम के विरूद्ध जागरूकता बढ़ाने को लेकर जिला प्रशासन एवं श्रम विभाग के संयुक्त तत्वाधान में जागरूकता वाहन को डीएम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर डीएम ने कहा कि बाल श्रम एक अभिशाप है और यह राष्ट्र की प्रगति में बाधक है, क्योंकि बच्चे राष्ट्र की भविष्य हैं। बाल श्रम से बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास बाधित होता है। ऐसे में आज हम सबको यह संकल्प लेना चाहिए कि हम बाल श्रम के विरुद्ध आवाज उठाएंगे और बच्चों को उचित शिक्षा और सुरक्षित वातावरण प्रदान करने का प्रयास करेंगे।

जिलाधिकारी ने कहा कि बाल श्रम रोकने के लिए कड़े कानून बनाए गए हैं। बाल श्रम के विरूद्ध श्रम विभाग के अधिकारी कर्मचारी लगातार छापेमारी कर रहे है और बच्चो से मजदूरी कराने वालों पर कार्रवाई भी अमल में लाई जा रही है। डीएम ने कहा कि बाल श्रम को लेकर समाज में जागरूकता फैलाने की जरूरत है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर पंकज, श्रम प्रवर्तन अधिकारी सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

# बीएचयू आयुर्वेद संकाय के पदोन्नति नियम पर राष्ट्रीय आयोग की आपत्ति

अवधनामा ब्यूरो

**वाराणसी।** काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के आयुर्वेद संकाय में प्रोफेसर पद पर पदोन्नति के लिए बनाए गए डीएसीपी (डायनेमिक एश्योर्ड करियर प्रोग्रेशन) नियम को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (एनसीआईएसएम) ने आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के निर्धारित मानकों के विपरीत बनाए गए इस नियम पर आपत्ति जताते हुए इसे तत्काल प्रभाव से निरस्त करने के निर्देश दिए हैं।

जानकारी के अनुसार आयोग के रेटिंग बोर्ड के अध्यक्ष प्रो. मुकुल पटेल को इस संबंध में शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि आयुर्वेद संकाय में प्रोफेसर पद पर पदोन्नति के लिए आयोग द्वारा निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक अनुभव की अनदेखी की जा रही है। शिकायत की समीक्षा के बाद आयोग ने विश्वविद्यालय प्रशासन को नियमों के अनुरूप कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

आयोग ने स्पष्ट किया है कि रेगुलेशन-17 के तहत आयुर्वेद शिक्षण संस्थानों में प्रोफेसर पद के लिए न्यूनतम 10 वर्ष का नियमित शिक्षण अनुभव अनिवार्य है। इसके अंतर्गत 10 वर्ष सहायक प्राध्यापक अथवा 5 वर्ष सहायक प्राध्यापक और 5 वर्ष एसोसिएट प्रोफेसर के रूप में अनुभव होना चाहिए। आयोग का कहना है कि इससे कम अनुभव रखने वाले शिक्षकों को प्रोफेसर के रूप में मान्यता नहीं दी जा सकती। आरोप है कि बीएचयू आयुर्वेद संकाय में लागू की जा रही डीएसीपी योजना में मात्र 9 वर्ष के अनुभव पर पदोन्नति का प्रावधान किया गया था, जो आयुष मंत्रालय और राष्ट्रीय आयोग के नियमों के विपरीत है। इस व्यवस्था को लेकर संकाय के कई शिक्षकों ने पहले भी विरोध दर्ज कराया था। सूत्रों का कहना है कि इस नियम को लेकर लंबे समय से असंतोष का माहौल था और कुछ लोगों ने इसे विशेष व्यक्तियों को लाभ पहुंचाने की कोशिश बताया।

हालांकि इस संबंध में विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। शिक्षा और आयुर्वेद क्षेत्र से जुड़े जानकारों का मानना है कि यदि आयोग के निर्देशों का पालन नहीं किया गया तो भविष्य में आयुर्वेद संकाय की मान्यता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। आयोग की सख्ती के बाद अब विश्वविद्यालय प्रशासन के अगले कदम पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

## जिला जज की कुर्सी पर बैठी महिला, सुरक्षा में चूक से मचा हड़कंप

**वाराणसी।** कचहरी जिला न्यायालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था में बड़ी चूक का मामला सामने आया है। एक महिला कथित रूप से जिला जज के अवकाशकालीन न्यायालय कक्ष में पहुंच गई और जिला जज की कुर्सी पर बैठकर स्वयं को 'जज' बताने लगी। घटना की जानकारी मिलते ही न्यायालय परिसर में हड़कंप मच गया। महिला की पहचान वंदना गुप्ता के रूप में हुई है, जो चितईपुर क्षेत्र की रहने वाली बताई जा रही है। मंगलवार को वह किसी तरह न्यायालय कक्ष तक पहुंच गई और जज की कुर्सी पर बैठ गई। सूचना मिलने पर पुलिस चौकी की टीम महिला पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंची और उसे कुर्सी से हटाया।



# उस्ताद बिस्मिल्लाह ख़ान के पैतृक आवास को संग्रहालय बनाने की तैयारी

- ख़ान साहब को वर्ष 2001 में भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया था

उत्पल मुखर्जी (दादा)



**वाराणसी।** आज भारतीय शास्त्रीय संगीत को वैश्विक पहचान दिलाने वाले शहनाई वादक और महान साधक भारत रत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खान साहब के सांगीतिक विरासत को संरक्षित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए उनके पैतृक आवास को संग्रहालय के रूप में विकसित करने की योजना पर वाराणसी के महापौर अशोक कुमार तिवारी और नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने परिवारजनों के साथ विस्तृत बैठक की। बैठक में पैतृक आवास के संरक्षण, संग्रहालय निर्माण, उससे जुड़े मार्ग के सौंदर्यीकरण तथा उस्ताद की स्मृतियों को स्थायी रूप से संरक्षित करने के प्रस्तावों पर चर्चा हुई। उस्ताद बिस्मिल्लाह ख़ान चैरिटेबल ट्रस्ट की सचिव सविता आनंद ने कहा कि यह पहल काशी की सांस्कृतिक धरोहर को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में मील का पत्थर साबित होगी। महापौर अशोक तिवारी ने कहा कि वाराणसी भारतीय संस्कृति की जीवंत राजधानी है और महान विभूतियों की विरासत को संरक्षित करना सरकार की प्राथमिकता है। वहीं नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने बताया कि पैतृक आवास के विकास कार्य शीघ्र शुरू किए जाएंगे तथा वहां तक जाने वाले मार्ग का हेरिटेज स्वरूप में सौंदर्यीकरण किया जाएगा। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि,बालाजी घाट, जहां उस्ताद बिस्मिल्लाह ख़ान नियमित रियाज़ किया करते थे, के सौंदर्यीकरण की योजना बनाई जा रही है। प्रस्ताव के अनुसार घाट पर उनकी प्रतिमा स्थापित की जाएगी और शहनाई की धुनों को स्थायी रूप से प्रसारित करने की व्यवस्था की जाएगी। उस्ताद के पोते अफ़ाक़ हैदर ने परियोजना में परिवार की सहभागिता सुनिश्चित करने तथा परिवार के सदस्यों के लिए सहयोग उपलब्ध कराने का अनुरोध किया, जिस पर प्रशासन ने हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। इस पहल से न केवल उस्ताद बिस्मिल्लाह ख़ान की स्मृतियों का संरक्षण होगा, बल्कि वाराणसी की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को भी नई पहचान मिलेगी।

बताते चले की अगस्त 1947 भारत के इतिहास का स्वर्णिम दिन था। इसी दिन जवाहरलाल नेहरू के आमंत्रण पर उस्ताद बिस्मिल्लाह खां ने लाल किला से शहनाई की स्वर लहरियां बिखेरीं थीं. यह क्षण भारतीय संगीत और स्वतंत्रता, दोनों के इतिहास में अमर हो गया. उस्ताद बिस्मिल्लाह खां का नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित हो गया।

# सदर विधायक व एमएलसी ने किया कबरई-रिवई और कुन्हेटा मार्ग का भूमि पूजन, ग्रामीणों में खुशी

- कच्ची और उबड़-खाबड़ सड़कों से मिलेगी निजात, ग्रामीणों के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा और बाजार की राह होगी आसान



अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** ग्रामीण अंचलों के लोगों को कच्ची व उबड खाबड सड़कों से निजात दिलाए जाने को लेकर सरकार सड़कों को पक्का व चैड़ीकरण कार्य कराने में करोड़ रुपये खर्च कर रही है। इसी के तहत सदर विधायक राकेश गोस्वामी और एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर ने गांव की सडकों का चैडीकरण कार्य कराए जाने और गांव की सड़कों को शहर तक जोड़े जाने को लेकर पहल शुरू कर दी गई है। विधायक और एमएलसी ने कबरई से रिवई और कबरई से कुन्हेटा मार्ग कार्य का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। सड़कों के निर्माण से ग्रामीणों में खुशी दिखाई दे रही है।

सदर विधायक और एमएलसी ने विधानसभा क्षेत्र के कबरई कुन्हेंटा मार्ग और कबरई रिवई मार्ग का भूमि पूजन के साथ शिलान्यास किया। इन मार्गो को लगभग 1023.04 लाख की लागत से चैड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण कार्य प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग कराएगी। भूमि पूजन दौरान पंडित ने मंत्रोंच्चारण के साथ पूजा पाठ किया और इसके बाद विधायक व एमएलसी ने भूमि पर गेंथी चलाकर कार्य की शुरूआत कराई और मार्ग में लगाए गए जानकारी से संबन्धित पत्थर का शिलान्यास किया। इस मौके पर तमाम भाजपाईयों के अलावा भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। इस मौके पर सदर विधायक राकेश गोस्वामी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार लगातार ग्रामीण क्षेत्रों को शहरी क्षेत्रों से जोड़ने का काम कर रही है। यह सड़क बनने से आसपास के गांवों के लोगों को आवागमन में सहुलियत होगी साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य और बाजार तक आने जाने में समय कम लगेगा। एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर ने कहा कि यह सड़क न केवल गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ेगी, बल्कि आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देगी। यह संपर्क मार्ग के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। कहा कि सडक निर्माण के बाद ग्रामीणों को बारिश में होने वाले जल भराव आदि समस्याओं से भी निजात मिलेगा सथ ही आने जाने में मरीजों और गर्भवती महिलाओं को समस्या भी नहीं होगी।

# दिव्यांग रेलकर्मियों को मिली नई उड़ान, वाराणसी मंडल ने बांटी ई-स्कूटी

अवधनामा ब्यूरो





**वाराणसी।** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल ने दिव्यांग रेल कर्मचारियों के सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए लहरतारा स्थित अधिकारी क्लब में 'दिव्यांग कर्मचारी व्यावसायिक दक्षता विकास कार्यक्रम-2026' का आयोजन किया। कार्यक्रम में सात दिव्यांग कर्मचारियों को स्टाफ बेनिफिट फंड से खरीदी गई विद्युत चालित स्कूटियां प्रदान की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन ने कहा कि भारतीय रेलवे सभी कर्मचारियों को समान अवसर देने के सिद्धांत पर कार्य करती है और दिव्यांग कर्मचारी संगठन की महत्वपूर्ण शक्ति हैं। उन्होंने बताया कि वाराणसी मंडल में वर्तमान में 133 दिव्यांग कर्मचारी कार्यरत हैं, जो अपनी मेहनत और समर्पण से रेलवे की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

मंडल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा वनी जैन ने दिव्यांग कर्मचारियों के जज्बे की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने यह साबित किया है कि सफलता के लिए शारीरिक क्षमता से अधिक मनोबल और संकल्प की आवश्यकता होती है। इस अवसर पर संगठन की ओर से सभी दिव्यांग कर्मचारियों को पानी की बोतलें भी भेंट की गई। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के पूर्व सलाहकार सदस्य डॉ . उत्तम ओझा ने दिव्यांग अधिकारों और समान अवसरों पर प्रकाश डाला, जबकि मंडल चिकित्साधिकारी डॉ.आशीष गुप्ता ने आधुनिक चिकित्सा विज्ञान द्वारा दिव्यांगजनों के जीवन में आए सकारात्मक बदलावों की जानकारी दी। वहीं साइबर विशेषज्ञ सर्वेश सिन्हा ने डिजिटल फ्रॉड और साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए। कार्यक्रम में दिव्यांग कर्मचारियों की कविताओं, मंडल कला समिति के सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा स्काउट एवं गाइड बच्चों की नृत्य-नाटिका ने विशेष आकर्षण पैदा किया। वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अभिनव कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि रेलवे भविष्य में भी दिव्यांग कर्मचारियों के कल्याण, विकास और सशक्तिकरण के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।

## राजश्री स्वीट्स पहुंची पीएनजी गैस, हर महीने 60 एलपीजी सिलेंडरों से मिलेगी राहत



**वाराणसी।** गेल (इंडिया) लिमिटेड ने वाराणसी सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) परियोजना के तहत स्वच्छ और सुरक्षित ऊर्जा विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। कचहरी स्थित प्रसिद्ध प्रतिष्ठान 'राजेश्री स्वीट्स' में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की आपूर्ति सफलतापूर्वक शुरू कर दी गई है। गेल की प्रोजेक्ट्स टीम ने इस कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किया। परियोजना का नेतृत्व उप महाप्रबंधक नवाज़िश अली अंसारी कर रहे हैं, जबकि वाराणसी सीजीडी परियोजना का संचालन महाप्रबंधक सुशील कुमार के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। 'राजश्री स्वीट्स' प्रतिमाह लगभग 60 एलपीजी सिलेंडरों का उपयोग करता था। पीएनजी कनेक्शन मिलने के बाद अब प्रतिष्ठान को 24 घंटे सुरक्षित, निर्बाध और निरंतर गैस आपूर्ति उपलब्ध होगी। इससे न केवल संचालन अधिक सुगम होगा, बल्कि सिलेंडरों के भंडारण और परिवहन से जुड़ी परेशानियां भी समाप्त होंगी। विशेषज्ञों के अनुसार पीएनजी, एलपीजी की तुलना में अधिक सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल ईंधन है। इसके उपयोग से कार्बन उत्सर्जन में कमी आती है तथा ऊर्जा आपूर्ति अधिक विश्वसनीय बनती है। साथ ही पहले उपयोग होने वाले 60 एलपीजी सिलेंडर अब अन्य उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध हो सकेंगे। गेल (इंडिया) लिमिटेड ने कहा कि वाराणसी में वाणिज्यिक, संस्थागत और घरेलू उपभोक्ताओं को पीएनजी नेटवर्क से जोड़ने का अभियान लगातार जारी है।

# नारों में सबका साथ, असल में खुद का किया विकास : चंद्रपाल सिंह यादव

अवधनामा संवाददाता





**फर्रुखाबाद।** आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में आज समाजवादी सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष के के यादव की अध्यक्षता में सैनिक प्रकोष्ठ की संगठनात्मक मासिक बैठक संपन्न हुई।

बैठक में आए हुए जिला कार्यकारिणी सैनिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए पार्टी जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि वर्तमान सरकार में चारों तरफ लूट हो रही है, छोटे कर्मचारियों से लेकर बड़े अफसर तक इस लूट में शामिल हैं। जनता को हर स्तर पर बुरी तरह लूटा जा रहा है। सरकार द्वारा संचालित होने वाली सारी परियोजनाएं भ्रष्टाचार रूपी दीमक लगने से कमजोर पड़ चुकी हैं, आए दिन पुलों, पानी की टंकियों एवं सरकारी भवनों के गिरने की खबरें आ रही हैं। समाज को सांप्रदायिकता की अफीम सुंघाकर अपने संघी साथियों को मालामाल करने में जुटी भारतीय जनता पार्टी सत्ता में अब चंद दिन की मेहमान रह गई है।

इस दौरान कायमगंज विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी एवं प्रदेश सचिव सर्वेश अंबेडकर ने कहा कि आज संवैधानिक व्यवस्थाओं को कुचला जा रहा है, आरक्षण पर लगातार खतरा मंडरा रहा है, युवाओं की नौकरियां छीनी जा रही हैं, लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है और संविधान की मूल भावना को कुचलने का प्रयास हो रहा है। ऐसे समय में पीडीए की एकजुटता ही सामाजिक न्याय, समानता और लोकतंत्र की रक्षा कर सकती है।

सैनिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष के के यादव ने कहा कि आजाद हिंदुस्तान में सैनिकों के प्रति अगर किसी ने बड़ा दिल दिखाया था तो वो हैं श्रद्धेय नेताजी मुलायम सिंह यादव तथा समाजवादी पार्टी। आज जो सैनिकों की शहादत को समाज में सम्मान मिलता है वह समाजवादी पार्टी की ही देन है। हम समाजवादी सैनिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में चलाए जा रहे पीडीए आंदोलन को मजबूत करके समाज में समता और संपन्नता लाने का प्रयास करेंगे।

पार्टी के जिला प्रवक्ता राधेश्याम सविता ने बताया इस दौरान बूथ स्तर पर सैनिक प्रकोष्ठ संगठन को मजबूत करने प्रत्येक बूथ पर कम से कम एक सैनिक को जिम्मेदारी देने आदि मुद्दों पर प्रमुख रूप से विचार किया गया।

इस दौरान सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव रामाधार सिंह प्रदेश, कार्यकारिणी सदस्य छोटे सिंह यादव, बृजेश कुमार राव, जिला महासचिव अमित यादव, जिला महासचिव मदनपाल, जिला सचिव रामपाल सिंह, विधानसभा अध्यक्ष अमृतपुर कैप्टन हरि सागर सक्सेना, सदर विधानसभा अध्यक्ष राकेश चंद्र श्रीवास्तव, सदर विधानसभा उपाध्यक्ष राजकुमार, राजेंद्र सिंह यादव, बीएन सिंह, शंभूदयाल, रूप सिंह, जय सिंह, सुरेंद्र सिंह, रमेश चंद्र, राजू शर्मा, सर्वेश कुमार, राधेश्याम, बंटी यादव राष्ट्रीय सचिव सालोवा, विवेक भारद्वाज, शीलू खां आदि समाजवादी पदाधिकारियों ने एक स्वर में वर्तमान सरकार पर पीडीए के हक और अधिकार लूटने का आरोप लगाते हुए सरकार बदलने की हुंकार भरी।

## कायमगंज विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मडिया में पीडीए पंचायत को पूर्व मंत्री सर्वेश अंबेडकर ने संबोधित किया



अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** कायमगंज विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मढ़िया में आयोजित पीडीए पंचायत में पूर्व मंत्री पूर्व सपा प्रत्याशी सर्वेश अंबेडकर ने समाज के सभी वर्गों के सम्मानित साथियों से संवाद किया। पंचायत में सामाजिक न्याय, संविधान की रक्षा, आरक्षण की सुरक्षा तथा पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक एवं वंचित समाज के अधिकारों को मजबूत करने पर विस्तृत चर्चा की गई।

इस दौरान उन्होंने देश और प्रदेश के वर्तमान हालातों पर भी चर्चा की। और चिंता व्यक्त की उन्होंने कहा कि आरक्षण पर लगातार खतरा मंडरा रहा है, युवाओं की नौकरियां छीनी जा रही हैं, लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर किया जा रहा है और संविधान की मूल भावना को कुचलने का प्रयास हो रहा है। ऐसे समय में पीडीए की एकजुटता ही सामाजिक न्याय, समानता और लोकतंत्र की रक्षा कर सकती है। उन्होंने वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में ग्राम मढ़िया के सम्मानित मतदाताओं ने समाजवादी पार्टी को क्षेत्र में सर्वाधिक समर्थन एवं वोट देकर जो विश्वास जताया था, उसके लिए सभी ग्रामवासियों को हृदय से बहुत-बहुत धन्यवाद दिया। साथ ही आगामी चुनाव में भी इसी एकजुटता और मजबूती के साथ लोकतंत्र एवं सामाजिक न्याय की लड़ाई को आगे बढ़ाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. हरिओम आर्य, शिक्षक सभा के जिला अध्यक्ष अरविंद यादव , बाबा साहब वाहिनी के जिला अध्यक्ष अमन सूर्यवंशी, लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव बंटी यादव, बाबा साहब वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव अशोक अंबेडकर , बाबा साहब वाहिनी के जिला सचिव शरद यादव तथा युवा साथी उपस्थित रहे।

## बिना वैध कागजातों के नहीं होगा खनिजों का परिवहन : जिलाधिकारी



**महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में खनन संबन्धी बैठक संपन्न हुई। बैठक में समस्त खनन पटटाधारक, खनिज भंडारण अनुज्ञप्ति धारकों और विस्फोटक लाईसेंस धारक के साथ प्रशासन एवं पुलिस के साथ सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों से वार्ता कर उनके द्वारा दिये गये सुझाव को सुना गया। जिलाधिकारी ने बैठक बिना ईएमएस, ईफार्म सी और नियमावली 2018 के नियमों का कडाई से पालन किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में डीएम ने निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी पटटाधारक, अनुज्ञप्ति धारक बिना ईएमएम 11, ईफार्म-सी के खनिजों का परिवहन नही करेगा। जांच के समय मांगे गये दस्तावेजो जैसे फुटेज, रजिस्टर, डीबीआर प्रस्तुत करेगा और उत्तर प्रदेश उपखनिज (परिहार) नियमावली 2021 और उत्तर प्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण निवारण) नियमावली 2018 के नियमों का कड़ाई से पालन किया जाएगा। डीएम ने कहा कि पटटेधारक खनन पटटे का संचालन सुरक्षा की दृष्टि से खदानों में फेन्सिंग आदि का कार्य और मैनेजर, ब्लास्टर की देखरेख में सुरक्षा उपकरणों के साथ कार्य किया जाए। इस कार्य में किसी प्रकार की अनियमितता नही की जाए। कहा कि सुरक्षा में अनियमितता पाये जाने पर संबन्धित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# मोदी-योगी के नेतृत्व में विकास और सुशासन के नए प्रतिमान स्थापित : सूर्य प्रताप शाही



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** सर्किट हाउस सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में जिले के प्रभारी मंत्री एवं कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों को विस्तार से रखा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश में विकास, सुशासन तथा गरीब कल्याण के नए प्रतिमान स्थापित हुए हैं। प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से करोड़ों गरीबों को पक्के मकान मिले हैं, जबकि आयुष्मान भारत योजना ने आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को पांच लाख रुपये तक की स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों के खातों में सीधे आर्थिक सहायता पहुंचाई जा रही है। इसके साथ ही उज्ज्वला योजना से महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिली है तथा हर घर जल योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, निराश्रित महिला पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन तथा राशन वितरण जैसी योजनाओं से समाज के सभी वर्गों को लाभ मिल रहा है। प्रदेश में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ कर निवेश और रोजगार के अवसर बढ़ाए गए हैं।

मंत्री ने कहा कि अयोध्या में भी अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं। अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, आधुनिक सुविधाओं से युक्त अयोध्या रेलवे स्टेशन, बेहतर आवागमन के लिए चौड़ी सड़कों का जाल और अन्य पर्यटन सुविधाओं ने नगर को वैश्विक पहचान दिलाई है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना और विकसित भारत के संकल्प को साकार करना है।

प्रेस वार्ता के दौरान विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, रामचंद्र यादव, चंद्रभानु पासवान, महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी, पूर्व विधायक इन्द्र प्रताप तिवारी खब्बू , जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित, कृष्ण कुमार पांडेय खुन्नू, अखंड प्रताप सिंह डिम्पल, शिवम्र सिंह, राघवेंद्र पाण्डेय, अशोक कसौधन, सुशील मिश्रा, शैलेन्द्र कोरी, परमानंद मिश्र, तिलकराम मौर्या, अरविंद सिंह, शशि प्रताप सिंह, अमित कुमार मिश्र, जेपी श्रीवास्तव सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत का असर, शेखपुर जाफर के ट्रांसफार्मर को मिलेगा सुरक्षा कवच

**सोहावल।** विकासखंड सोहावल क्षेत्र के शेखपुर जाफर गांव में लंबे समय से बिना सुरक्षा कवच के जमीन पर रखा विद्युत ट्रांसफार्मर ग्रामीणों के लिए खतरे का कारण बना हुआ था। ट्रांसफार्मर के चारों ओर सुरक्षा जाली न होने से बच्चों, पशुओं और राहगीरों के करंट की चपेट में आने की आशंका बनी रहती थी। ग्रामीणों द्वारा कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो सका था। गांव निवासी एवं समाजसेवी मोहम्मद फहीम ने इस गंभीर समस्या को जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से उठाया। उन्होंने शिकायत में बताया कि आबादी के निकट स्थित ट्रांसफार्मर के चारों ओर सुरक्षा व्यवस्था न होने से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। शिकायत के बाद विद्युत विभाग ने मामले का संज्ञान लिया।मामले की जांच के उपरांत अधिशासी अभियंता रोहित जैन ने संबंधित अधिकारियों को ट्रांसफार्मर के चारों ओर लोहे की सुरक्षा जाली (फेंसिंग) लगाने के निर्देश जारी किए हैं।

# वर्षा से पहले नाला सफाई तेज, महापौर ने किया निरीक्षण



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** आगामी वर्षा ऋतु में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं। गुरुवार को महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने नगर आयुक्त जैनेंद्र कुमार के साथ सरदार भगत सिंह वार्ड और अटलनगर वार्ड में चल रहे नाला सफाई अभियान का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को समयबद्ध ढंग से कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान महापौर ने नालों की सफाई की प्रगति का जायजा लिया और कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने निर्देश दिया कि बरसात के दौरान शहर के किसी भी हिस्से में जलभराव न हो, इसके लिए सभी प्रमुख और सहायक नालों की समुचित सफाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही नालों से निकाली गई गाद का तत्काल निस्तारण कराने के भी निर्देश दिए।महापौर ने कहा कि नगर निगम नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है और वर्षा ऋतु से पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली जाएंगी। इस दौरान अपर नगर आयुक्त नागेंद्र नाथ, उपसभापति संतोष सिंह, पूर्व उपसभापति जयनारायण सिंह रिंकू, पार्षद सुशील मिश्र सहित नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन, जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



*अवधनामा संवाददाता*

**फतेहपुर।** समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता जगदीश सिंह चौहान एडवोकेट के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर सोशल मीडिया पर की गई कथित आपत्तिजनक पोस्ट के विरुद्ध कार्रवाई की मांग उठाई। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पुत्री अदिति यादव के संबंध में सोशल मीडिया पर अपमानजनक एवं अभद्र टिप्पणी की गई है। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि उक्त पोस्ट से पार्टी समर्थकों एवं शुभचिंतकों की भावनाएं आहत हुई हैं, जिससे उनमें भारी रोष व्याप्त है। समाजवादी पार्टी नेताओं ने कहा कि इस प्रकार की आपत्तिजनक टिप्पणियां सामाजिक सौहार्द एवं लोकतांत्रिक मर्यादाओं के विरुद्ध हैं। उन्होंने मांग की कि संबंधित व्यक्ति की पहचान कर उसके विरुद्ध प्रभावी एवं कठोर विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति इस प्रकार की अभद्र एवं अपमानजनक हरकत करने का साहस न कर सके। जिलाधिकारी के माध्यम से प्रशासन से मांग की गई कि मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित व्यक्ति के खिलाफ तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाए तथा दोषी को दंडित कराया जाए। इस अवसर पर जननायक सचान एडवोकेट, जितेंद्र सिंह चौहान एडवोकेट, सुनील वर्मा एडवोकेट, संदीप कुमार श्रीमाली एडवोकेट, शिव मोहन यादव, राम बहादुर यादव, महेंद्र सिंह यादव एडवोकेट, इंद्रजीत सिंह यादव एडवोकेट सहित अन्य समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एफआरएस के माध्यम से लाभार्थियों को पोषाहार उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें: जिलाधिकारी



*अवधनामा संवाददाता*

**फतेहपुर।** जिला पोषण समिति की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कार्यक्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि वर्ष 2024-25 में निर्माण के लिए स्वीकृत आंगनबाड़ी केंद्रों के शेष कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से एक माह के भीतर पूर्ण कराया जाए। उन्होंने विजयीपुर विकासखंड में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्रों की प्रगति धीमी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन कायाकल्प के तहत जो आंगनबाड़ी केंद्र निर्धारित मानकों से अभी तक संतृप्त नहीं हुए हैं, उनके लिए कार्ययोजना तैयार की जाए तथा प्रत्येक माह कम से कम 10 केंद्रों को निर्धारित संकेतांकों से संतृप्त किया जाए। साथ ही कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों का चिन्हांकन कर उन्हें समय से पोषाहार एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा उनकी नियमित निगरानी की जाए। जिलाधिकारी ने सभी सीडीपीओ को निर्देश दिए कि ऐसे पांच आंगनबाड़ी केंद्र चिन्हित किए जाएं जहां सैम एवं मैम श्रेणी के बच्चों की संख्या अधिक है। इन बच्चों की विशेष निगरानी करते हुए पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा इसकी नियमित रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

उन्होंने कहा कि मुख्य सेविकाएं भी संवेदनशीलता के साथ निगरानी कार्य सुनिश्चित करें। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पात्र लाभार्थियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जाए तथा गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं बच्चों को एफआरएस प्रणाली के माध्यम से शत-प्रतिशत पोषाहार वितरण सुनिश्चित कराया जाए।

### सेवा, संवेदना और समर्पण की पहचान : डॉ. धर्मेंद्र कुमार

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** अयोध्या की पावन धरती केवल धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत के लिए ही नहीं, बल्कि ऐसे कर्मयोगियों के लिए भी जानी जाती है जो अपने कार्यों से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं। स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में ऐसा ही एक प्रतिष्ठित नाम है डॉ. धर्मेंद्र कुमार, जिन्होंने होम्योपैथिक चिकित्सा के माध्यम से जनसेवा को अपने जीवन का ध्येय बना लिया है। श्री राम चिकित्सालय, अयोध्या में कार्यरत डॉ. धर्मेंद्र कुमार आज हजारों मरीजों के लिए विश्वास, आशा और बेहतर स्वास्थ्य का पर्याय बन चुके हैं। उनका व्यक्तित्व सरल, व्यवहार आत्मीय तथा कार्यशैली पूर्णतः सेवाभावी है। चिकित्सा को उन्होंने केवल पेशा नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का माध्यम माना है। होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति अपने प्राकृतिक एवं स्थायी उपचार के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है। डॉ. धर्मेंद्र कुमार इसी चिकित्सा पद्धति के सिद्धांतों को आत्मसात करते हुए रोगी के सम्पूर्ण व्यक्तित्व का अध्ययन कर उपचार करते हैं।

उनका मानना है कि किसी भी बीमारी का प्रभावी उपचार तभी संभव है जब उसके मूल कारणों को समझकर चिकित्सा की जाए। यही सोच उन्हें अन्य चिकित्सकों से अलग पहचान प्रदान करती है। वर्षों के चिकित्सा अनुभव के दौरान उन्होंने असंख्य मरीजों को नई जिंदगी और नया विश्वास दिया है। त्वचा रोग, एलर्जी, दमा, माइग्रेन, जोड़ों का दर्द, पाचन संबंधी विकार, महिलाओं एवं बच्चों की स्वास्थ्य समस्याओं सहित विभिन्न जटिल एवं दीर्घकालिक रोगों के उपचार में उनकी विशेष दक्षता मानी जाती है। उनके उपचार से लाभान्वित मरीज आज भी उन्हें एक संवेदनशील चिकित्सक और सच्चे मार्गदर्शक के रूप में याद करते हैं।

डॉ. धर्मेंद्र कुमार की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे प्रत्येक मरीज की समस्या को धैर्यपूर्वक सुनते हैं और उसकी मानसिक स्थिति को भी समझने का प्रयास करते हैं।

### किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**सिंदुरिया (महराजगंज)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव से एक किशोरी के लापता होने और उसे बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोप में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

पीड़िता के पिता द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार उनकी पुत्री 7 जून को घर से अचानक लापता हो गई थी। परिजनों ने रिश्तेदारों तथा अन्य संभावित स्थानों पर उसकी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। आरोप है कि 9 जून को किशोरी ने अपने पिता को मोबाइल फोन कर बताया कि गांव निवासी एक युवक उसे बहला-फुसलाकर मुंबई ले गया है। पिता का कहना है कि जब उन्होंने फोन पर आरोपी से पुत्री को वापस घर भेजने की बात कही, तो आरोपी ने कथित रूप से गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष विशाल शुक्ला ने बताया कि पीड़िता के पिता की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

# अखिलेश यादव पर आपत्तिजनक पोस्ट का विरोध

## सपाइयों ने पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपा



*अवधनामा संवाददाता*

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक महराजगंज को ज्ञापन सौंपकर सोशल मीडिया पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के संबंध में कथित रूप से आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले व्यक्ति के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति द्वारा फेसबुक पर अखिलेश यादव की तस्वीर के साथ अमर्यादित एवं आपत्तिजनक टिप्पणी पोस्ट की गई है। इससे पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। ज्ञापन में कहा गया है कि इस प्रकार की पोस्ट न केवल एक वरिष्ठ राजनीतिक नेता की गरिमा को ठेस पहुंचाती है, बल्कि सामाजिक सौहार्द और सार्वजनिक मर्यादा को भी प्रभावित करती है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर किसी भी व्यक्ति या राजनीतिक दल के नेता के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करना स्वीकार्य नहीं है और ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई आवश्यक है। सपा नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि मामले में शीघ्र एवं प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो पार्टी कार्यकर्ता लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने को बाध्य होंगे। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ज्ञापन सौंपने के दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष भाई रामलाल यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश यादव, पूर्व विधायक श्रीपति आजाद, वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव, सपा नेत्री सुमन ओझा, अजय कुमार उर्फ लल्ला गुप्ता, आनंद निषाद, अरुण कुमार, विनय यादव, प्रफुल्ल सागर, सत्यपाल यादव, विजय जायसवाल, अमित निषाद सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### ऐतिहासिक रानी तालाब के जीर्णोद्धार की मांग, भाजपा नेता ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**फतेहपुर (ईएमएस)।** जनपद के विकास खंड हंसवा के हंसवा क़स्बा स्थित ऐतिहासिक रानी तालाब के संरक्षण, जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण की मांग को लेकर भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष (पिछड़ा मोर्चा) राजेश सिंह जनसेवक ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने तालाब की वर्तमान जर्जर स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए इसके पुनर्जीवन के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। जिलाधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में राजेश सिंह ने बताया कि हंसवा स्थित रानी तालाब क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर है, जिसका निर्माण वर्ष 1911 में रानी गोमती कुंवर द्वारा कराया गया था। यह तालाब न केवल क्षेत्र की ऐतिहासिक पहचान है बल्कि जल संरक्षण एवं पर्यावरणीय संतुलन की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में यह ऐतिहासिक तालाब उपेक्षा का शिकार होकर सूख चुका है और जर्जर अवस्था में पहुंच गया है। तालाब में भारी मात्रा में गाद भर जाने, घाटों के टूट-फूट जाने, साफ-सफाई के अभाव तथा सौंदर्यीकरण न होने के कारण इसकी ऐतिहासिक गरिमा लगातार प्रभावित हो रही है। यदि समय रहते इसके संरक्षण की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए तो यह अमूल्य धरोहर नष्ट होने की कगार पर पहुंच सकती है। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने मांग की कि रानी तालाब का सर्वेक्षण कराकर उसका गहरीकरण कराया जाए, टूटे हुए घाटों का पुनर्निर्माण किया जाए, तालाब में जल भराव की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा प्रकाश व्यवस्था, वृक्षारोपण और सौंदर्यीकरण के कार्य कराए जाएं।

### चकबंदी कार्य में अनियमितता का आरोप, ग्राम प्रधान समेत ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**फतेहपुर।** ग्राम ललौली के ग्राम प्रधान एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपते हुए गांव में चल रहे कब्जा परिवर्तन एवं पैमाइश कार्य पर आपत्ति दर्ज कराई। ग्रामीणों ने बिना सर्वेक्षण के की जा रही चकबंदी प्रक्रिया को तत्काल रोकने की मांग की। जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि गांव में चक्रवर्ती टीम द्वारा कब्जा परिवर्तन और पैमाइश का कार्य किया जा रहा है, लेकिन गांव का समुचित सर्वे नहीं कराया गया है। सर्वे न होने के कारण चक निर्माण के दौरान पूर्वजों की कब्रें, बाग-बगीचे, मकान तथा अन्य संपत्तियां एक-दूसरे के चकों में शामिल हो रही हैं, जिससे गांव में विवाद और तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान प्रक्रिया के चलते आपसी मतभेद बढ़ रहे हैं और भविष्य में मारपीट अथवा अन्य अप्रिय घटनाओं की आशंका बनी हुई है। उन्होंने मांग की कि पहले पूरे गांव का निष्पक्ष सर्वेक्षण कराया जाए और उसके बाद नया चक निर्माण कर कब्जा परिवर्तन एवं पैमाइश की कार्रवाई की जाए। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि सर्वे न होने के कारण गांव के अधिकांश काश्तकारों के रकबे में भारी कमी दर्शाई गई है। ग्रामीणों के अनुसार लगभग 80 प्रतिशत किसानों की भूमि कम कर दी गई है, जिससे उनमें भारी असंतोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम ललौली प्रतिवर्ष बाढ़ की चपेट में आता है और गांव का बड़ा हिस्सा जलमग्न हो जाता है। ऐसी स्थिति को देखते हुए चकबंदी कार्य से पूर्व विस्तृत सर्वेक्षण कराया जाना आवश्यक है।

### व्यापारी पुत्र की गुमशुदगी से व्यापारी समाज चिंतित

#### जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन



**महराजगंज।** संयुक्त व्यापारी मोर्चा, महराजगंज ने नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी राजेश्वर वर्मा के पुत्र अभिषेक वर्मा की गुमशुदगी के मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन भेजकर शीघ्र खोजबीन एवं उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। ज्ञापन की प्रति जिलाधिकारी महराजगंज को भी सौंपी गई है। ज्ञापन में बताया गया है कि 24 वर्षीय अभिषेक वर्मा, जो गोरखपुर स्थित शहीद राजा हरिप्रसाद मल्ल राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के छात्र हैं, 10 अप्रैल 2026 से छात्रावास से लापता हैं। परिजनों द्वारा सूचना दिए जाने के बाद पुलिस एवं प्रशासन ने तलाश शुरू की, लेकिन करीब दो माह बीत जाने के बावजूद उनका कोई पता नहीं चल सका है। संयुक्त व्यापारी मोर्चा के संयोजक पशुपतिनाथ गुप्त के नेतृत्व में व्यापारियों ने इस मामले पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अब तक कोई ठोस सुराग न मिलने से व्यापारी समाज में असुरक्षा और बेचैनी का माहौल है। व्यापारियों ने आशंका जताई कि युवक के साथ किसी प्रकार की अनहोनी भी हो सकती है। मुख्यमंत्री को भेजे गए ज्ञापन में मांग की गई है कि मामले की उच्चस्तरीय जांच कराते हुए अभिषेक वर्मा का जल्द से जल्द पता लगाया जाए तथा उनके परिजनों को न्याय एवं राहत प्रदान की जाए। इस अवसर पर संयुक्त व्यापारी मोर्चा से जुड़े अनेक व्यापारियों ने भी प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रभावी कार्रवाई करने की अपील की।

# राजस्व वसूली और सीएम डैशबोर्ड पर डीएम सख्त

## अधिकारियों को निर्देश लक्ष्य पूर्ति में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कर एवं करेत्तर राजस्व वसूली तथा सीएम डैशबोर्ड की प्रगति की समीक्षा बैठक कर अधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि राजस्व वसूली और जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।

बैठक में मंडी समिति, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, गन्ना भुगतान, डूडा आवास, पीएम स्वनिधि, कृषि एवं गैर-कृषि भूमि संबंधी प्रकरण, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, राजस्व वादों के निस्तारण, एंटी भू-माफिया अभियान, मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना, स्वामित्व योजना, एआरटीओ, खनन, स्टाम्प एवं आईजीआरएस समेत विभिन्न विभागों की प्रगति की विस्तृत



समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिन विभागों के लक्ष्यों का पुनर्निर्धारण अपेक्षित है, वे शीघ्र आवश्यक कार्यवाही कर लक्ष्य निर्धारित करें, ताकि आगामी समीक्षा बैठक में निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष प्रगति का मूल्यांकन किया जा सके। उन्होंने राजस्व वसूली को प्राथमिकता देते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने पर जोर दिया।

सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को जनपद की रैंकिंग में सुधार के लिए गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में बेहतर प्रदर्शन से ही जनपद की रैंकिंग मजबूत होगी। नगर निकायों की समीक्षा के दौरान उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों (ईओ) को चेतावनी देते हुए कहा कि अपरिहार्य परिस्थितियों को छोड़कर समीक्षा बैठकों में अनुपस्थित रहने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### एआरटीओ ने जारी किया 482 वाहन स्वामियों को नोटिस

**महराजगंज।(अवधनामा संवाददाता)** वाहन स्वामियों से बकाए कर की भुगतान को लेकर सहायक संभागीय परिवहन विभाग सख्त हो गया है। इसके लिए सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने बीस हजार से अधिक वाहन कर बकाया वाले 482 वाहन स्वामियों को नोटिस भेजा है। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी मनोज सिंह ने बताया कि जिन वाहन स्वामियों का बीस हजार से अधिक कर का बकाया है उनको नियम 18/2 के तहत नोटिस भेजा गया है। उन्होंने कहा कि जिन वाहन स्वामियों को नोटिस भेजी गई है अगर वे डेढ़ माह के अंदर बकाए कर का भुगतान नहीं करते हैं तो उनके विरुद्ध आरसी जारी कर दी जाएगी। ऐसे में आरसी से बचने के लिए वाहन स्वामी निर्धारित समय के अंदर बकाए वाहन कर का भुगतान कर दें।

### मंडवा ग्राम पंचायत में रात्रि चौपाल का आयोजन, ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर किया गया निस्तारण



*अवधनामा संवाददाता*

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में रात्रि चौपालों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत मंडवा ग्राम पंचायत में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गई तथा विभिन्न विभागों द्वारा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। चौपाल में मुख्य अतिथि के रूप में ऐरायां ब्लॉक प्रमुख कुंवर अनुज प्रताप सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ग्राम पंचायत अधिकारी बिपिन कुमार तिवारी द्वारा किया गया। वहीं कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी अशोक कुमार सिंह के निर्देशन में किया गया। इस दौरान सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) अर्पण अग्रवाल, एडीओ आईएसबी उदयभान सिंह, कृषि विभाग के अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान सियापति देवी एवं प्रधान प्रतिनिधि सुग्रीव यादव जी के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एएनएम, आशा बहुएं, ग्राम पंचायत सदस्य, एनआरएलएम से जुड़े प्रतिनिधि उमेश गुप्ता तथा सैकड़ों ग्रामीणों ने सहभागिता की। चौपाल के दौरान मुख्य अतिथि कुंवर अनुज प्रताप सिंह ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनहितकारी एवं कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी देते हुए ग्रामीणों से इन योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान किया।

# महाराजा सुहेलदेव सभागार का उद्घाटन, आयुक्त ने आधुनिक कार्य संस्कृति पर दिया जोर

**अवधनामा संवाददाता**

**गोण्डा।** देवीपाटन मंडल की आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने गुरुवार को आयुक्त कार्यालय परिसर में सौंदर्यीकरण एवं आधुनिकीकरण के बाद नव स्वरूप प्राप्त सभागार का उद्घाटन किया। सभागार का उद्घाटन कार्यालय के वरिष्ठतम वैयक्तिक सहायक रक्षाराम वर्मा एवं पेशकार मो. हसीब के साथ किया गया। इस अवसर पर सभागार का नामकरण 'महाराजा सुहेलदेव सभागार' किया गया।



आयुक्त ने सभागार में कराए गए विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण करते हुए कहा कि महान राष्ट्रनायक महाराजा सुहेलदेव के नाम पर सभागार का नामकरण क्षेत्र की गौरवशाली ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत को सम्मान देने का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह सभागार प्रशासनिक बैठकों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं जनहित से जुड़े आयोजनों के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त केंद्र के रूप में कार्य करेगा।

सभागार में आधुनिक साज-सज्जा, उन्नत प्रकाश व्यवस्था, आकर्षक आंतरिक सज्जा, बेहतर बैठक व्यवस्था तथा आवश्यक तकनीकी सुविधाओं का विकास किया गया है, जिससे इसकी उपयोगिता और कार्यक्षमता में वृद्धि हुई है।

आयुक्त ने कहा कि कार्यालय परिसरों को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और आधुनिक बनाना सुशासन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। बेहतर कार्य वातावरण से प्रशासनिक दक्षता बढ़ती है तथा अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने दायित्वों के निर्वहन में सुविधा मिलती है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को परिसर की स्वच्छता, रखरखाव और सौंदर्यीकरण पर निरंतर ध्यान देने के निर्देश भी दिए।

इस अवसर पर अपर आयुक्त (प्रशासन) मीनू राणा, अपर आयुक्त राजेश कुमार यादव, संयुक्त विकास आयुक्त राकेश कुमार पाण्डेय सहित अन्य मंडल स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने नव विकसित महाराजा सुहेलदेव सभागार की सराहना करते हुए इसे प्रशासनिक गतिविधियों के लिए उपयोगी बताया।

## विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर खुनुवा बाजार में चला जनजागरूकता अभियान

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र खुनुवा में बाल श्रम के खिलाफ व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। उत्तर प्रदेश सरकार के बाल श्रम मुक्त उत्तर प्रदेश तथा बाल श्रम मुक्त सिद्धार्थनगर अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में सशस्त्र सीमा बल, पुलिस विभाग, पीआरसी एवं मानव संसाधन में महिला विकास संस्थान के प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से लोगों को बाल श्रम के प्रति जागरूक किया। अभियान के दौरान खुनुवा बाजार, सार्वजनिक स्थलों, दुकानों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर बाल श्रम उन्मूलन, बच्चों के अधिकारों और शिक्षा के महत्व से जुड़े जागरूकता स्टिकर लगाए गए। टीम के सदस्यों ने दुकानदारों, व्यापारियों, अभिभावकों एवं स्थानीय नागरिकों से संवाद कर बाल श्रम के सामाजिक और कानूनी दुष्परिणामों की जानकारी दी। साथ ही लोगों से अपील की गई कि वे बच्चों को श्रम में लगाने के बजाय विद्यालय भेजने में सहयोग करें।

# विधि विद्यार्थियों के व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत कराया गया जिला कारागार का शैक्षणिक भ्रमण

**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों पर सचिव शैलेंद्र नाथ की अगुवाई में विधि विद्यार्थियों के व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को सिद्धार्थ लॉ कॉलेज के 31 विधि छात्रों ने जिला कारागार सिद्धार्थनगर का शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को न्याय व्यवस्था, कारागार प्रशासन, बंदियों के अधिकारों तथा सुधारात्मक गतिविधियों के संबंध में व्यावहारिक जानकारी उपलब्ध कराना था।



इस दौरान जिला कारागार प्रशासन द्वारा उन्हें कारागार की कार्यप्रणाली से विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। भ्रमण के प्रारम्भ में छात्रों को कारागार के इतिहास, उद्देश्य तथा वर्तमान समय में जेलों की बदलती भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। अधीक्षक सचिन वर्मा ने बताया कि आधुनिक कारागार केवल दंड देने का केंद्र नहीं है, बल्कि यह बंदियों के सुधार, पुनर्वास एवं समाज की मुख्यधारा में पुनः स्थापित करने का महत्वपूर्ण माध्यम भी है। छात्रों ने कारागार परिसर के विभिन्न अनुभागों का निरीक्षण किया, जिसमें प्रवेश व्यवस्था, सुरक्षा प्रणाली, बैरकें, चिकित्सालय, रसोईघर, पुस्तकालय, मुलाकात कक्ष, प्रशिक्षण केंद्र तथा अन्य व्यवस्थाएं शामिल रहीं। इस दौरान बताया गया कि कारागार में बंदियों को संविधान एवं कानून द्वारा प्रदत्त अधिकारों के अनुरूप सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं तथा उनके स्वास्थ्य, शिक्षा और मानसिक विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

चीफ अश्वनी मिश्रा ने विद्यार्थियों को विधिक सहायता प्रणाली के बारे में भी जानकारी दी। बताया गया कि आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नियमित रूप से कार्य किया जाता है। इसके माध्यम से बंदियों को न्याय तक समान पहुंच सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाता है। विद्यार्थियों ने विधिक सहायता की प्रक्रिया तथा उसके व्यावहारिक पक्षों के संबंध में अनेक प्रश्न पूछे, जिनका अधिकारियों द्वारा विस्तारपूर्वक उत्तर दिया गया।

# बाल श्रम उन्मूलन विषयक चर्चा एवं गोष्ठी आयोजन ब्लाक सभागार में

**अवधनामा संवाददाता**

**लोटन सिद्धार्थनगर।** अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर शुक्रवार को लोटन ब्लॉक सभागार में बाल श्रम उन्मूलन विषयक चर्चा एवं गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन उत्तर प्रदेश सरकार के श्रम विभाग तथा मानव सेवा संस्थान सेवा गोरखपुर केद्वारा किया गया।




गोष्ठी को संबोधित करते हुए श्रम प्रवर्तन अधिकारी जितेंद्र कुमार ने कहा कि बाल श्रम बच्चों के बचपन, शिक्षा और भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। बच्चों का स्थान विद्यालय में है, न कि कार्यस्थलों पर बाल श्रम को रोकने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को आगे आना होगा। श्रमिकों के पंजीकरण, श्रमिक हित लाभ योजनाओं तथा विभाग द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया और पात्र लोगों से योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। एडीओ पंचायत सदानंद वर्मा ने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।मानव सेवा संस्थान गोरखपुर के फील्ड एरिया कंसल्टेंट अरुण मद्धेशिया ने कहा कि गरीबी, अशिक्षा और जागरूकता की कमी बाल श्रम के प्रमुख कारण है। संस्था लगातार बाल अधिकारों के संरक्षण एवं बाल श्रम उन्मूलन के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम संचालित कर रही है। उन्होंने लोगों से बाल श्रम की घटनाओं की सूचना संबंधित विभागों को देने तथा बच्चों को विद्यालय भेजने के लिए अभिभावकों को प्रेरित करने का आह्वान किया। गोष्ठी में ग्राम पंचायत अधिकारी रविन्द्र जाटव, ईश्वर देव, मनोज कुमार, देवेंद्र मणि त्रिपाठी, केशभान यादव सहित अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने बाल श्रम उन्मूलन तथा प्रत्येक बच्चे को शिक्षा का अधिकार दिलाने के लिए सामूहिक रूप से संकल्प लिया।

## दीवानी न्यायालय परिसर स्थित दुकानों की नीलामी 19 जून को

**सिद्धार्थनगर।** जनपद न्यायाधीश, सिद्धार्थनगर के आदेशानुसार दीवानी न्यायालय के मुख्यालय परिसर में स्थित कैन्टीन, फोटो कापी मय फोटोग्राफी की दुकान संख्या-1, जनरल स्टोर एवं बेकरी की दुकान, पान की दुकान व वाहन स्टैण्ड की नीलामी 19 जून समय अपराह्न 01:30 बजे जनपद न्यायालय के सभागार में कराया जाना निश्चित किया गया है।

जिस किसी को उक्त नीलामी/ठेका में भाग लेना हो वह उपरोक्त निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होकर नियमानुसार नीलामी में भाग ले सकते हैं। उक्त आशय की जानकारी अध्यक्ष नीलामी समिति विशेष न्यायाधीश एस सी/ एस टी एक्ट जनपद न्यायालय त्रिभुवन नाथ ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दिया है।

# विश्व बाल श्रम निषेद दिवस पर इंटरनेशनल जादूगर मिस्टर इंडिया किये गये सम्मानित

**अवधनामा संवाददाता**

**गोण्डा।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर शांति फाउंडेशन गोण्डा द्वारा शांति मेमोरियल स्कूल, अशोकपुर टिकिया (वजीरगंज) में 'विद्यादान महादान अभियान' एवं अंतर्राष्ट्रीय कैलाश सत्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बाल श्रम उन्मूलन, शिक्षा के प्रसार तथा बच्चों के अधिकारों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना रहा।

समारोह में शिक्षा, समाजसेवा एवं बाल कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले विभिन्न व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में जनपद गोण्डा के प्रसिद्ध इंटरनेशनल जादूगर मिस्टर इंडिया को शिक्षा एवं सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में उनके सराहनीय योगदान के लिए अंतर्राष्ट्रीय कैलाश सत्यार्थी सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया।



आयोजकों ने बताया कि यह सम्मान उन व्यक्तियों को प्रदान किया जाता है, जिन्होंने समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने, बाल श्रम के विरुद्ध जनचेतना फैलाने तथा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हो। इंटरनेशनल जादूगर मिस्टर इंडिया लंबे समय से अपने कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक एवं शैक्षिक संदेशों का प्रसार कर रहे हैं, जिसके लिए उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में कनाडा से आए डॉ. केतन कुलकर्णी, विद्यादान महादान अभियान के प्रवर्तक सुनील आनंद तथा शांति फाउंडेशन इंडिया की राष्ट्रीय अध्यक्ष पिंकी देवी सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। वक्ताओं ने बाल श्रम मुक्त समाज के निर्माण तथा प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया।

समारोह के अंत में सम्मानित व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान चिन्ह भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य और दीर्घायु जीवन की शुभकामनाएं दी गईं।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक

**गोण्डा।** 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल एवं भव्य आयोजन को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी को निर्देशित किया कि योग दिवस से पूर्व 15 जून से साप्ताहिक योग रिहर्सल का आयोजन प्रातः 6 बजे से चेतना पार्क में कराया जाए तथा अधिकाधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बताया कि 21 जून को मुख्य योग कार्यक्रम पुलिस लाइन में प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक आयोजित होगा। कार्यक्रम स्थल पर सफाई, पेयजल, चिकित्सा सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था, बैठने की समुचित व्यवस्था तथा ध्वनि विस्तारक यंत्रों की उपलब्धता समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# प्रबुद्ध जन सम्मेलन में केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों पर जयवर्धन ने की चर्चा



**अवधनामा संवाददाता**

**इटवा, सिद्धार्थनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण एवं राष्ट्र निर्माण के ऐतिहासिक 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विधानसभा क्षेत्र 305 इटवा के अंतर्गत ब्लॉक खुनियाव के ग्राम भटंगवा में प्रबुद्ध जन सम्मेलन एवं जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेता जयवर्धन तिवारी ने कहा कि केंद्र सरकार के पिछले 12 वर्षों का कार्यकाल विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित करने वाला रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनहितकारी योजनाओं, आधारभूत संरचना के विस्तार, किसानों के कल्याण, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों तथा आत्मनिर्भर भारत अभियान की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज वैश्विक स्तर पर एक सशक्त एवं आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में उभर रहा है। विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है और समाज के प्रत्येक वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

## जलसा दस्तार बंदी का अजीमुश्शान कार्यक्रम

**जलालपुर, अम्बेडकरनगर।** सम्मनपुर स्थित मदरसा अरबिया नूरुल उलूम में गुरुवार की शाम नमाज-ए-इशा के बाद अजीमुस्शान जलसा-ए-दस्तारबंदी का आयोजन बड़े ही धार्मिक और आध्यात्मिक माहौल में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कारी मसूद अहमद ने तिलावत-ए-कलाम-ए-पाक से की, जबकि संचालन एवं नेतृत्व मौलाना मेंहदी हसन ने किया। मुख्य अतिथि हजरत मौलाना सैयद मोहम्मद अजहर मदनी ने अपने संबोधन में कहा कि मदरसे केवल कुरआन की शिक्षा ही नहीं देते, बल्कि बच्चों के चरित्र निर्माण, नैतिक मूल्यों, अनुशासन और इस्लामी संस्कारों को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि मदरसे समाज में शिक्षा और धार्मिक जागरूकता फैलाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर कुरआन शरीफ मुकम्मल करने वाले हाफिज मोहम्मद आरिफ, हाफिज मोहम्मद अरबाज, हाफिज मोहम्मद तौसीफ, हाफिज मोहम्मद शोएब, हाफिज मोहम्मद जीशान, हाफिज अबू उबैदा, हाफिज मोहम्मद आदिल सहित कई छात्रों की दस्तारबंदी कर उन्हें सम्मानित किया गया।

# आगामी मोहर्रम को लेकर लोहिया भवन में डीएम व एसपी ने अपने अधीनस्थ व ताजियेदारों के साथ की बैठक



**आगामी मुहर्रम पर विद्युत, पेयजल, समुचित सफाई तथा सुरक्षा की समुचित व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित की जाय : डीएम**

**दानिश मेहदी**

**अम्बेडकरनगर।** जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी मुहर्रम के अवसर पर नियमित विद्युत आपूर्ति शुद्ध पेयजल, सफाई तथा सुरक्षा की व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित की जाय। उन्होंने कहा कि हमें मुहर्रम को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराना है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आज लोहिया भवन में विभिन्न धर्मों के धर्म गुरुओं के साथ मुहर्रम पर शांति व्यवस्था सम्बन्धी पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि यद्यपि अम्बेडकर नगर जनपद में सभी त्योहार शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न होते हैं, लेकिन सावधानी बरतनें की आवश्यकता है। अफवाहों पर विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आज इस बैठक में जो सुझाव प्राप्त हुए हैं, प्रशासनिक व सम्बन्धित अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वे उसे प्राथमिकता पर लेते हुए समय से पूर्ण करें। जिलाधिकारी ने नगर पालिका के अधिकारियों को समुचित सफाई व पेयजल की व्यवस्था समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग तथा नगर पालिका आपसी समन्वय से खराब सड़कों को समय ठीक करायें, जिससे जुलूस आदि के निकलने में कोई कठिनाई न हो। उन्होंने विद्युत विभाग के अभियन्ता को नियमित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी तथा क्षेत्राधिकारी को आपसी समन्वय बनाते हुए जुलूस मार्ग का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए । जिलाधिकारी ने संबंधित नगर पालिका / नगर पंचायतों के अधिकारियों को नगर में समुचित सफाई तथा पेयजल व्यवस्था नगर पालिका द्वारा समय से सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह ने कहा कि मुहर्रम को शांतिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराने हेतु पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा के समुचित प्रबन्ध किए गए हैं। इस अवसर पर एडीएम न्यायिक, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी, समस्त एसडीएम, क्षेत्राधिकारी उपस्थित थे।

## पटखौली में सत्या खुशहाल सायकिल वितरण कार्यक्रम शुक्रवार को



**लोटन सिद्धार्थनगर।** ग्राम पंचायत पटखौली में सत्या खुशहाल सायकिल वितरण योजना ( गोरखपुर )की ओर से शुक्रवार को 50 प्रतिशत अनुदान योजना के तहत साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पटखौली चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम में पात्र लाभार्थियों को कम किमत पर साइकिलें वितरित की गईं। लाभार्थियों को साइकिलें सौंपते हुए पटखौली प्रधान कमलेश चौरसिया ने कहां कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना प्राथमिकता है। क्षेत्र के विकास और आम जनता के कल्याण के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि साइकिल वितरण योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों, श्रमिकों तथा जरूरतमंद लोगों को कम खर्च में उपलब्ध कराना है। इससे समय और धन दोनों की बचत होगी तथा लोगों के दैनिक कार्य आसान होंगे। छात्र-छात्राओं को विद्यालय और महाविद्यालय आने-जाने में सुविधा मिलेगी, वहीं अन्य लाभार्थी भी अपने कार्यों को अधिक सुगमता से कर सकेंगे। उनका कहना था कि साइकिल मिलने से आवागमन की समस्या काफी हद तक दूर होगी और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को राहत मिलेगी।

## डीएम ने किया आईजीआरएस के कतिपय संदर्भो का परीक्षण



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा शुक्रवार को आई.जी.आर.एस. के कतिपय संदर्भो का परीक्षण किया गया, जिसमे तहसील नौगढ़ एवं शोहरतगढ़ के तहसीलदार, नायब तहसीलदार, 9 लेखपाल एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बढ़नी, उसका बाजार द्वारा शिकायतों में शासन द्वारा दिए गए व्यवस्था का अनुपालन नहीं किया जा रहा है। आवेदक से सम्पर्क करने, स्थलीय निरीक्षण करने एवं उसे जांच के परिणाम से अवगत कराने का कार्य भी नहीं किया गया है। उक्त पाई गई कमियों के दृष्टिगत जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने उपरोक्त संबधित अधिकारियों का माह जून का वेतन बाधित करने का निर्देश दिया है।

## रविवार को जलालपुर में होगा पीडीए चौपाल कार्यक्रम पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी का आगमन

**जलालपुर अम्बेडकर नगर।** जलालपुर में श्री मुलायम सिंह यादव महिला पीजी कॉलेज में 14 जून रविवार को पीडीए चौपाल कार्यक्रम का आयोजन पूर्व चेयरमैन क़मर हयात अंसारी ने किया है जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी जंग बहादुर यादव करेंगे, नसीमुद्दीन सिद्दीकी लखनऊ से पुर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर लगभग 2 बजे पहुंचेंगे जहां पर समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष यासिर हयात व तमाम पार्टी के नेतागण उनका स्वागत भव्य स्वागत करेंगे नसीमुद्दीन सिद्दीकी सुरहुरपुर होते हुए जलालपुर कालेज में पहुंचेंगे और वहां पर समाजवादी पार्टी द्वारा आयोजित पीडीए चौपाल को सम्बोधित करेंगे उक्त कार्यक्रम में पार्टी के तमाम वरिष्ठ नेतागण कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे जिलाध्यक्ष जंग बहादुर यादव विधानसभा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पार्टी के तमाम पदाधिकारियों शुभचिंतकों से कार्यक्रम में समय से पहुंचने का अनुरोध किया है।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दी मेहनौन विधानसभा को बड़ी सौगात बनेगी 21 किलोमीटर लंबी सड़क



**अवधनामा संवाददाता**

**गोण्डा।** विधायक विनय कुमार द्विवेदी के प्रयास से रमवापुर चौराहा से भवानियापुर मार्ग जो बलरामपुर हाइवे को जोड़ेगी लगभग 21 किलोमीटर लंबी सड़क के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का फीता काट कर भव्य शिलान्यास किया गया है।

इस सड़क के बनने से बलरामपुर जाने वाले लोगों के बेहतर सुविधा मिलेगा किसानों को गन्ना ले जाने के लिए शॉर्टकट रास्ता मिलेगा अब अब बलरामपुर जाने वालो के लिए इटियाथोक नही जाना पड़ेगा सीधा रास्ता मिल जाएगा। जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनता उपस्थित रही। कार्यक्रम में विधायक विनय कुमार द्विवेदी ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले मेहनौन क्षेत्र विकास से वंचित था। लेकिन अब क्षेत्र में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं।और सड़क, शिक्षा व अन्य सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि 21 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कार्य लगभग 65 करोड़ रुपये की लागत आएगी, जिससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी और विकास को नई गति प्राप्त होगी। इस अवसर पर सांसद गोण्डा एवं राज्य मंत्री प्रतिनिधि रमाशंकर मिश्रा प्रतिनिधि ब्लॉक प्रमुख मुझेहना शेषराम बारी सत्य व्रत ओझा मंगल देव सिंह मंडल महामंत्री पेशकार कार पटेल क्षेत्र पंचायत सदस्य तुलसी राम वर्मा जिला मीडिया प्रभारी मौजूद रहे।

# अवैध मिट्टी खनन के खिलाफ प्रशासन की कार्यवाही एक जेसेबी सहित दो डंफर पहुंची थाने



**लोटन सिद्धार्थनगर।** मिट्टी खनन कर रहे लोटन थाना क्षेत्र के एकड़ेगवा टोला मैनहिया से बृहस्पतिवार की रात्रि लगभग 12 बजे खनन निरीक्षक ने अवैध खनन के खिलाफ बडी कार्यवाही की है।मिट्टी खनन कर रहे एक जेसेबी सहित दो डंफर से मिट्टी खनन कर रहे थे दोनो गाडी पकड़ी गई।जेसेबी सहित दो डंफर गाड़ियों को कार्यवाही करते हुआ थाने के सुपुर्द कर दिया गया है।लोटन क्षेत्र मे बड़े पैमाने पर जे सी बी और डम्पर से अवैध मिट्टी खनन करके बेचा जा रहा है। क्षेत्र में चर्चा जोरों पर है कि मोहाना थाना क्षेत्र में हो रहे मिट्टी खनन कर रहे डंफर की टक्कर से ही दो लोगों की जान चली गई।आए दिन इसकी शिकायतें क्षेत्रीय लोगो द्वारा मिल रही थी। पता चला कि लोटन थाना क्षेत्र के मैनहिया मे मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा था । जानकारी मिलते ही खनन निरीक्षक तुरंत सख्त हुए और मौके पर लोटन थाने के दरोगा व कोबरा के साथ मौके पर जाकर एक जेसेबी सहित दो डंफर गाड़ियों को पकड़ने के बाद थाने लाकर खड़ा करा दी गई । प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध खनन करने वालों में हड़कंप मच गया है। थानाध्यक्ष लोटन हरिओम कुववाहा ने बताया कि खनन निरीक्षक मुकेश मिश्रा द्वारा एक जेसीबी दो डंफर गाड़ियों को पकड़ा गया है कागज मागने पर वैध कागज नही दिखा पाये विभाग द्वारा आगे की कार्यवाही की गई है।

# भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्य ने आईटीआई बसडिलिया में किया पौधारोपण

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** भाजपा द्वारा चलाए जा रहे संगठनात्मक एवं जनसंपर्क अभियान के क्रम में शुक्रवार को भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्य ने जिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), बसडिलिया में पौधारोपण किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का आह्वान किया।

इसके उपरांत जिलाध्यक्ष श्री मौर्य ने प्रबुद्धजन संपर्क अभियान के तहत विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों से भेंट कर केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने जिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य सत्यदेव दुबे, राजेश कुमार सिंह, संजीव कुमार मिश्र, कौशल विकास विभाग के संतोष मिश्रा तथा अमित कुमार मिश्र से मुलाकात कर सरकार द्वारा शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार, आधारभूत संरचना एवं जनकल्याण के क्षेत्र में किए गए कार्यों पर विस्तार से चर्चा की।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में देश और प्रदेश निरंतर विकास के नए आयाम स्थापित कर रहे हैं तथा सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंच रहा है। इस अवसर पर फतेह बहादुर सिंह, अनुराग श्रीवास्तव, रमेश मणि सहित अन्य कार्यकर्ता एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## ममता पार्टी बचाने में जुटी

इस समय ममता अपने अस्तित्व को बचाने की लड़ाई लड़ रही है। पार्टी टूट की ओर बढ़ रही है। विधानसभा चुनाव की हार के बाद ही पार्टी में टूट शुरू हो गई थी। 58 विधायक अपना अपना अलग गुट बना चुके है। अब टूट संसदीय दल की ओर बढ़ रही है। पार्टी के वरिष्ठ नेता भाजपा के वरिष्ठ नेता भूपेन्द्र यादव से उनके आवास पर मुलाकात की। पार्टी की बागी सांसद काकोली एनडीए को समर्थन देने का मन बनाया है। इसके लिये स्पीकर को पत्र भेजा गया है। टीएमसी के सुखेन्दु शेखर राय ने राज्यसभा से इस्तीफा दे दिया है। ममता बनर्जी अपने बेहद करीबी लोगो से घिरी हुई है। विधानसभा चुनाव के हार बाद विधायकों में भगदड मचने के बाद बगावत के दिल्ली पहुंचने का सन्देश मिलता है। जाहिर है पार्टी में असन्तोष लम्बे अर्से से पनप रहा है। कई असन्तुष्ट नेताओं ने अभिषेक बनर्जी की भूमिका पर नाराजगी जताई है। ऐसे में संकेत मिलता है ममता असन्तोष भांपने में चूक गई।

बंगाल में टीएमसी जब सत्ता में आई तो कई नेताओं कार्यकर्ताओं ने पाला बदल लिया। भाजपा जब मतबूत हो रही थी तो टीएमसी सदस्या भाजपा की ओर आ गये। लोकसभा के चुनाव के एक महीने बाद ही जिस तरह पार्टी में संकट मंडरा रहा है वह अप्रत्याशित है।

ममता के सामने चुनौती है कि किस तरह प्रतिनिधियों को बचाती है।

बंगाल की इस उठा पटक का असर केन्द्र की राजनीति पर भी पड़ेगा। एनडीए ब्लाक की बैठक में मंगाई, बेरोजगारी, पेपर लीक जैसे मुद्दे पर सरकार घेरने की राजनीति बनी है। लेकिन विपक्ष कमजोर हुआ तो उसकी राजनीति कितना असर केन्द्र पर डाल पाती है देखना होगा। एक समय ममता को इस ब्लाक का चेहरा माना जा रहा था। अब उनके सामने अस्तित्व बचाने की लड़ाई है। अगर ममता कमजोर दिखती है तो विपक्ष की लड़ाई भी कमजोर पड़ जायेगी।

हम लाये है तूफान से कश्ती निकालकर
इस देश को रखना मेरे बच्चों संभालकर

## सेवा, संवेदना व समर्पण की पहचान - डॉ. धर्मेंद्र कुमार

अयोध्या की पावन धरती केवल धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत के लिए ही नहीं, बल्कि ऐसे कर्मयोगियों के लिए भी जानी जाती है जो अपने कार्यों से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं। स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में ऐसा ही एक प्रतिष्ठित नाम है डॉ. धर्मेंद्र कुमार, जिन्होंने होम्योपैथिक चिकित्सा के माध्यम से जनसेवा को अपने जीवन का ध्येय बना लिया है।

श्री राम चिकित्सालय, अयोध्या में कार्यरत डॉ. धर्मेंद्र कुमार आज हजारों मरीजों के लिए विश्वास, आशा और बेहतर स्वास्थ्य का पर्याय बन चुके हैं। उनका व्यक्तित्व सरल, व्यवहार आत्मीय तथा कार्यशैली पूर्णतः सेवाभावी है। चिकित्सा को उन्होंने केवल पेशा नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का माध्यम माना है।

होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति अपने प्राकृतिक एवं स्थायी उपचार के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है। डॉ. धर्मेंद्र कुमार इसी चिकित्सा पद्धति के सिद्धांतों को आत्मसात करते हुए रोगी के सम्पूर्ण व्यक्तित्व का अध्ययन कर उपचार करते हैं। उनका मानना है कि किसी भी बीमारी का प्रभावी उपचार तभी संभव है जब उसके मूल कारणों को समझकर चिकित्सा की जाए। यही सोच उन्हें अन्य चिकित्सकों से अलग पहचान प्रदान करती है।

वर्षों के चिकित्सा अनुभव के दौरान उन्होंने असंख्य मरीजों को नई जिंदगी और नया विश्वास दिया है। त्वचा रोग, एलर्जी, दमा, माइग्रेन, जोड़ों का दर्द, पाचन संबंधी विकार, महिलाओं एवं बच्चों की स्वास्थ्य समस्याओं सहित विभिन्न जटिल एवं दीर्घकालिक रोगों के उपचार में उनकी विशेष दक्षता मानी जाती है। उनके उपचार से लाभान्वित मरीज आज भी उन्हें एक संवेदनशील चिकित्सक और सच्चे मार्गदर्शक के रूप में याद करते हैं।

डॉ. धर्मेंद्र कुमार की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे प्रत्येक मरीज की समस्या को धैर्यपूर्वक सुनते हैं और उसकी मानसिक स्थिति को भी समझने का प्रयास करते हैं। उनका विश्वास है कि रोगी का मनोबल बढ़ाना भी उपचार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यही कारण है कि उनके पास आने वाला प्रत्येक मरीज स्वयं को सम्मानित और सुरक्षित महसूस करता है।

चिकित्सा सेवा के साथ-साथ समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी भी उल्लेखनीय है। वे समय-समय पर निःशुल्क चिकित्सा शिविरों, स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों और जनहित अभियानों में सक्रिय सहभागिता निभाते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिक्षा और रोगों की रोकथाम के लिए उनके प्रयास सराहनीय रहे हैं। उनका उद्देश्य केवल रोगों का उपचार करना नहीं, बल्कि लोगों को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक बनाना भी है।

वर्तमान समय में जब चिकित्सा क्षेत्र में व्यावसायिकता का प्रभाव बढ़ता जा रहा है, ऐसे दौर में डॉ. धर्मेंद्र कुमार अपनी सेवा भावना, नैतिक मूल्यों और मानवीय दृष्टिकोण के कारण एक अलग पहचान बनाए हुए हैं। मरीजों के प्रति उनका समर्पण और चिकित्सा के प्रति उनकी निष्ठा उन्हें समाज में विशेष सम्मान दिलाती है।

चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में निरंतर अध्ययन और नवीन शोधों की जानकारी प्राप्त करने की उनकी प्रवृत्ति उन्हें सदैव अद्यतन बनाए रखती है। वे आधुनिक चिकित्सा ज्ञान और होम्योपैथिक सिद्धांतों के समन्वय से मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत रहते हैं।



अयोध्या जनपद में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में डॉ. धर्मेंद्र कुमार का योगदान अत्यंत प्रेरणादायी और अनुकरणीय है। उन्होंने अपने कार्यों से यह सिद्ध कर दिया है कि चिकित्सा केवल व्यवसाय नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का सर्वोच्च माध्यम है। उनका व्यक्तित्व, कृतित्व और सेवाभाव समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है तथा आने वाली पीढ़ी के चिकित्सकों के लिए आदर्श उदाहरण भी। निस्संदेह, डॉ. धर्मेंद्र कुमार उन चिकित्सकों में हैं जिन्होंने अपने ज्ञान, अनुभव और सेवा भावना से लोगों के जीवन में नई उम्मीद और नया विश्वास जगाया है। जनसेवा के प्रति उनका समर्पण उन्हें अयोध्या के सम्मानित एवं लोकप्रिय चिकित्सकों की अग्रिम पंक्ति में स्थापित करता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण ने समाज के हर वर्ग को सशक्त बनाया है–चाहे वे महिलाएं हों, युवा हों, किसान हों या वंचित वर्ग के लोग। 3 करोड़ से ज़्यादा 'लखपति दीदियों' का सामने आना महिला नेतृत्व में विकास के उनके दृष्टिकोण का एक सशक्त प्रमाण है, जबकि 'नारी शक्ति' के तहत शुरू की गई पहलों ने महिलाओं को देश के निर्माण में और भी अहम भूमिका निभाने में सक्षम बनाया है। नए आईआईटी, एम्स, मेडिकल कॉलेजों और उच्च शिक्षा संस्थानों की स्थापना से भारत में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा तेज़ी से बढ़ा है, जिससे देश के युवाओं के लिए अभूतपूर्व अवसर पैदा हुए हैं।**

# ऐतिहासिक कार्यकाल, परिवर्तनकारी नेतृत्व

भारत ने 10 जून को अपने लोकतांत्रिक इतिहास में एक नया अध्याय दर्ज किया। इस रोज नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री के रूप में निर्बाध सेवा के 4,399 दिन पूरे कर लिए। इसके साथ ही वह भारत के लगातार सबसे लंबे समय तक पद पर रहने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बन गए। यह ऐतिहासिक उपलब्धि सिर्फ राष्ट्र निर्माण के लिए उनकी दृढ़ प्रतिबद्धता को ही नहीं दिखाती। यह उनके दूरदर्शी नेतृत्व में भारत के लोगों के अडिग विश्वास और आस्था को भी प्रतिबिंबित करती है। यह उनके दूरदर्शी नेतृत्व, राष्ट्रीय विकास के लिए अथक प्रतिबद्धता तथा भारत की अवाम के कल्याण और आकांक्षाओं प्रति अटूट निष्ठा को प्रतिबिंबित करती है।



सीपी राधाकृष्णन

**परिवर्तनकारी नेतृत्वः 4,366 दिन और आगे–** श्रीमान नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र के प्रधान सेवक के रूप में भारत में सुशासन और राष्ट्र प्रथम के सिद्धांतों पर आधारित अभूतपूर्व परिवर्तन के युग की शुरुआत की है। इतिहास अब्राहम लिंकन को मानव दासता का अभिशाप खत्म कर लाखों लोगों की गरिमा बहाल करने में उनके अडिग नेतृत्व के लिए उनका आदर करता है। इसी तरह, आने वाली पीढ़ियां 25 करोड़ से ज्यादा गरीबों को पूर्ण निर्धनता से बाहर निकालने के लिए नरेंद्र मोदी को याद करेंगी। उनकी दृष्टि, अथक प्रयासों और परिवर्तनकारी शासन ने अनगिनत परिवारों को अवसर, गरिमा और उम्मीद देकर सशक्त बनाया है तथा वे आर्थिक स्वतंत्रता और बेहतर भविष्य के आश्वासन को अपनाने में समर्थ बने हैं। उनका योगदान मानवता की सेवा में एक युगांतरकारी उपलब्धि के रूप में इतिहास में दर्ज रहेगा।

इतना ही नहीं, उनकी परिवर्तनकारी पहलकदमियों ने शिक्षा, आवासन, स्वच्छता, स्वास्थ्यसेवा और खाद्य निश्चितता के माध्यम से करोड़ों लोगों की गरिमा और सामाजिक सुरक्षा को सुनिश्चित किया है। विश्व के सबसे बड़े सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों में से एक, आयुष्मान भारत योजना के जरिए 44 करोड़ से ज्यादा नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्यसेवा प्रदान की गई है। जल जीवन मिशन ने 12 करोड़ से ज्यादा ग्रामीण घरों में सुरक्षित और विश्वसनीय पेयजल पहुंचा कर अनगिनत परिवारों को गरिमा प्रदान की और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार किया है। निःशुल्क खाद्यान्न के 2020 से जारी प्रावधान से लगभग 80 करोड़ लोगों की खाद्य सुरक्षा की रक्षा होने के अलावा यह सुनिश्चित हुआ है कि कोई भी कमजोर नागरिक पीछे नहीं छूटने पाए। इसके अतिरिक्त, 4 करोड़ से ज्यादा परिवारों का सुरक्षित और स्थाई घर का मालिक बनने का सपना पूरा हुआ जिससे उनमें सुरक्षा, गरिमा और भविष्य के लिए उम्मीद की भावना मजबूत हुई है। कुल मिला कर, ये पहलकदमियां एक सहृदय शासन और प्रत्येक भारतीय के कल्याण के लिए अटूट प्रतिबद्धता के स्थाई प्रतीक हैं। प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण ने समाज के हर वर्ग को सशक्त बनाया है–चाहे वे महिलाएं हों, युवा हों, किसान हों या वंचित वर्ग के लोग। 3 करोड़ से ज़्यादा 'लखपति दीदियों' का सामने आना महिला नेतृत्व में विकास के उनके दृष्टिकोण का एक सशक्त प्रमाण है, जबकि 'नारी शक्ति' के तहत शुरू की गई पहलों ने महिलाओं को देश के निर्माण में और भी अहम भूमिका निभाने में सक्षम बनाया है। नए आईआईटी, एम्स, मेडिकल कॉलेजों और उच्च शिक्षा संस्थानों की स्थापना से भारत में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा तेज़ी से बढ़ा है, जिससे देश के युवाओं के लिए अभूतपूर्व अवसर पैदा हुए हैं।



साथ ही, भारत ने इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में एक अभूतपूर्व क्रांति देखी है। वंदे भारत ट्रेनों, हवाई अड्डों, राजमार्गों और रेलवे स्टेशनों के तेज़ी से विस्तार से लेकर दूर-दराज़ के इलाकों तक कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने वाली परियोजनाओं तक, उनके नेतृत्व में एक आधुनिक, आपस में जुड़े हुए और महत्वाकांक्षी भारत की नींव रखी है। इन उपलब्धियों ने न केवल आर्थिक विकास को गति दी है, बल्कि देश भर के लाखों नागरिकों के जीवन स्तर को भी बेहतर बनाया है।

भारत डिजिटल नवाचार, सेमी-कंडक्टर, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, वैक्सीन बनाने और मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में एक वैश्विक नेता के रूप में उभरा है, जिससे उभरती हुई नई प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में विश्व में हमारे देश की स्थिति और मजबूत हुई है।

**विकास भी, विरासत भीः तमिल विरासत का सम्मान, तमिलनाडु का विकास–** समकालीन नेताओं में प्रधानमंत्री श्रीमान नरेंद्र मोदी जी को जो बात सबसे अलग और अनूठी बनाती है, वह है उनका यह दृढ़ विश्वास कि विकास और परंपरा कोई परस्पर विरोधी विचार नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक हैं। 'विकास भी, विरासत भी' की अपनी दूरदर्शी सोच के ज़रिए उन्होंने यह दिखाया है कि कोई देश अपनी सभ्यतागत विरासत से जुड़े रहते हुए भी तेज़ी से आधुनिकीकरण की राह पर आगे बढ़ सकता है।

उनके नेतृत्व में, भारत ने इन्फ्रास्ट्रक्चर, प्रौद्योगिकी, मैन्युफैक्चरिंग और समाज कल्याण के क्षेत्र में परिवर्तनकारी विकास किया है और इसके साथ ही अपनी प्राचीन संस्कृति, भाषाओं, आध्यात्मिक परंपराओं और ऐतिहासिक विरासत के प्रति एक नए गौरव का अनुभव किया है। चाहे पवित्र स्थलों का जीर्णोद्धार हो, सांस्कृतिक प्रतीकों का पुनरुत्थान हो, शास्त्रीय भाषाओं को बढ़ावा देना या अमूल्य कलाकृतियों का संरक्षण हो- उनके शासन में आधुनिक आकांक्षाओं और शाश्वत मूल्यों का दुर्लभ समन्वय देखने को मिलता है। प्रधानमंत्री मोदी के नज़रिए ने राष्ट्र-निर्माण की परिभाषा को नए सिरे से गढ़ा है। उन्होंने यह साबित किया है कि असली विकास का पैमाना सिर्फ़ आर्थिक तरक्की नहीं है, बल्कि इसे इस बात से भी मापा जाता है कि एक राष्ट्र अपनी विरासत को भावी पीढ़ियों के लिए संरक्षित करने, संजोने और सौंपने में कितना सक्षम है। उनकी 'विकास भी, विरासत भी' की सोच एक ऐसे आत्मविश्वास से भरे और नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ते भारत के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत बन गई है, जो अपने गौरवशाली अतीत से मज़बूती से जुड़े रहते हुए भविष्य की ओर निडरता से कदम बढ़ा रहा है।

इस सोच का सबसे ज़्यादा फ़ायदा तमिलनाडु और दुनिया भर में फैले तमिल समुदाय को मिला है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में उनकी समृद्ध भाषाई, सांस्कृतिक और सभ्यतागत विरासत को अभूतपूर्व पहचान, सम्मान और समर्थन मिला है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में चलाई जा रही परिवर्तनकारी पहलों से तमिलनाडु को बहुत लाभ हुआ है, जिनमें चेन्नई मेट्रो रेल का विस्तार, चेन्नई-बेंगलुरु एक्सप्रेसवे, तमिलनाडु रक्षा औद्योगिक गलियारा, बंदरगाहों और हवाई अड्डों का आधुनिकीकरण, राष्ट्रीय राजमार्गों का विस्तार, रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास और नया पाम्बन रेल पुल शामिल हैं। भारत के पहले वर्टिकल-लिफ्ट सी-ब्रिज, नए पाम्बन रेल पुल का उद्घाटन एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, जो रामेश्वरम के लिए कनेक्टिविटी को बेहतर बनाता है और भारत की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता का प्रतीक है। आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के निरंतर और दृढ़ प्रयास के कारण, तमिलनाडु इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल फोन और आईफोन मैन्युफैक्चरिंग के लिए एक प्रमुख केंद्र के तौर पर भी उभरा है।

# अज़ादारी किसे कहते हैं और अज़ादारों की ज़िम्मेदारियाँ क्या हैं?

अज़ादारी अरबी शब्द 'अज़ा' से निकला है, जिसका अर्थ है दुःख, शोक और किसी बड़ी मुसीबत पर ग़म का इज़हार करना। धार्मिक अर्थ में अज़ादारी से मुराद पैग़म्बर-ए-इस्लाम (स.) के अहलेबैत, विशेष रूप से इमाम हुसैन (अ.) और शहीदाने कर्बला की मज़लूमियत और मुसीबतों को याद करना, उनके फ़ज़ाइल और उद्देश्यों को बयान करना तथा उनकी कुर्बानियों को ज़िंदा रखना है। जो लोग इस अज़ादारी को आयोजित) बरपा (करते हैं, उन्हें अज़ादार कहा जाता है। अज़ादारी को ज़िंदा रखने का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम (अहम ज़रिया) मजलिसे अज़ा है। यह अज़ादारी की रूह, पैग़ामे कर्बला की तर्जुमान और हुसैनी पैग़ाम की सबसे प्रभावशाली पाठशाला (दरसगाह) है। जब तक मजलिसे अज़ा आबाद रहेंगी, अज़ादारी का यह पवित्र सिलसिला भी जीवित रहेगा। मजलिसे अज़ा कई महत्वपूर्ण भागों से मिलकर बनती है। वास्तव में ये सभी अज़ादारों की अलग-अलग भूमिकाएँ हैं। इनमें बानीए मजलिस (आयोजक), ख़ुतबा व ज़ाकिरीन (वक्ता), सामेईन (श्रोता), मर्सिया-ख़्वान, नौहा-ख़्वान और मातमदार शामिल हैं। ये सभी इस महान कारवाँ के महत्वपूर्ण स्तंभ(सुतून) हैं और प्रत्येक पर कुछ विशेष ज़िम्मेदारियाँ होती हैं। यदि ये सभी लोग अपनी-अपनी ज़िम्मेदारियों को अच्छी तरह निभाएँ तो मजलिस केवल एक सभा नहीं रहेगी, बल्कि एक प्रभावशाली धार्मिक, वैचारिक और सीखने सिखाने का केंद्र बन जाएगी।



सैयद अमीर हसनैन ज़ैदी

**बानियान-ए-मजालिस(आयोजकों) की ज़िम्मेदारियाँ :** आयोजकों(बानियान-ए-मजालिस) और ख़दिमतगारों को हमेशा यह ध्यान रखना चाहिए कि वे इस पवित्र सेवा(खिदमत) को अल्लाह की प्रसन्नता, अहलेबैत (अ.) से प्रेम और पैग़ाम-ए-हुसैनी के प्रचार के लिए अंजाम दे रहे हैं। मजलिस का उद्देश्य व्यक्तिगत प्रसिद्धि,(शोहरत) समाज में इज़्ज़त या दुनियावी लाभ प्राप्त करना नहीं होना चाहिए। ऐसे आलिम और ख़तीबों को आमंत्रित किया जाए (बुलाया जाए )जो सही अक़ीदे, सही जानकारी और सकारात्मक विचारों(मुसबत खयालात) के माध्यम से सुनने वाले, विशेषकर युवाओं की धार्मिक(दीनी) और बौद्धिक शिक्षा(फ़िक्री तरबियत) कर सकें। मजलिस का समय, बैठने की व्यवस्था, ध्वनि व्यवस्था (लाउडस्पीकर) और अन्य सारे काम अच्छी तरह से पूरे किए जाएँ। ताकि मजलिस सम्मान और नियमों के पालन के साथ आयोजित हो। मजलिस के वातावरण (माहौल )को सम्माननीय, पवित्र और धार्मिक बनाए रखा जाए। तथा हर उस कार्य से बचा जाए जो मजलिस की गरिमा(एहतराम) के विरुद्ध(ख़िलाफ़) हो।

मजलिस में आने वाले अज़ादारों की सुविधा, आराम और सम्मान का ध्यान रखा जाए तथा उनकी सेवा(खिदमत) को नेकी और सौभाग्य(खुशनसीबी) का कार्य समझा जाए।



**ख़ुतबा व ज़ाकिरीन (वक्ताओं) की ज़िम्मेदारियाँ :** बयान और तक़रीर का उद्देश्य केवल अल्लाह की प्रसन्नता, दीन की सेवा और मक्तबे अहलेबैत (अ.) का प्रचार(तबलीग़) होना चाहिए, न कि शोहरत, स्वार्थ(खुदग़रज़ी) या व्यक्तिगत लाभ(ज़ाती फ़ायदा)। वक्ताओं(ज़ाकिरीन) को चाहिए कि वे क़ुरआन, हदीस और भरोसेमंद ऐतिहासिक स्रोतों के आधार पर बातें करें तथा बिना प्रमाण(सुबूत) की या कमज़ोर रिवायतों से बचें। कर्बला की घटना को केवल मुसीबतों के बयान तक सीमित न रखें, बल्कि उसके मकसद, नैतिक, सामाजिक और सुधारात्मक(इसलाही) पहलुओं को भी उजागर करें। ऐसे शब्दों और भाषणों से बचें जो मुसलमानों के बीच नफ़रत, विवाद या मतभेद पैदा करें। हमेशा समझदारी से काम लें और अच्छा अंदाज़ अपनाएँ।युवाओं की बौद्धिक और नैतिक समस्याओं(फ़िक्री और अख़लाक़ी मसाइल) को समझते हुए उन्हें दीन, क़ुरआन और अहलेबैत (अ.) की शिक्षाओं से जोड़ने का प्रयास(कोशिश) करें। मजलिस के निर्धारित समय)मुक़र्रर वक़्त( और अनुशासन(नज़्म व ज़ब्त) का पालन करें तथा अपनी तक़रीर को उपयोगी (कारआमद) और लाभदायक बनाएँ। वक्ताओं (ज़ाकिरीन) का चरित्र (किरदार) उनकी बातों से अधिक प्रभाव डालता है, इसलिए उन्हें अपने जीवन को ज्ञान, परहेज़गारी, ईमानदारी और अच्छे संस्कार का नमूना बनाना चाहिए। मजलिस ऐसे समय पर रखी जाए कि उसके दौरान अज़ान का समय न आए। यदि अज़ान शुरू हो जाए तो ज़ाकिर को अज़ान के सम्मान में अपना बयान रोक देना चाहिए।

**सामेईन (श्रोताओं) की ज़िम्मेदारियाँ :** श्रोताओं (सुनने वालों) को चाहिए कि वे मजलिस में अल्लाह की प्रसन्नता, अहलेबैत (अ.) से प्रेम और पैग़ामे कर्बला से लाभ उठाने के मकसद से शामिल हों, केवल रस्म निभाने के लिए नहीं। वक्ताओं (ज़ाकिरों) और अन्य अज़ादारों का सम्मान करें तथा प्रेम, भाईचारे और आपसी सम्मान का वातावरण (माहौल) बनाए रखें। वक्ता(ज़ाकिर) की बातों को ध्यान से सुनें, अनावश्यक(ग़ैर ज़रूरी) बातचीत और अन्य व्यस्तताओं(मसरूफ़ियात) से बचें। बिना सोचे-समझे केवल दूसरों की नकल में ज़ाकिर की प्रशंसा (तारीफ़ )न करें)दाद न दें (विशेषकर यदि कोई बात दीन की शिक्षाओं के विरुद्ध (खिलाफ) हो। अपने बच्चों और युवाओं को मजलिस में साथ लाएँ, उन्हें मजलिस के आदाब सिखाएँ और अहलेबैत (अ.) की मुहब्बत से परिचित (वाकिफ़) कराएँ। मजलिस से प्राप्त शिक्षाओं और संदेशों)पैग़ामों(को अपने जीवन में लागू करना)सामेईन(की सबसे महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी है।

**मर्सिया-ख़्वानों की ज़िम्मेदारियाँ :** मर्सिया-ख़्वानी का उद्देश्य)मकसद (अल्लाह और अहलेबैत (अ.) की प्रसन्नता प्राप्त करना होना चाहिए। ऐसे अशआर और कलाम पढ़े जाएँ जो प्रमाणिक)भरोसेमंद (ऐतिहासिक तथ्यों और मक्तबे अहलेबैत (अ.) की शिक्षाओं के अनुरूप हों। मर्सिया केवल दुःख का वर्णन)बयान (न हो, बल्कि उसमें इमाम हुसैन (अ.) के उद्देश्य) मकसद (कुर्बानी और संदेश)पैग़ाम (को भी उजागर(ज़ाहिर) किया जाए।

**नौहा-ख़्वानों की ज़िम्मेदारियाँ :** नौहों का विषय सही अक़ीदों, ऐतिहासिक तथ्यों और अहलेबैत (अ.) की शान के अनुरूप होना चाहिए। नौहा इस प्रकार पढ़ा जाए कि वह श्रोताओं)सामेईन (के दिलों को प्रभावित करे। अनावश्यक हरकतों, भद्दे इशारों और अनुचित तरीकों से बचना चाहिए।

**मातमदारों की ज़िम्मेदारियाँ :** मातम का उद्देश्य इमाम हुसैन (अ.) और शहीदाने कर्बला से प्रेम और वफ़ादारी का इज़हार होना चाहिए। मातम अज़ादारी की गरिमा, सम्मान और धार्मिक मर्यादाओं के अनुसार किया जाए। मातम के दौरान मजलिस या जुलूस के अनुशासन) नज़्म व ज़ब्त (में बाधा (रुकावट) नहीं आनी चाहिए। मातमदारों को नैतिक)अख़लाक़ी( मूल्यों का पालन करना चाहिए और अपने अच्छे चरित्र) अख़लाक़ (के माध्यम से हुसैनी शिक्षाओं का परिचय देना चाहिए। यदि इन समूहों) गिरोहों(में से कोई एक भी अपनी ज़िम्मेदारी को सही ढंग से पूरा न करे तो निश्चित रूप से मजलिस के अपेक्षित परिणाम (मतलूबा नताइज) प्रभावित होंगे। इसलिए सभी अज़ादारों को चाहिए कि वे अपनी-अपनी ज़िम्मेदारियों को पूरी वफ़ादारी और ईमानदारी के साथ निभाएँ, ताकि अज़ादारी का वास्तविक उद्देश्य)हक़ीक़ी मकसद( और लक्ष्य पूरी तरह से साकार हो सके।

# मोदी सरकार के ऐतिहासिक 12 साल

**जब नरेंद्र मोदी पहली बार प्रधानमंत्री की कुर्सी पर विराजे थे तो उन्होंने उद्घोष किया था कि न 'खाऊंगा और न खाने दूंगा।' यह हकीकत है मानवीय दुर्बलताओं और समाज में लगातार बढ़ती भौतिकवाद की सोच के चलते समाज में भ्रष्टाचार पर अपेक्षित लगाम नहीं लगी, लेकिन उनके कार्यकाल में कोई मंत्री प्रत्यक्ष तौर पर किसी बड़े भ्रष्टाचार में लिप्त नजर नहीं आया। निस्संदेह, खाड़ी संकट के चलते महंगे हुए पेट्रोलियम पदार्थों से महंगाई असर दिखा रही है।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने अपने सफल 12 साल पूरे कर लिए हैं। इस ऐतिहासिक पड़ाव पर प्रधानमंत्री ने '12 सालः विश्वास के, विकास के, जन कल्याण के' संकल्प के साथ देश की प्रगति का एक विस्तृत ब्यौरा जारी किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सरकार के पिछले 12 वर्ष विश्वास, विकास और जन कल्याण को समर्पित रहे हैं। सत्ता शीर्ष पर बारह साल के कार्यकाल के दौरान अनेक विशिष्ट उपलब्धियां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हिस्से में आई हैं। एक विशेष उपलब्धि यह भी है कि पहले गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी ने पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू के लगातार सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। पं. नेहरू ने पहले आम चुनाव के बाद 13 मई, 1952 को विधिवत निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में कार्यकाल शुरू किया, जो 1964 तक चला। वहीं नरेंद्र मोदी ने 26 मई, 2014 को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली और लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ 9 जून, 2024 को ली। निश्चय ही भारत जैसे विशाल, सांस्कृतिक विविधता वाले तथा दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले देश का इतने लंबे समय तक प्रधानमंत्री बने रहना एक बड़ी उपलब्धि कही जाएगी। भाजपा नीत राजग गठबंधन सरकार के हिस्से में यूं तो कई उपलब्धियां हैं, लेकिन एक सशक्त केंद्र सरकार देश की एकता-अखंडता के लिए प्रतिबद्ध रही है। निस्संदेह, मोदी युगीन इन बारह सालों को अनुच्छेद-370 हटाने, नक्सलवाद के खात्मे, आतंकवाद के खिलाफ आक्रामक सुरक्षा नीति, आध्यात्मिक पर्यटन, महिला आरक्षण, डिजिटल इंडिया मुहिम, तीन तलाक से मुक्ति व आर्थिक आरक्षण की उपलब्धियों के लिए याद किया जाएगा। निस्संदेह, कुछ फैसले ऐसे रहे हैं जिन्होंने देश को नई दिशा दी। लोगों को गरिमा व अवसर दिलाने के उद्देश्य से प्रत्यक्ष लाभ अंतरण, स्वच्छ भारत, पीएम आवास योजना और आयुष्मान भारत जैसी योजनाएं बदलावकारी कही जाती हैं।



डॉ. ओपी त्रिपाठी

साथ ही उन लोगों को 'अंत्योदय दृष्टि' से प्रेरित होकर लाभ देने की कोशिश हुई, जो असमानता के चलते पीछे छूट गए थे। बड़ी संख्या में जनधन खाते खोले जाने का लाभ विशेष रूप से महिलाओं को मिला। जहां डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर से जहां लोगों को समय पर मदद मिली, वहीं बिचौलियों पर नकेल कसने से भ्रष्टाचार पर अंकुश भी लगा। मोदी सरकार ने 'एक देश, एक कर' की सोच को जीएसटी लागू करके हकीकत बनाया। जब नरेंद्र मोदी पहली बार प्रधानमंत्री की कुर्सी पर विराजे थे तो उन्होंने उद्घोष किया था कि न 'खाऊंगा और न खाने दूंगा।' यह हकीकत है मानवीय दुर्बलताओं और समाज में लगातार बढ़ती भौतिकवाद की सोच के चलते समाज में भ्रष्टाचार पर अपेक्षित लगाम नहीं लगी, लेकिन उनके कार्यकाल में कोई मंत्री प्रत्यक्ष तौर पर किसी बड़े भ्रष्टाचार में लिप्त नजर नहीं आया। निस्संदेह, खाड़ी संकट के चलते महंगे हुए पेट्रोलियम पदार्थों से महंगाई असर दिखा रही है, लेकिन समय रहते प्रबंधन के चलते वैसे हालात भी नहीं पैदा हुए, जैसे हमारे पड़ोसी देशों में नजर आ रहे हैं। अमेरिका दबाव के बावजूद रणनीतिक ढंग से रूस से सस्ता तेल खरीदकर मोदी सरकार ने जहां देश के आपातकालीन पेट्रोलियम भंडारण को बढ़ाया, वहीं दुर्लभ विदेशी मुद्रा की भी बचत की।



आज देश ने कच्चे तेल के खरीद के विकल्पों को विस्तार दिया है, जो संकटकाल में मददगार साबित हुए हैं। यह अच्छी बात है कि प्रधानमंत्री द्वारा सौर ऊर्जा, स्वच्छ ऊर्जा आदि वैकल्पिक संसाधनों के लिए जो अभियान चलाए गए, उन्होंने पश्चिम एशिया संकट के दौरान देश की आर्थिकी को संबल दिया। एक समय विपक्षी नेता पेट्रोल में इथेनॉल मिलाए जाने को लेकर आलोचना कर रहे थे, लेकिन यह फैसला मौजूदा ऊर्जा संकट में मददगार साबित हुआ। कोरोना संकट, रूस-यूक्रेन युद्ध, इजरायल-हमास संघर्ष और फिर ईरान अमेरिका-इजरायल युद्ध के संकट से पूरी दुनिया की आपूर्ति शृंखला बुरी तरह प्रभावित हुई है, लेकिन राजग सरकार इन चुनौतियों का बखूबी मुकाबला करती नजर आई।

देश के सबसे निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा में लाना सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता रही है। इस दिशा में कदम बढ़ाते हुए सरकार ने देश के लगभग 81 करोड़ से अधिक लोगों को हर महीने मुफ्त राशन की व्यवस्था सुनिश्चित की है, जिससे भुखमरी की समस्या पर एक बड़ा प्रहार हुआ है। इसके साथ ही, बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए 4 करोड़ से ज्यादा परिवारों को 'पीएम आवास योजना' के तहत पक्के मकान दिए गए हैं। वहीं, 10.5 करोड़ से अधिक परिवारों को 'उज्ज्वला योजना' के तहत गैस कनेक्शन और 12 करोड़ से ज्यादा शौचालयों का निर्माण कराकर देश को खुले में शौच से मुक्ति की तरफ बढ़ाया गया है। भारत की सबसे बड़ी ताकत उसकी युवा आबादी है और पिछले 12 सालों में इस युवा शक्ति को सही दिशा देने के लिए कई बड़े कदम उठाए गए हैं। देश के करीब 2 करोड़ युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में आधुनिक और रोजगारपरक 'स्किल ट्रेनिंग' दी जा चुकी है ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। इसके अलावा, युवाओं को अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने के लिए लगभग 40 लाख करोड़ रुपये का 'मुद्रा लोन' वितरित किया गया है। देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहे जाने वाले किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें वित्तीय सुरक्षा देने के लिए 'पीएम किसान सम्मान निधि' के तहत अब तक 4.3 लाख करोड़ रुपये सीधे उनके बैंक खातों में ट्रांसफर किए जा चुके हैं। इससे छोटे किसानों को बीज और खाद जैसी जरूरतों के लिए किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम उठाते हुए सरकार ने 60 करोड़ से अधिक देशवासियों को 'आयुष्मान भारत योजना' के सुरक्षा कवच से जोड़ा है। देश के विकास की मुख्य धुरी कहे जाने वाले मध्यम वर्ग को टैक्स के मोर्चे पर एक बहुत बड़ी राहत दी गई है। कनेक्टिविटी को नए स्तर पर ले जाने के लिए देश में समुद्र और नदियों पर 'अटल सेतु', 'सुदर्शन सेतु', 'चिनाब रेल ब्रिज', 'बोगीबील ब्रिज' और 'पंबन समुद्री पुल' जैसे इंजीनियरिंग के बेजोड़ अजूबों का निर्माण किया गया है। भारत को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने और 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा देने के लिए देश के इतिहास में पहली बार करीब 38,400 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड 'डिफेंस एक्सपोर्ट' (रक्षा निर्यात) दर्ज किया गया है। अब भारत केवल हथियार खरीदने वाला देश नहीं, बल्कि दुनिया को हथियार बेचने वाला देश बन रहा है। देश की सीमाओं के साथ-साथ आंतरिक सुरक्षा के मोर्चे पर भी सरकार ने 'जीरो-टॉलरेंस' की नीति अपनाई है।

# धार्मिक स्थलों के निकट शौचालय निर्माण पर आक्रोश

अवधनामा संवाददाता

■ नगर निगम की परस्पर विरोधी आख्याओं पर उच्च स्तरीय जांच की मांग

**मथुरा।** मथुरा-वृंदावन नगर निगम के चौक बाजार (वार्ड संख्या 56/58) में ऐतिहासिक धार्मिक स्थलों के अत्यंत निकट बनाए जा रहे सार्वजनिक शौचालय को लेकर स्थानीय नागरिकों, क्षेत्रीय व्यापारियों और जनप्रतिनिधियों में भारी असंतोष व्याप्त हो गया है। इस विवादित निर्माण कार्य को तत्काल रुकवाने, पूर्व स्वीकृत पेयजल प्याऊ (आर.ओ. प्लांट) को पुनः स्थापित करने तथा नगर निगम द्वारा समय-समय पर जारी की गई विरोधाभासी जांच आख्याओं की उच्च स्तरीय जांच कराने के लिए नगर आयुक्त को एक विस्तृत मांग पत्र सौंपा गया है।

मुख्य विवाद और जन-आपत्तियां धार्मिक मर्यादा और नियमों का खुला उल्लंघनः स्थानीय नागरिकों और वार्ड संख्या 31 के पार्षद मुन्ना मलिक द्वारा दर्ज कराई गई आपत्ति के अनुसार, यह शौचालय ऐतिहासिक 'श्री दाऊजी मंदिर' और ऐतिहासिक 'शाही जामा मस्जिद के पास नजदीक सटाकर बनाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1959 की धारा 287 एवं 294 तथा नगरीय विकास मार्गदर्शिका के अनुसार, सक्रिय धार्मिक स्थलों की 100 मीटर की परिधि में शौचालय निर्माण वर्जित है। मंदिर और मस्जिद के ठीक बराबर में शौचालय का ढांचा खड़ा करना दोनों समुदायों की धार्मिक मर्यादा और सांप्रदायिक सौहार्द के सर्वथा विपरीत है।

नगर निगम की विरोधाभासी जांच आख्याएं सरकारी पत्राचार और आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में नगर निगम प्रशासन की एक बड़ी लापरवाही सामने आई है। पूर्व में जारी आख्याओं में स्पष्ट तौर पर यह रिपोर्ट लगाई गई थी कि 'उक्त स्थल पर कोई सार्वजनिक शौचालय निर्मित होना नहीं पाया गया है और वहां केवल नगर निगम का आर.ओ. वॉटर प्लांट स्थापित है'। इसके बावजूद, अब ठीक उसी स्थान पर अचानक पक्का शौचालय निर्माण शुरू कर दिया गया है। तौसीफ शेख नामक शिकायतकर्ता ने भी आईजीआरएस पर संबंधित लेखपाल द्वारा बिना स्थलीय निरीक्षण किए तथ्यविहीन रिपोर्ट लगाने का आरोप लगाते हुए कड़ी आपत्ति दर्ज की है।

जनोपयोगी पेयजल व्यवस्था का विनाश चौक बाजार एक अत्यधिक व्यस्त व्यावसायिक और घनी आबादी वाला क्षेत्र है। यहाँ आने वाले हजारों श्रद्धालुओं और छोटे व्यापारियों के लिए पूर्व से स्वीकृत और संचालित 'समाजवादी वाटर आर.ओ. प्लांट (पेयजल प्याऊ)' ही शुद्ध मीठे पानी का एकमात्र साधन था।

# 10% ईंधन अधिभार के विरोध में व्यापारियों ने जताया आक्रोश

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद द्वारा बिजली बिलों पर 10 प्रतिशत ईंधन अधिभार लगाए जाने के विरोध में शुक्रवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल (पंजी.) मथुरा के पदाधिकारियों ने अधिशासी अभियंता राजीव गर्ग को उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत नियामक आयोग के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा।

जिलाध्यक्ष अभिषेक कुमार 'पिंटू भैया' ने बताया कि ईंधन अधिभार लागू करने से पहले नियामक आयोग से अनुमति नहीं ली गई है। उन्होंने कहा कि पहले से ही बिजली बिलों में फिक्स चार्ज वसूला जा रहा है। वाणिज्य (एलएमवी-2) श्रेणी के बिलों में फिक्स चार्ज के साथ मिनिमम चार्ज भी लिया जाता है, जबकि घरेलू, वाणिज्य एवं औद्योगिक उपभोक्ताओं के बिलों में 7.5 प्रतिशत इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी भी जोड़ी जा रही है। उन्होंने कहा कि नियामक आयोग हर वर्ष उत्पादन व खर्च की समीक्षा कर जनसुनवाई के बाद बिजली दरें तय करता है। ऐसे में बीच सत्र में दरों में वृद्धि करना अनुचित है। व्यापार मंडल ने सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर बढ़ी हुई दरें वापस लेने की मांग की। जिला महामंत्री बबलू सैनी ने कहा कि इस तरह की अचानक बढ़ोतरी गलत परंपरा को जन्म देगी और महंगाई बढ़ने से आम जनता पर सीधा असर पड़ेगा। नगर अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद लोधी ने कहा कि बिजली दरों में वृद्धि से उद्योग और व्यापार प्रभावित होंगे तथा लागत बढ़ने से बाजार पर नकारात्मक असर पड़ेगा।

नगर महामंत्री सतीश पटेल ने व्यापारियों से बढ़ी हुई दरों के खिलाफ व्यापक विरोध करने का आह्वान किया। इस दौरान नगर कोषाध्यक्ष देवेंद्र निषाद, पवन चौधरी, जगदीश पटेल, राजू वर्मा, संजय सैनी, सूरज पटेल, ओमप्रकाश पंडित, मनोज पंडित, सलीम, वीरू लोधी सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।

# अनाधिकृत कॉलोनी में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई

**मथुरा।** मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष के आदेश और सचिव के निर्देशन में अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी के ऊपर धुआस्तीकरण की कार्रवाई की गई जानकारी के अनुसार मनोज उपाध्याय व योगेश चन्द्र शर्मा, जमुना कोल्ड स्टोर वाली भूमि, श्रीमान पैलेस के सामने, बल्देव रोड लक्ष्मीनगर मथुरा, थाना-यमुनापार, मथुरा पर लगभग 8000 वर्ग मीटर क्षेत्र में भू-विभाजन करने पर उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत वाद संख्या-223໒2024.25 योजित किया गया था। जिसके ध्वस्तीकरण आदेश दिनांक 15.04.2025 को पारित किये गये थे। पारित ध्वस्तीकरण आदेश के क्रम में दिनांक 22.12.2025 को थाना पुलिस बल के साथ अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही अनाधिकृत कॉलोनी में नाली, सड़क, भूखण्डों की बाउण्ड्रीवाल आदि को ध्वस्त किया गया था।

# भारी तूफान से 33 हजार केवी लाइन के टूटे दर्जनों खम्बे

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** गुरुवार को गोवर्धन क्षेत्र में आए भीषण आंधी तूफान से सैकड़ो की संख्या में बिजली के खंबे गिर गए। सैकड़ो की संख्या में पेड़ टूट कर गिर गए। गिर्राज महाराज की नगरी में इस समय अधिक मास का मेला चल रहा है ऐसे में बिजली व्यवस्था का यह संकट श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों के लिए कष्टदाई है लेकिन बिजली विभाग पूरी तत्परता से व्यवस्था को दुरुस्त करने में जुटा हुआ है। बिजली विभाग एसडीओ गोवर्धन ने बताया कि लगभग 70 खंभे टूटे हैं जिन पर कार्य चल रहा है जल्दी बिजली व्यवस्था को पुनः सुचारू कर दिया जाएगा। शाम को आई भीषण आंधी और वर्षा के कारण दर्जनों 33 हजार केवी लाइन के पोल उखड़ गए साथ ही 11 हजार केवी के भी दर्जनों खंबे टूट गए जिससे पूरे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति ठप्प हो गई। भीषण आंधी तूफान के बीच विद्युत विभाग के कर्मचारी बारिश में ही सूचना मिलने पर घटना वाली जगहों पर पहुंच गए। अपनी जान की भी परवाह न करते हुए विद्युत कर्मचारियों ने खम्भों को फिर से लगाने का काम चालू कर दिया। मीडिया कर्मियों से बात करने पर लाइनमैन रामकुमार ने बताया कि अधिक मास मेले में श्रद्धालुओं को और स्थानीय लोगों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसलिए वह रात में अपनी जान की परवाह न करते हुए अपना कर्तव्य निभा रहे हैं जिससे जनमानस को सुचारू रूप से बिजली सप्लाई मिल सके। हालांकि गोवर्धन क्षेत्र के कई एरिया में विद्युत सप्लाई चालू हो चुकी है जबकि कुछ एरिया में 12 घंटे से अधिक समय से लाइट बंद पड़ी है।

# सुमंगला वपेंशन योजना के अन्तर्गत किया प्रथम स्थान

अवधनामा संवाददाता

**संभल।** मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला एवं निराश्रित महिला पेंशन योजना के अन्तर्गत जनपद संभल ने प्राप्त किया प्रदेश में प्रथम स्थान। जिला प्रोबेशन अधिकारी सम्भल ने बताया कि महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओ में माह मई 2026 में विकास से सम्बन्धित मा. मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की जारी रिपोर्ट में जनपद संभल ने जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के कुशल निर्देशन में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना एवं निराश्रित महिला पेंशन योजना में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जनपद संभल का मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला जोजना में माह अगस्त 2024 में प्रदेश मे द्वितीय स्थान, माह सिंतबर 2024 में तृतीय स्थान, माह अक्टूबर 2024 में प्रदेश में प्रथम स्थान, माह नवम्बर 2024 में प्रदेश में द्वितीय स्थान, माह दिसम्बर 2024 में प्रदेश में प्रथम स्थान, माह जनवरी 2025 में प्रदेश में प्रथम स्थान, माह फरबरी 2025 में प्रदेश मे प्रथम स्थान, माह मार्च 2025 में प्रदेश में द्वितीय स्थान, माह अप्रैल 2025 से माह सितंबर 2025 तक प्रदेश में प्रथम स्थान, माह मार्च 2026 में प्रदेश में प्रथम एवं पुनः माह मई 2026 में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया हैं, इसी प्रकार निराश्रित महिला पेंशन योजना के अंतर्गत माह मार्च 2025 में प्रदेश में प्रथम स्थान, माह अप्रैल 2025 में प्रदेश में प्रथम स्थान, माह मई 2025 में प्रदेश में प्रथम, माह जून 2025 में प्रदेश में प्रथम, माह मार्च 2026 में प्रदेश में प्रथम एवं पुनः माह मई 2026 में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया हैं। जिलाधकारी ने योजना के क्रियान्वयन से जुड़े समस्त अधिकारियों, समस्त उपजिलाधिकारियो, समस्त खण्ड विकास अधिकारियो एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला एवं निराश्रित महिला पेंशन योजना के अन्तर्गत सभी पात्र बालिकाओ, महिलाओं का आवेदन कराते हुए।

# हल्दी मसाला के सैम्पल नमूना भरे गये दुकानों से

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी महोदय जालौन राजेश कुमार पाण्डेय के आदेशानुसार सहायक आयुक्त (खाद्य) जालौन डॉ0 जतिन कुमार सिंह के नेतृत्व में आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन जनपद जालौन की टीम द्वारा मिलावटी खाद्य पदार्थो विशेषकर खाद्य मसालो की रोकथाम के लिए टीम द्वारा स्थान गोपाल गंज बंबई रोड स्थित एस एस ट्रेडर्स प्रो शिशिर गुप्ता के प्रतिष्ठान से हल्दी पाउडर व सब्जी मसाला का नमूना संग्रहित किया गया तथा स्थान करमेर रोड़ उरई पर स्थित ए वी आर एंटरप्राइजेज प्रो0 अवनेंद्र सिंह के प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ हल्दी पाउडर व सब्जी मसाला का नमूना संग्रहित किया गया साथ ही राठ रोड स्थित विशाल मेगा मार्ट से खाद्य पदार्थ हल्दी पाउडर का नमूना संग्रहित कर परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजा गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत दोषी पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# गोवर्धन में गौ संरक्षण और मतदाता जागरूकता पर बोले शंकराचार्य

अवधनामा संवाददाता

**गोवर्धन (मथुरा)।** गोवर्धन में शुक्रवार को शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने गौ संरक्षण और मतदाता जागरूकता को लेकर लोगों को संबोधित किया। श्री राधा कृष्ण कृपा धाम आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में हिंदूवादी कार्यकर्ताओं और गौ-रक्षकों ने उनका भव्य स्वागत किया। अपने संबोधन में शंकराचार्य ने कहा कि गौ माता भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा का आधार हैं तथा उनके संरक्षण के लिए समाज के सभी वर्गों को आगे आना चाहिए।



■ गौ माता भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा का आधार : शंकराचार्य

उन्होंने कहा कि मतदान करते समय लोगों को गंभीरता से विचार करना चाहिए, क्योंकि उनका वोट गौ संरक्षण के पक्ष या विपक्ष में खड़े लोगों को चुनने का माध्यम बनता है। उन्होंने कहा कि धार्मिक यात्रा के माध्यम से वे मतदाताओं से संवाद कर रहे हैं और लोगों से ऐसे उम्मीदवारों व दलों का समर्थन करने की अपील कर रहे हैं जो गौ संरक्षण के लिए कार्य करते हों। कार्यक्रम के दौरान गौ माता के संरक्षण के लिए 'एक नोट अभियान' का शुभारंभ भी किया गया। इस अभियान के लिए धीरज कौशिक को प्रतिनिधि नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वयंसेवक समाज में सक्रिय भूमिका निभाएं

**उरई, जालौन (अवधनामा संवाददाता)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रमुख जन-गोष्ठी का आयोजन जिला सह-संचालक शिवराम, नगर संचालक अशोक सोनी, जिला कार्यवाह गौतम, नगर कार्यवाह रामेन्द्र जी, सह-नगर कार्यवाह सुशील, नगर बौद्धिक प्रमुख स्वयं प्रकाश शुक्ला, जिला सद्भावना प्रमुख धर्मेन्द्र चौहान की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए नगर बौद्धिक प्रमुख स्वयं प्रकाश शुक्ला ने प्रस्तावना एवं संघ की कार्यपद्धति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संघ के तीन प्रमुख उद्देश्य हैं– सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को सुदृढ़ करना, कार्यकर्ता निर्माण तथा हिन्दू समाज को संगठित करना। उन्होंने इन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए स्वयंसेवकों से समाज जीवन में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में नगर के सभी बस्ती प्रमुखों एवं स्वयंसेवकों की सक्रिय सहभागिता रही।

### जर्नलिस्ट काउंसिल आंफ इंडिया से पत्रकार हिमांशु राय सम्मानित

**गाजीपुर (अवधनामा संवाददाता)।** हिंदी पत्रकारिता पखवाड़ा के अंतर्गत पत्रकारों के राष्ट्रीय संगठन जर्नलिस्ट काउन्सिल ऑफ इंडिया के बैनर तले मिश्र बाजार में आयोजित कार्यक्रम में जेसीआई के राष्ट्रीय सलाहकार डा. ए.के.राय द्वारा आज समाचार पत्र के जिला प्रतिनिधि अरुण कुमार तिवारी,



हिन्दुस्तान संदेश के हिमांशु राय तथा समाचार भारत के रमेश कुमार सोनी को उनके पत्रकार हितार्थ समर्पण के लिए सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने पत्रकारिता को व्यवसाय न बनाने और मिशन के रूप में संचालित करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि हिन्दी पत्रकारिता में 1826 से लेकर अब तक कई आमूल-चूल परिवर्तन हुये हैं। आज पत्रकारिता का दायरा बड़ा हो गया है। आज पत्रकार जनता और समाज की समस्याओं को अपनी बेबाक लेखनी से उजागर कर सामाजिक सुरक्षा और आम जनता की मूलभूत समस्याओं का समाधान करने के लिये निरन्तर प्रयत्नशील है।

# शिवानन्द की असमय मृत्यु अत्यंत दुखद एवं पीड़ादायक : विजय शेखर

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** जनपद के सुरौली थाना क्षेत्र अंतर्गत सुरौली गांव निवासी शिवानन्द चौरसिया की ओमान तट के निकट एक व्यावसायिक पोत पर हुए हमले में हुई दुखद मृत्यु पर जिला कांग्रेस कमेटी, देवरिया के अध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने उनके पैतृक गांव पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की।

कांग्रेस नेताओं ने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट कीं। शिवानन्द चौरसिया के निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। परिजनों से भेंट के दौरान एक बार फिर उनके करुण-क्रंदन से माहौल अत्यंत गमगीन हो गया। जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने कहा कि शिवानन्द चौरसिया की असमय मृत्यु अत्यंत दुखद एवं पीड़ादायक है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस परिवार इस कठिन समय में पूरी संवेदना और सहयोग के साथ शोकाकुल परिवार के साथ खड़ा है। इस दौरान जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय से मृतक के पिता की दूरभाष पर वार्ता भी कराई। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने सरकार से मृतक के परिवार को एक सदस्य को सरकारी नौकरी तथा दो करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की। उन्होंने कहा कि विदेश में कार्यरत भारतीय नागरिक की इस प्रकार की दुखद मृत्यु पर सरकार को परिवार के पुनर्वास हेतु विशेष सहायता उपलब्ध करानी चाहिए। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष सुयश मणि त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष अरविन्द शाही, भरत मणि त्रिपाठी, राम अशीष साहनी, जिला प्रवक्ता संजीव कुमार मिश्रा, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय, जिला महासचिव मार्कण्डेय मिश्रा, शिव शंकर सिंह, जिला सचिव विनोद दुबे, सोहन मिश्रा, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष धन्नजय यादव, सत्य प्रकाश मणि, विनोद, अशोक सहित दर्जनों कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# डा. हरिहर सिंह के सिद्धार्थ विश्वविद्यालय के सदस्य नामित

अवधनामा संवाददाता

■ दूसरी सदस्य के रूप में नामित किया गया

**गाजीपुर।** राज्यपाल सचिवालय लखनऊ के कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी डा.सुधीर एम. बोबडे ने 5 जून के जारी पत्र के माध्यम से कुलपति सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर ने विश्वविद्यालय में शिक्षा के गुणवत्ता में सुधार व कुशल संचालन के लिए एक सदस्य न्यायिक व तीन सदस्य सामान्य का दो वर्ष के लिए नामाकंन किया। जिसमें डाक्टर हरिहर प्रसाद सिंह प्राचार्य सेवानिवृत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाजीपुर, मंजू मिश्र सेवानिवृत्त प्राचार्य बापू स्नातकोत्तर महाविद्यालय पीपीगंज, गोरखपुर, प्रोफेसर अशोक कुमार भूगोल विभाग श्री कुंवर सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलिया व एक सदस्य न्यायिक न्यायमूर्ति अनिल कुमार सेवानिवृत्त पूर्व न्यायाधीश उच्च न्यायालय इलाहाबाद को नामित किया। शैक्षिक महासभा के प्रदीप ने



बताया कि जनपद में शिक्षा क्षेत्र में सुधार के लिए उनके महत्वपूर्ण योगदान के दृष्टिगत रखते हुए डाक्टर हरिहर प्रसाद सिह को दूसरी बार सिद्धार्थ विश्वविद्यालय के सदस्य के रूप मे नामित किया गया है। शुक्रवार को सूचना मिलते ही उनके शुभचिन्तको हर्ष की लहर दौड़ गयी। उनके आवास पर शुभकामना देने वालो का तांता लगा रहा, एक दूसरे को मिठाईयां बांट खुशी मनायी।

# अपने बूथों को मजबूत करें युवा कार्यकर्ता : रणवीर

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** समाजवादी यूथ फ्रंटल संगठनों युवजन सभा, लोहिया वाहिनी,यूथ ब्रिगेड एवं छात्र सभा की संयुक्त मासिक बैठक बसियवाँ स्थित सपा के जिला कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में युवा कार्यकर्ताओ से वोटरलिस्ट के सत्यापन,निगरानी एवं बूथों को मजबूत करने की जिम्मेदारी सौपी गयी।

बैठक को सम्बोधित करते हुए समाजवादी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष रणवीर यादव ने कहा की युवा कार्यकर्ता अपने अपने बूथों को मजबूत करने का कार्य करें। सभी युवा साथी अपने-अपने बूथों पर जाकर भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों का जनता में प्रचार एवं प्रसार करें। भाजपा सरकार में जनता महंगाई, बेरोजगारी एवं भ्रष्टाचार से त्रस्त है। भाजपा ने युवाओं को धोखा देने का कार्य किया है। भाजपा सरकार पूरी तरह छात्र, नौजवान, बेरोजगार विरोधी है। प्रदेश का युवा भाजपा की नौजवान एवं बेरोजगार विरोधी मानसिकता को समझ चुका है। प्रदेश का युवा तेजी से सपा से जुड़ रहा है। युवा कार्यकर्ताओं की बदौलत सपा 2027 में भाजपा सरकार को सत्ता से बेदखल करेगी।

समाजवादी लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष दिव्यांश श्रीवास्तव ने कहा कि आने वाले 2027 में नौजवान भाजपा को सत्ता से उखाड़ने का काम करेंगे। समाजवादी यूथ फ्रंटल संगठन के नौजवान गांव गाँव जाकर नौजवानों को प्रशिक्षित कर संगठन से जोड़ने का काम कर रहे हैं। सपा नेता पंकज वर्मा ने कहा की युवा कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते है। इन्हें युवा कार्यकर्ताओं के बल पर सपा 2027 में वापसी करेगी। छात्र सभा जिलाध्यक्ष मनोज यादव ने कहा की भाजपा छात्र एवं नौजवान विरोधी है। भाजपा सरकार में सभी वर्ग के लोग अपने को ठगा महसूस कर रहे हैं।

बैठक में सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रामप्रताप चौहान,अवनीश यादव, हरेंद्र यादव,अमरनाथ, कृष्णानंद, मुराद अहमद, आज़म अहमद, राज तिवारी,गोपी यादव, अशोक चौहान, संजय, विजय यादव,आज़ाद अंसारी, रितेश, विनोद, सन्नी प्रभात, निखिल, पवन मिश्रा, सूरज, मंटू आदि मौजूद रहे।

# पति-पत्नी के विवाद में मिशन शक्ति टीम की पहल रंग लाई

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 पर मिली सूचना के बाद कोतवाली जालौन पुलिस और मिशन शक्ति टीम की सक्रियता से एक परिवार टूटने से बच गया। पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद का समाधान कर दोनों पक्षों के बीच आपसी समझौता कराया गया।

जानकारी के अनुसार तोपखाना निवासी शबनम पत्नी सोहिल ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 पर शिकायत दर्ज कराई कि उसके पति द्वारा उसके साथ मारपीट की जा रही है। सूचना मिलते ही कोतवाली जालौन की पीआरवी टीम मौके पर पहुंची और प्रारंभिक जांच के बाद शबनम के पति सोहिल को थाना कोतवाली ले आई। बुधवार को शबनम अपनी माता आसीन के साथ थाना कोतवाली पहुंची और पति द्वारा प्रताड़ित किए जाने की शिकायत



की। मामले को गंभीरता से लेते हुए मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी वरिष्ठ उपनिरीक्षक संजय कुमार यती ने महिला हेल्प डेस्क पर तैनात महिला आरक्षी शिवानी से जांच कराई। दोनों पक्षों से अलग-अलग तथा संयुक्त रूप से वार्ता की गई। काउंसलिंग के दौरान सोहिल ने अपनी सास आसीन की मौजूदगी में पत्नी शबनम को आश्वासन दिया कि वह पति-पत्नी के रूप में सौहार्दपूर्ण पारिवारिक जीवन व्यतीत करेगा तथा भविष्य में किसी प्रकार का विवाद नहीं करेगा। इसके बाद दोनों पक्षों ने गवाहों की मौजूदगी में लिखित समझौता कर लिया।

# करोड़ों की ठगी करने वाली महिला समेत तीन गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**चंदौली।** साइबर थाना पुलिस ने एक बड़े अंतरराज्यीय साइबर ठगी गिरोह का पर्दाफाश करते हुए महिला समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों पर फर्जी माइक्रो फाइनेंस एवं निधि कंपनी संचालित कर देशभर के लोगों को कम ब्याज पर आसान ऋण दिलाने का झांसा देकर करोड़ों रुपये की ऑनलाइन ठगी करने का आरोप है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान करीब 1.42 करोड़ रुपये की संदिग्ध धनराशि होल्ड कराई है।

पुलिस के अनुसार जांच के दौरान पता चला कि 'सत्कार निधि लिमिटेड' समेत कई फर्जी वित्तीय कंपनियों के नाम पर सोशल मीडिया और मोबाइल कॉल के माध्यम से लोगों को लोन दिलाने का प्रलोभन दिया जाता था। इसके बाद प्रोसेसिंग फीस, सिक्योरिटी मनी, बीमा शुल्क और अन्य चार्ज के नाम पर उनसे हजारों रुपये वसूले जाते थे। राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल और



■ फर्जी फाइनेंस कंपनी के नाम पर वसूलते थे रूपये

समन्वय पोर्टल पर जांच में इस गिरोह से जुड़े बैंक खातों के खिलाफ विभिन्न राज्यों से 16 साइबर शिकायतें दर्ज मिलीं। साथ ही गौतमबुद्ध नगर (नोएडा) में भी इनके खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज होने की पुष्टि हुई।

सूचना मिलने पर साइबर थाना प्रभारी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने चंदौली स्थित एक कार्यालय पर छापेमारी की। इस दौरान आरोपी कार्यालय का सामान हटाकर फरार होने की तैयारी में थे, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर बजरंग लॉन के सामने से तीनों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान वीरेंद्र कुमार निवासी बर्थरा खुर्द, आशीष पटवा निवासी बबुरी बाजार तथा सोनी निवासी शाहपुर, चकिया के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे फर्जी माइक्रो फाइनेंस कंपनी संचालित कर ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को आसान ऋण का झांसा देते थे और 5 हजार से 25 हजार रुपये तक विभिन्न शुल्कों के नाम पर वसूली करते थे।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर विभिन्न बैंकों में खाते खुलवाए थे, जिनका संचालन मुख्य रूप से महिला आरोपी करती थी। देशभर में साइबर ठगी से प्राप्त रकम इन्हीं खातों में मंगाकर कमीशन काटने के बाद अन्य सहयोगियों के माध्यम से स्थानांतरित कर दी जाती थी। गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपियों ने अपने वास्तविक फोटो के साथ फर्जी नाम और पते वाले आधार कार्ड भी तैयार करा रखे थे। छापेमारी के दौरान पुलिस ने तीन सीपीयू, तीन मॉनीटर, तीन की-बोर्ड, दो प्रिंटर, 350 पासबुक, तीन फर्जी आधार कार्ड, तीन स्मार्टफोन, 11 मोहरें, 21 रजिस्टर, छह ब्लैंक चेक तथा बैंकिंग और वित्तीय लेन-देन से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं एवं आईटी एक्ट की धारा 66-डी के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। साथ ही अन्य राज्यों में दर्ज मामलों और गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश भी जारी है। अपर पुलिस अधीक्षक ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी अनजान संस्था या व्यक्ति के बहकावे में आकर लोन, निवेश या वित्तीय लाभ के नाम पर कोई धनराशि जमा न करें।

# मूलभूत सुविधाओं का समुचित प्रावधान सुनिश्चित करें

अवधनामा संवाददाता

■ विकास प्राधिकरण के गठन संबंधी मीटिंग आयोजित

**संभल।** विकास प्राधिकरण के गठन संबंधी बैठक आयोजित, अधिकारियों से मांगे गए सुझाव। कलेक्ट्रेट सभागार, बहजोई में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल की अध्यक्षता में विकास प्राधिकरण के गठन संबंधी एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विकास प्राधिकरण से संबंधित अधिकारियों द्वारा प्राधिकरण के गठन की प्रक्रिया एवं उसके उद्देश्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रस्तुत की गई। जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी संबंधित अधिकारियों से सुझाव प्राप्त किए तथा विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि विकास प्राधिकरण के गठन से पूर्व नगर निकायों से आवश्यक सुझाव प्राप्त किए जाएं। उन्होंने उद्योग विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि प्लेज पार्क एवं औद्योगिक क्षेत्रों से संबंधित ग्रामों को भी विकास प्राधिकरण के अंतर्गत शामिल किए जाने की संभावनाओं पर विशेष रूप से विचार किया जाए।

बैठक में जिलाधिकारी ने विकास प्राधिकरण की अवधारणा एवं उसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नगर निकायों के आसपास विकसित होने वाली आवासीय प्लाटिंग एवं अन्य विकास कार्यों में आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना विकास प्राधिकरण का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों के किनारे स्थित ग्रामों में होने वाली प्लाटिंग में भी सड़क, जल निकासी, विद्युत, पेयजल तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं का समुचित प्रावधान सुनिश्चित किया जाना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि विकास प्राधिकरण के गठन से क्षेत्र का सुनियोजित विकास सुनिश्चित होगा।

# 2026 में बाल श्रम मुक्त होगा कन्नौज, 16 ग्रामों को सम्मान मिला

■ अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर लखनऊ में जिले के 47 प्रतिनिधियों ने की सहभागिता



अवधनामा संवाददाता

**कन्नौज।** प्रदेश को वर्ष 2027 तक बाल श्रम मुक्त बनाने के लिए संचालित मुख्यमंत्री की प्राथमिक कार्ययोजना के तहत कन्नौज जनपद में भी व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर 12 जून को लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित विशेष कार्यक्रम में जनपद की 16 ग्राम पंचायतों को बाल श्रम मुक्त घोषित किए जाने पर सम्मानित किया गया।

प्रदेश सरकार ने प्रथम चरण में आठ आकांक्षी जनपदों के साथ कानपुर मंडल के सभी जनपदों कन्नौज, कानपुर नगर, कानपुर देहात, औरैया, इटावा एवं फर्रुखाबाद तथा जनपद गोंडा को वर्ष 2026 में ही बाल श्रम मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसी उद्देश्य से आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में जनपद कन्नौज से कुल 47 गणमान्य प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। इनमें संबंधित 16 ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां, संबंधित विभागीय अधिकारी तथा श्रम विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिए प्रतिनिधिमंडल को कलेक्ट्रेट परिसर से बस द्वारा लखनऊ रवाना किया गया। मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव एवं अपर जिलाधिकारी देवेन्द्र सिंह ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। अधिकारियों ने बताया कि बाल श्रम उन्मूलन केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता और जनसहभागिता का विषय है। बालकों को शिक्षा, सुरक्षा और बेहतर भविष्य उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद में निरंतर अभियान चलाए जा रहे हैं। बाल श्रम मुक्त ग्राम पंचायतों की संख्या बढ़ाने के लिए विभिन्न विभागों के सहयोग से व्यापक कार्ययोजना लागू की जा रही है। इस अवसर पर श्रम प्रवर्तन अधिकारी नवनीत श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# परिवार परामर्श केंद्र ने दो परिवारों को टूटनें से बचाया



अवधनामा संवाददाता

**कन्नौज।** परिवार परामर्श केंद्र (नई किरण) महिला थाना कन्नौज की मध्यस्थता से दो बिखरते परिवारों को फिर से एकजुट करने में सफलता मिली। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में आयोजित परामर्श सत्र में पति-पत्नी के बीच चल रहे विवादों की सुनवाई कर समझौता कराने का प्रयास किया गया। शुक्रवार को परिवार परामर्श केंद्र में निरीक्षक रंजना पांडेय, उपनिरीक्षक गीता पाठक, महिला आरक्षी सीमा यादव एवं महिला आरक्षी अनामिका यादव की उपस्थिति में दोनों पक्षों की बात गंभीरता से सुनी गई तथा आपसी मतभेद दूर कराने के लिए काउंसलिंग की गई। केंद्र की कमेटी की प्रभावी मध्यस्थता के परिणामस्वरूप दो परिवारों को टूटने से बचा लिया गया। काउंसलिंग के बाद पति-पत्नी आपसी मनमुटाव भुलाकर पुनः साथ रहने के लिए सहमत हो गए और खुशी-खुशी अपने घर लौट गए। इस दौरान निरीक्षक रंजना पाण्डेय ने बताया कि परिवार परामर्श केंद्र लगातार वैवाहिक एवं पारिवारिक विवादों के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। केंद्र के माध्यम से आपसी संवाद और समझदारी के जरिए परिवारों को टूटने से बचाने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे सामाजिक सौहार्द और पारिवारिक मूल्यों को मजबूती मिल रही है।

# व्यापार सभा ने बूथ स्तर पर नए मतदाता जोड़ने का लिया संकल्प

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** लखनऊ के कैसरबाग स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय 6, लाजपत राय भवन में समाजवादी व्यापार सभा की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। शुक्रवार को आयोजित हुई इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष संजय यादव ने की, जबकि संचालन व्यापार सभा के प्रदेश सचिव संतोष सेठिया द्वारा किया गया। इस दौरान संगठन को और अधिक गतिशील बनाने के साथ-साथ आगामी चुनावों को लेकर रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' और जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान की गरिमामयी मौजूदगी रही, जिन्होंने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष संजय यादव ने सबसे पहले उपस्थित सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने आगामी चुनावी रणनीतियों को रेखांकित करते हुए कहा कि जनपद लखनऊ के प्रत्येक बूथ पर व्यापार सभा द्वारा कम से कम 5 नये मतदाताओं के नाम जोड़े जाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने आगामी विधान परिषद स्नातक और शिक्षक चुनाव को लेकर भी सक्रियता बढ़ाने की बात कही। संजय यादव ने कहा कि वर्तमान में बने हुए मतदाताओं की गहनता से जांच की जाएगी और नए स्नातक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में बढ़वाने का कार्य व्यापार सभा द्वारा पूरी मुस्तैदी से किया जाएगा। बैठक के दौरान समाजवादी व्यापार सभा, लखनऊ के संगठन को धरातल पर और अधिक मजबूत बनाने के उपायों पर भी गंभीर विचार-विमर्श हुआ। इस मासिक बैठक में आए हुए तमाम व्यापारी भाईयों ने एकजुटता का परिचय दिया। सभी ने एक स्वर में संकल्प लिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में स्थानीय दुकानदारों और व्यापारियों से सघन संपर्क साधेंगे। व्यापारी नेताओं ने कहा कि वे क्षेत्रीय दुकानदारों से मिलकर उन्हें समाजवादी पार्टी की जनहितैषी नीतियों से विस्तार से अवगत कराएंगे और वर्ष 2027 में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के पक्ष में मतदान करने की पुरजोर अपील करेंगे।

# सात दिन में चावल मंडी मार्केट से स्वयं हटायें अतिक्रमण

■ अधिसाषी अधिकारी के निर्देश पर पालिका कर्मियों ने कराई मुनादी



अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** बीते दिन पूर्व नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार के निर्देश पर चावल मंडी मार्केट क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी गई है। इसके तहत पालिका प्रशासन द्वारा नगर में मुनादी कराकर अतिक्रमणकारियों को एक सप्ताह के भीतर स्वयं अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी गई है। मुनादी के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया गया कि चावल मंडी मार्केट के अंदर जिन व्यक्तियों ने अपनी दुकानों या मकानों के सामने अवैध रूप से अतिक्रमण कर रखा है अथवा अस्थायी ढांचे बनाकर सामान रखकर मार्ग को अवरुद्ध किया हुआ है, वे निर्धारित अवधि के भीतर स्वयं उसे हटा लें। पालिका प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि एक सप्ताह की समयावधि समाप्त होने के बाद विशेष अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया जाएगा। अभियान के दौरान यदि किसी भी प्रकार का अतिक्रमण पाया जाता है तो उसे पालिका द्वारा हटवाया जाएगा तथा मौके पर रखा सामान जब्त कर लिया जाएगा। अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि सार्वजनिक मार्गो को बाधामुक्त बनाए रखने तथा आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने संबंधित लोगों से समय रहते स्वयं अतिक्रमण हटाने की अपील की है, अन्यथा उनके विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

## 35 लीटर कच्ची शराब सहित युवक को दबोचा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध शराब कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत उपनिरीक्षक दीपक कुमार ने हमराह सिपाहियों के साथ मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के ग्राम खाड़ेदेवर अंडरपास इंदुईयागंज रोड पर छापेमारी की।

इस दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को रोककर तलाशी ली, जिसके कब्जे से 35 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। पुलिस हिरासत में आरोपी युवक ने अपना नाम अल्लू गिहार पुत्र बलदेव गिहार निवासी ग्राम खाड़ेदेवर बताया है। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवई की गई है। प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा तथा इस प्रकार के अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पर्यावरण संतुलन बनाने के लिए आगे आया खनिज विभाग, मौरंग खंड संचालकों संग बनाई हरित रणनीति

अवधनामा संवाददाता





**बांदा।** जनपद में बढ़ते तापमान, पर्यावरणीय असंतुलन और खनन गतिविधियों के प्रभावों को देखते हुए खनिज विभाग ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। खनिज अधिकारी राज रंजन के नेतृत्व में सभी मौरंग खंड संचालकों के साथ एक विशेष बैठक आयोजित कर व्यापक वृक्षारोपण एवं वृक्ष संरक्षण की रणनीति तैयार की गई।

बैठक में अपर जिलाधिकारी कुमार धर्मेंद्र की उपस्थिति में खंड संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि खनन कार्यो के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी का भी गंभीरता से निर्वहन किया जाए। इस दौरान निर्णय लिया गया कि जनपद की सभी संचालित मौरंग खदानों के आसपास बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण कराया जाएगा तथा लगाए गए पौधों के संरक्षण की प्रभावी व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। खनिज अधिकारी राज रंजन ने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका जीवित रहना और विकसित होना अधिक महत्वपूर्ण है। इसके लिए प्रत्येक खंड संचालक को पौधों की सिंचाई, सुरक्षा, बाड़बंदी तथा नियमित देखभाल की व्यवस्था करनी होगी। विभाग समय-समय पर निरीक्षण कर लगाए गए पौधों की स्थिति का मूल्यांकन करेगा।

बैठक में यह भी तय किया गया कि इस वर्ष खनन क्षेत्रों एवं आसपास की उपलब्ध भूमि पर लगभग एक लाख पौधों का रोपण किया जाएगा। इसका उद्देश्य खनन क्षेत्रों में उड़ने वाली धूल को नियंत्रित करना, भूजल संरक्षण को बढ़ावा देना, मिट्टी के कटाव को रोकना तथा पर्यावरणीय संतुलन को मजबूत करना है।

राज रंजन ने कहा कि बांदा जैसे अति गर्म क्षेत्र में वृक्षारोपण ही पर्यावरण संरक्षण का सबसे प्रभावी माध्यम है। यदि खनन क्षेत्र हरियाली से आच्छादित होंगे तो स्थानीय तापमान में कमी आएगी, वायु गुणवत्ता में सुधार होगा तथा आने वाली पीढ़ियों को बेहतर वातावरण मिल सकेगा। बैठक में मौजूद मौरंग खंड संचालकों ने भी पर्यावरण संरक्षण अभियान में सक्रिय भागीदारी का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि वे केवल वृक्षारोपण तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन की जिम्मेदारी भी पूरी निष्ठा से निभाएंगे। खनिज विभाग की यह पहल प्रशासन की पर्यावरण के प्रति संवेदनशील सोच को दर्शाती है। जनपदवासियों को उम्मीद है कि विभाग और खंड संचालकों के संयुक्त प्रयासों से आने वाले वर्षों में बांदा में हरियाली का दायरा बढ़ेगा तथा पर्यावरण संतुलन स्थापित करने में महत्वपूर्ण सफलता मिलेगी।

## मोहर्रम के इस्तकबाल में मजलिसें शुरू

**लखनऊ।** अय्यामे अजा माहे मोहर्रम के इस्तकबाल में शुक्रवार से शहर के विभिन्न इमामबाड़ों में मजिलसों का आगाज हो गया।इमामबाड़ा अमीर महल साहिबा रस्सी बटान मौलवीगंज में आयोजित पहली मजलिस को मौलाना सैयद मोहम्मद अस्करी मशहदी ने ख़िताब किया। मजलिसों का आयोजन अंजुमन कदीम आले एबा ने किया है। अजाखाना अस्करी निकट जिन्नातों वाली मस्जिद सरफराजगंज में आज से पांच दिवसीय मजलिसों का आगाज हो गया आज की मजलिस को मौलाना मुस्तफा अली खान ने ख़िताब किया। अन्य मजलिसों को मौलाना कमर अब्बास खान, मौलाना सैय्यद मोहम्मद हसनैन बाक़री, मौलाना एहसान अहमद और मौलाना मीसम जैदी ख़िताब करेंगे।इसी तरह अंजुमन रजाए हुसैन की ओर से कर्बला दियानुतदौला में आयोजित मजलिस को मौलाना मिर्जा जाफर अब्बास ने खिताब किया। मजलिस के बाद अंजुमन काजमिया आबिदया ने नौहाख्वानी व सीनजनी की।

# आरडीएसओ ने आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर कॉन्क्लेव में रखा भविष्य की लॉजिस्टिक्स का विजन

■ आरडीएसओ ने फ्यूचर रेडी लॉजिस्टिक्स पर साझा किए सुझाव



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन (आरडीएसओ) ने 12 जून 2026 को लखनऊ स्थित द सेंट्रम में आयोजितईटी इंफ्रास्ट्रक्चर कॉन्क्लेव 2026में सहभागिता की। इस कॉन्क्लेव का आयोजनईटी गवर्नमेंट- द इकोनॉमिक टाइम्स द्वारा उत्तर प्रदेश स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशनके सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में नीति-निर्माताओं, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों, अवसंरचना विशेषज्ञों तथा अन्य हितधारकों ने भारत में अवसंरचना एवं लॉजिस्टिक्स विकास के भविष्य पर विचार-विमर्श किया। काजी मेराज अहमद, अपर महानिदेशक, आरडीएसओ ने'फ्यूचर रेडी लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम'विषयक पैनल चर्चा में प्रमुख वक्ता के रूप में भाग लिया। इस चर्चा में सरकार एवं उद्योग जगत के प्रतिष्ठित प्रतिनिधियों ने भी सहभागिता की। विचार-विमर्श के दौरान माल परिवहन, मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी, लॉजिस्टिक्स अवसंरचना, औद्योगिक कॉरिडोर, वेयरहाउसिंग तथा व्यापार सुगमता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई तथा भविष्य के लिए सक्षम एवं प्रौद्योगिकी-आधारित लॉजिस्टिक्स नेटवर्क की आवश्यकता पर बल दिया गया। अपने संबोधन में अहमद ने देश की लॉजिस्टिक्स व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा आर्थिक विकास को गति प्रदान करने में भारतीय रेल की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नवाचार, आधुनिकीकरण, डिजिटल परिवर्तन तथा उन्नत प्रौद्योगिकियों का उपयोग परिवहन क्षेत्र में दक्षता, विश्वसनीयता एवं सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि रेलवे अवसंरचना के निरंतर उन्नयन, माल परिवहन क्षमता में वृद्धि तथा मल्टीमॉडल एकीकरण से देश की बढ़ती लॉजिस्टिक्स आवश्यकताओं को प्रभावी ढंग से पूरा किया जा सकेगा। यह कॉन्क्लेव आधुनिक, एकीकृत एवं भविष्य उन्मुख अवसंरचना पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण हेतु विचारों के आदान-प्रदान और सहयोगात्मक प्रयासों को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण मंच सिद्ध हुआ। आरडीएसओ अनुसंधान, नवाचार, परीक्षण एवं मानकीकरण के माध्यम से भारतीय रेल के आधुनिकीकरण में निरंतर योगदान दे रहा है तथा सुरक्षित, दक्ष एवं सतत रेलवे प्रणाली के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

# रुद्रपुर कोतवाली पांच वर्षों से ड्राइवर विहीन

अवधनामा संवाददाता

**रुद्रपुर/देवरिया।** मुकेश रुंगटा रुद्रपुर कोतवाली में पिछले लगभग पांच वर्षों से स्थायी ड्राइवर की तैनाती न होने का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। ड्राइवर के अभाव में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक की सरकारी गाड़ी पुलिसकर्मियों द्वारा चलाए जाने की बात सामने आ रही है, जिससे कोतवाली के अन्य कार्य प्रभावित होने की बात कही जा रही है।

जानकारी के अनुसार, ड्राइवर की तैनाती न होने के चलते प्रतिदिन अलग-अलग पुलिसकर्मियों की ड्यूटी वाहन चलाने में लगाई जाती है। इससे संबंधित पुलिसकर्मियों को अपने नियमित दायित्वों के साथ अतिरिक्त जिम्मेदारी भी निभानी पड़ती है। सूत्रों के मुताबिक, इस संबंध में उच्च अधिकारियों को कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं हो सका है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि स्थायी ड्राइवर क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, संवेदनशील स्थानों और स्थानीय गतिविधियों की जानकारी रखता है, जिससे पुलिस की कार्यशैली और सूचना तंत्र को मजबूती मिलती है। उनका मानना है कि ड्राइवर की नियमित तैनाती होने से क्षेत्र में पुलिस व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सकता है।

वहीं, कुछ पुलिसकर्मियों का कहना है कि जनपद में ड्राइवरों की कमी बनी हुई है, जिसके कारण कई थानों और कोतवाली क्षेत्रों में यह समस्या देखने को मिल रही है। ऐसे में रुद्रपुर कोतवाली में भी लंबे समय से ड्राइवर की तैनाती नहीं हो सकी है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन और पुलिस विभाग से रुद्रपुर कोतवाली में शीघ्र स्थायी ड्राइवर की तैनाती किए जाने की मांग की है, ताकि पुलिस व्यवस्था और प्रशासनिक कार्य सुचारु रूप से संचालित हो सकें।

## पुलिस ने तमंचा व कारतूस सहित अपराधी को पकड़ा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के कुशल मार्गदर्शन में क्षेत्राधिकारी कुलबीर सिंह के पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस द्वारा युवक के पास से एक तमंचा व दो कारतूस करामद कर कार्रवाई की गई है। शुक्रवार को अपराध नियंत्रण एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान उपनिरीक्षक दीपक कुमार सिंह ने हेड कांस्टेबल अशोक कुमार तथा कांस्टेबल विपुल कुमार के साथ मुखबिर की सूचना पर इंदुईयागंज अंडरपास पश्चिम रेलवे क्रॉसिंग के पास घेराबंदी कर एक युवक को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा तथा दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस हिरासत में मौजूद आरोपी ने अपना नाम जुम्मन उर्फ साबिर पुत्र हाकिम अली निवासी ग्राम इनायतपुर, थाना एवं कोतवाली कन्नौज बताया है। कोतवाली पुलिस द्वारा आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गई है।

# ग्राम गंगापुरवा में विधायक ओममणी वर्मा ने लगाई जन चौपाल



अवधनामा संवाददाता

**नरैनी।** नरैनी विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती ओममणी वर्मा ने आज ग्राम गंगापुरवा में जन चौपाल आयोजित कर ग्रामनके स्थानीय जनों की समस्याओं को सुना। इस दौरान ग्रामीण जनों ने सड़क, पेयजल, बिजली, आवास सहित विभिन्न जनहित से जुड़े मुद्दों को विधायक के समक्ष रखा। विधायक ने समस्याओं का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए तथा उनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। जन चौपाल के दौरान विधायक ने केंद्र सरकार के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास और जनकल्याण के क्षेत्र में अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। गरीब, किसान, महिला, युवा और समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए अनेक जनहितकारी योजनाएं संचालित की गई हैं, जिनका लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भरता, सुशासन और विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। जनकल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता हम सभी जनप्रतिनिधियों के लिए प्रेरणास्रोत है।

# एरा विवि के 3 वैज्ञानिक विश्व के शीर्ष 5% में शामिल

■ विश्व के श्रेष्ठ वैज्ञानिकों में एरा के तीन शोधकर्ता चयनित

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** एरा विश्वविद्यालय के तीन वैज्ञानिकों का चयन विश्व के 5 प्रतिशत श्रेष्ठ वैज्ञानिकों में किया गया है। साइरैंक ग्लोबल एक स्वतंत्र संस्था है जो विश्व भर के वैज्ञानिकों के शोध का अध्ययन कर वैश्विक स्तर पर शीर्ष वैज्ञानिकों की रैंकिंग जारी करती है। साइरैंक ग्लोबल डेटा को एकत्रित कर उसे व्यवस्थित करने और महत्वपूर्ण जानकारी निकाल उसे प्रमाणित करती है। साइरैंक ग्लोबल की ओर से हाल ही में जारी रैंकिंग में एरा विवि के डीन एमिरेट्स प्रो. एम.एम.ए. फरीदी के अलावा डॉ. शादाब रजा और डॉ. रूमाना अहमद का भी चयन विश्व के 5 प्रतिशत श्रेष्ठ वैज्ञानिकों में हुआ है। एरा विवि की स्थापना वर्ष 2016 में हुई थी और एक दशक के भीतर ही संस्थान के 3 वैज्ञानिकों का चयन विश्व के 5 प्रतिशत श्रेष्ठ वैज्ञानिकों में हुआ है। प्रो. एम.एम.ए. फरीदी बाल रोग विशेषज्ञ हैं, जो वर्ष 2017 से एरा विवि में कार्यरत हैं। प्रो. फरीदी ने अमुवि से शिक्षा ग्रहण कर अमेरिका में प्रशिक्षण किया और दिल्ली के गुरु तेग बहादुर चिकित्सालय में निदेशक प्रो. के पद पर कार्य किया। प्रो. फरीदी एमसीआई के इंस्पेक्टर के पद भी कार्यरत रहे। बच्चों के स्तनपान, खान-पान और टीकाकरण को लेकर प्रो. फरीदी के 200 से अधिक शोधपत्र राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित हो चुके हैं। प्रो. फरीदी के 4200 साइटेशन और 36 एच इंडेक्स हैं। प्रो. फरीदी के शोधपत्र अब तक 77 हजार से अधिक वैज्ञानिक अध्ययन कर चुके हैं। प्रो. फरीदी को वर्ष 2003 में दिल्ली की तत्कालीन मुख्यमंत्री रहीं स्वर्गीय शीला दीक्षित ने राज्य पुरस्कार से सम्मानित किया था। कोविड महामारी के दौरान बेहतरीन चिकित्सा सुविधा के लिए सम्मानित होने के साथ इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स ने वर्ष 2024 में लाइफ टाइम अचीवमेण्ट से प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के हाथों सम्मानित किया। प्रो. फरीदी का एक पेटेण्ट भी पंजीकृत हो चुका है। एरा विवि के डॉ. शादाब रजा स्टेम सेल रिसर्च लैब के प्रभारी हैं, जो स्टेम सेल व लकवे पर काम कर रहे हैं। डॉ. शादाब स्टेम सेल थेरेपी के जरिए स्ट्रोक के इलाज पर काम कर रहे हैं। डॉ. शादाब रजा के अब तक 80 शोध पत्र प्रकाशित होने के साथ ही 5 पेटेण्ट हो चुके हैं और छठवें पर काम चल रहा है। डॉ. शादाब रजा अमेरिका से प्रशिक्षण प्राप्त कर बीते 11 वर्षों से एरा विवि में कार्यरत हैं। लविवि में समाज शास्त्र के प्रो. व साहित्यकार रहे स्वर्गीय डॉ. मेराज अहमद की पुत्री डॉ. रूमाना अहमद एरा विवि के बायो केमेस्ट्री विभाग में प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं। डॉ. रूमाना टिशू कल्चर पर शोध करती हैं। डॉ. रूमाना प्राकृतिक पदार्थों के जरिए कैंसर, डायबिटीज और कोविड जैसी गंभीर बीमारियों के इलाज के साथ अधेड़ उम्र की महिलाओं में होने वाले हड्डियों की कमजोरी (ऑस्टियोप्रोसेस) के इलाज पर भी काम कर रही हैं। डॉ. रूमाना ने बताया कि प्राकृतिक उत्पादों के प्रयोग से महिलाओं की हड्डियों में होने वाली कमजोरी को रोका जा सकता है। डॉ. रूमाना के दो प्रोजेक्ट को भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली ने प्रायोजित किया है। इसके अलावा उनके अन्य प्रोजेक्ट डिपार्टमेण्ट ऑफ हायर एजूकेशन उत्तर प्रदेश सरकार ने भी प्रायोजित किये हैं। डॉ. रूमाना के अब तक 100 से अधिक शोध पत्र राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित हो चुके हैं और उनके नाम एक पेटेण्ट भी है।

# विकसित ग्राम विकसित देवरिया कार्यक्रम का शुभारम्भ

■ अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

अवधनामा संवाददाता





**देवरिया।** ''विकसित ग्राम विकसित देवरिया'' कार्यक्रम का शुभारम्भ जनपद के ग्रामों एवं आंकाक्षी विकासखंडों के समग्र विकास को गति प्रदान करने के उद्देश्य से आज जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के नेतृत्व में प्रशिक्षण कार्यक्रम के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। जिलाधिकारी ने जनपद के आकांक्षात्मक ब्लाक के रुप में चयनित बरहज, भागलपुर, लार, गौरी बाजार एवं बनकटा में इससे जुड़े सभी पैरामीटरों/इंडिकेटरों को प्रभावी रुप से लागू किये जाने तथा उसका अनुश्रवण किये जाने के लिये क्लस्टरवार तैनात किये पर्यवेक्षणीय अधिकारियों की तैनाती की है, जिन्हें प्रशिक्षित किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ब्लाकवार पर्यवेक्षणीय अधिकारियों को आपसी समन्वय व टीमभाव से कार्य किये जाने के निर्देश दिये । उन्होंने कहा कि टीमवर्क ग्राम पंचायत स्तर तक पहुँचे व सकारात्मक परिणाम दिखे यह अधिकारी सुनिश्चित करेगें। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने क्षेत्र में पूरे मनोयोग से उतरे और अच्छा परिणाम दिखाये। आकांक्षात्मक कार्यक्रम अन्तर्गत 05 क्षेत्र यथा चिकित्सा एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन, वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास तथा आधारभूत संरचना से संबंधित संचालित कार्यक्रमों/योजनाओं की प्रगति की अनुश्रवण हेतु निर्धारित इंडिकेटर्स का प्रभावी रुप से अनुश्रवण व अपने संबंधित ब्लाक में क्रियान्वयन सुनिश्चित करायेगें जिससे कि चयनित विकास खण्ड तय मानकों को पूरा कर सके और विकास का एक आदर्श प्रतिबिम्ब बन सके। जिलाधिकारी ने चयनित विकासखंडवार पर्यवेक्षणीय अधिकारियों की टीम बनायी तथा उनके कार्यो का बोध कराते हुए बारीकियों से अवगत कराया। कहा कि ग्राम पंचायतों में जायें, ग्राम स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों, ग्रामप्रधानो, प्रबुद्धजनो से समन्वय रखें, उनसे गांव की विकास तथा इंडिकेटरों से संतृप्त किये जाने के लिए आपसी विचार-विमर्श करें।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में नीति आयोग के डेवल्पमेंट पार्टनर माइक्रोसेव कंसल्टिंग टीम के सदस्य रवि प्रकाश कौशल, सुभी एवं शशांक द्वारा प्रशिक्षण में ''विकसित ग्राम विकसित देवरिया'' के तहत कार्यक्रमों की रुपरेखा प्रस्तुत करते हुए बारीकियों पर विधिवत प्रकाश डाला गया।

आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 एके गुप्ता, परियोजना निदेशक, डीएसओ, डीसीएन आरएलएम, बीएसए, दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी प्रियंका चौधरी, डीएसटीओ, अनिल कुमार यादव, एडीएसटीओ आनंद चौरसिया सहित पांचों ब्लाक के पर्यवेक्षणीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# न आटा गूंथना, न बेलना, फिर भी बस 5 मिनट में बनकर तैयार हो जाएगा अंडा पराठा



सुबह की जल्दबाजी के लिए जानें 5-मिनट एग पराठा रेसिपी, जिसमें आटा गूंथने या बेलने का कोई झंझट नहीं है। अंडे, दूध और मैदे के घोल से बनने वाला यह स्वादिष्ट और पौष्टिक नाश्ता मिनटों में तैयार हो जाता है।

सुबह की भागदौड़ में या जब कुछ बनाने का बिल्कुल मन न हो, तो यह 5-मिनट एग पराठा रेसिपी आपके लिए सबसे बेस्ट ऑप्शन है। यह रेसिपी उन लोगों के लिए एकदम परफेक्ट है जो खाना बनाने में थोड़े आलसी हैं, क्योंकि इसमें आपको न तो आटा गूंथने की जरूरत है और न ही पराठा बेलने की। बस कुछ आसान चीजों को एक साथ मिलाकर एक बैटर तैयार करना है और आपका बेहद स्वादिष्ट और पौष्टिक पराठा मिनटों में बनकर तैयार हो जाएगा। इसे आप सुबह के नाश्ते या शाम की छोटी भूख में बेहद आसानी से बना सकते हैं।

सामग्रीः 2 अंडे, 1 कप दूध, ड्ट छोटा चम्मच चिली फ्लेक्स, ड्ट छोटा चम्मच नमक, 1 कप मैदा या आटा, 1 बड़ा चम्मच बारीक कटा प्याज, 1 बड़ा चम्मच कटी शिमला मिर्च, 1 बड़ा चम्मच कटा टमाटर, 1 बारीक कटी हरी मिर्च, थोड़ा सा हरा धनिया, द कप पानी और 2 छोटा चम्मच तेल। सबसे पहले एक बर्तन में 2 अंडे और 1 कप दूध डालकर अच्छी तरह फेंट लें। अब इस मिश्रण में ड्ट छोटा चम्मच चिली फ्लेक्स, ड्ट छोटा चम्मच नमक, 1 कप मैदा या आटा, 1 बड़ा चम्मच बारीक कटा प्याज, 1 बड़ा चम्मच शिमला मिर्च, 1 बड़ा चम्मच टमाटर, 1 हरी मिर्च और बारीक कटा हरा धनिया डालकर सभी चीजों को अच्छी तरह मिला लें।

इसके बाद इसमें द कप पानी मिलाएं और एक चिकना व गाढ़ा बैटर तैयार कर लें। अब गैस पर एक पैन या तवा रखें और उसमें 2 छोटा चम्मच तेल डालकर गर्म करें।

तवा गर्म होने पर तैयार घोल को तवे पर फैलाते हुए डालें और दोनों तरफ से अच्छी तरह से सेंक लें। आपका गरमा-गरम और टेस्टी एग पराठा तैयार है, इसे अपनी पसंद की चटनी या केचप के साथ मजे से खाएं।

# घर पर मिनटों में बनाएं रेस्टोरेंट जैसा क्रीमी मैंगो हलवा

आज हम आपको एक बेहद अनोखी और स्वादिष्ट रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं। जब आप आम की प्यूरी और दूध के कॉम्बिनेशन के साथ सूजी का हलवा बनाते हैं, तो यह क्रीमी, दानेदार और मुंह में घुल जाने वाला बन जाता है।

गर्मियों में मौसम में बाजारों में आम की बहार आ जाती है। आम पन्ना, मैंगो शेक और मैंगो आइस्क्रीम तो सभी ने बहुत बार खाई होगी। लेकिन क्या आपके कभी आम का ट्विस्ट देकर सूजी का हलवा ट्राई किया है। आज हम आपको एक बेहद अनोखी और स्वादिष्ट रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं। जब आप आम की प्यूरी और दूध के कॉम्बिनेशन के साथ सूजी का हलवा बनाते हैं, तो यह क्रीमी, दानेदार और मुंह में घुल जाने वाला बन जाता है। वहीं यह बेहद कम समय में बनकर तैयार होने वाली रेसिपी है। इसलिए आपको भी इस गर्मी इस डिश को जरूर ट्राई करना चाहिए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इसकी रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं।

हलवे को खुशबूदार और दानेदार बनाने के लिए सबसे पहले पैन लें। फिर इसमें एक कटोरी सूजी डालें और मीडियम आंच पर सूजी को चलाते हुए सुनहरा होने तक भून लें। फिर इसको एक अलग बाउल में निकाल लें।

सूजी को बाउल में निकालने के बाद इसमें 2 कटोरी दूध डालें और अच्छे से मिलाकर थोड़ी देर के लिए अलग रख दें। दूध में भीगने से सूजी फूल जाएगी, जब इसका हलवा बनेगा, तो सॉफ्ट, मखमली और क्रीमी टेक्सचर बनकर तैयार होगा। अब गैस पर



दोबारा पैन चलाकर इसमें थोड़ा देसी घी डालें। फिर अपनी पसंद के ड्राई फ्रूट्स काजू, पिस्ता, किशमिश और बादाम छोटे-छोटे टुकड़ों में डालकर घी में रोस्ट करें।

जैसे ही ड्राई फ्रूट्स सुनहरे हो जाएं, इनको निकालकर प्लेट में रख लें। इसके बाद पैन में बचे घी के साथ आधा कटोरी घी और आधा कटोरी चीनी डालें। स्लो फ्लेम पर चीनी को पिघलने दे और जब यह सुनहरे रंग की चाशनी की तरह दिखने लगेगी। जब चीनी कैरेमलाइज हो जाए, तो गैस की आंच को धीमा कर दें। इसके बाद दूध में भीगी हुई सूजी वाले मिश्रण को धीरे-धीरे पैन में डालें। वहीं दूसरे हाथ से इसको चलाते रहें। इससे दूध और सूजी में गांठें न बनें। इसको धीमी आंच पर तब तक पकाएं, जब तक कि सूजी सारा दूध सोख न ले और घी न छोड़ने लगे। जब हलवा गाढ़ा हो जाए, पैन का किनारा छोड़ने लगे, तो इसमें ताजे आम की प्यूरी डालें। वहीं पहले से रोस्ट किए गए ड्राई फ्रूट्स और एक छोटा चम्मच हरी इलायची पाउडर डाल दें।

सभी चीजों को अच्छे से मिलाकर 1-2 मिनट तक पकाएं, जिससे कि सूजी में आम का फ्लेवर पूरी तरह समा जाए। इस आसान तरीके से तैयार शाही मैंगो सूजी हलवा सर्व करने के लिए तैयार है।

इस रेसिपी को बनाने के लिए हमेशा बिना रेशे वाले मीठे आम अल्फोंसो या दशहरी चुनना चाहिए।

जिससे हलवे का रंग और स्वाद दोनों निखर कर आते हैं। क्योंकि अगर रेशे वाले आम होंगे, तो हलवा खाते समय रेशे मुंह में आएंगे और मजा किरकिरा हो जाएगा।

# चूड़ियों का कलेक्शन रहेगा सेफ, बेस्ट बैंगल ऑर्गनाइज़र डिज़ाइन देंगे क्लासी लुक



चूड़ियों को व्यवस्थित तरीके से रखने के लिए महिलाएं बैंगल्स बॉक्स का इस्तेमाल करती हैं। इससे ड्रेसिंग टेबल को एक प्रोफेशनल और मैनेज्ड लुक मिलता है। हम आपको कुछ बेहतरीन बैंगल ऑर्गनाइजर डिजाइंस के बारे में बताने जा रहे हैं। हर महिला को चूड़ियों का शौक होता है। लेकिन चूड़ियों को सही तरीके से संभालकर रखना थोड़ा मुश्किल होता है। अगर चूड़ियां इधर-उधर बिखरी हों, तो इससे न सिर्फ ड्रेसिंग टेबल बिखरी रहती है और चूड़ियों के भी टूटने का डर होता है। इन चूड़ियों को व्यवस्थित तरीके से रखने के लिए महिलाएं बैंगल्स बॉक्स का इस्तेमाल करती हैं। इससे ड्रेसिंग टेबल को एक प्रोफेशनल और मैनेज्ड लुक मिलता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ बेहतरीन बैंगल ऑर्गनाइजर डिजाइंस के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आपके ड्रेसिंग टेबल को क्लासी लुक देंगे। चूड़ियों और कंगन को सुरक्षित और व्यवस्थित रखने का यह भी बेहतरीन तरीका है। दीवार पर टंगा होने की वजह से ड्रेसिंग एरिया की जगह बचती है और इसमें लगे मल्टीपल रॉड्स और हुक से चूड़ियां बिखरती नहीं हैं। वहीं इसमें लगा कांच का दरवाजा भी धूल मिट्टी से बचाता है। यह ऑर्गनाइजर उन लोगों के लिए बेहतरीन है, जो स्टाइल के साथ-साथ मजबूती भी चाहती हैं। इसका प्रीमियर लेदर लुक ड्रेसिंग टेबल को क्लासी लुक देता है। इसमें मजबूत लॉक और सॉफ्ट इंटीरियर लाइनिंग होती है, जो चूड़ियों को टूटने और धूल से बचाती हैं।

आजकल अपने नाम के पहले अक्षर वाले कस्टमाइज्ड बॉक्स काफी ज्यादा चलन में हैं। अगर आप भी अपनी अलमारी को मॉर्डन टच देना चाहती हैं, तो यह ऑर्गनाइजर आपके लिए परफेक्ट है।

इस ऑर्गनाइजर में आप रखने के लिए छोटे-छोटे खांचे, जिनमें आप सेट बनाकर रख सकती हैं। यग ऑर्गनाइजर उन महिलाओं के लिए बेस्ट है, जो चूड़ियों को दराज के अंदर व्यवस्थित तरीके से रखना चाहती हैं।

अगर आपकी अलमारी पूरी तरह से भर गई है और इसमें बिल्कुल भी स्पेस नहीं बचा है। तो हैंगिंग पॉकेट होल्डर आपके लिए 'स्पेस सेविंग' का सबसे बेहतरीन ऑप्शन बन सकता है। लैडर्ड डिस्प्ले स्टैंड का डिजाइन सीढ़ियों की तरह होता है। इसमें 3 या 4 लेयर्स होती हैं, जोकि पीछे की ओर ऊंची होती हैं। जिसमें चूड़ियों को कलर के हिसाब से सजा सकती हैं। बुटीक और फैंसी ड्रेसिंग रूम के लिए यह डिजाइन सबसे बेस्ट है।

यह ऑर्गनाइजर पुराना और सेफ ऑप्शन है। इसमें लकड़ी या हार्डबोर्ड के ऊपर वेलवेट का कपड़ा होता है और अंदर कई रॉड्स होती हैं। जिनमें चूड़ियों को सेट करके रख सकती हैं। यह बंद होता है, इससे गंदा भी नहीं होता है। महंगी चूड़ियों के लिए यह बेस्ट है।

अगर बेडरूम में मॉर्डन ड्रेसिंग टेबल है, तो एक्रिलिक ट्रांसपेरेंट स्टैंड परफेक्ट ऑप्शन है। यह दिखने में कांच की तरह साफ और पारदर्शी होता है। इसमें आप चूड़ियों को टांग सकती हैं, जिससे बाहर से पता चल जाएगा कि कौन सा बैंगल कहां रखा है। अगर आपका ड्रेसिंग टेबल छोटा है और कम जगह है, तो दीवार पर लगाने वाले स्टैंड का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसको आइने के बगल में या अलमारी के अंदर भी टांग सकती हैं। इसमें रॉड या हुक लगा होता है, जो चूड़ियों को व्यवस्थित रखता है।

अगर आपके पास ढेर सारी चूड़ियां हैं, तो रोटेटिंग बैंगल टावर आर्गनाइजर परफेक्ट है। यह गोल घूमता है, जिससे आप अपनी जगह पर खड़े होकर हर तरफ से चूड़ियां देख और निकाल सकती हैं। यह दिखने में स्टाइलिश होने के साथ ड्रेसिंग टेबल के कोने में फिट हो जाता है।

इसमें कई लेयर्स होती हैं और कम जगह में भी अधिक चूड़ियां आ जाती हैं।

अगर आपको अक्सर सफर करना होता है, तो बैंगल रोल अच्छा ऑप्शन है। यह बेलनाकार पाइप जैसा होता है, जिस पर चूड़ियां चढ़ाकर उसको कपड़े के कवर में बंद कर दिया जाता है।

# भीषण 'लू' से बचाएगी कैरी या पुदीना

भीषण गर्मी और 'लू' से बचाव के लिए कैरी और पुदीना दोनों की चटनी फायदेमंद है, लेकिन दोनों के फायदे अलग हैं। जहां कैरी की चटनी डिहाइड्रेशन और इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी दूर कर लू से बचाती है, वहीं पुदीने की चटनी पेट को ठंडक देकर पाचन सुधारने में ज्यादा कारगर है।

जून के महीने में भीषण गर्मी का कहर देखने को मिल रहा है। चिलचिलाती धूप और गर्म हवाओं के थपेड़े शरीर को बुरी तरह से झकझोर कर देंते हैं। तेज धूप से लू लगने और हीट स्ट्रेस का खतरा भी अधिक रहता है। लेकिन हमारे पारंपरिक खान-पान में इनसे बचने के कुछ खास उपाय भी है।

अगर आप भी गर्मी के प्रकोप से शरीर को बचाना चाहते हैं, तो चटनी को खान-पान में शमिल जरुर करें। गर्मियों में सबसे ज्यादा कैरी या पुदीना की चटनी खूब खाई जाती है। आइए आपको इस लेख में बताते



हैं कैरी या पुदीना कौन है लू से बचाने के लिए सबसे फायदेमंद?

गर्मियों के मौसम में सबसे ज्यादा पसीना निकालता है जिससे शरीर में डिहाइड्रेशन और इलेक्ट्रोलाइट इंबैलेंस की समस्या सबसे अधिक देखने को मिलती है। इस कारण से लू लगने का खतरा अधिक हो जाता है। इसलिए कच्चे आम से बनी चटनी में काला नमक, भुना जीरा और नमक मिलाया जाता है, तो यह इलोक्ट्रोलाइट सप्लीमेंट का काम करती हैं। कैरी चटनी के सेवन से शरीर में पानी की कमी को रोकती है और डिहाइड्रेशन का खतरा कम करती है। वहीं, कच्चा आम शरीर के तापमान को नियंत्रित करने में मदद करता है। इसलिए गर्मी के मौसम में लू से बचने के लिए आम पन्ना या कैरी की चटनी काफी फायदेमंद होती है।

अक्सर गर्मियों में पाचन सुस्त पड़ जाता है। जिस कारण से पेट में भारीपन, गैस और ब्लोटिंग की परेशनियां शुरु हो जाती है। पुदीने के एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पेट को आराम पहुंचाती है और मेंथॉल ठंडक का एहसास करवाती है। इसके साथ ही पुदीना शरीर को अंदर से ठंडा बनाए रखता है और गर्मी से होने वाली बेचैनी को शांत करता है। अगर आप पुदीने की चटनी में दही, धनिया और नींबू का रस मिलाते हैं, तो इससे आपके बॉडी तासीर ठंडी हो जाएगी और गर्मियों के लिए फायदेमंद साबित होगी।

खासतौर पर लू और हीट स्ट्रेस से बचाव और डिहाइड्रेशन से लड़ने की बात की जाए, तो कैरी की चटनी का पलड़ा भारी है।

# फिटनेस फ्रीक के लिए परफेक्ट बासमती, स्वाद और सेहत का पावरहाउस है चुकंदर पनीर कबाब



हेल्थ और स्वाद से भरपूर बीटरूट पनीर कबाब एक बेहतरीन स्नैक्स विकल्प है, जिसे घर पर मिनटों में तैयार किया जा सकता है। यह आसान रेसिपी प्रोटीन, फाइबर और विटामिन्स जैसे पोषक तत्वों से भरपूर है जो शरीर को एनर्जी देती है। आजकल लोग अपनी सेहत के लिए काफी ध्यान दे रहें, जो कि बेहद ही अच्छा है। फिटनेस फ्रीक महिलाएं अक्सर हेल्थ को बेहतर बनाने के लिए नई-नई डिशेज की रेसिपी की तलाश में रहती हैं। इस लेख में आपके लिए ऐसी ही रेसिपी लेकर आएं जो टेस्ट के साथ ही हेल्दी है। खुद को स्वस्थ रखने के लिए आप स्नैक्स में बीटरूट पनीर के कबाब बना सकते हैं। इसे बनाना भी बेहद आसान है। यदि आप भी अपनी डाइट में कुछ न्यू, टेस्टी और हेल्दी शामिल करना चाहते हैं, तो बीटरूट पनीर कबाब बना सकती हैं, इसमें कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। गौरतलब है कि यह बीटरूट और पनीर से बनेगा, तो इसमें ढेर सारा प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम और कई जरूरी विटामिन्स से भरपूर होती है। यह शरीर को एनर्जी देता है और पेट भी लंबे समय से भरा रहता है।

अब इस बाउल में ब्रेड क्रंब्स, अदरक-लहसुन का पेस्ट, जीरा पाउडर, धनिया पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, बारीक कटी हरी मिर्च और नमक स्वादानुसार डालकर अच्छे से मिला लें। इस मिश्रण को अच्छे से मसलते हुए गूंथ लें, जिससे सारी सामग्री अच्छे से मिक्स हो जाए। यदि आपको मिश्रण ज्यादा गीला लगे तो थोड़ा और ब्रेड क्रंब्स मिला लें। तैयार हुए इस मिश्रण से छोटे-छोटे हिस्से लेकर अपनी पसंद की गोल या टिक्की के आकार के कबाब बना लें और कुछ मिनट के लिए अलग रख दें। इससे कबाब का आकार अच्छी तरह से सेट हो जाएगा। अब आप तवे पर तेल गर्म करें। तेल गरम होने के बाद कबाब को तवे पर रखें और मीडियम आंच पर दोनों तरफ से गोल्डन और कुरकुरा होने तक सेकें। कबाब को टूटने से बचने के लिए बार-बार पलटने से बचें।

# 10 मिनट में चाहिए हाई प्रोटीन नाश्ता? बिना दाल भिगोए ऐसे बनाएं क्रिस्पी मसूर डोसा

बिना दाल भिगोए 10 मिनट में हाई-प्रोटीन मसूर दाल डोसा बनाने की इंस्टेंट रेसिपी जानें, जिसमें सूखी दाल को टमाटर और मसालों के साथ सीधे पीसकर बैटर तैयार किया जाता है। यह सेहतमंद नाश्ता वजन घटाने के लिए एक बेहतरीन विकल्प है, जिसे पनीर की स्टफिंग के साथ बनाया जा सकता है।

भागदौड़ भरी जिंदगी में हर कोई चाहता है कि सुबह का नाश्ता ऐसा हो कि जो काफी सेहतमंद हो और झटपट से बनकर तैयार हो जाए। जब मन में वजन घटाने या फिटनेस की बात आती है, तो ऐसे में सबसे हेल्दी डोसा होता है।

गौरतलब है कि डोसा बनाने के लिए दाल-चावल को रातभर भिगोना और खमीर उठाना पड़ता है। अब झटपट तरीके से हाई-प्रोटीन इंस्टेंट मसूर दाल डोसा बना सकते हैं। मेघा महिंद्रू की यह सुपर क्विक रेसिपी आपको सुबह के नाश्ते को फटाफट बनाने के लिए बेहद काम आएगी। आइए आपको रेसिपी बताते हैं- अब आप ट्रेडिशनल तरीके को भूल जाए बस मेघा महिंद्रू की इस सीक्रेट ट्रिक में दल भिगोने का झंझट खत्म है। आपको बस एक मिक्सचर जार लेना है। इसमें सूखी मसूर दाल को अच्छे से साफ करके डाल सकते हैं। इसके बाद उसी मिक्सर जार में कटे हुए टमाटर, साबुत सूखी लाल मिर्च और जीरा डाल दें। मिश्रण को पीसने के लिए आवश्यकतानुसार थोड़ा पानी भी मिलाएं। अब मिक्सर को अच्छी तरह चलाकर सारी सामग्री को बारीक पीस लें, ताकि एकदम चिकना, गाढ़ा और मुलायम डोसे का घोल तैयार हो जाए, जिसमें किसी प्रकार के दाने न रहें।

बैटर अच्छे से पीस जाए, तो इसमें एक बड़े मिक्सिंग बाउल में निकाल लें। अब इस तैयार बैटर में स्वादानुसार नमक और ढेर सारा बारीक कटा हुआ ताजा हरा



धनिया डालें। चम्मच की मदद से इसे अच्छी तरह से फेंट लें। इस बात का ध्यान रखें कि बैटर बहुत ज्यादा गाढ़ा या बहुत ज्यादा पतला न हो।

डोसे को पौष्टिक और स्वादिष्ट बनाने के लिए एक आसान और झटपट भरावन तैयार करें। इसके लिए एक कटोरे में मैश किया हुआ पनीर डालें और उसमें बारीक कटी हुई रंगीन शिमला मिर्च तथा बारीक कसी हुई गाजर मिला दें। स्वाद के अनुसार थोड़ा नमक डालें और हल्का चटपटा फ्लेवर देने के लिए काली मिर्च पाउडर मिलाएं।

सभी सामग्री को अच्छी तरह से आपस में मिला लें। इस तरह आपकी ताजी, कुरकुरी और प्रोटीन से भरपूर वेजी-पनीर फिलिंग तैयार हो जाएगी, जो डोसे के स्वाद को कई गुना बढ़ा देगी। इसके लिए आप एक नॉन-स्टिक तवा गर्म करें। तवे पर थोड़ा-सा तेल या घी लगाकर उसे चिकना कर लें और फिर अतिरिक्त तेल को टिशू पेपर से पोंछ दें। अब तवे के बीच में एक बड़ा चमचा भरकर बैटर डालें और चमचे को गोल-गोल घुमाते हुए अंदर से बाहर की तरफ फैलाएं, जिससे एक पतला और क्रिस्पी डोसा बन जाएगा। इसको मध्यम आंच पर सुनहरा और क्रिस्पी होने तक सेंकें।

डोसा नीचे से अच्छे सिक जाने के बाद उसके किनारे तवे को छोड़ने लगें, तो इसके ऊपर तैयार की हुई पनीर और सब्जियों की स्टफिंग को बीच में या एक तरफ फैलाकर रखें।

इसके बाद डोसे को सावधानी से मोड़ लें। बिना किसी झंझट के बेहद क्रिस्पी, शानदार लाल रंग का और प्रोटीन से भरपूर मसूर दाल डोसा तैयार है। इसको आप गरमा-गरम नारियल की चटनी या पुदीने रायते के साथ सर्व कर सकते हैं। यह खाने में भी टेस्टी लगेगा।

# अब घर पर बनाएं मार्केट स्टाइल जीरा शिकंजी



गर्मी से राहत पाने के लिए घर पर बनाएं बाजार जैसा जीरा शिकंजी मसाला; जानें इसे बनाने और महीनों तक स्टोर करने की सीक्रेट रेसिपी, ताकि मेहमानों को मिनटों में सर्व कर सकें ठंडी ड्रिंक।

भंयकर गर्मी और लू बचने के लिए ठंडी-ठंडी शिकंजी मिल जाए, तो सुकून मिल जाता है। शरीर को ठंडा रखने और हाइड्रेशन के लिए शिकंजी पीना फायदेमंद होता है। अचानक से घर में मेहमान आ जाए, तो नींबू निचोड़ने और चीनी घोलने में आधा समय चला जाता है। यदि आपके पास बाजार जैसा जीरा शिकंजी मसाला है, तो आपको कोई समस्या नहीं हो सकती है। फटाफट मेहमान के लिए तुरंत शिकांजी बना सकते हैं। इस लेख में हम आपको बताएंगे कि होममेड जीरा शिकंजी मसाला कैसे तैयार करें।

इसे बनाने के लिए आपको 4 चम्मच साबुत जीरा, 2 चम्मच काली मिर्च, 2 चम्मच काला नमक, 1 चम्मच सादा सफेद नमक, आधा चम्मच सोंठ पाउडर (सूखा अदरक) और 1 चम्मच पुदीना पाउडर (ऑप्शनल) होना जरुरी है।

सबसे पहले एक पैन को गैस पर हल्का गर्म करें। इसमें आधा जीरा डालकर तब तक भूनें जब तक कि उसमें से अच्छी खुशबू न आने लगे और उसका रंग गहरा न हो जाए। अब भुने हुए जीरे को एक प्लेट में निकाल लें।

अब मिक्सी के जार में भुना हुआ जीरा, बचा हुआ कच्चा जीरा, काली मिर्च, काला नमक, सफेद नमक और सोंठ पाउडर डाल सकते हैं। इसको आप बारीक पीस लें और आपकी शिकंजी मसाला तैयार है।

मसाले को पीसने के बाद थोड़ा इसे बाहर खुला रखें। इसके बाद किसी एयर-टाइट कांच के कंटनेर में भर कर रख दें। इस बात का ध्यान रखें कि कभी भी इसे गीले हाथ से न निकालें वरना इसमें गाठें पड़ सकती हैं और इसका स्वाद खराब हो सकता है। इसको सीधी धूप या गैस के पास रखने के बजाय सूखे और ठंडे कोने में स्टोर करें।

अब आप गिलास में 1 बड़ा चम्मच नींबू का रस और चीनी या शहद डालें। इसके बाद आधा छोटा चम्मच सीक्रेट जीरा शिकंजी मसाला पाउडर मिलाएं। ऊपर से ठंडा पानी या प्लेन सोडा वाटर डालें। फिर चम्मच की मदद से सभी चीजों को मिला लें और तैयार आपकी शिकंजी।

# गर्मी में बच्चों के नखरों से परेशान मॉम्स के लिए सोनाली सहगल ने शेयर की सुपर हेल्दी रेसिपी



एक्ट्रेस सोनाली सहगल ने गर्मियों में बच्चों के खाने के नखरों का एक आसान हल निकाला है, जिसमें उन्होंने खीरा, दही और चावल से बनी एक क्विक और हेल्दी रेसिपी शेयर की है। यह समर स्पेशल डिश न सिर्फ पेट को ठंडक देती है, बल्कि उन बच्चों के लिए भी परफेक्ट है जो खाने में आनाकानी करते हैं। मां होना कोई आसान काम नहीं है, खासकर तब, जब आपका बच्चा अभी सिर्फ दो या तीन साल का हो। यह वह दौर होता है, जब बच्चे अलग-अलग तरह की खाने-पीने की चीजों को आजमाना शुरू करते हैं, और इसके साथ ही वे खाने में नखरे करना भी सीख जाते हैं। ऐसे में एक मां के तौर पर, आपको यह सीखना पड़ता है कि उन्हें ऐसा खाना कैसे खिलाया जाए, जो सेहतमंद भी हो और जिससे उनका पेट भी भर जाए। फिल्म 'प्यार का पंचनामा' की एक्ट्रेस सोनाली सहगल, जो खुद एक दो साल की बेटी की मां हैं, ने अपने इंस्टाग्राम पर एक कमाल की रेसिपी शेयर की है। यह रेसिपी न सिर्फ हेल्दी है, बल्कि स्वादिष्ट भी है और छोटे बच्चों के लिए एकदम परफेक्ट है। इस रेसिपी को शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, 'गर्मियां + छोटे बच्चों की भूख = बहुत बड़ी चुनौती, है ना मॉम्स? मैंने आज यह बहुत ही जल्दी बनने वाला और ठंडक देने वाला लंच बनाया, जो आज सच में पूरा खत्म हो गया। इस रेसिपी को मैं बाकी गर्मियों के लिए भी बचाकर रख रही हूं। 'बस, आपके बच्चे के लिए पेट को ठंडक देने वाला एक परफेक्ट और हेल्दी लंच तैयार है, जिसे आप आसानी से सर्व कर सकती हैं।

# हीटवेव में अमृत हैं खरबूजे के बीज, बॉडी को कूल रखने वाला मैजिक ड्रिंक

क्या आप जानते हैं कि थोड़ी सी क्रिएटिविटी के साथ आप इन टायरों को घर और बगीचे की जान बनाया जा सकता है। पुराने टायरों को रीसाइकिल करना न सिर्फ पर्यावरण के लिए अच्छा होता है, बल्कि यह होम डेकोर को भी मॉर्डन और रस्टिक लुक देता है। अक्सर पुराने टायरों को कबाड़ समझकर फेंक दिया जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि थोड़ी सी क्रिएटिविटी के साथ आप इन टायरों को घर और बगीचे की जान बनाया जा सकता है। पुराने टायरों को रीसाइकिल करना न सिर्फ पर्यावरण के लिए अच्छा होता है, बल्कि यह होम डेकोर को भी मॉर्डन और रस्टिक लुक देता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि टायरों का मेकओवर कर उन्हें किस तरह से गार्डन में इस्तेमाल किया जा सकता है। अगर आपके गार्डन में कम जगह है, तो टायरों को दीवार



पर टांगकर वर्टिकल गार्डन बनाना अच्छा ऑप्शन हो सकता है। आप टायरों को काले या फिर अपनी पसंद के किसी भी न्यूट्रल शेड में पेंट कर सकते हैं।

फिर इसको मजबूत हुक की सहायता से दीवार पर सेफ तरीके से लगाना चाहिए।

आप टायरों के निचले हिस्से में थोड़ा मिट्टी डालकर इसमे छोटे फूल या बेल वाले पौधे लगा सकते हैं। यह घर की खाली दीवार को आर्ट गैलरी जैसा लुक देगा।

बगीचे को सुंदर बनाने के लिए टायरों को चमकीले रंगों जैसे- नीला, पीला, लाल या हरे रंग से रंगे। आप इन पर सफेद पेंट से फूलों की डिजाइन बना सकते हैं। एक के ऊपर एक टायर रखकर आप इसको सीढ़ी जैसा लुक दे सकते हैं।

या फिर इनको सीधा खड़ा करके गमलों की तरह इस्तेमाल कर सकती हैं। इनमें आप बड़े पत्ते वाले पौधे या फिर मौसमी फूल लगा सकते हैं, जोकि देखने में काफी अट्रैक्टिव लगते हैं। टायरों के लिए हमेशा एनामेल या फिर स्प्रे पेंट का इस्तेमाल करना चाहिए। यह बारिश और धूप में लंबे समय तक टिके रहते हैं। टायरों को पेंट करने से पहले अच्छे से पानी और साबुन से धो लें। जिससे धूल और ग्रीस निकल जाएं और पेंट की फिनिशिंग अच्छी आएगी।

अगर आप टायर में सीधे तौर पर मिट्टी भर रहे हैं, तो इसके निचले हिस्से में छेद जरूर कर दें। इससे पानी नहीं जमा होगा और पौधे की जड़ें भी नहीं सड़ेंगी।

# अजित पवार की विरासत से आगे बढ़ीं सुनेत्रा पवार, एनसीपी नेताओं को दी स्पष्ट चेतावनी

**संगठन**

**एनसीपी के स्थापना दिवस समारोह में सुनेत्रा पवार ने कार्यकर्ताओं और नेताओं को संगठन को मजबूत करने का संदेश दिया।**



**मुंबई।** एनसीपी के 27वें स्थापना दिवस पर सुनेत्रा पवार ने सख्त नेतृत्व का संकेत देते हुए संगठन में अनुशासन, जवाबदेही और प्रदर्शन को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियां बर्दाश्त नहीं की जाएंगी और जरूरत पड़ने पर कठिन फैसले लिए जाएंगे। उनके भाषण को पार्टी के भीतर अपनी पकड़ मजबूत करने और संभावित असंतोष पर नियंत्रण की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के 27वें स्थापना दिवस पर सुनेत्रा पवार का भाषण केवल एक औपचारिक संबोधन नहीं था, बल्कि पार्टी के भीतर उनके नेतृत्व की नई दिशा का संकेत भी माना जा रहा है। उन्होंने साफ शब्दों में संकेत दिया कि अब संगठन में जवाबदेही तय होगी और अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। राजनीतिक हलकों में उनके इस रुख को पार्टी के भीतर अपनी पकड़ मजबूत करने और नेतृत्व को अधिक प्रभावी बनाने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। यह भी माना जा रहा है कि वह अब केवल एक भावनात्मक चेहरे के रूप में नहीं, बल्कि निर्णय लेने वाली नेता के रूप में अपनी पहचान बनाना चाहती हैं। एनसीपी के स्थापना दिवस समारोह में सुनेत्रा पवार ने कार्यकर्ताओं और नेताओं को संगठन को मजबूत करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी के लिए काम करने वालों को परिणाम देने होंगे और संगठन के हितों के खिलाफ जाने वाले कदमों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। उनके भाषण से यह स्पष्ट संकेत मिला कि पार्टी के भीतर प्रदर्शन और अनुशासन को प्राथमिकता दी जाएगी। इसे नेतृत्व शैली में बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। अपने संबोधन में सुनेत्रा पवार ने कहा कि वह संगठन के हित में कठिन फैसले लेने से पीछे नहीं हटेंगी। उन्होंने अजित पवार की कार्यशैली का उल्लेख करते हुए कहा कि संगठन को मजबूत रखने के लिए कई बार कड़े निर्णय आवश्यक होते हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस बयान के जरिए उन्होंने पार्टी नेताओं और पदाधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया है कि अब संगठनात्मक अनुशासन से समझौता नहीं किया जाएगा।

## भारत-बांग्लादेश के बीच सीमा पार उग्रवाद और बॉर्डर सुरक्षा पर बात, जीरो टॉलरेंस पॉलिसी पर सहमति

**नई दिल्ली।** भारत और बांग्लादेश के सीमा सुरक्षा बलों के प्रमुखों ने सीमा पार के अपराधों, उग्रवादी गतिविधियों और बॉर्डर सिक्योरिटी को कमज़ोर करने वाली किसी भी कार्रवाई के प्रति 'ज़ीरो टॉलरेंस' (सख्त रवैया) की नीति अपनाने के अपने साझा संकल्प को दोहराया है। दोनों पक्षों ने सीमा पार होने वाले अपराधों को प्रभावी ढंग से रोकने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। बीएसएफ और बीजीबी के बीच 57वीं डायरेक्टर जनरल स्तर की बॉर्डर कोऑर्डिनेशन कॉन्फ्रेंस 8 जून से 11 जून तक बीएसएफ मुख्यालय, नई दिल्ली में आयोजित की गई।

भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व बीएसएफ के डायरेक्टर जनरल प्रवीण कुमार ने किया और बांग्लादेशी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व बीजीबी के डायरेक्टर जनरल मेजर जनरल मोहम्मद अशरफुज़्ज़मान सिद्दीकी ने किया। यह कॉन्फ्रेंस दोस्ताना, सकारात्मक और भविष्य की सोच वाले माहौल में आयोजित की गई, जो सीमा की सुरक्षा करने वाले दोनों बलों के बीच लंबे समय से चले आ रहे सहयोग और आपसी भरोसे को दिखाती है। दोनों सीमा सुरक्षा बलों के बीच सबसे ऊंचे स्तर के द्विपक्षीय तंत्र के तौर पर, यह बॉर्डर कोऑर्डिनेशन कॉन्फ्रेंस सीमा की मौजूदा स्थिति की समीक्षा करने और सीमा सुरक्षा व प्रबंधन से जुड़े आपसी चिंता के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए एक अहम मंच प्रदान करती है। बातचीत के दौरान, दोनों पक्षों ने सीमा पार होने वाले अपराधों को प्रभावी ढंग से रोकने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। इन अपराधों में नशीले पदार्थों, हथियारों, नकली मुद्रा, सोने और अन्य प्रतिबंधित सामानों की तस्करी, साथ ही सीमा पार से अवैध रूप से आना-जाना और मानव तस्करी शामिल हैं। दोनों प्रतिनिधिमंडलों ने सीमावर्ती इलाकों में होने वाली मौतों, अवैध/अनजाने/जबरन सीमा पार करने की घटनाओं, सीमा पर बुनियादी ढांचे के निर्माण और समन्वित सीमा प्रबंधन योजना को लागू करने को लेकर भी बातचीत की है।

## एक वीडियो से बदली जिंदगी, बना एयरोप्लेन बॉय



**मेघराज।** गुजरात के आर्यन असारी ने एक साल पहले अहमदाबाद विमान हादसे का वीडियो बनाया था। आज वह एयरोप्लेन बॉय के नाम से मशहूर है, लेकिन उस हादसे के डर से उसने विमानों का वीडियो बनाना छोड़ दिया है। वह अब हवाई जहाज में बैठने से भी डरता है।

गुजरात के अरावली जिले के एक छोटे से गांव का रहने वाला 18 साल का आर्यन असारी आज अपने इलाके में एयरोप्लेन बॉय के नाम से मशहूर है। एक साल पहले वह एक साधारण स्कूली छात्र था, जिसने कभी हवाई जहाज को इतने करीब से नहीं देखा था। लेकिन 12 जून 2025 को अहमदाबाद में हुए एअर इंडिया विमान हादसे ने उसकी पहचान हमेशा के लिए बदल दिया। उस भयानक हादसे में 260 लोगों की जान चली गई थी। आर्यन ने अनजाने में अपने मोबाइल फोन से उस बदनसीब विमान के आखिरी पलों का वीडियो रिकॉर्ड कर लिया था। आर्यन उस दिन को याद करते हुए बताता है कि वह पहली बार अहमदाबाद गया था। वह अपने पिता मगन असारी के पास कुछ समय बिताने आया था। उसके पिता सेना से रिटायर होने के बाद वहां एक मेट्रो स्टेशन पर सुरक्षा गार्ड की नौकरी कर रहे थे। आर्यन को 12वीं कक्षा की किताबें भी खरीदनी थीं। वह एयरपोर्ट के पास मेघानीनगर में अपने पिता के किराए के घर की छत पर खड़ा था। उसने पहली बार इतने करीब से उड़ता हुआ जहाज देखा और उत्साह में आकर अपने दोस्तों को दिखाने के लिए फोन से वीडियो बनाने लगा।

आर्यन कहता है, 'अचानक विमान नीचे आने लगा और फिर एक बड़े आग के गोले में बदल गया। मैं बहुत डर गया था। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मेरी आंखों के सामने ऐसा कुछ होगा।' वह वीडियो सोशल मीडिया और टीवी चैनलों पर तेजी से फैल गया। आर्यन रातों-रात मशहूर हो गया और मीडिया वाले उसके घर पहुंचने लगे। वह हर टीवी चैनल पर इंटरव्यू दे रहा था।

हादसे के कुछ दिन बाद आर्यन अपने गांव लौट आया और पढ़ाई शुरू की। उसने 12वीं की परीक्षा पास कर ली है और अब कॉलेज में दाखिला लेना चाहता है। गांव में और शादियों में लोग उसे पहचानते हैं और पूछते हैं कि क्या वही एयरोप्लेन बॉय है। लेकिन इस शोहरत की एक भारी कीमत उसे चुकानी पड़ी है। आर्यन अब किसी भी विमान का वीडियो नहीं बनाता। उसे डर लगता है कि अगर उसने वीडियो बनाया, तो विमान फिर से क्रैश हो सकता है। वह विदेश जाने का सपना तो देखता है, लेकिन फिलहाल उसमें हवाई जहाज में बैठने की हिम्मत नहीं है। वह कहता है कि वह मंजर आज भी उसे डराता है और वह अभी उड़ान भरने के लिए तैयार नहीं है।

## 47 साल की उम्र में थाईलैंड की राजकुमारी का निधन



**बैंकॉक।** थाईलैंड की राजकुमारी बज्रकितियाभा नरेंद्रदेब्यावती का 47 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह दिसंबर 2022 से कोमा में थीं और बैंकॉक के अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। भारत ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। राजकुमारी सामाजिक न्याय, महिला अधिकारों और कूटनीति के क्षेत्र में सक्रिय थीं। थाईलैंड की राजकुमारी बज्रकितियाभा नरेंद्रदेब्यावती के निधन से पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गई है। 47 वर्षीय राजकुमारी पिछले तीन वर्षों से कोमा में थीं और लंबे समय से अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। उनके निधन के बाद भारत ने भी गहरा दुख व्यक्त किया है। बैंकॉक स्थित भारतीय दूतावास ने थाई शाही परिवार और थाईलैंड की जनता के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि राजकुमारी की सार्वजनिक सेवा और कूटनीति के क्षेत्र में दी गई सेवाओं को हमेशा याद रखा जाएगा।

थाईलैंड सरकार और प्रधानमंत्री कार्यालय ने भी राजकुमारी के निधन की पुष्टि की। सरकार ने उन्हें देश की सेवा और जनकल्याण के लिए समर्पित एक सम्मानित शख्सियत बताया। राजकुमारी बज्रकितियाभा थाईलैंड के राजा महा वजीरालोंगकोर्न की सबसे बड़ी पुत्री थीं और लंबे समय से सामाजिक एवं कानूनी सुधारों से जुड़े कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही थीं।

राजकुमारी बज्रकितियाभा दिसंबर 2022 से अस्पताल में भर्ती थीं। बताया गया कि वह अपने पालतू कुत्ते के साथ प्रशिक्षण के दौरान अचानक गिर पड़ी थीं। जांच में हृदय संबंधी गंभीर समस्या सामने आई थी। बाद में उनकी स्थिति और बिगड़ गई। चिकित्सकों के अनुसार बड़ी आंत में सूजन के कारण संक्रमण फैल गया, जिससे शरीर के कई अंग प्रभावित हुए। निम्न रक्तचाप, अनियमित धड़कन और रक्त के थक्के बनने जैसी जटिलताओं ने उनकी हालत को लगातार गंभीर बनाए रखा। राजकुमारी का बैंकॉक स्थित किंग चुलालोंगकोर्न मेमोरियल अस्पताल में लगातार इलाज चल रहा था। डॉक्टरों की विशेष टीम उनकी निगरानी कर रही थी, लेकिन स्वास्थ्य में अपेक्षित सुधार नहीं हो सका। शाही परिवार और सरकार समय-समय पर उनके स्वास्थ्य संबंधी जानकारी साझा करते रहे। गुरुवार शाम 7 बजकर 48 मिनट पर उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन के बाद अस्पताल के बाहर बड़ी संख्या में लोग श्रद्धांजलि देने पहुंचे। राजकुमारी बज्रकितियाभा को थाईलैंड में सामाजिक न्याय और महिला अधिकारों के लिए किए गए कार्यों के कारण विशेष सम्मान प्राप्त था।

# अपनी परीक्षा के बहाने भारत को घेरने की ताक में चीन, संसदीय समिति की नसीहत को बनाया ढाल




**नई दिल्ली।** नीट पेपर लीक विवाद और परीक्षा व्यवस्था पर उठे सवालों के बीच भारत में चीन की दूतावास अधिकारी के एक सोशल मीडिया पोस्ट ने नई बहस छेड़ दी। लेख में दावा किया गया है कि चीन ने अपनी गाओकाओ परीक्षा की सफलता का उदाहरण देकर भारत की कमियों को वैश्विक स्तर पर उजागर करने की कोशिश की। साथ ही यह तर्क दिया गया है कि भारत का लोकतंत्र अपनी खामियों पर खुली बहस की अनुमति देता है, जबकि चीन की व्यवस्था में कमियों और घोटालों पर सार्वजनिक चर्चा की गुंजाइश सीमित है। आइए, विस्तार से इस मामले को समझते हैं...

नीट पेपर लीक की शर्म अभी ताजी थी। लाखों छात्रों का भविष्य अधर में लटका था और संसद से लेकर सड़क तक हंगामा बरपा था। ठीक इसी नाजुक मोड़ पर भारत में चीन की दूतावास अधिकारी यू जिंग ने एक्स पर एक पोस्ट किया... और उनका यह तीर सीधे हमारी राजनीतिक दरारों पर जाकर लगा। यू जिंग ने लिखा कि चीन की गाओकाओ परीक्षा का उल्लेख किया। यह भारत की जेईई और नीट का मिला-जुला रूप है। गाओकाओ में मात्र दो दिनों में 1.3 करोड़ छात्रों के लिए बिना किसी व्यवधान के संपन्न हो गई। इसके लिए चीन के कारखाने रुके, सड़कें सूनी रहीं और पूरा देश अपने छात्रों के लिए एकजुट हो गया। चीनी राजनयिक ने अपने ट्वीट में किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन हैशटैग में नीट, जेईई और इंडिया लिखकर निशाना बिल्कुल साफ कर दिया।

यह पोस्ट महज एक संयोग नहीं, बल्कि बीजिंग की सोची-समझी कूटनीतिक खुराफात का हिस्सा है। ये पोस्ट ठीक उसी समय दागा गया जब भारत की संसदीय स्वास्थ्य समिति ने एनटीए और संबंधित मंत्रालयों के अधिकारियों को तलब कर नसीहत दी थी कि इतनी बड़ी परीक्षाओं के पारदर्शी संचालन के लिए हमें चीन की व्यवस्था से सीखना चाहिए। हमारी अपनी संसदीय समिति ने आत्ममंथन के लिए जिस मॉडल का जिक्र किया, चीन ने अगले ही दिन भारत को वैश्विक स्तर पर नीचा दिखाने के लिए उसे एक मनोवैज्ञानिक हथियार की तरह भुना लिया। जब देश अपने बच्चों के भविष्य को लेकर संवेदनशील और फिक्रमंद हो, तब एक विदेशी दूतावास द्वारा इस तरह जख्मों पर नमक छिड़कना उसकी शातिर फितरत को ही बयां करता है।

पेपर लीक के आरोप लगे, सीबीआई जांच शुरू हुई और एनटीए के शीर्ष अधिकारियों पर गाज गिरी। व्यवस्था को दोबारा परीक्षा कराने के दौर से गुजरना पड़ रहा है। उधर सीबीएसई के 17.50 लाख बारहवीं के छात्र डिजिटल मूल्यांकन की गड़बड़ियों से अलग परेशान हैं। साढ़े चार लाख छात्रों ने आंसर शीट की पीडीएफ मांगी, तो 11.50 लाख से अधिक ने पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन किया। विडंबना देखिए कि देश के इन नौनिहालों के लिए न तो सत्ता पक्ष की ओर से कोई संवेदनशीलता दिखी और न ही विपक्ष की ओर से कोई रचनात्मक समाधान आया। राहुल गांधी से लेकर तमाम विपक्षी नेता शिक्षा मंत्री का इस्तीफा मांगते रहे।

### गाओकाओ का हवाला देकर भारत के परीक्षा पर सवाल

**नई दिल्ली।** भारत की परीक्षा प्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। चीन की एक सोशल मीडिया पोस्ट में गाओकाओ का उदाहरण देकर NEET और JEE की तुलना किए जाने के बाद नया विवाद खड़ा हो गया है, जिससे शिक्षा व्यवस्था पर बहस तेज हो गई है। नीट पेपर लीक की शर्म अभी ताजी थी। लाखों छात्रों का भविष्य अधर में लटका था और संसद से लेकर सड़क तक हंगामा बरपा था। ठीक इसी नाजुक मोड़ पर भारत में चीन की दूतावास अधिकारी यू जिंग ने एक्स पर एक पोस्ट किया। उनका यह तीर सीधे हमारी परीक्षा प्रणाली की दरारों पर जाकर लगा। यू जिंग ने चीन की गाओकाओ परीक्षा का उल्लेख किया। यह भारत की जेईई और नीट का मिला-जुला रूप है। गाओकाओ में मात्र दो दिनों में 1.3 करोड़ छात्रों की परीक्षा बिना किसी व्यवधान के संपन्न हो गई।

## भारत के बाद अब चीन दौरे पर जाएंगे नेपाल



**काठमांडू।** नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल 14 जून से चीन की आधिकारिक यात्रा करेंगे। इससे पहले उन्होंने अपनी पहली विदेश यात्रा भारत की थी। भारत दौरे पर उन्होंने व्यापार, ऊर्जा और डिजिटल भुगतान जैसे क्षेत्रों में कई अहम समझौते किए और भूकंप राहत से जुड़ी परियोजनाओं का उद्घाटन किया। बीजिंग में शिशिर खनाल और वांग यी के बीच द्विपक्षीय बातचीत होगी। इस दौरान दोनों नेता नेपाल और चीन के संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा करेंगे। वे आपसी हित के मुद्दों और सहयोग को आगे बढ़ाने के तरीकों पर बात करेंगे। अपनी इस यात्रा के दौरान खनाल चीन के कुछ अन्य उच्च स्तरीय नेताओं से भी मुलाकात करेंगे। शिशिर खनाल ने मार्च के अंत में विदेश मंत्री का पद संभाला था। पद संभालने के बाद उन्होंने अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए भारत को चुना। वे पिछले हफ्ते पांच जून को भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के निमंत्रण पर दिल्ली पहुंचे थे। भारत दौरे के दौरान दोनों देशों के बीच कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई थी।

भारत में हुई बैठक में दोनों विदेश मंत्रियों ने आपसी संबंधों की समीक्षा की। इसमें विकास कार्य, कनेक्टिविटी, व्यापार, ऊर्जा और लोगों के बीच आपसी रिश्तों जैसे विषय शामिल थे। दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने स्टार्टअप, डिजिटल तकनीक और ट्रेनिंग जैसे क्षेत्रों में हो रही प्रगति पर संतोष जताया। दोनों देश अपने रिश्तों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए सहमत हुए। इस दौरे पर भारत और नेपाल के बीच आपराधिक मामलों में आपसी कानूनी सहायता समझौते को लागू करने की प्रक्रिया पूरी हुई। यह समझौता सीमा पार होने वाले अपराधों की जांच और कानूनी कार्यवाही में मदद करेगा। इसके अलावा, भारत ने नेपाल को 72 स्वास्थ्य केंद्र और 12 सांस्कृतिक विरासत परियोजनाएं सौंपीं। ये सभी निर्माण कार्य 2015 के भूकंप के बाद भारत की मदद से पूरे किए गए हैं। डिजिटल क्षेत्र में भी एक बड़ा कदम उठाया गया। भारत के यूपीआई और नेपाल के एनपीआई को आपस में जोड़ा गया। इससे दोनों देशों के बीच पैसा भेजना आसान हो जाएगा। साथ ही, काठमांडू यूनिवर्सिटी और डिजिटल इंडिया भाषिणी के बीच एक समझौता हुआ। यह समझौता भाषा अनुवाद के लिए डिजिटल ढांचा तैयार करने में मदद करेगा। अपनी भारत यात्रा के दौरान खनाल ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से भी मुलाकात की थी। नेपाल भारत की 'पड़ोसी पहले' नीति का एक प्रमुख हिस्सा है। इस दौरे ने दोनों देशों के बीच उच्च स्तरीय बातचीत की परंपरा को और मजबूत किया है।

### 'हमें खेल मत सिखाइए': रूसी तेल पर घेरने वालों को जयशंकर का जवाब

**हेलसिंकी।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रूस से तेल खरीदने को लेकर पश्चिमी देशों की आलोचना का जवाब देते हुए कहा कि भारत ने हमेशा लागत और उपलब्धता के आधार पर फैसले लिए हैं। उन्होंने यूरोप और अमेरिका की नीतियों में विरोधाभास का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत को नैतिकता का पाठ न पढ़ाया जाए। जयशंकर ने दोहराया कि ऊर्जा सुरक्षा और राष्ट्रीय हित भारत की प्राथमिकता हैं। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने फिनलैंड में आयोजित कुल्तारांता वार्ता में रूस से तेल खरीदने को लेकर पश्चिमी देशों की आलोचना का कड़ा जवाब दिया है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने साफ कहा कि भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा और राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखकर फैसले लेता है। जयशंकर ने यह भी संकेत दिया कि रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान यूरोप और अमेरिका की नीतियों में कई विरोधाभास रहे हैं, इसलिए भारत को नैतिकता का पाठ पढ़ाने की कोशिश उचित नहीं है।

## रक्षा सचिव के बाद सशस्त्र बल के मंत्री अल कार्न्स का भी इस्तीफा



**लंदन।** ब्रिटेन के सशस्त्र बल मंत्री ने रक्षा बजट और सैन्य तैयारियों को लेकर सरकार से मतभेद के चलते इस्तीफा दे दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार सेना को पर्याप्त संसाधन नहीं दे रही। इसके साथ ही वह अपनी पुरानी नीतियों पर चल रही है।

कार्न्स का जाना पूर्व रक्षा सचिव जॉन हीली के इस्तीफे के बाद हुआ है, जिनका प्रधानमंत्री के साथ सरकार के रक्षा बजट को लेकर मतभेद था। हीली का तर्क था कि स्टारमर सरकार ने प्रस्तावित सैन्य खर्च देश की रक्षा के लिए जरूरी राशि से काफी कम है। कार्न्स ने अपने इस्तीफे का एलान एक्स पर किया। उन्होंने लिखा कि सरकार ब्रिटेन के सशस्त्र बलों को पर्याप्त समर्थन देने में असफल रही है। उन्होंने लिखा, 'ब्रिटेन की सेवा करने वालों को काम करने के लिए जरूरी उपकरण और काम पूरा होने पर उनके साथ खड़े रहने की वफादारी देना हमारा कर्तव्य है। हम इन दोनों में विफल रहे हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'मैंने सरकार में अपना पूरा समय यही बात रखने में बिताया है। वह मेरी बात नहीं सुन रहे हैं, इसलिए मैं सशस्त्र बलों के मंत्री पद से इस्तीफा दे रहा हूं।'

प्रधानमंत्री को लिखे एक कड़े शब्दों वाले इस्तीफे पत्र में कार्न्स ने कहा कि उन्होंने यह निष्कर्ष निकाला है कि रक्षा मंत्रालय के भीतर सार्थक सुधारों को आगे बढ़ाने के प्रयास गतिरोध पर पहुंच गए हैं। उन्होंने लिखा, 'मुझे यह स्पष्ट हो गया है कि जिस बदलाव के लिए मैंने प्रयास किया था। वह नहीं आने वाला है। मौजूदा स्थिति को देखते हुए, मैंने सशस्त्र बलों के मंत्री पद से इस्तीफा देने का फैसला किया है।' पूर्व रॉयल मरीन कार्न्स ने चेतावनी दी कि ब्रिटेन आधुनिक युद्ध की तेजी से बदलती प्रकृति के अनुकूल ढलने में संघर्ष कर रहा है। यूक्रेन युद्ध जैसे संघर्षों से मिले सबक का हवाला देते हुए उन्होंने तर्क दिया कि सैन्य खरीद नीतियां अभी भी पुराने खतरों पर केंद्रित हैं।

उन्होंने कहा, 'संघर्ष का स्वरूप हमारी खरीद क्षमता से कहीं अधिक तेजी से बदल रहा है। हम अभी भी पिछली लड़ाई के लिए उपयुक्त क्षमता खरीद रहे हैं। वहीं, हमारे विरोधी अगली लड़ाई के लिए हथियार जुटा रहे हैं।' कार्न्स ने सरकार की रक्षा निवेश योजना (डीआईपी) की कड़ी आलोचना की। उनका दावा था कि यह उभरती सुरक्षा चुनौतियों के पैमाने को संबोधित करने में विफल रही है।उन्होंने लिखा, 'रक्षा निवेश योजना में मेरी कोई भूमिका नहीं थी, लेकिन इस दूरी के कारण मैं स्पष्ट रूप से कह सकता हूं कि यह हमारे सामने मौजूद खतरे के लिए उपयुक्त नहीं है। यह न तो पर्याप्त रूप से परिवर्तनकारी है और न ही इसके लिए हमारे पास बजट है।'

उन्होंने कहा, 'मैं ईमानदारी से रक्षा चौकी पर खड़े होकर उस निवेश स्तर का बचाव नहीं कर सकता जो मुझे पता है कि इस कार्य के लिए अपर्याप्त है।' उन्होंने आगे कहा कि 'एक गंभीर देश अपनी रक्षा के लिए धन उस खतरे का सामना करने के लिए खर्च करता है जिसका वह असल में सामना कर रहा है। न कि उस खतरे का जिसका वह सामना करना चाहता है।' कार्न्स ने उत्तरी आयरलैंड लेगेसी बिल की भी आलोचना करते हुए इसे उद्देश्य के लिए अनुपयुक्त बताया और चेतावनी दी कि यह उन दिग्गजों को विफल करने का जोखिम रखता है जिनकी रक्षा के लिए इसे बनाया गया था।उनके इस्तीफे से वैश्विक तनाव बढ़ने और पूरे यूरोप में सुरक्षा संबंधी चिंताओं के बीच रक्षा नीति और सैन्य वित्तपोषण को लेकर स्टारमर सरकार पर दबाव बढ़ने की संभावना है।

### पाकिस्तान-तुर्किये की नजदीकियां बढ़ीं, सैन्य अधिकारियों की बैठक में क्षेत्रीय सुरक्षा पर मंथन

**इस्लामाबाद।** तुर्किये के लैंड फोर्सेस प्रमुख जनरल मेटिन टोकल ने पाकिस्तान के शीर्ष सैन्य अधिकारियों से मुलाकात कर रक्षा सहयोग, क्षेत्रीय सुरक्षा और सैन्य साझेदारी को मजबूत करने पर चर्चा की। तुर्किये के लैंड फोर्सेस कमांडर जनरल मेटिन टोकल ने पाकिस्तान के शीर्ष रक्षा और सैन्य नेतृत्व के साथ महत्वपूर्ण बैठकें कीं। इन बैठकों में दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग, क्षेत्रीय सुरक्षा और सैन्य साझेदारी को और मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा की गई। इस्लामाबाद में अपने दौरे के दौरान जनरल टोकल ने पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मुहम्मद आसिफ, चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेस फील्ड मार्शल आसिम मुनीर, नौसेना प्रमुख एडमिरल नावेद अशरफ और एयर चीफ मार्शल ज़ाहिर अहमद बाबर सिद्धू से अलग-अलग मुलाकात की।

# यूरोपीय हथियार के सवाल पर जयशंकर का पलटवार



**हेलसिंकी।** फिनलैंड में आयोजित कुल्तारांता वार्ता के दौरान विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने यूरोप की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि किसी भी यूरोपीय देश पर भारतीय हथियारों से हमला नहीं हुआ है, जबकि वर्षों से यूरोपीय हथियार भारत के खिलाफ इस्तेमाल होते रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने कभी यूरोप की सुरक्षा को खतरा नहीं पहुंचाया। आइए, विस्तार से जानते हैं, इस मुद्दे पर जयशंकर ने क्या कुछ कहा.... भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने यूरोप की ओर से रूस से तेल खरीद को लेकर उठाए जाने वाले सवालों का जवाब देते हुए एक ऐसा मुद्दा उठाया है, जिसने वैश्विक राजनीति में दोहरे मानकों पर नई बहस छेड़ दी है। फिनलैंड में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान जयशंकर ने कहा कि यूरोप वर्षों से ऐसे हथियार बेचता रहा है जिनका इस्तेमाल भारत के खिलाफ हुआ है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि भारत ने कभी ऐसा कोई कदम नहीं उठाया जिससे किसी यूरोपीय देश की सुरक्षा को खतरा पहुंचा हो। उनका यह बयान भारत की विदेश नीति और राष्ट्रीय हितों को लेकर स्पष्ट रुख को दर्शाता है।

फिनलैंड में आयोजित कुल्तारांता वार्ता के दौरान उभरती शक्तियां और नई भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा नाम के विषय पर चर्चा हो रही थी। इस दौरान जयशंकर से पूछा गया कि क्या भारत रूस के प्रति जरूरत से ज्यादा नरम रुख अपना रहा है और क्या वह रूस से तेल खरीदने को लेकर अधिक इच्छुक है। इस सवाल के जवाब में विदेश मंत्री ने कहा कि भारत के फैसलों को केवल एक पक्ष से नहीं देखा जा सकता। उन्होंने कहा कि जब भारत के ऊर्जा संबंधी फैसलों पर सवाल उठाए जाते हैं, तब यह भी देखा जाना चाहिए कि दुनिया के दूसरे देश किस तरह के कदम उठाते रहे हैं। जयशंकर ने कहा कि कोई भी यूरोपीय देश ऐसा नहीं है जिस पर भारतीय हथियारों से हमला हुआ हो। लेकिन भारत यह बात जरूर कह सकता है कि यूरोप में बने और बेचे गए हथियारों का इस्तेमाल भारत के खिलाफ किया गया है। उन्होंने कहा कि यह केवल आज की बात नहीं है, बल्कि कई वर्षों से ऐसा होता रहा है। विदेश मंत्री ने कहा कि भारतीयों ने कभी ऐसा कुछ नहीं किया जिससे यूरोप की सुरक्षा को खतरा पैदा हो, इसलिए भारत के प्रति अलग मापदंड अपनाना उचित नहीं माना जा सकता। उनके इस बयान को यूरोपीय देशों की आलोचनाओं का सीधा जवाब माना जा रहा है। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत तेल की खरीद केवल दो आधारों पर करता है। कीमत और उपलब्धता। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 में वैश्विक परिस्थितियां तेजी से बदलीं। रूस-यूक्रेन संघर्ष के बाद यूरोपीय देशों ने मध्य पूर्व के उन स्रोतों से अधिक तेल खरीदना शुरू कर दिया, जो लंबे समय से भारत के प्रमुख आपूर्तिकर्ता रहे थे। ऐसे में बाजार में रूसी तेल अधिक मात्रा में उपलब्ध था और उसकी कीमत भी प्रतिस्पर्धी थी। भारत ने अपनी ऊर्जा जरूरतों और आर्थिक हितों को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया।

जयशंकर ने चर्चा के दौरान यह भी कहा कि उस समय अमेरिका ने भारत को रूसी तेल खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया था। उनका कहना था कि वैश्विक तेल बाजार को स्थिर बनाए रखने और कीमतों में तेज बढ़ोतरी रोकने के लिए यह जरूरी माना गया था। उन्होंने कहा कि यदि बाजार में आपूर्ति प्रभावित होती, तो दुनिया भर में ऊर्जा संकट और महंगाई की स्थिति और गंभीर हो सकती थी।

# ईरान की हिट लिस्ट में कई कंपनियां: मस्क की कंपनी पर भी हमले की आशंका



**तेहरान।** ईरान ने एलन मस्क की प्रमुख कंपनियों- स्पेसएक्स, स्टारलिंक और एक्स (ट्विटर) को अपनी सैन्य हिट लिस्ट में शामिल किया है। आरोप है कि ये कंपनियां युद्ध में अमेरिका और इस्राइल की सेना को सैन्य मदद पहुंचा रही हैं।

ईरान ने एक चेतावनी जारी की है। उसने कहा है कि वह एलन मस्क के सभी व्यापारिक संस्थानों को सैन्य निशाना मानेगा। इसमें स्पेसएक्स की स्टारलिंक इंटरनेट सेवा और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (ट्विटर) शामिल हैं। ईरान की सरकारी मीडिया 'फार्स' के अनुसार, तेहरान ने अपनी सैन्य हिट लिस्ट बढ़ा दी है। अब इसमें पश्चिम एशिया में मौजूद मस्क की कंपनियों से जुड़े सभी आर्थिक हित और स्टारलिंक के ग्राउंड स्टेशन शामिल हैं।

ईरानी अधिकारियों का दावा है कि मस्क की कंपनियां अमेरिका और इस्रायल की सैन्य कार्रवाइयों में सक्रिय रूप से मदद कर रही हैं। उनका कहना है कि ये कंपनियां ड्रोन हमलों और मानवरहित समुद्री जहाजों जैसे आधुनिक हथियारों को चलाने में सहयोग देती हैं। ईरान का मानना है कि अमेरिका ने मस्क की कंपनियों की मदद से युद्ध अपराध किए हैं। इसलिए ईरान इन कंपनियों के ठिकानों पर हमला करने का पूरा अधिकार रखता है।

ईरान की यह चेतावनी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक सोशल मीडिया पोस्ट के तुरंत बाद आई है। ट्रंप ने चेतावनी दी थी कि अमेरिका ईरान पर बहुत जोरदार हमला करेगा। ट्रंप ने यह भी कहा था कि अमेरिकी सेना ईरान के मुख्य तेल निर्यात केंद्र खार्ग द्वीप पर कब्जा कर लेगी।

एलन मस्क की कंपनियों को धमकी देना ईरान की पहली ऐसी कोशिश नहीं है। इस साल की शुरुआत में ईरान की 'इस्लामी रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स' (आईआरजीसी) ने अपना ध्यान पारंपरिक हथियारों से हटाकर सूचना तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कंपनियों पर लगाया था। आईआरजीसी ने 18 से ज्यादा बड़ी अमेरिकी कंपनियों को अपनी हिट लिस्ट में शामिल किया है।

# 48 घंटे बाद पूर्व राज्यमंत्री के आश्वासन पर हुआ अंतिम संस्कार

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** बक्शा थाना क्षेत्र के कौली गांव में 10 जून 2026 बुधवार रात भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में हिंसक झड़प हुई। इस संघर्ष में एक व्यक्ति की मौत हो गई।

मृतक अजय सिंह के शव का पोस्टमार्टम 11 जून 2026 गुरुवार को कराया गया। परिजन शव को घर लाए, लेकिन अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया। वे फरार आरोपियों की गिरफ्तारी और उच्च अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग कर रहे थे। गुरुवार शाम पांच बजे सदर सीओ देवेश कुमार सिंह, सदर एसडीएम योगिता सिंह, सदर तहसीलदार आशीष सिंह और सदर नायब तहसीलदार शैलेंद्र पुलिस बल के साथ मृतक के घर पहुंचे। उन्होंने परिजनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे अंतिम संस्कार के लिए तैयार नहीं हुए। अधिकारियों ने हल्का लेखपाल और कानूनगो सहित अन्य राजस्व कर्मियों की उपस्थिति में विवादित जमीन की पैमाइश कराकर सीमांकन कराया। इसके बावजूद परिजन शव का अंतिम संस्कार करने से मना करते रहे। परिजनों ने बताया कि मृतक के कुछ रिश्तेदार बाहर हैं और उनके आने के बाद ही अंतिम संस्कार किया जाएगा। गुरुवार रात लगभग 11:30 बजे पूर्व सांसद धनंजय सिंह मृतक के घर पहुंचे। उन्होंने परिजनों से मुलाकात की और डीएम-एसपी से बात कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने घायलों के इलाज और बच्चों की पढ़ाई का पूरा खर्च उठाने का भी जिम्मा लिया।

शुक्रवार सुबह पूर्व गृह राज्यमंत्री कृपाशंकर सिंह और पूर्व मल्हनी भाजपा प्रत्याशी सतीश सिंह कौली गांव में मृतक के घर पहुंचे। कृपाशंकर सिंह के समझाने पर मृतक के परिजन शव का अंतिम संस्कार करने के लिए तैयार हो गए। उन्होंने सीओ सदर देवेश कुमार सिंह, सदर एसडीएम योगिता सिंह और बक्शा थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह को आगे की कार्रवाई के निर्देश दिए।

इस हत्याकांड के बाद गांव में तनाव का माहौल था। पूर्व गृह राज्यमंत्री के हस्तक्षेप और आश्वासन के बाद परिजनों का विरोध समाप्त हुआ और वे 48 घंटे बाद अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए घटनास्थल पर पुलिस बल और पीएसी तैनात की गई है।

## गोमती नदी में नाबालिग लड़की का मिला शव बक्शा में हड़कंप

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** बक्शा थाना क्षेत्र के कोहड़ा सुल्तानपुर गांव में गोमती नदी से एक नाबालिग लड़की का शव बरामद हुआ है। आज सुबह नदी में शव उतराया मिलने से आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

सूचना मिलते ही बक्शा पुलिस भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और शव को नदी से बाहर निकाला। पुलिस ने आसपास के गांवों के लोगों से शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। हल्का प्रभारी उपनिरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि गोमती नदी में शव मिलने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचने पर कोहड़ा सुल्तानपुर में लगभग 10 वर्षीय नाबालिग लड़की का शव बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि शव एक-दो दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने शव को शिनाख्त और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल के शव गृह भेज दिया है। बक्शा पुलिस ने लोगों से शव की पहचान में मदद करने की अपील की है।

# हंडिया में पूर्व सपा जिलाध्यक्ष गंगापार को किया हाउस अरेस्ट

■ सपा जनों ने पार्टी कार्यालय में बैठक कर पुलिसिया करतूत की किया निंदा

**अवधनामा संवाददाता**




**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के गंगापार इकाई के जिलाध्यक्ष अनिल यादव को शुक्रवार की आधी रात पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया।

बता दें कि महंगाई, किसानों कि समस्याओं, पेपर लीक, प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक, महिलाओं पर आये दिन हो रहे अत्याचार, लूट, हिंसा आदि मुद्दे को लेकर शनिवार 12 जून को उप जिलाधिकारी हंडिया कार्यालय में प्रदर्शन करके महामहिम राज्य पाल को सम्बोधित ज्ञापन देने की तिथि नियत की गई थी। इसके लिए पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष बृज लाल यादव द्वारा प्रशासन को पत्र लिखकर अनुमति देने की मांग की गई थी।

नियत तिथि के पूर्व 11/12जून की रात में ही सपा जिलाध्यक्ष अनिल यादव के आवास शांतिपुरम फाफामऊ में थरवई थाने की पुलिस ने आवास को घेर लिया। पुलिस द्वारा सपा के कार्यक्रम को रोके जाने के लिए दबाव बनाया गया।

खबर पाकर मौके पर एमएलसी डॉ मानसिंह यादव, अमर नाथ मौर्य, दूध नाथ पटेल, शांति प्रकाश पटेल, संगम लाल मौर्य, पूर्व प्रमुख संदीप यादव, आदिल हमजा, रवि मिश्रा, राजू पासी, रंग बहादुर पटेल आदि दर्जनों नेता मौके पर पहुंच गए।

सपा नेताओं के दबाव पर पुलिस सुबह 10 बजे चली गई।

आज पार्टी के जिला कार्यालय में बैठक करके पुलिसिया कार्रवाई की निंदा करते हुए सपा नेताओं ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र को खत्म करना चाह रही है। जन समस्याओं को लेकर शांति पूर्ण तरीके से किये जारहे आंदोलन, ज्ञापन कार्यक्रम की अनुमति न देना अघोषित इमरजेंसी है।

बैठक में जिलाध्यक्ष अनिल यादव, विधायक हाकिम लाल बिन्द, पंधारी यादव, पप्पू लाल निषाद, सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, राम मिलन यादव, दान बहादुर मधुर, बृजलाल यादव, कमला यादव, जीत लाल पासी, राम अचल, सुमन शर्मा, राजेश पासी, आर एन यादव, देवीलाल, सचिन श्रीवास्तव, त्रिभुवन आदि मौजूद रहे।

## फाफामऊ विधानसभा का नाम श्रृंगवेरपुरधाम करने की मांग

**प्रयागराज।** फाफामऊ विधानसभा का नाम श्रृंगवेरपुरधाम किए जाने को लेकर शुक्रवार को वरिष्ठ समाजसेवी व अधिवक्ता सियाराम सरोज के नेतृत्व में एडीएम सिटी को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया।ज्ञापन सौंपते हुए अधिवक्ता सियाराम सरोज ने कहा कि फाफामऊ कस्वा 262 शहर उत्तरी विधान सभा में पड़ता है। फाफामऊ का एक भी मतदाता 254 में नहीं है। 254 विधान सभा में फाफामऊ स्थित नहीं है। न ही एक मतदाता का नाम 254 के विधान सभा मौजूद है। ऐसी स्थित में जिस विधान सभा का मतदाता न हो और स्थान का नाम भी न हो, तो उस स्थान के नाम विधान फाफामऊ कैसे हो सकता है। सरोज ने कहा कि इस विधानसभा का नाम बदलकर प्रसिद्ध पौराणिक स्थल श्रृंगवेरपुर धाम किया जाए जिससे कि इस विधानसभा को उसकी सही पहचान मिल सके। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल कुमार द्विवेदी, मनीषा, बलराम सिंह, मोहम्मद अतीक अहमद, अजय कुमार सरोज, विवेक चंद्र, विजय कुमार, सुनील कुमार, शेषनारायण तिवारी रामनरेश, राम सजीवन सहित अन्य अधिवक्ता प्रमुख रहे।

## 17 वर्षीय छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**जौनपुर।** बक्शा थाना क्षेत्र के चकपनियालन गांव में शुक्रवार सुबह लगभग 5 बजे 17 वर्षीय इंटर के छात्र अर्पित यादव ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर बक्शा पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतक अर्पित यादव पुत्र विश्राम यादव चकपनियालन गांव के निवासी थे।

परिजनों के अनुसार, अर्पित ने शुक्रवार सुबह करीब 5 बजे दुपट्टे के सहारे फांसी लगाई थी। मृतक की माता ने बक्शा थाने में लिखित तहरीर दी है।

पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आत्महत्या के सही कारणों का पता लगाने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सूत्रों के मुताबिक, अर्पित यादव किसी बात को लेकर घर वालों से नाराज़ चल रहे थे। पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

# पीएम मोदी ने 12 वर्षों में भारत को विश्व गुरु के रूप में स्थापित किया: कृपाशंकर

■ पूर्व गृहराज्य मंत्री ने वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर (मुंगरा बादशाहपुर)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने पर शुक्रवार को मुंगरा बादशाहपुर में भव्य महाजनसंपर्क अभियान चलाया गया। मुख्य अतिथि महाराष्ट्र के पूर्व गृहराज्य मंत्री कृपाशंकर सिंह ने भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के आवास पर जाकर उन्हें अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएं।

मुख्य अतिथि महाराष्ट्र के पूर्व गृहराज्य मंत्री कृपाशंकर सिंह ने कहा कि पीएम मोदी ने 12 वर्षों में भारत को विश्व गुरु के रूप में स्थापित कर वैश्विक पटल पर देश का गौरव बढ़ाया है। ब्लॉक प्रमुख सत्येंद्र सिंह ने कहा कि मोदी सरकार के 12 साल ग्रामीण भारत के कायाकल्प, गरीब कल्याण और अंत्योदय को समर्पित रहे हैं। भाजपा नेता सुशील मिश्रा ने कहा कि यह कार्यकाल ऐतिहासिक निर्णयों, सुशासन और भारत के सांस्कृतिक पुनरुत्थान का स्वर्ण काल साबित हुआ है। वहीं, मंडल अध्यक्ष राजीव केसरी ने कहा कि कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ पर जाकर सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क कर संगठन को मजबूत करेंगे।इस दौरान नेताओं ने आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास, हर घर जल और किसान सम्मान निधि जैसी जन कल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। नेताओं ने कहा कि इन योजनाओं ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के जीवन को बदला है। इस अवसर पर सुशील मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख सतेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष राजीव केसरी,राजेश श्रीवास्तव, युवा मोर्चा अनुज श्रीवास्तव, दुर्गेश दुबे महामंत्री, भूपेंद सिंह, योगेश जायसवाल, किरण मौर्य, ऋषभ जायसवाल, आकाश सिंह, सुनील विश्वकर्मा, धर्म सिंह, धीरज श्रीवास्तव, प्रियांशु केशरी व राकेश मौर्य सहित भारी संख्या में स्थानीय पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने सरकार की नीतियों को घर-घर पहुंचाने का संकल्प लिया।

# शादी के 3 दिन बाद युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** हंडिया थाना क्षेत्र के बनपुरवा गांव में शादी के महज 3 दिन बाद एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव घर से करीब 150 मीटर दूर एक नीम के पेड़ से फंदे पर लटका मिला। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा गया। वहीं, मृतक का भाई सुशील भी अचानक लापता हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हंडिया थाना क्षेत्र के बनपुरवा गांव के रहने वाले संतोष कुमार (28) की 7 जून को शादी हुई थी। 8 जून को दुल्हन की विदाई के बाद वह घर लौटा था। परिजनों के अनुसार 10 जून की शाम वह घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं आया। अगली सुबह गांव के लोगों ने उसका शव पेड़ से लटका देखा और परिवार को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की मां ने जमीन विवाद के चलते हत्या की आशंका जताई है, जबकि पुलिस प्रथम दृष्टया इसे आत्महत्या मान रही है। संतोष कुमार की मां लालती देवी ने पड़ोसी सुभाष पर गंभीर आरोप लगाए हैं।



लालती देवी का कहना है कि परिवार की सुभाष से लंबे समय से जमीन को लेकर रंजिश चल रही है। उनके बेटे संतोष की हत्या कर शव को पेड़ से लटका दिया गया, ताकि मामले को आत्महत्या का रूप दिया जा सके। वहीं, संतोष का भाई सुशील घटना के बाद से लापता बताया जा रहा है। हालांकि, परिजनों ने अब तक उसकी गुमशुदगी की कोई सूचना पुलिस को नहीं दी है। एसीपी हंडिया शेषधर पांडे ने कहा कि यदि परिजन शिकायत देते हैं तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। सुशील के लापता होने और संतोष की मौत के बीच किसी संबंध की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा रहा है। फिलहाल पुलिस जमीन विवाद समेत सभी पहलुओं की जांच कर रही

## बक्शा के सुंगुलपुर गांव में घटना, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा

**जौनपुर (अवधनामा संवाददाता)** बक्शा थाना क्षेत्र के सुंगुलपुर गांव में शुक्रवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में एक 60 वर्षीय वृद्ध महिला की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका की पहचान सुंगुलपुर गांव निवासी विमला देवी (60) पत्नी उमाशंकर के रूप में हुई है। उन्हें चारपाई पर मृत पाया गया, जिसके बाद विभिन्न तरह की अफवाहें फैलने लगीं। थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल को मौके पर भेजा गया। शव को तुरंत कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रवाना कर दिया गया। थानाध्यक्ष के अनुसार, मृत्यु का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की सही वजह का खुलासा हो पाएगा। पुलिस ने मामले में आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।फिलहाल, मृतका के घर पर शांति व्यवस्था कायम है।

## सीएमओ ने जिला महिला चिकित्सालय का किया आकस्मिक निरीक्षण



**जौनपुर (अवधनामा संवाददाता)** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 गंगाराम गौतम द्वारा जिला महिला चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने विभिन्न वार्डों एवं ओपीडी का निरीक्षण कर मरीजों से उपचार एवं उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। मरीजों से पूछताछ के दौरान यह जानकारी प्राप्त हुई कि उन्हें आवश्यक दवाएं चिकित्सालय से उपलब्ध कराई जा रही हैं तथा उनका समुचित उपचार भी किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया कि चिकित्सालय में आने वाले सभी मरीजों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने चिकित्सालय परिसर में पेयजल, साफ-सफाई तथा मरीजों एवं तीमारदारों के लिए पर्याप्त बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा शासन की मंशा के अनुरूप बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय में सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित पाए गए।

## मैनपुरी में 31 अगस्त तक मत्स्य आखेट पर प्रतिबंध

**मैनपुरी (अवधनामा संवाददाता)** जिला मजिस्ट्रेट डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि जनपद की सीमा के अंतर्गत बहने वाली सभी नदियों की जल धाराओं में 01 जून से 31 अगस्त 2026 तक मत्स्य आखेट को पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है, उ.प्र. मत्स्य अधिनियम-1948 के प्राविधानों के अंतर्गत मत्स्य अनुभाग के गजट के क्रम में 15 जुलाई से 30 सितंबर की अवधि में मत्स्य फ्राई एवं फिंगरलिंग को पकड़ने, नष्ट करने अथवा बेचने एवं प्रजनन अवधि 15 जून से 30 जुलाई में मछली की शिकारमाही को पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है, उपरोक्त प्रतिबन्धों के उल्लंघन की स्थिति में उ.प्र. मत्स्य अधिनियम-1948 में निहित प्राविधानों के तहत दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## ज्वेलरी की दुकान में आभूषण बदलकर चोरी करने वाली दो शातिर महिलाएं गिरफ्तार



**आजमगढ़ (अवधनामा संवाददाता)** थाना रानी की सराय- थाना रानी की सराय क्षेत्र के निवासी वादी मनीष वर्मा निवासी चकसेठवल, थाना रानी की सराय, द्वारा थाना स्थानीय पर लिखित तहरीर दी गई कि अज्ञात महिलाओं द्वारा उनकी ज्वैलरी की दुकान पर आकर सोना-चांदी देखने के बहाने छलपूर्वक आभूषण बदल दिए गए तथा एक जोड़ी चांदी की पायल, सोने के बुद/कील, मोती की माला में लगा सोने का लॉकेट आदि चोरी कर लिया गया। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना रानी की सराय पर मुअसं 152/2026 धारा 305(A)/318(4) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। घटना की गंभीरता को देखते प्रभारी निरीक्षक रानी की सराय के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई।

## बस मालिकों द्वारा कमाई के लालच में लोगों की जिंदगी के साथ किया जा रहा है खिलवाड़




**आजमगढ़ (अवधनामा संवाददाता)** मुख्यालय से से चल रहा है रसूखदारों का बस ट्रैफिक पुलिस और आम जनता के ट्रैफिक पुलिस और यातायात विभाग दो मुहा चरित्र दिखाई दे रहा है । यह कार्य रोडवेज बाईपास के पास देखा जा सकता है। यह बेलगाम बस जिसमें क्षमता से अधिक लोगों को बैठा कर झारखंड और बिहार के मजदूरों को भेजा जा रहा है। यातायात और आरटीओ की मिली भगत से चल रहा है खतरों का सफर। प्रशासन बेखबर या मोटी कमाई की चलते जा रही है की जा रही है जिंदगी के साथ खिलवाड़। प्रशासन के नाक के नीचे किया जा रहा है यह कार्य ? देखना है कि प्रशासन की कुंभकरण नीति निधि कब खुलता है?

## साइबर अपराधियों ने महिला के बैंक खाते से उड़ाए 3.28 लाख रुपये

**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** करेली थाना क्षेत्र के के जीटीबी नगर की महिला के बैंक खाते से साइबर अपराधियों ने बिना किसी ओटीपी और लिंक भेज 3.28 लाख रुपये गायब कर दिया। आरोप है कि बैंक की ओर से रुपये निकासी का कोई मैसेज तक नहीं आया। इसकी जानकारी बाद में होने पर महिला ने करेली थाने में एफआईआर दर्ज करवाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जीटीबी नगर निवासी शाहिद हुसैन की पत्नी उम्मे हबीबा की तहरीर के मुताबिक, उनका एचडीएफसी बैंक शाखा करेली में अकाउंट है।

# मुबारकपुर थाना से सठियांव तक यातायात पुलिस की सक्रियता

**अवधनामा संवाददाता**



**मुबारकपुर/आजमगढ़।** यातायात रूट संख्या-6 पर सठियांव से मुबारकपुर थाना तक यातायात व्यवस्था को सुचारू एवं जाम मुक्त बनाए रखने के लिए मुबारकपुर यातायात पुलिस पूरी मुस्तैदी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर रही है। सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण, ठेला-गाड़ी एवं अव्यवस्थित पार्किंग को हटवाकर मार्ग को साफ रखने का कार्य लगातार किया जा रहा है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को जाम की समस्या का सामना न करना पड़े। यातायात पुलिस केवल यातायात संचालन तक ही सीमित नहीं है, बल्कि सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने का भी महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। नियमित वाहन चेकिंग अभियान के दौरान दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने तथा चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने के लिए प्रेरित किया जाता है। यातायात कर्मी लोगों को समझाते हैं कि हेलमेट और सीट बेल्ट केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा के लिए बेहद आवश्यक हैं। वाहन चेकिंग के दौरान यातायात नियमों की जानकारी देकर लोगों को सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति जागरूक किया जा रहा है। बिना हेलमेट वाहन न चलाने, सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, मोबाइल फोन का प्रयोग करते हुए वाहन न चलाने तथा सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की सलाह दी जाती है। इस सराहनीय कार्य में टी.एस.आई. अरविन्द कुमार सिंह, सी.टी.पी. दिनेश यादव, सी.टी.पी. संजय कुमार साहू, सी.टी.पी. चन्दन कुमार एवं सी.टी.पी. नन्द लाल अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा और तत्परता के साथ कर रहे हैं। इनकी प्राथमिकता सड़क को अतिक्रमण मुक्त रखना, जाम की समस्या को रोकना तथा आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक बनाना है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यातायात पुलिस की सक्रियता से क्षेत्र में यातायात व्यवस्था बेहतर हुई है और सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता भी बढ़ रही है। मुबारकपुर यातायात पुलिस का यह प्रयास सुरक्षित, व्यवस्थित और जाम मुक्त यातायात व्यवस्था की दिशा में एक सराहनीय पहल माना जा रहा है।

# मानव जीवन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है : डीजी पीएसी

■ पीएसी के जवानों ने प्रदेश में 44 जिलों पर किया मॉक ड्रिल

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** प्रदेश में मानसून के दौरान संभावित बाढ़ एवं अतिवृष्टि की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु आलोक सिंह पुलिस महानिदेशक पीएसी, उत्तर प्रदेश के निर्देशन में की गई तैयारियों के क्रम में उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के क्रम में पीएसी मुख्यालय द्वारा प्रदेश के 44 संवेदनशील जनपदों (118 तहसीलों) में राहत एवं बचाव कार्यों के लिए पीएसी की वाहिनियों एवं एसडीआरएफ की टीमों को 'बाढ़ आपदा पर राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज-2026' के लिए नामित किया गया था। संभावित बाढ़ राहत एवं बचाव अभियानों के लिए आज व्यापक तौर पर पीएसी की 17 वाहिनियों से कुल 07 कम्पनी 01 प्लाटून एवं एसडीआरएफ की 16 टीमों द्वारा मॉक एक्सरसाइज का सफल आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुपालन में आयोजित इस मॉक एक्सरसाइज का उद्देश्य बाढ़ राहत एवं बचाव कार्यों में संलग्न कार्मिकों की दक्षता, उपकरणों की कार्यशीलता तथा आपदा की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया व क्षमता का परीक्षण करना था। मॉक एक्सरसाइज के दौरान प्रशिक्षित कार्मिकों द्वारा नाव संचालन, बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों से प्रभावित व्यक्तियों को सुरक्षित निकालने, लाइफ जैकेट एवं अन्य जीवनरक्षक उपकरणों के प्रयोग, रस्सियों के माध्यम से रेस्क्यू ऑपरेशन, आधुनिक बचाव उपकरणों एवं प्रशिक्षित मानव संसाधन के माध्यम से बाढ़ आपदा के दौरान प्रभावी एवं त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता, प्राथमिक उपचार प्रदान करने तथा राहत व बचाव कार्यों की विभिन्न प्रक्रियाओं का व्यवहारिक प्रदर्शन किया गया।

## अवार्ड शो फेस ऑफ प्रयागराज सेशन 3 सकुशल आयोजित



प्रयागराज। होटल सेलेस्टियल इन मे 50 से ज़्यादा लोग को फेस ऑफ प्रयागराज अवार्ड मिला जिसमे चीफ गेस्ट के रूप में सनातनी किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर कौशल्या नंद गिरी और प्रयागराज मेयर गणेश केसरवानी उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रायोजक डॉ. प्रियम केरसरवानी, अमन, दक्षिता, पूजा थीं। एकता भारती ने बताया रूद्रा एवेंट्स की यही सोच है की हर मेहनती इंसान को प्लेटफॉर्म दे ताकि उनके काम को सम्मान मिल सके। कार्यक्रम में पूनम सिंह, माया मिश्रा, प्रीतशु लक्ष्य, गुफरान खान, आनंद अक्षयवात, दीप्ति योगेश्वर, चान्दनी कौशल, माही, रेहाना खान, अजय यादव, अमित मौर्या, रूचि राय, उत्कर्ष श्रीवास्तव, उमा पटेल, महिमा तिवारी आदि फेस ऑफ प्रयागराज बने।

# उद्यमी-व्यापारी संवाद में 7 लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र

■ 12 साल के बदलाव पर उद्यमियों ने रखे विचार

■ मैनपुरी में उद्यमियों को मिला प्रोत्साहन, टूलकिट वितरित

■ स्वरोजगार से रोजगार देने वाले बनें युवा : डीएम

**अवधनामा संवाददाता**

**मैनपुरी।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान की मूल भावना के अनुरूप उद्यमी एवं व्यापारी संवाद कार्यक्रम में विगत 12 वर्षों में आए बदलाव पर उद्यमियों, व्यापारियों ने अपने विचार व्यक्त किये, कार्यक्रम में जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु, जिलाध्यक्ष ममता राजपूत, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता सहित अन्य जन-प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के 07 लाभार्थियों को रू. 33 लाख 75 हजार के ऋण स्वीकृति पत्र, एक जनपद-एक उत्पाद के 05 लाभार्थियों को टूल्कित वितरित की। जिलाध्यक्ष ममता राजपूत ने उद्यमी, व्यापारी संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री के 12 वर्ष के कार्यकाल में व्यापारियों, उद्यमियों को पूरा सम्मान मिला, वर्ष 2014 से जनपद में भय का माहौल था, अंधेरा होने से पूर्व ही दुकानें बंद हो जाती थीं लेकिन इन 12 वर्षों में फर्क साफ दिखाई दे रहा है, आज कानून का राज है, व्यापारियों, उद्यमियों सहित आम-जन अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि विगत् 12 वर्षों में केंद्र-प्रदेश सरकार की तमाम योजनाएं संचालित हुई और अधिकांश योजनाएं महिलाओं को केंद्र बिंदु रख संचालित की गयीं, महिलाओं को आत्मनिर्भर, आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए उन्हें राष्ट्रीय स्वयं सहायता से जोड़ा गया। उन्होंने एक जनपद-एक व्यंजन पर चर्चा करते हुए कहा कि बचपन से अन्नपूर्णा मिष्ठान भंडार हरदोई की सोहनपापड़ी खाई थी, यह दुकान एनएमबी के स्वामी की ननिहाल वालों की थी, मैनपुरी, हरदोई की सोहनपापड़ी का एक जैसा स्वाद था और वही स्वाद आज भी यहां की सोनपापड़ी में मौजूद है।

जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने कहा कि आज का समागम खुला मंच है, जिसमें व्यापारी, उद्यमी मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान योजना, जनपद एक-उत्पाद, एक जनपद-एक व्यंजन योजना के लाभार्थी अपनी खुलकर बात कह सकते हैं, विगत् 12 वर्षों में क्या बदलाव दिखे, उस पर अपने मन के उद्गार के उद्गार व्यक्त करें। उन्होंने उपस्थित उद्यमियों, व्यापारियों, विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों का आह्वान करते हुए कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर बनाने में अपना योगदान दें। विकसित भारत बनाने में हम सबको सम्मिलित प्रयास करने होंगे, उन्होंने युवाओं का आव्हान करते हुए कहा कि सरकारी नौकरी पाने के लिए न रहें बल्कि संचालित योजनाओं में ऋण लेकर अपना रोजगार स्थापित कर लोगों को रोजगार देने वाले बनें, कमियों को दूर कर आगे बढ़ाने के प्रयास करें।

क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री के रूप में सबसे अधिक समय का कार्यकाल पूर्ण कर लिया है, बीते 12 वर्षों में देश-प्रदेश में काफी बदलाव हुये हैं, पहले अपहरण, जमीनों पर कब्जे होते थे, माता-बहनें सुरक्षित नहीं थीं, आभूषण पहनकर निकालने में डर लगता था लेकिन आज आम लोगों को इन सब चीजों से छुटकारा मिल चुका है, आज काफी फर्क दिखाई दे रहा है, आज महिलाएं-बेटियां अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रही हैं, युवाओं को सस्ती दर पर बैंकों से ऋण उपलब्ध कराकर स्वतःरोजगार स्थापित करने के अवसर मिले, व्यापारियों-उद्यमियों को अपने उद्योगों के संचालन में आने वाली रूकावटों से छुटकारा मिला। उन्होंने कहा कि एक जनपद-एक उत्पाद में जनपद के तरकाशी उद्योग को प्रदेश में ही नहीं बल्कि देश में नई पहचान मिली।

विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए उपायुक्त उद्योग डॉ. बनवारी लाल ने बताया कि विगत 12 वर्षों में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत 768, मुख्यमंत्री युवा रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत 597 युवाओं को रू. 1153 लाख, एक जनपद-एक उत्पाद में 357 तरकाशी जरी-जरदोजी के कारीगरों को लाभान्वित कराया गया।

## आम सूचना

मेरे पुत्र मो. आमिर का विवाह श्रीमती उमरा पुत्री मैं इमरान नि. मोहल्ला बख्शीवाला बिजनौर के साथ दि.18.4.2026 को हुआ था दि.19.4.26 को वलिमा था बाद वलिमा के उमरा के रिश्तेदार उसे हमारे घर से ले गए और दि 21.4.2026 को वोह खुद हमारे घर लौट आई और उसी रोज़ से बात बात पर गाली गलौच और लड़ना झगड़ना शुरू कर दिया हालात बिगड़ते देख आस पास के लोगों ने उमरा को शांत किया उसके बाद दि.29.4.2026 को उमरा हमारे घर का ज़ेवर और अपने घर का भी कुल क़ीमती समान/ ज़ेवर आदि लेकर जबरन अपने घर लौट गई अब धमकियां दे रही है कि मुझे तलाक़ दे दो नहीं तो तुम सभी को झूठे केस में फंसा कर तुम्हारे परिवार को बर्बाद कर दूंगी। शरीफ़ अहमद पुत्र अब्दुल वहीद नि.नदीम कॉलोनी,गली नंबर 4 निकट मुज़फ्फरी मस्जिद, सहारनपुर मो. 7351449114

# खुदरा महंगाई दर बढ़कर 3.93% पर, आम आदमी की जेब पर पड़ रहा बोझ

**नई दिल्ली।** देश में महंगाई ने एक बार फिर आम आदमी की जेब पर बोझ बढ़ाया है। मई महीने में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 3.93 फीसदी हो गई है। यह पिछले महीने अप्रैल की 3.48 फीसदी से अधिक है। मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि इसका कारण बनी है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खाद्य महंगाई मई में 4.78 फीसदी रही। अप्रैल में यह 4.2 फीसदी थी। यह वृद्धि सीधे तौर पर रसोई के बजट को प्रभावित कर रही है।

शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को अधिक खर्च करना पड़ रहा है। खासकर गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों पर इसका अधिक असर दिख रहा है। महंगाई का यह आंकड़ा भारतीय रिजर्व बैंक के लक्ष्य के करीब पहुंच रहा है। सरकार ने रिजर्व बैंक को महंगाई को चार फीसदी पर रखने का लक्ष्य दिया है। इसमें दो फीसदी ऊपर या नीचे का मार्जिन भी शामिल है। यह लक्ष्य अर्थव्यवस्था में स्थिरता बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है। बढ़ती महंगाई से आर्थिक विकास पर नकारात्मक असर पड़ सकता है।

**मौद्रिक नीति**

**भारतीय रिजर्व बैंक अपनी मौद्रिक नीति तय करते समय सीपीआई को मुख्य रूप से ध्यान में रखता है।**

कीमती धातु के आभूषण, टमाटर और अदरक उन पांच वस्तुओं में शामिल हैं। किशमिश और मुनक्का भी अधिक महंगाई वाली वस्तुओं की सूची में हैं। इन वस्तुओं की कीमतों में तेज उछाल देखा गया है। यह सीधे तौर पर उपभोक्ताओं के खर्च को बढ़ा रहा है। विशेष रूप से टमाटर और अदरक जैसी रोजमर्रा की सब्जियों की कीमतों में वृद्धि चिंताजनक है। इससे दैनिक जीवन की लागत बढ़ गई है। दूसरी ओर, कुछ वस्तुओं की कीमतों में कम वृद्धि देखी गई। आलू, मटर, मोटर




कार और जीप की महंगाई कम रही। जीरा और मोटरसाइकिल तथा स्कूटर भी कम महंगाई वाली शीर्ष पांच वस्तुओं में शामिल थे। यह आंकड़ा अखिल भारतीय स्तर पर संयुक्त रूप से दर्ज किया गया है। यह दर्शाता है कि कुछ क्षेत्रों में कीमतें अपेक्षाकृत स्थिर बनी हुई हैं।

भारतीय रिजर्व बैंक अपनी मौद्रिक नीति तय करते समय सीपीआई को मुख्य रूप से ध्यान में रखता है। पिछले सप्ताह, यानी 5 जून 2026 के आसपास, रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए अपने महंगाई अनुमान को बढ़ाया था। पहले यह अनुमान 4.6 फीसदी था, जिसे अब बढ़ाकर 5.1 फीसदी कर दिया गया है। यह वृद्धि मुख्य रूप से बढ़ती इनपुट लागत के कारण हुई है। वैश्विक ऊर्जा कीमतों में वृद्धि का असर खुदरा पेट्रोल और डीजल की कीमतों पर पड़ा है। यह एक बड़ा कारक है जो महंगाई को बढ़ा रहा है। मई से अब तक खुदरा ईंधन की कीमतों में काफी बढ़ोतरी हुई है। रिजर्व बैंक ने इस स्थिति पर चिंता व्यक्त की है। केंद्रीय बैंक महंगाई को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक कदम उठा सकता है। बाजार विशेषज्ञ रिजर्व बैंक के अगले कदमों पर नजर रख रहे हैं।

मई से पेट्रोल की खुदरा कीमतों में कुल 7.4 फीसदी की वृद्धि हुई है। इसी अवधि में डीजल की कीमतों में 8.4 फीसदी का इजाफा हुआ है। रिजर्व बैंक ने इस महीने की शुरुआत में, यानी 1 से 12 जून 2026 के बीच, अपने मौद्रिक नीति वक्तव्य में यह बताया था। इस वृद्धि का मुख्य महंगाई पर सीधा प्रभाव करीब 36 आधार अंक होगा। इसके साथ ही दूसरे दर्जे के प्रभाव भी सामने आएंगे। ये सभी प्रभाव आने वाले महीनों में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) महंगाई में दिखाई देंगे। इससे आने वाले समय में महंगाई और बढ़ने की आशंका है। ईंधन की कीमतें बढ़ने से परिवहन लागत बढ़ती है। इसका असर अन्य वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों पर भी पड़ता है। यह एक चक्र बनाता है जो समग्र महंगाई को बढ़ावा देता है। यह स्थिति आम आदमी के बजट पर अतिरिक्त दबाव डालेगी। सरकार को इस पर ध्यान देना होगा।

# विदेशी मुद्रा भंडार को लगा झटका

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, पांच जून को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 711 मिलियन डॉलर घटकर 681.610 अरब डॉलर हो गया है। विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में तेज गिरावट इसका मुख्य कारण रही।

भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 5 जून को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 711 मिलियन डॉलर कम हो गया है। यह गिरावट विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में तेज कमी के कारण हुई है। अब कुल भंडार 681.610 अरब डॉलर पर पहुंच गया है।

पिछले सप्ताह कुल भंडार 938 मिलियन डॉलर बढ़कर 682.321 अरब डॉलर हो गया था। पांच जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 2.704 अरब डॉलर घटकर 543.444 अरब डॉलर रह गईं। ये परिसंपत्तियां भंडार का एक प्रमुख घटक हैं। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी इकाइयों के मूल्य में उतार-चढ़ाव शामिल होता है।



हालांकि, इसी सप्ताह सोने के भंडार का मूल्य 1.975 अरब डॉलर बढ़कर 114.575 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 18 मिलियन डॉलर बढ़कर 18.765 अरब डॉलर हो गए। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के साथ भारत की आरक्षित स्थिति 4.826 अरब डॉलर रही।

विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा हिस्सा होती हैं। इनमें विभिन्न देशों की मुद्राएं शामिल होती हैं। इस बार इनमें 2.704 अरब डॉलर की बड़ी कमी दर्ज की गई है। यह कमी मुख्य रूप से यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में उतार-चढ़ाव के कारण होती है।

हां, इस सप्ताह सोने के भंडार में वृद्धि देखी गई है। सोने का मूल्य 1.975 अरब डॉलर बढ़कर 114.575 अरब डॉलर हो गया है। यह विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट को कुछ हद तक संतुलित करने में मदद करता है। विशेष आहरण अधिकार और आईएमएफ के साथ आरक्षित स्थिति में भी मामूली वृद्धि हुई है।

## आईडीबीआई बैंक ने बैंकिंग इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए हैकथॉन "आईडीबीआई इनोवेट 2026" लॉन्च किया

लखनऊ। आईडीबीआई बैंक का हैकथॉन, "आईडीबीआई इनोवेशन 2026" शुरू हो रहा है। इसका उद्देश्य बैंकिंग के परिवेश में इनोवेशन और डिजिटल परिवर्तन में तेजी लाना है। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ, आईडीबीआई बैंक ने किया। यह अगली जनरेशन की टेक्नोलॉजी अपनाने के बैंक के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।हैकथॉन की थीम, "बिल्ड। इंटीग्रेट। ट्रांसफॉर्म।" है। यह भारत के स्टार्टअप, फिनटेक, डेवलपर और इनोवेटर्स से आवेदन आमंत्रित करता है। यह अभियान क्रिएटिव और टेक्नोलॉजिकल टेलेंट की मदद से बैंकिंग उद्योग की चुनौतियों को हल करने की कोशिश करता है।इस अवसर पर श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ, आईडीबीआई बैंक ने कहा, "आईडीबीआई इनोवेट 2026 का उद्देश्य प्रतिभाशाली लोगों और इनोवेटिव आईडियाज़ को साथ लाकर ऐसे डायनामिक सॉल्यूशन देना है, जो बैंकिंग सेक्टर की चुनौतियों को हल कर सकें। यह हैकथॉन डिजिटल एक्सीलेंस और ग्राहक केंद्रित इनोवेशन की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करती है।"

## आईडीबीआई बैंक ने अमेरिकी डॉलर में एफसीएनआर (बी) स्पेशल अपॉर्च्युनिटी डिपॉज़िट पेश किया

**लखनऊ।** आईडीबीआई बैंक ने अमेरिकी डॉलर में एफसीएनआर (बी) स्पेशल अपॉर्च्युनिटी डिपॉज़िट पेश किया है। यह डिपॉज़िट नॉन-रेज़िडेंट भारतीय (एनआरआई) ग्राहकों को बेहतर रिटर्न प्रदान करेगा। इस डिपॉज़िट से उन्हें सुरक्षित और आकर्षक विदेशी करेंसी निवेश के अवसर मिलेंगे।ये विशेष दरें 11 जून, 2026 से 30 सितंबर, 2026 तक सीमित समय के लिए लागू होंगी।मूल राशि और ब्याज को पूरी तरह से स्वदेश भेजा जा सकेगा। एक्सचेंज दर के उतार-चढ़ाव से सुरक्षा मिलेगी क्योंकि डिपॉज़िट केवल अमेरिकी डॉलर में संभाले जाएंगे इस पर कमाए गए ब्याज पर भारत में इंकम टैक्स छूट मिलेगी, जो मौजूदा नियमों के अधीन होगी। लॉक-इन की कम से कम अवधि 1 साल है।

## प्याज किसानों के लिए बड़ा फैसला, सरकार ने खरीद कीमत बढ़ाकर 16.50 रुपये की



**नई दिल्ली।** महंगाई और बाजार के उतार-चढ़ाव के बीच सरकार ने प्याज किसानों को राहत देने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। शनिवार से सरकार ने अपने 'बफर स्टॉक' के लिए प्याज की खरीद दर को बढ़ाकर 16.50 रुपये प्रति किलो कर दिया है। हालांकि, देश के सबसे बड़े प्याज उत्पादक राज्य महाराष्ट्र के किसान इस बढ़ोतरी से पूरी तरह संतुष्ट नहीं हैं और वे 30 रुपये प्रति किलो के भाव की मांग कर रहे हैं।

सरकार ने बाजार में कीमतों को स्थिर रखने के लिए बनाए जाने वाले बफर स्टॉक की खरीद दर को 15.80 रुपये से बढ़ाकर 16.50 रुपये प्रति किलो (1,650 रुपये प्रति क्विंटल) कर दिया है। यह नई दर शनिवार (13 जून, 2026) से लागू हो गई है, जिसका मुख्य उद्देश्य किसानों की आमदनी को बढ़ाना और उन्हें बेहतर रिटर्न देना है।

## आखिर 'नेकेड एंड अफ्रेड : आदिमानव' इस साल का सबसे बहुप्रतीक्षित सर्वाइवल एडवेंचर शो क्यों है?

भारतीय दर्शकों ने अब तक रोमांचकारी शो, रियलिटी प्रतियोगिताएं और सहनशक्ति परखने के लिए बने कार्यक्रम तो बहुत देखे हैं, लेकिन डिस्कवरी का आगामी शो 'नेकेड एंड अफ्रेड : आदिमानव' भारतीय टेलीविजन पर पहले कभी न देखा गया सर्वाइवल अनुभव ला रहा है। वैश्विकस्तर पर सफल 'नेकेड एंड अफ्रेड' फ्रेंचाइजी के पहले भारतीय रूपांतरण के रूप में यह सीरीज रोमांच, सहनशक्ति और वास्तविक सर्वाइवल को एक साथ लाएगी, जिसमें प्रतिभागियों की सीमाओं को उनके अंतिम बिंदु तक परखा जाएगा। 15 जून को रात 11 बजे डिस्कवरी चैनल और डिस्कवरी प्लस पर प्रदर्शित होने वाला यह शो 6 भारतीय प्रतिभागियों को फिलिपींस के पलावन के खतरनाक जंगलों में ले जाएगा, जहां उन्हें अनजान जंगलों, अनिश्चित मौसम और विषम परिस्थितियों में सीमित संसाधनों के साथ बिना किसी आधुनिक सुविधाओं के रहना होगा। इसके बाद सूझबूझ, परिस्थितियों से तालमेल



बिठाने की क्षमता और दृढ़ संकल्प की असली परीक्षा होगी।

इस चुनौती को और भी आकर्षक बनाता है इसमें शामिल होने वाले अनोखे प्रतिभागियों का समूह। इसके लिए साथ आए हैं - भारत के सबसे युवा महिला एवरेस्ट पर्वतारोहियों में शामिल और महाराष्ट्र से माउंट एवरेस्ट शिखर तक पहुंचने वाली पहली महिला - कृष्णा पाटिल, सिंहगड के किले पर शिकंजी बेचने से शुरुआत कर एवरेस्ट फ़तेह की प्रेरक यात्रा वाले - लहू उखाड़े, हिमालयी अभियानों के नेता और लद्दाख से जंगल विशेषज्ञ - तेनजिंग जिगड्रेल, तीन लाख से ज्यादा सिगरेट के अवशेषों को रीसायकल कर जीव-जंतुओं को बचाने वाले संरक्षणकर्ता - निरित दत्ता, मिनिमलिस्ट एथलीट और वेलनेस कोच, जिन्होंने अपनी जिंदगी आत्मनिर्भरता पर बनाई है - सुदीप्ता मंडल, और मानसिक और शारीरिक सहनशक्ति की सीमाओं को लगातार चुनौती देने वाले हाइब्रिड एथलीट और कोच - देबीप्रसाद कर। यह सब साथ आकर अपने ख़ास अनुभव, सहनशक्ति और जीवित रहने की कला का एक अद्भुत अनुभव पेश करेंगे।

**अभूतपूर्व जीवन-रक्षा चुनौती**

पारंपरिक रियलिटी शो टास्क और एलिमिनेशन के प्रारूप पर बने होते हैं। लेकिन 'नेकेड एंड अफ्रेड : आदिमानव' प्रतिभागियों को फिलिपींस के पलावन जंगलों में वास्तविक जीवन रक्षा चुनौतियों के बीच उतारेगा, जहां हर निर्णय पर उनका जीवन निर्भर होगा। प्रतिभागियों को खाना ढूंढना होगा, रहने के लिए आश्रय बनाना होगा, जंगल में अपनी राह ढूंढनी होगी, गुफाओं, नदी किनाओं, और समुद्र तटों पर अत्यंत चुनौतीपूर्ण स्थिति में साथ रहकर काम करना होगा, ताकि वे शो से सुरक्षित निकासी तक पहुंच सकें। यह शो वैश्विक रूप से प्रसिद्ध कार्यक्रम की ही आत्मा को जीवित रखता है, जहां सभी प्रतिभागी अपने रोजमर्रा की जिंदगी के सुख-सुविधाओं से दूर जाकर अपने कौशल, जुगाड़ू दिमाग और मानसिक शक्ति पर ज्यादा निर्भर होंगे।

## मॉन्ट्रा इलेक्ट्रिक ने लखनऊ में नई ईउडब्ल्यू डीलरशिप के साथ अपनी मौजूदगी का विस्तार किया



**लखनऊ।** मॉन्ट्रा इलेक्ट्रिक, मुरुगप्पा ग्रुप की सस्टेनेबल मोबिलिटी ब्रांच, ने एसपी मोटर के साथ मिलकर लखनऊ में एक नई डीलरशिप शुरू करके उत्तर प्रदेश में अपनी मौजूदगी मजबूत की है। यह आउटलेट मॉन्ट्रा इलेक्ट्रिक के इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर पोर्टफोलियो की बिक्री और सर्विस करेगा, जिसमें पैसेंजर कैरियर सुपर ऑटो सुपर ऑटो और कार्गो कैरियर सुपर कार्गो सुपर कार्गो शामिल हैं।

लॉन्च के बाद लखनऊ के द लिली विलास होटल में सुपर ऑटो सुपर ऑटो और सुपर कार्गो सुपर कार्गो को पेश किया गया और शहर भर में एक व्हीकल रैली निकाली गई। इससे भारत के प्रमुख मोबिलिटी मार्केट में से एक में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को अपनाने को बढ़ावा देने के प्रति मॉन्ट्रा इलेक्ट्रिक की प्रतिबद्धता और समर्पण का पता चलता है। वाहन डेटा के अनुसार, उत्तर प्रदेश भारत के थ्री-व्हीलर इकोसिस्टम के केंद्र में है, जहां वित्तवर्ष 26 में 3 लाख से ज़्यादा थ्री-व्हीलर रजिस्टर हुए। मई 2026 में राज्य के कुल ईवी रजिस्ट्रेशन में इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर की हिस्सेदारी 58 प्रतिशत थी, जो इस सेगमेंट की बढ़ती लोकप्रियता को दिखाता है। लखनऊ में मॉन्ट्रा इलेक्ट्रिक के पहले से ही 500 से ज़्यादा वाहन चल रहे हैं, जिससे ऐसे मार्केट में इसकी स्थिति मजबूत हुई है जो तेजी से इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को अपना रहा है। नई डीलरशिप बिक्री और सर्विस के लिए वन-स्टॉप हब के तौर पर काम करेगी, जहां वाहनों की बिक्री, मेंटेनेंस, स्पेयर पार्ट्स और कस्टमर सपोर्ट जैसी सुविधाएं मिलेंगी। इस इंटीग्रेटेड सुविधा को वाहन के अपटाइम को बेहतर बनाने और लखनऊ व आस-पास के मार्केट में ग्राहकों को आसान ओनरशिप अनुभव देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस मौके पर श्री दीपेंद्र शर्मा, सीईओ-ई3डब्ल्यू, मॉन्ट्रा इलेक्ट्रिक (टीआई क्लीन मोबिलिटी) ने कहा कि 'उत्तर प्रदेश न सिर्फ़ देश का सबसे बड़ा थ्री-व्हीलर मार्केट है, बल्कि यह इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की ओर बढ़ने में भी सबसे आगे है। पूरे राज्य में इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर को तेज़ी से अपनाए जाने और ग्राहकों से मिले ज़बरदस्त रिस्पॉन्स से हमारा यह भरोसा और पक्का हो गया है कि ईवी 'लास्ट-माइल ट्रांसपोर्टेशन' (हर कोने तक परिवहन) के लिए लोगों की पहली पसंद बन रही हैं।

## मैगी में निकले कीड़े तो एफएसएसएआई ने भेजा नोटिस, दो मिनट में ही 3% धड़ाम हुआ नेस्ले इंडिया का शेयर

**नई दिल्ली।** दो मिनट में बनने वाली मैगी ने शेयर बाजार में नेस्ले इंडिया के निवेशकों को दो मिनट में ही भारी झटका दे दिया है। फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एफएसएसएआई) की ओर से मैगी नूडल्स में कीड़े मिलने की शिकायत पर नोटिस जारी करते ही कंपनी के शेयरों में भारी गिरावट दर्ज की गई। आइए आसान भाषा में समझते हैं कि नियामक ने कंपनी से क्या जवाब मांगा है और इस खबर ने शेयर बाजार में निवेशकों को क्यों डरा दिया है।

एफएसएसएआई को मैगी नूडल्स के एक पैकेट में कीड़े या लार्वा पाए जाने की शिकायत मिली थी। इस गंभीर शिकायत के बाद नियामक ने तुरंत कार्रवाई करते हुए कंपनी को नोटिस जारी कर दिया। इस खबर के सामने आते ही शुक्रवार को लाल निशान में कारोबार कर रहे नेस्ले के शेयरों में अचानक भारी बिकवाली शुरू हो गई।

जैसे ही निवेशकों को मैगी में कीड़े मिलने और स्नस्स्द्ध के नोटिस की भनक लगी, बाजार में पैनिक फैल गया। देखते ही देखते सिर्फ 2 मिनट के भीतर नेस्ले इंडिया का शेयर धड़ाम हो गया और इसमें 3 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई।

नियामक ने नेस्ले से एक विस्तृत एक्शन टेकन रिपोर्ट (एटीआर) प्रस्तुत करने को कहा है। इस रिपोर्ट के जरिए कंपनी को यह बताना होगा कि उसने इस मामले में अब तक क्या ठोस कदम उठाए हैं।

नियामक ने साफ तौर पर कहा है कि कंपनी को संबंधित विक्रेता की जानकारी, उस विशेष बैच की आंतरिक क्वालिटी जांच का रिकॉर्ड और सप्लाई चेन से प्रभावित उत्पादों को हटाने (रिकॉल) के लिए उठाए गए सुधारात्मक कदमों का पूरा ब्यौरा देना होगा। साथ ही भविष्य में ऐसी घटना न हो, इसके लिए लागू किए जा रहे उपायों की जानकारी भी मांगी गई है।

## कैरेटलेन के नए कलेक्शन में प्राकृतिक, अनगढ़ हीरों के साथ पोल्की का नया अंदाज़

**मुंबई।** टाटा परिवार के एक सदस्य और भारत के प्रमुख ओम्नी-चैनल ज्वेलरी ब्रांड, 'कैरेटलेन' ने प्रस्तुत किया है 'पोल्की' प्राकृतिक और अनगढ़ हीरों के आभूषणों का नया और शानदार कलेक्शन। पोल्की रेंज में भारत की सबसे पसंदीदा ज्वेलरी स्टाइल को आज की आधुनिक महिलाओं के लिए नए अंदाज़ में पेश किया गया है। समकालीन लाइफस्टाइल को ध्यान में रखकर तैयार किया गया यह वर्सेटाइल कलेक्शन बेहद खास है। हर दिन की खूबसूरती से लेकर त्योहारों के जश्न की चमक तक, इन आभूषणों को आप हर मौके पर बहुत ही आसानी से स्टाइल कर सकती हैं। 'रॉ, नेचुरल और अनकट' की मूल भावना से प्रेरित यह कलेक्शन, पोल्की हीरों की अनोखी खूबियों को उजागर करता है और उनके प्राकृतिक रूप व नैसर्गिक सुंदरता को सहेजता है। तराशे और पॉलिश किए गए हीरों के विपरीत, पोल्की हीरे अपनी मूल और अनगढ़ संरचना को बरकरार रखते हैं। यही खूबी इसके हर आभूषण




को सबसे अलग और अपने आप में अनूठा बनाती है। यह कलेक्शन हीरों के इस प्राकृतिक आकर्षण को उभार कर सामने लाने के साथ-साथ, व्यक्तित्व और आत्म-अभिव्यक्ति को एक नया अंदाज़ देता है। अलग-अलग कलात्मक दृष्टिकोणों को ध्यान में रखकर तैयार किए गए इन डिज़ाइन्स में आकर्षक मीनाकारी, जटिल 'तलफ़' कारीगरी, हर दौर में पसंद आने वाले मॉडर्न क्लासिक्स, और रत्नों से जड़े डिज़ाइन्स शामिल हैं। 60 से ज़्यादा डिज़ाइन्स का यह कलेक्शन अपनी अनूठी कलात्मक परंपराओं से जुड़ा हुआ है, जिसे कैरेटलेन ने अपनी आधुनिक डिज़ाइन भाषा और अनूठे अंदाज़ में पेश किया है। कैरेटलेन के एमडी सौमेन भौमिक ने कहा, 'भारतीय आभूषण परंपराओं में पोल्की का हमेशा से एक विशेष स्थान रहा है, जिसे इसकी प्राकृतिक सुंदरता और सदाबहार आकर्षण के लिए सराहा जाता है। इस कलेक्शन के ज़रिए, हम नई पीढ़ी के उन ग्राहकों के लिए पोल्की को एक नए रूप में पेश करना चाहते थे जो अपनी विरासत का सम्मान तो करते हैं, लेकिन ऐसे डिज़ाइन्स चाहते हैं जो उनकी रोज़ाना ज़िंदगी में आसानी से फिट हो सकें। इसीलिए हमने एक ऐसा कलेक्शन बनाया है जो प्राकृतिक, अनगढ़ हीरों के असली और स्वाभाविक रूप का जश्न मनाता है, और साथ ही पोल्की को आज की आधुनिक महिला के लिए अधिक वर्सेटाइल, पहनने में आसान, और अनुकूल बनाता है। '

## 2014 से 2026 तक का सफर आम आदमी के जीवन में बदलाव का प्रतीक: पंकज चौधरी



**लखनऊ।** केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित मीडिया संवाद में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बीते दशक में भारत ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक परिवर्तन देखा है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण, युवा आत्मनिर्भरता और किसान कल्याण सरकार की प्राथमिकता रहे हैं। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ', मुद्रा योजना और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा जैसी योजनाओं से व्यापक लाभ मिला है। मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश के करीब 3 करोड़ किसान पीएम किसान सम्मान निधि से लाभान्वित हो रहे हैं तथा गन्ना किसानों को ?3.22 लाख करोड़ से अधिक का भुगतान किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि देश के लगभग 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी जी ने आज पार्टी के कार्यक्रम में केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि विकास और विकास यात्रा अब विकसित भारत संकल्प में बदल चुकी है। उन्होंने 2014 से 2026 तक के 4402 दिनों को आम आदमी के जीवन में बदलाव का सफर बताया। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार 'नागरिक देवो भवः'की भावना के साथ कार्य कर रही हैं। सरकार ने आम नागरिक को विकास प्रक्रिया का सहभागी बनाया है और यही कारण है कि उत्तर प्रदेश आज कानून व्यवस्था, आधारभूत संरचना और निवेश के क्षेत्र में नई पहचान स्थापित कर चुका है।

श्री चौधरी जी ने मोदी सरकार के 12 साल पूरे होने पर लखनऊ के लोकभवन में आयोजित मीडिया संवाद कार्यक्रम में कहा कि आज आम आदमी विकास का भागीदार बना है। जनधन खातों के जरिए भ्रष्टाचार रोकने का प्रयास हुआ है।

## लखनऊ से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की पहली उड़ान भरेंगे नोएडा के 75 बड़े कारोबारी परिवार, ऐतिहासिक पल के बनेंगे गवाह

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के विकास इतिहास में 15 जून का दिन एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में दर्ज होने जा रहा है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए संचालित होने वाली पहली कमर्शियल उड़ान में शामिल होने के लिए नोएडा के 75 प्रमुख कारोबारी परिवार रविवार को लखनऊ पहुंचेंगे। ये सभी उद्योगपति और उद्यमी 15 जून की सुबह लखनऊ से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए रवाना होने वाली पहली ऐतिहासिक उड़ान के यात्री बनेंगे। यह केवल एक विमान यात्रा नहीं, बल्कि उस सपने का उत्सव है जिसका इंतजार वर्षों से नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र, उद्योग जगत, निवेशकों और लाखों घर खरीदारों को था। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को उत्तर भारत के सबसे बड़े आर्थिक इंजन के रूप में देखा जा रहा है, जो आने वाले वर्षों में निवेश, रोजगार, लॉजिस्टिक्स, पर्यटन और रियल एस्टेट क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण



भूमिका निभाएगा।

इस विशेष पहल का नेतृत्व सीआरसी ग्रुप ने किया है। कंपनी का कहना है कि यह यात्रा केवल एक शहर से दूसरे शहर तक पहुंचने का माध्यम नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश के सबसे महत्वाकांक्षी इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में से एक नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की शुरुआत का जश्न है। इन 75 कारोबारी परिवारों में रियल एस्टेट, मैन्युफैक्चरिंग, आईटी, शिक्षा, हॉस्पिटैलिटी और सेवा क्षेत्र से जुड़े प्रमुख उद्योगपति शामिल हैं। इनका योगदान नोएडा और आसपास के क्षेत्रों की आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने में महत्वपूर्ण माना जाता है। सीआरसी ग्रुप के निदेशक (बिजनेस मैनेजमेंट एवं मार्केटिंग) सलिल कुमार ने कहा, 'नोएडा की विकास गाथा तेजी से आगे बढ़ रही है और भारत का सबसे बड़ा एयरपोर्ट इस शहर के मुकुट में एक नई चमक जोड़ने जा रहा है। हमें गर्व है कि नोएडा के 75 प्रमुख कारोबारी परिवार इस ऐतिहासिक अवसर का हिस्सा बन रहे हैं। यह उड़ान केवल लखनऊ से नोएडा तक की यात्रा नहीं, बल्कि प्रदेश के आर्थिक विकास, निवेश और वैश्विक पहचान की नई उड़ान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट शुरू होने के बाद ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (त्रष्टष्ट), उद्योगों और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों की रुचि इस क्षेत्र में और बढ़ेगी। इससे निवेश, रोजगार, पर्यटन, लॉजिस्टिक्स और रियल एस्टेट सेक्टर को नई गति मिलेगी। लखनऊ पहुंचने के बाद अतिथियों के लिए विशेष स्वागत और नेटवर्किंग कार्यक्रम भी आयोजित किए गए हैं। इसमें उद्योग जगत के प्रतिनिधि एयरपोर्ट से जुड़ी संभावनाओं, निवेश के नए अवसरों और क्षेत्रीय आर्थिक विकास पर चर्चा कर रहे हैं। व्यापार जगत का मानना है कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के संचालन से नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी। साथ ही प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार और उद्यमिता के नए अवसर भी खुलेंगे। 15 जून की सुबह जब लखनऊ से पहली कमर्शियल फ्लाइट नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरेगी, तब उसमें सवार ये 75 कारोबारी परिवार केवल यात्री नहीं होंगे, बल्कि उत्तर प्रदेश के विकास के एक नए अध्याय के प्रत्यक्ष साक्षी भी बनेंगे।

## इनफिनिक्स स्मार्ट 20 की बिक्री शुरू, शुरुआती कीमत 11,999

इन्फिनिक्स ने अपने नए स्मार्टफोन इन्फिनिक्स स्मार्ट 20 की बिक्री भारत में 12 जून से शुरू कर दी है। यह स्मार्टफोन फिलिप्कार्ट और चुनिंदा रिटेल स्टोर्स पर उपलब्ध होगा। कंपनी ने इसे 'पतला, स्मूथ और मजबूत' थीम के साथ पेश किया है। लॉन्च ऑफर्स के साथ इसकी शुरुआती प्रभावी कीमत 11,999 रखी गई है। स्मार्ट 20 में 7.7 एम एम अल्ट्रा-स्लिम डिज़ाइन और 6.78 इंच का पंच-होल डिस्प्ले दिया गया है, जो 120H5 रिफ्रेश रेट और 700 निट्स ब्राइटनेस के साथ आता है। यह स्मार्टफोन मीडियाटेक हीलियो त्र81 अल्टीमेट प्रोसेसर से लैस है और 4GB रैम के साथ 4GB एक्सटेंडेड रैम तथा 128GB तक स्टोरेज सपोर्ट करता है।

फोन में 5200 एम एच की बैटरी दी गई है, जो 15W फास्ट चार्जिंग और 5 वाट रिवर्स चार्जिंग



सपोर्ट करती है। डिवाइस आईपी 64 डस्ट और वॉटर रेजिस्टेंस के साथ आता है और 25,000 से अधिक ड्रॉप टेस्ट पास कर चुका है।

इसमें अल्ट्रा लिंक फीचर भी है, जो बिना नेटवर्क के 1 किलोमीटर तक कॉलिंग और मैसेजिंग की सुविधा देता है। फोन एंड्रॉयड 16 आधारित ङ्गह्रस् 16 पर चलता है और इनफिनिक्स एआई फीचर्स से लैस है। इसकी कीमत 4GB+64GB+ वेरिएंट के लिए 12,499 और 4GB+128GB के लिए 13,999 है।

# बाल श्रम के खिलाफ कुशीनगर में महाअभियान, 15 बाल श्रमिक कराए गए मुक्त

**अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर निकली जागरूकता रैली, डीएम ने दिखाई हरी झंडी**

अवधनामा ब्यूरो



जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाते डीएम

**कुशीनगर।** अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर गुरुवार को कुशीनगर में बाल श्रम उन्मूलन को लेकर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। कलेक्ट्रेट परिसर से जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने विशाल जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान बाल श्रम मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लेते हुए लोगों को बच्चों के अधिकारों और शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया गया।

रैली में श्रम विभाग, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, बाल कल्याण समिति, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट समेत विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं के 200 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने हाथों में तख्तियां लेकर ''हर बच्चा स्कूल जाए'', ''बाल श्रम अपराध है'' और ''बाल श्रम मुक्त समाज का निर्माण करें'' जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. चन्द्र प्रकाश वर्मा तथा श्रम प्रवर्तन अधिकारी अलंकृता उपाध्याय ने हस्ताक्षर अभियान का शुभारम्भ करते हुए जनपद को बाल श्रम मुक्त बनाने का आह्वान किया। अभियान के तहत श्रम विभाग की टीम ने रवीन्द्रनगर से कसया तक सघन निरीक्षण अभियान चलाया। बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 एवं संशोधित अधिनियम-2016 के अंतर्गत विभिन्न प्रतिष्ठानों की जांच के दौरान 15 बाल एवं किशोर श्रमिकों को चिन्हित कर मुक्त कराया गया। साथ ही बाल श्रमिकों से कार्य कराने वाले नियोक्ताओं के विरुद्ध विधिक कार्रवाई भी शुरू की गई। दोपहर में पडरौना में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों के साथ आयोजित बैठक में बाल श्रम निषेध कानून की जानकारी दी गई और सभी से बाल श्रम मुक्त कुशीनगर बनाने में सहयोग की अपील की गई। बैठक को संबोधित करते हुए शिक्षाविद् डॉ. सी.वी. सिंह ने कहा कि बच्चों को शिक्षा, सुरक्षा और सम्मानजनक बचपन उपलब्ध कराना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बाल श्रम के खिलाफ केवल सरकारी प्रयास ही नहीं, बल्कि सामाजिक सहभागिता भी आवश्यक है।

कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी अरुण दूबे, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अमित शाही, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के प्रभारी विद्याधर कुशवाहा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## वृद्धावस्था पेंशन के लिए आधार नहीं होगा आयु प्रमाण

**अमेठी।** जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत आवेदन स्वीकृति एवं पेंशन वितरण की प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन संचालित की जा रही है। शासन द्वारा नगरीय क्षेत्रों में वृद्धावस्था पेंशन के लिए आयु सत्यापन संबंधी प्रक्रिया में आंशिक संशोधन करते हुए नए निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ द्वारा आधार कार्ड को जन्मतिथि के प्रमाण के रूप में स्वीकार न किए जाने के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में आवेदकों की आयु सत्यापित करने के लिए परिवार/कुटुम्ब रजिस्टर उपलब्ध रहता है जबकि नगरीय क्षेत्रों में इस प्रकार का अभिलेख उपलब्ध नहीं होने से आयु सत्यापन में कठिनाइयाँ आ रही थीं। नगरीय क्षेत्रों में रहने वाले ऐसे वृद्धजन जिनके पास हाईस्कूल स्तर का प्रमाण-पत्र उपलब्ध नहीं है उनकी आयु सत्यापित करने हेतु राशन कार्ड मतदाता पहचान पत्र ड्राइविंग लाइसेंस पासपोर्ट एवं पैन कार्ड को भी दस्तावेज के रूप में स्वीकार किया जाएगा।

# रेलवे स्टेशन, चीनी मिल मार्ग और प्रकाश व्यवस्था के लिए चेयरमैन ने उठाई आवाज

अवधनामा संवाददाता

**रेलवे और चीनी मिल प्रबंधन को भेजे पत्र**

**सेवरही, कुशीनगर।** नगर पंचायत सेवरही की अध्यक्ष सोनिया जायसवाल ने नगर क्षेत्र की प्रमुख जनसमस्याओं को लेकर रेलवे प्रशासन और चीनी मिल प्रबंधन को पत्र भेजकर त्वरित कार्रवाई की मांग की है। अध्यक्ष द्वारा भेजे गए तीन अलग-अलग पत्रों में सड़क, प्रकाश व्यवस्था और यातायात संबंधी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया है।

अध्यक्ष ने पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर के महाप्रबंधक को भेजे पत्र में तमकुहीरोड रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था न होने का मुद्दा उठाया है। उन्होंने कहा कि स्टेशन परिसर और मुख्य मार्ग पर अंधेरा रहने से रेल यात्रियों एवं स्थानीय नागरिकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। नगर पंचायत ने जनहित में रेलवे स्टेशन के गेट के मध्य एक हाईमास्ट लाइट स्थापित करने की अनुमति प्रदान किए जाने का अनुरोध किया है।

एक अन्य पत्र में अध्यक्ष ने तमकुहीरोड रेलवे स्टेशन के प्रवेश मार्ग की जर्जर स्थिति का उल्लेख करते हुए मानसून से पूर्व सीसी सड़क निर्माण कराने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि मुख्य सड़क से स्टेशन परिसर तक का मार्ग गड्ढों में तब्दील हो चुका है, जिससे बरसात के दौरान जलभराव और कीचड़ की समस्या बढ़ जाती है। इसके कारण यात्रियों को आवागमन में परेशानी होती है तथा दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। वहीं, अध्यक्ष द्वारा डी यूनाइटेड प्रोविन्सेज शुगर कंपनी लिमिटेड (सेवरही चीनी मिल) के अधिशासी निदेशक को भेजे गए पत्र में चीनी मिल क्षेत्र से जुड़े मार्गों के पुनर्निर्माण की मांग की गई है। पत्र में कहा गया है कि गन्ना ट्रकों और अन्य भारी वाहनों के लगातार आवागमन से वार्ड संख्या 15 मालवीय नगर से मिल गेट तथा मुख्य पीडब्ल्यूडी मार्ग तक की सड़कें अत्यधिक क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। सड़क पर उड़ने वाली धूल, कीचड़ और गड्ढों के कारण स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तथा स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी उत्पन्न हो रही हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष ने अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि पूर्व में भी चीनी मिल प्रबंधन को सड़क निर्माण के लिए अवगत कराया गया था और आश्वासन भी मिला था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र सड़क का पुनर्निर्माण नहीं कराया गया तो नगर पंचायत नियमानुसार कार्रवाई करते हुए चीनी मिल से आने-जाने वाले गन्ना ट्रकों एवं भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाने पर विचार कर सकती है। नगर पंचायत की इस पहल को स्थानीय नागरिकों ने जनहित में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए संबंधित विभागों और संस्थाओं से शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा जताई है।

# यू0पी0-112 जनपद-बस्ती को रेन्ज व जोन में प्रथम तथा प्रदेश में मिला द्वितीय स्थान

अवधनामा संवाददाता



**बस्ती।** पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक श्यामकान्त एवं क्षेत्राधिकारी सदर सत्येन्द्र भूषण तिवारी के मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक यू0पी0-112 राणा देवेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा प्रभारी उ0नि0 चन्द्रकेश राय,उ0नि0 सुबाष चन्द्र वर्मा,प्रभारी फीडबैक सेल उ0नि0 मेवालाल व प्रशिक्षक रत्नाकर पाण्डेय की मौजूदगी में पुलिस लाइन सभागार में यू0पी0-112 जनपद बस्ती के रेंज एवं पीआरवी पर नियुक्त कर्मचारीगण की पाक्षिक समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। यूपी-112,जनपद-बस्ती द्वारा कॉलर / पीड़ित को उनके आपातकाल में औसतन मात्र 03:47 मिनट में पुलिस सहायता प्रदान करते हुए माह मई,2026 में रेन्ज व जोन में प्रथम स्थान व प्रदेश के जनपदों में द्वितीय स्थान प्राप्त किया गया है । जिसके दृष्टिगत बस्ती अन्तर्गत संचालित पीआरवी P32DG5517 के हे0का0 धीरेन्द्र यादव,का0 श्रवण कुमार व हो0गा0चा0 बृजभूषण भट्ट द्वारा औसतन मात्र 01:52 मिनट में कॉलर / पीड़ित को पुलिस सहायता प्रदान करायी गयी । पीआरवी P32DG 9526 के का0 नीरज यादव द्वारा कॉलरों को संतुष्ट किया गया । उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले उपरोक्त पीआरवी कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। सीएम डैशबोर्ड पर जनपद की रैंकिंग की मासिक समीक्षा करते हुए पीआरवी कर्मियों को रिस्पांस टाइम तथा कालर संतुष्टि प्रतिशत बेहतर करने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही साथ मैनुअल के अनुसार वर्दी सामान रूप से धारण करने एवं अनुशासन में रहने, PRV को साफ रखने, गम्भीर इवेण्टों से उच्चाधिकारीगणों को अवगत कराने, इवेण्ट पर पहुंचकर संदिग्ध वस्तु पर नजर रखते हुए वीडियोग्राफी करने तथा पीआरवी कर्मियों द्वारा की गयी कार्यवाही के सम्पूर्ण तथ्यों को अंकित करने हेतु निर्देशित किया गया। उल्लेखनीय है कि पीआरवी कर्मियों की कार्यशाला के जरिए एवं प्रत्येक स्तर पर निगरानी किये जाने के फलस्वरुप पीआरवी का रिस्पांस टाइम प्रदेश के टॉप के जनपदों में जगह बनाने में सफल रहे हैं एवं पुलिस का व्यवहार प्रदेश के जनपदों में बस्ती जनपद से लगातार उच्च स्तर पर पहुंचाने में अग्रसर है ।

# पेट्रोल-डीजल बिक्री को लेकर नई व्यवस्था लागू, 90 दिन तक रहेंगे विशेष प्रतिबंध

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के निर्देशों के अनुपालन में मोटर स्पिरिट (एमएस/पेट्रोल) एवं उच्च वेग डीजल (एचएसडी) के निर्गमन और बिक्री संबंधी नई व्यवस्था लागू कर दी गई है। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशों के तहत पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति और अधिप्राप्ति पर अस्थायी प्रतिबंध एवं विनियमन संबंधी प्रावधान प्रभावी किए गए हैं।

नई व्यवस्था के अनुसार संस्थागत, प्रत्यक्ष, औद्योगिक तथा व्यावसायिक उपभोक्ता अब खुदरा विक्रय केन्द्रों (पेट्रोल पंपों) से एमएस एवं एचएसडी की खरीद नहीं कर सकेंगे। ऐसे उपभोक्ताओं को अपनी ईंधन आवश्यकता की पूर्ति केवल अपने अधिकृत उपभोक्ता पंपों के माध्यम से करनी होगी। इसके अलावा, खुदरा विक्रय केन्द्रों द्वारा डीजल (एचएसडी) की बिक्री केवल वाहनों के टैंकों अथवा पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन (क्वम्ैव्) से अनुमोदित कंटेनरों में ही की जाएगी। किसी एक ग्राहक या वाहन को एक दिन में 200 लीटर से अधिक डीजल नहीं बेचा जाएगा। साथ ही, खरीदे गए ईंधन की पुनर्बिक्री भी प्रतिबंधित रहेगी। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि तेल विपणन कंपनियों एवं पेट्रोल पंप संचालकों को इन निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। किसी भी प्रकार के उल्लंघन को रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। यह व्यवस्था आदेश जारी होने की तिथि से प्रारंभ होकर अधिकतम 90 दिनों की अवधि तक अथवा अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी। आवश्यकता पड़ने पर इसकी अवधि पृथक आदेश के माध्यम से बढ़ाई जा सकती है। जिला पूर्ति अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि एमएस/एचएसडी निर्गमन संबंधी पूर्व में जारी सभी आदेश तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिए गए हैं।

## धोखाधड़ी एवं कूट रचना का आरोपी गिरफ्तार

**बस्ती।** पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्यामकांत के कुशल निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी कलवारी प्रदीप त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष नगर, भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में चौकी प्रभारी करहली एवं थाना नगर पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-149/2026 धारा-319(2), 318(4), 338, 336(3), 340(2), 131 BNS धोखाधड़ी एवं कुटरचना करके मदरसे में जीवित ब्यक्ति को मृत दिखा अपने परिजनों को नियुक्ति करने वाला अभियुक्त बाहर भागने के फिराक में था। नगर पुलिस द्वारा आज प्रातः 06:30 बजे फुटहिया से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण**

1.अब्दुर्रव पुत्र विसमिल्लाह निवासी ग्राम मटेरा थाना नगर जनपद बस्ती उम्र 48 वर्ष।

# न्यायालय के आदेश पर जब्त 3200 लीटर डीजल की बिक्री होगी, आवेदन आमंत्रित

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** न्यायालय के आदेश के अनुपालन में जब्त किए गए 3200 लीटर डीजल के विक्रय की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) न्यायालय, कुशीनगर में विचाराधीन वाद संख्या 1033/2026 सरकार बनाम सत्तन पासवान में पारित आदेश के तहत मेसर्स सोनकर फिलिंग स्टेशन, ग्राम खिरकिया, तहसील पडरौना की सुपुर्दगी में सुरक्षित रखे गए 3200 लीटर डीजल को वर्तमान प्रचलित दर पर बेचा जाएगा।

जिला पूर्ति अधिकारी के अनुसार माल एवं यात्री परिवहन, कृषि कार्य, आपातकालीन सेवाओं तथा अन्य आवश्यक जनोपयोगी कार्यों से जुड़े व्यक्ति अथवा फर्म डीजल खरीदने के पात्र होंगे। प्रत्येक व्यक्ति या फर्म को अधिकतम 200 लीटर डीजल ही उपलब्ध कराया जाएगा। इच्छुक व्यक्ति एवं फर्में 15 जून से 20 जून 2026 तक कार्यालय अवधि में जिला पूर्ति कार्यालय, कुशीनगर पहुंचकर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार डीजल खरीद सकते हैं। इसके लिए पहचान पत्र एवं संबंधित कार्य से जुड़े आवश्यक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

अधिकारी ने स्पष्ट किया कि खरीदे गए डीजल का पुनर्विक्रय प्रतिबंधित रहेगा तथा उसका उपयोग केवल वैध एवं निर्धारित उद्देश्यों के लिए ही किया जा सकेगा। साथ ही, एक परिवार से केवल एक सदस्य को ही डीजल खरीदने की अनुमति दी जाएगी। जिला प्रशासन ने जनसामान्य से निर्धारित शर्तों एवं समयावधि के भीतर आवेदन कर प्रक्रिया पूरी करने की अपील की है।

## पैरवी सेल व थाना छावनी पुलिस द्वारा की गयी प्रभावी पैरवी से अभियुक्त को मिली सजा

**बस्ती।** दिनांक-12.10.2011 को वादी मुकदमा द्वारा थाना छावनी पर दिए गए तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0-1132/2011 धारा-323,325,504 IPC व 3(1) X SC/ST एक्ट बनाम 1. राम सुग्रीव मौर्य पुत्र ननकऊ निवासी पानड़ थाना छावनी जनपद बस्ती के विरुद्ध पंजीकृत कर विवेचक द्वारा विवेचना पूर्ण कर आरोप पत्र माननीय न्यायालय प्रेषित किया गया। पुलिस अधीक्षक बस्ती के निर्देशन में पैरवी सेल बस्ती एवं थाना छावनी पुलिस की प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप अभियुक्त 1. राम सुग्रीव मौर्य पुत्र ननकऊ उपरोक्त को दिनांक-12.06.2026 को माननीय न्यायालय ASJ/SPL/SC/ST कोर्ट बस्ती द्वारा 03 वर्ष के कठोर कारावास व रुपये 80,000/- के अर्थदंड की सजा सुनाई गयी ।

# मसालों की गुणवत्ता जांचने को चला विशेष अभियान, 8 नमूने जांच के लिए भेजे गए

अवधनामा ब्यूरो



किराने की दुकान में गुणवत्ता जांच करती खाद्य विभाग की टीम

**कुशीनगर।** जनस्वास्थ्य की सुरक्षा एवं उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने जनपद में विशेष प्रवर्तन एवं छापामार अभियान चलाया। दो दिवसीय अभियान के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से मसाला उत्पादों के आठ नमूने संग्रहित कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं।

आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश के निर्देश पर 11 एवं 12 जून को संचालित इस विशेष अभियान में सहायक आयुक्त (खाद्य)-द्वितीय के निर्देशन तथा मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी योगेश कुमार राय के नेतृत्व में टीम ने जनपद के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। अभियान के तहत धनिया पाउडर, हल्दी पाउडर, साबुत हल्दी एवं सब्जी मसाला सहित कुल आठ खाद्य नमूने लिए गए। यह कार्रवाई पडरौना, रामकोला, हाटा, कसया, दुदही और विशुनपुरा क्षेत्र के विभिन्न प्रतिष्ठानों पर की गई। विभागीय अधिकारियों के अनुसार सभी नमूनों को विशेष वाहक के माध्यम से खाद्य प्रयोगशाला भेज दिया गया है, जहां उनकी गुणवत्ता एवं खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप जांच की जाएगी। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद यदि किसी नमूने में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के प्रावधानों का उल्लंघन पाया जाता है, तो संबंधित कारोबारियों के खिलाफ नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी। सहायक आयुक्त (खाद्य)-द्वितीय ने कहा कि खाद्य पदार्थों में मिलावट और गुणवत्ता संबंधी अनियमितताओं के विरुद्ध विभाग का अभियान लगातार जारी रहेगा तथा उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं होने दिया जाएगा। छापेमारी टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी कन्हैया लाल वर्मा, राम बुझावन चौहान, विजय कुमार यादव, धर्मराज शुक्ल एवं रजनी मौर्या सहित अन्य विभागीय अधिकारी और कर्मचारी शामिल रहे। विभाग ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे केवल मानक एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थों का ही उपयोग करें तथा किसी भी संदिग्ध खाद्य सामग्री की सूचना विभाग को उपलब्ध कराएं, ताकि कार्रवाई की जा सके।

# पडरौना में जलभराव से निजात के लिए 29.06 करोड़ की ड्रेनेज परियोजना शासन को भेजी गई

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिला मुख्यालय पडरौना में वर्षों से चली आ रही जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने रवीन्द्र नगर धूस क्षेत्र में आधुनिक स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम के निर्माण हेतु 29.06 करोड़ रुपये की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) स्वीकृति एवं धनराशि आवंटन के लिए उत्तर प्रदेश शासन को भेजी है।

उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) द्वारा तैयार इस परियोजना के तहत कलेक्ट्रेट, विकास भवन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, मेडिकल कॉलेज सहित विभिन्न शासकीय परिसरों और आसपास के क्षेत्रों में वर्षा जल निकासी की समुचित व्यवस्था विकसित की जाएगी। इसका उद्देश्य मानसून के दौरान होने वाले जलभराव को समाप्त कर प्रभावी जल निकासी सुनिश्चित करना है। डीपीआर के अनुसार रवीन्द्र नगर धूस जनपद का प्रमुख प्रशासनिक केंद्र है, जहां कई महत्वपूर्ण सरकारी कार्यालय स्थित हैं। क्षेत्र की समतल भौगोलिक संरचना, उच्च भूजल स्तर तथा प्रतिवर्ष 1100 से 1400 मिमी तक होने वाली वर्षा के कारण यहां जलभराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है, जिससे आमजन और सरकारी कार्य प्रभावित होते हैं। प्रस्तावित योजना में वैज्ञानिक मानकों और सीपीएचईईओ (CPHEEO) के दिशा-निर्देशों के अनुरूप नया ड्रेनेज नेटवर्क विकसित किया जाएगा। परियोजना की कुल लागत 2906.16 लाख रुपये निर्धारित की गई है, जिसमें निर्माण कार्य, जीएसटी, श्रम उपकर, सेन्टेज एवं अन्य आवश्यक व्यय शामिल हैं। योजना पूर्ण होने के बाद इसके संचालन एवं रखरखाव की जिम्मेदारी नगर पालिका परिषद पडरौना को सौंपी जाएगी। जिलाधिकारी ने शासन को भेजे गए प्रस्ताव में कहा है कि परियोजना के क्रियान्वयन से जिला मुख्यालय क्षेत्र में जलभराव की समस्या का प्रभावी समाधान होगा, शासकीय कार्यों की सुगमता बढ़ेगी तथा नागरिकों को बेहतर शहरी आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

## प्रवक्ता भर्ती परीक्षा को लेकर हुई समीक्षा बैठक



**अमेठी।** जनपद में 14 जून 2026 को आयोजित होने वाली प्रवक्ता भर्ती परीक्षा को शांतिपूर्ण नकलविहीन एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। इसी क्रम में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सेक्टर मजिस्ट्रेट स्टेटिक मजिस्ट्रेट केंद्र व्यवस्थापक तथा कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने परीक्षा की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा करते हुए सभी जिम्मेदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष और व्यवस्थित ढंग से कराई जाए। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था अनुक्रमांक के अनुसार की जाए। परीक्षा के दौरान कड़ी निगरानी रखने के लिए पुलिस बल फ्लाइंग स्क्वॉड एवं सीसीटीवी सिस्टम का प्रभावी उपयोग किया जाएगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों के भीतर किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित वस्तु के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके लिए अभ्यर्थियों की सघन तलाशी ली जाएगी। साथ ही शासन एवं आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए सभी विभागों के बीच समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए गए। गौरतलब है कि जनपद के कुल 07 परीक्षा केंद्रों पर यह भर्ती परीक्षा आयोजित की जाएगी जिसमें लगभग 2791 अभ्यर्थी शामिल होंगे। प्रशासन ने परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए व्यापक तैयारियां सुनिश्चित की हैं।

## नव निर्मित सड़कों की गुणवत्ता जांच के आदेश

**अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने बताया कि जनपद में नवनिर्मित सड़क मार्गों के निर्माण कार्य में कथित अनियमितताओं के संबंध में मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि सड़क मार्ग निर्माण कार्य की निष्पक्ष एवं विस्तृत जांच सुनिश्चित करने हेतु मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में एक जांच समिति गठित की गई है। समिति द्वारा प्रकरण के सभी तथ्यों एवं तकनीकी पहलुओं की जांच कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। जिलाधिकारी ने आगे बताया कि जांच समिति की रिपोर्ट प्राप्त होने तक संबंधित ठेकेदार के किसी भी बकाया भुगतान का निस्तारण न किए जाने के निर्देश लोक निर्माण विभाग को दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि जांच समिति द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों अथवा संस्थाओं के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। प्रशासन गुणवत्ता एवं पारदर्शिता के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

## पैरवी सेल व मुंडेरवा पुलिस की प्रभावी पैरवी से गैर इरादतन हत्या के प्रयास के अभियुक्त को मिली सजा

**बस्ती।** 10.09.2019 को वादी मुकदमा द्वारा थाना मुंडेरवा पर दिए गए तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0- 192/2019 धारा- 308,504,506 IPC बनाम 1. शाहिद अख्तर उर्फ़ शक्कर पुत्र जलालुद्दीन निवासी भोदल बाजार थाना मुंडेरवा जनपद बस्ती के विरुद्ध पंजीकृत कर विवेचक द्वारा विवेचना पूर्ण कर आरोप पत्र माननीय न्यायालय प्रेषित किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पैरवी सेल बस्ती एवं थाना मुंडेरवा पुलिस की प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप अभियुक्त 1. शाहिद अख्तर उर्फ़ शक्कर पुत्र जलालुद्दीन उपरोक्त को दिनांक-12.06.2026 को माननीय न्यायालय प्रथम कोर्ट बस्ती द्वारा 04 वर्ष के कठोर कारावास व रुपये 10,000/- के अर्थदंड की सजा सुनाई गयी ।

# 30 लाख रुपए के अवैध स्मैक के साथ तीन गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** कोतवाली, स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त टीम भूरे रंग का0 126.98 ग्राम अवैध नशीला पर अजय व करीब 16.89 ग्राम व जन की103 पुड़िया के साथ-साथ तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार- किया, जिसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत लगभग 30 लाख रुपए बताया जा रहा है ।

पुलिस सूतरो ने बनता कि पुलिस अधीक्षक, डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक श्यामकांत के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सदर सत्येंद्र भूषण तिवारी के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली एवं स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त टीम के द्वारा आज दिनांक-12.06.2026 को अभियुक्त 1.अमन गुप्ता पुत्र राम सुभावन गुप्ता निवासी बसिया थाना कोतवाली जनपद बस्ती उम्र करीब 21वर्ष, 2.विशाल अग्रहरी उर्फ छोटू पुत्र विजय प्रकाश निवासी बरगदवा थाना कोतवाली जनपद बस्ती उम्र करीब 22 वर्ष, 3.अखिलेश चौधरी पुत्र हृदय राम चौधरी निवासी बसिया थाना कोतवाली जनपद बस्ती उम्र करीब 19 वर्ष को अवैध नशीला पाउडर भूरे रंग का वजन 126.98 ग्राम एवं 103 पुड़िया वजन करीब 16.89 ग्राम अवैध स्मैक (जिसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत लगभग 30 लाख रुपए) व जामा तलाशी से प्राप्त कुल ?370/- व दो मोबाइल के साथ समय 01.15 बजे घटनास्थल अमहट पुल से आगे फुटहिया मोड से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-258/2026 धारा- 8/21 NDPS Act व 3(5) क्व्हस् पंजीकृत कर मा0 न्यायालय न्यायालय भेज जा रहा है।

बरामदगी के दौरान अवैध नशीला पाउडर भूरे रंग का वजन 126.98 ग्राम एवं 103 पुड़िया वजन करीब 16.89 ग्राम अवैध स्मैक (जिसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत लगभग 30 लाख रुपए) जामा तलाशी में ?370/- व दो मोबाइल बरामद हुआ।

अभियुक्त विशाल अग्रहरी उर्फ छोटू पुत्र विजय प्रकाश का आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0- 132/23 थाना धारा 8/ 20 एनडीपीएस एक्ट थाना कप्तानगंज जनपद बस्ती।

2. मु0अ0सं0- 450/25 धारा 8/20 NDPS Act थाना कोतवाली जनपद बस्ती।

**गिरफ्तार करने वाली संयुक्त पुलिस टीम का विवरण**

1.प्रभारी निरीक्षक कोतवाली श्री मोती चंद थाना कोतवाली जनपद बस्ती, 2.स्वाट प्रभारी उपनिरीक्षक श्री शेषनाथ यादव स्वाट/सर्विलांस जनपद बस्ती। 3.उ0नि0 जितेंद्र सिंह चौकी प्रभारी बड़ेबन थाना कोतवाली जनपद बस्ती। 4.उपनिरीक्षक अजय कुमार यादव चौकी प्रभारी जेल गेट थाना कोतवाली जनपद बस्ती। 5.हे0का0 रमेंश यादव, पवन तिवारी, मृत्युन्जय कुशवाहा, का0 शुभेन्दु तिवारी स्वाट टीम जनपद बस्ती। 6.देवेश यादव सर्विलांस सेल जनपद बस्ती। 7.का0 धनंजय यादव हितेश यादव थाना कोतवाली जनपद बस्ती। 8.का0 राम सिंह, विजय कुमार यादव थाना कोतवाली जनपद बस्ती।

## स्टॉक एवं बिक्री अभिलेखों में अनियमितता पर इफको किसान सेवा केंद्रों सहित चार संस्थानों को नोटिस

**अमेठी।** जनपद में उर्वरकों की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाए रखने के उद्देश्य से जिला कृषि अधिकारी देवेन्द्र सिंह निरंजन द्वारा गुरुवार को विभिन्न उर्वरक विक्रय केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों में अनियमितता पाए जाने पर इफको किसान सेवा केंद्र गौरीगंज इफको किसान सेवा केंद्र जायस तथा साधन सहकारी समिति लिमिटेड ब्रहमनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। वहीं साधन सहकारी समिति लिमिटेड ओदारी निरीक्षण के समय बंद पाए जाने पर उसे भी नोटिस जारी किया गया है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि संबंधित संस्थानों में स्टॉक एवं उर्वरक वितरण अभिलेख पूर्ण रूप से अद्यतन नहीं पाए गए जिसके कारण स्पष्टीकरण मांगा गया है। उन्होंने सभी फुटकर उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया कि बिक्री रजिस्टर में विवरणों के अतिरिक्त प्रत्येक किसान का मोबाइल नंबर खतौनी नंबर तथा फार्मर आईडी का अंकन अनिवार्य रूप से किया जाए।

# सम्भागीय परिवहन कार्यालय में किया गया विशेष कैम्प का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** सम्भागीय परिवहन कार्यालय के सभागार में गुरूवार को आटोरिक्शा एवं टैक्सी चालकों का एक विशेष कैम्प आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 50 चालकों ने प्रतिभाग किया ।कैम्प मे उपस्थित जनों को संभागीय परिवहन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत परिवार के मुखिया के साथ-साथ परिवार के सदस्यों को भी प्रतिवर्ष 5 लाख रू0 तक का स्वास्थ्य बीमा की सुविधा प्रदान की गयी है। चालक के स्वयं अथवा किसी परिवारीजन के साधारण बीमारी के साथ-साथ गम्भीर बीमारी से ग्रस्त होने पर रू0 5 लाख तक का कैशलेस इलाज की सुविधा प्राप्त होगी।

कहा कि इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए चालक अपना ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड एवं राशन कार्ड/परिवार रजिस्टर की प्रति सम्भागीय परिवहन कार्यालय, बस्ती के परमिट अनुभाग में महेश कुमार (वरिष्ठ सहायक) को उपलब्ध करा दें, ताकि सूचना मुख्यालय को प्रेषित कर दी जाये। उक्त बैठक में फरीदउद्दीन, सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), के साथ सुरेश कुमार गौर्य, सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), माला बाजपेयी, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, यात्रीकर अधिकारी एवं कार्यालय के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# बाइक चोरी करने वाले दो बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**टूंडला।** पुलिस ने बुधवार देर रात मुठभेड़ के दौरान दो अंतरजनपदीय बदमाशों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में एक बदमाश पैर में गोली लगने से गंभीर घायल हो गया। घायल बदमाश को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा है। सीओ अरुण कुमार चौरसिया ने बताया की चैकिंग के दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि पुराना बाईपास रोड राजा का ताल गेल गैस के पीछे झाड़ियों में चोरी बाइकें छिपाकर ग्राहकों को बेच रहे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों बदमाशों को चारों तरफ से घेर लिया। अपने आप को घिरता देख बदमाशों ने पुलिस पर फायर कर दिया। पुलिस ने आत्मरक्षा में एक बदमाश के पैर में गोली मार दी। गोली लगने से विकास निवासी हुमायूंपुर थाना दक्षिण फिरोजाबाद घायल हो गया। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए फिरोजाबाद के सरकारी अस्पताल भर्ती करा दिया। वहीं, दूसरा बादमाश योगेश निवासी सीएल जैन के पीछे हुमायूंपुर थाना दक्षिण फिरोजाबाद की गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए बदमाशों के पास से तलाशी के दौरान दो तमंचा छह कारतूस बरामद, चोरी की पांच बाइक बरामद की हैं। पुलिस ने बताया कि उक्त दोनों ने टूंडला थाना से दो, थाना मटसेना से एक व थाना एत्मादपुर और एत्माद्दौला क्षेत्र से एक-एक चोरी की गई बाइकों को बरामद किया है।

# समेकित जनकल्याण एवं जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत प्रबुद्ध सम्मेलन आयोजित

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। इस ऐतिहासिक अवसर पर 5 जून, 2026 से 21 जून, 2026 तक संचालित समेकित जनकल्याण एवं जन जागरूकता अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत विकास भवन सभागार में माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों एवं उपलब्धियों की जानकारी समाज के विभिन्न वर्गों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना तथा जनसहभागिता को बढ़ावा देना रहा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि शासन द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, महिला सशक्तिकरण, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा एवं आधारभूत संरचना के क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में समाज के प्रबुद्धजनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने उपस्थित शिक्षकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों से अपील की कि वे शासन की योजनाओं की सही जानकारी आमजन तक पहुंचाकर उन्हें लाभान्वित कराने में सहयोग करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनजागरूकता के माध्यम से ही शासन की योजनाओं का व्यापक लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने पर बल दिया। सम्मेलन में विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभाग की योजनाओं एवं उपलब्धियों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया गया। उपस्थित प्रबुद्धजनों ने भी जनहित से जुड़े विषयों पर अपने सुझाव रखे तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम को मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, सीएमओ डॉ संजय कुमार, डीआईओएस सर्वदानन्द, उपायुक्त उद्योग केशवराम वर्मा सहित विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के प्रधानाचार्य के. बी. इण्टर कालेज प्रकाश पटेल, शंकर इण्टर कालेज नानपारा के अनुराग प्रकाश श्रीवास्तव, सर्वोदय इण्टर कालेज मिहींपुरवा के मनोज कुमार यादव, जवाहरलाल राष्ट्रीय इ.का. नवाबगंज जगदीश प्रसाद वर्मा, सरस्वती विद्या मन्दिर के संजीव कुमार, महराज सिंह इ.का. अमित कुमार, राजकीय इ.का. रमपुरवा महेन्द्र प्रताप सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का समापन शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प के साथ किया गया।

# शाह आलम बने राष्ट्रीय लोकदल अवध क्षेत्र के महासचिव

अवधनामा संवाददाता



सुलतानपुर। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के निर्देश पर तथा अवध क्षेत्र के प्रदेशाध्यक्ष चौधरी रामसिंह पटेल द्वारा गठित राष्ट्रीय लोकदल की नवनियुक्त अवध क्षेत्रीय कमेटी में शाह आलम को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपते हुए अवध क्षेत्र का महासचिव नियुक्त किया गया है। शाह आलम की नियुक्ति से पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में खुशी की लहर है। पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई देते हुए उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व और संगठनात्मक क्षमता से राष्ट्रीय लोकदल को अवध क्षेत्र में और मजबूती मिलेगी तथा पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएंगे। नवनियुक्त महासचिव शाह आलम ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी एवं प्रदेशाध्यक्ष चौधरी रामसिंह पटेल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी का वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे तथा संगठन को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य करेंगे। राष्ट्रीय लोकदल के सुलतानपुर जिला अध्यक्ष बेलाल अहमद समेत पार्टी के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।


## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई–निविदायें सिंगल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं. | 106–सिग / टेंडर / 22 / 2026–27 |
| कार्य का नाम | उत्तर रेलवे के लखनऊ डिवीज़न में लगे STATCON ENERGIA के IPS (24 यूनिट) के लिए 36 (छत्तीस) महीनों का कॉम्प्रिहेंसिव एनुअल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट। |
| अनुमानित लागत | रु. 1,07,83,514.88/- |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु. 2,15,700.00/- |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 36 महीना |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 03.07.2026, 15:30 बजे |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय / मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर / उत्तर रेलवे / लखनऊ |

• ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू. सं.: 106–सिग / टेंडर / 22 / 2026–27 दिनांक: 12.06.2026 2016/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# प्रबुद्ध जन व उद्यमी सम्मेलन में विकास कार्यों पर चर्चा

■ 12 वर्ष की उपलब्धियों पर प्रबुद्धजन सम्मेलन आयोजित

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** केंद्र सरकार के सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान के सिद्धांतों पर आधारित जनकल्याणकारी एवं विकासोन्मुखी कार्यों के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में प्रबुद्ध जन सम्मेलन एवं उद्यमी-व्यापारी सम्मेलन का आयोजन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के प्रबुद्धजन, उद्यमी, व्यापारी प्रतिनिधि तथा गणमान्य नागरिकों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर केंद्र सरकार द्वारा पिछले 12 वर्षों में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं, आधारभूत संरचना के विकास, डिजिटल सेवाओं के विस्तार, स्वरोजगार संवर्धन, व्यापार सुगमता तथा समाज के सभी वर्गों के उत्थान हेतु किए गए कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने कहा कि केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि बीते वर्षों में सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, उद्योग तथा डिजिटल सेवाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है, जिससे आमजन के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आया है।

सम्मेलन में उपस्थित उद्यमियों एवं व्यापारियों उद्योग व्यापार मण्डल के चेयरमैन कुलभूषण अरोड़ा, अध्यक्ष विनोद अग्रवाल, बन्धु उद्योग भारती के अध्यक्ष रामरतन अग्रवाल, उ.प्र. व्यापार मण्डल के अध्यक्ष कालिका प्रसाद गुप्ता, उद्यमी एवं व्यापारी आलोक कुमार जालान, अशोक कुमार जालान, प्रमोद सहित अन्य वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए व्यापारिक वातावरण को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ाने के संबंध में सुझाव दिए। साथ ही सरकार द्वारा उद्योग एवं व्यापार को बढ़ावा देने के लिए संचालित योजनाओं की सराहना की गई। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योजनाओं की उपलब्धियों, आत्मनिर्भर भारत अभियान, स्टार्टअप एवं एमएसएमई प्रोत्साहन, डिजिटल इंडिया तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से संबंधित जानकारी भी साझा की गई।

सम्मेलन का समापन राष्ट्र निर्माण में जनसहभागिता, सुशासन एवं सतत विकास के संकल्प के साथ हुआ। कार्यक्रम में संबंधित विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, व्यापारी संगठन के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय कुमार, डीआईओएस सर्वदानन्द, उपायुक्त उद्योग केशवराम वर्मा सहित विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्य, शिक्षक, शिक्षकाएं व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# पालिका अध्यक्ष ने किया लोक कल्याण मेले का शुभारंभ

**सुलतानपुर (अवधनामा संवाददाता)** जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) एवं नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को नगर पालिका कार्यालय परिसर में पीएम स्वनिधि योजनांतर्गत एक दिवसीय लोक कल्याण मेला आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल रहे। मेले में पीएम स्वनिधि योजना के तहत पथ विक्रेताओं को 15 हजार, 25 हजार और 50 हजार रुपये तक के ऋण वितरित किए गए। साथ ही समय पर ऋण अदायगी करने वाले 17 लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इनमें 15 हजार रुपये ऋण श्रेणी के 5, 25 हजार रुपये श्रेणी के 4 तथा 50 हजार रुपये श्रेणी के 8 लाभार्थी शामिल रहे। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप पथ विक्रेताओं को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने अधिक से अधिक पात्र पथ विक्रेताओं से योजना का लाभ लेने तथा समय से ऋण की किस्त जमा करने की अपील की। उन्होंने बताया कि गंदानाला सिविल लाइन स्थित वेंडिंग जोन में आवश्यक सुविधाओं के साथ प्रतिबंधमुक्त पथ विक्रय बाजार संचालित किया जा रहा है, इसलिए सभी विक्रेता निर्धारित स्थान पर ही अपनी दुकानें लगाएं और अतिक्रमण से बचें। कार्यक्रम का संचालन करते हुए परियोजना अधिकारी डूडा संजय सिंह ने पथ विक्रेताओं को विभिन्न लाभकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। वहीं अधिशासी अधिकारी लाल चन्द्र सरोज ने बताया कि पीएम स्वनिधि योजना के तहत ऋण आवेदन में सहायता के लिए नगर पालिका में हेल्प डेस्क स्थापित की गई है।

# ब्रिगेडियर बनकर सैन्य क्षेत्र में घूम रहा युवक हिरासत में

अवधनामा संवाददाता



**शाहजहांपुर।** जनपद के अति संवेदनशील सैन्य क्षेत्र में सेना की वर्दी पहनकर स्वयं को ब्रिगेडियर बताने वाले एक युवक को सैन्य अधिकारियों ने हिरासत में लिया है। युवक की गतिविधियां संदिग्ध लगने पर उससे पूछताछ की गई, जिसमें वह अपनी पहचान और पद के संबंध में संतोषजनक जानकारी नहीं दे सका। इसके बाद उसे जांच के लिए रोक लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए सैन्य इंटेलिजेंस समेत अन्य खुफिया एजेंसियां भी सक्रिय हो गई हैं। जानकारी के अनुसार युवक शहीद संग्रहालय परिसर में सेना की वर्दी पहनकर घूम रहा था। उसके कंधों पर लगे स्टार और खुद को वरिष्ठ सैन्य अधिकारी बताने के दावे पर वहां मौजूद सैन्य अधिकारियों को संदेह हुआ। अधिकारियों ने उससे परिचय और तैनाती संबंधी जानकारी मांगी, लेकिन उसके जवाबों में कई विसंगतियां सामने आई। पूछताछ में युवक की पहचान आर्यन वर्मा पुत्र अनिल कुमार वर्मा निवासी दुर्गा इंक्लेव, हथौड़ा बुजुर्ग के रूप में हुई है प्रारंभिक जांच में उसके सेना से जुड़े होने या ब्रिगेडियर पद पर तैनात होने की पुष्टि नहीं हो सकी। इसके बाद उसे हिरासत में लेकर आगे की जांच शुरू कर दी गई। फिलहाल इस संबंध में कोई सेना का अधिकारी कुछ बोलने को तैयार नहीं है थाना सदर बाजार इंस्पेक्टर राजीव कुमार के मुताबिक पकड़े गए युवक के पास से एक गाड़ी भी बरामद हुई है मामले की सूचना बरेली स्थित सैन्य इंटेलिजेंस अधिकारियों को भी दे दी गई है। जो शाहजहांपुर पहुंचकर पूरे मामले की जांच पड़ताल करेंगे युवक के संपर्कों, गतिविधियों और पृष्ठभूमि की जांच की जा रही है। विस्तृत जानकारी जांच एजेंसियों की रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

# जुबान फिसली या राजनीति भारी पड़ गई-पूर्व विधायक सफदर रजा

**सुलतानपुर।** भाजपा विधायक विनोद सिंह के कथित बयान पर सियासी पारा चढ़ गया है। पूर्व विधायक सफदर रजा खान ने आरोप लगाया कि पुल शिलान्यास कार्यक्रम विकास से ज्यादा विभाजनकारी भाषा का मंच बन गया। उन्होंने कहा कि अगर विधायक ने सच में सभी मुसलमानों को आतंकवादी बताया और पाकिस्तान भेजने जैसी बातें कहीं हैं, तो यह केवल बयान नहीं बल्कि सामाजिक सौहार्द को चुनौती है। रजा ने तंज कसते हुए कहा कि जो कभी वोट मांगने हर घर जाते थे, आज वही पहचान के आधार पर लोगों को बांटने की भाषा बोल रहे हैं? उन्होंने सार्वजनिक माफी की मांग करते हुए चेतावनी दी कि ऐसा न होने पर कानूनी कार्रवाई और एफआईआर की मांग की जाएगी। पूर्व विधायक ने सवाल उठाया कि क्या देश के लिए बलिदान देने वाले मुस्लिम स्वतंत्रता सेनानी और पूर्व राष्ट्रपति भी ऐसे बयानों की कसौटी पर खरे उतरेंगे। उन्होंने कहा कि सत्ता की राजनीति के लिए समाज को बांटना लोकतंत्र और देश दोनों के लिए नुकसानदेह हो सकता है।

# कृषक के बैंक खाते में डाली जाएगी 50 प्रतिशत धनराशि

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** भूमि संरक्षण अधिकारी, फिरोजाबाद-प्रथम-चतुर्थ प्रमोद कुमार ने जनपद के समस्त विकास खण्डों के (अति दोहित-किटिकल को प्राथमिकता के आधार पर) समस्त कृषक बन्धुओं (आरक्षित-अनारक्षित) को सूचित किया है कि शासन द्वारा जनपद में वर्षा जल के संचयन एवं भूजल स्तर के रिचार्जिंग हेतु खेत तालाब की योजना वर्ष 2026-27 हेतु स्वीकृत की गयी है। इस योजना के अन्तर्गत 22इ20इ3 मी0 के आकार के तालाब खोदे जायेंगे, जिसकी प्रति इकाई लागत 105000.00 रु0 है। लागत का 50 प्रतिशत शासन द्वारा अनुदान के रूप में कृषक के बैंक खाते में डाला जायेगा तथा शेष 50 प्रतिशत धनराशि कृष्क को स्वयं वहन करनी होगी।

उन्होने बताया कि खेत तालाब योजना अन्तर्गत 'ई. लॉटरी के सिद्वान्त' के आधार पर इच्छुक कृषक अपना आवेदन upagriculture-com वेवसाइट पर ऑनलाइन बुकिंग करें। बुकिंग कन्फर्म होने के उपरान्त निर्धारित तिथि तक टोकन मनी 1000.00 रु0 जमा की जायेगी। अपने दस्तावेज (आधार न0, खसरा खतौनी, कृषक घोषडा पत्र, खेत का फोटो तथा बैंक की छाया प्रति) अपलोड कराने हेतु कार्यालय भूमि संरक्षण अधिकारी, फिरोजाबाद, प्रथम में जमा करना सुनिश्चित करें। पूर्व में सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली स्थापित लाभार्थी कृषक विभाग के पोर्टल पर सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली स्थापित किये जाने के साक्ष्य के साथ पंजीकरण करेंगें एवं अन्य सामान्य प्रकार के लाभार्थी को खेत तालाब योजना का लाभ लेने हेतु पहले उद्यान विभाग की साइट पर पंजीकरण कराते हुये त्रिपक्षीय समझौता के अन्तर्गत सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली स्थापित करवानी आवश्यक है। ऐसे लाभार्थी जिन्होने पंजीकरण तिथि तक उद्यान विभाग के माध्यम से सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली स्थापित कर लिया हैं एवं खेत तालाब योजना के अन्तर्गत तालाब निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया है, को पम्पसेट (डीजल एवं इलैक्ट्रिक) पर 50 प्रतिशत अथवा रूपया 15000 जो कम हो का अनुदान दिया जाऐगा।

# इंस्ट्राग्राम और सोशल मीडिया पर भद्दी पोस्ट डालने पर सभासदों ने दी थाने में तहरीर

**शिकोहाबाद।** नगर के चार बार्डो के सभासदों ने एक साथ थाने में एक तहरीर दी है। जिसमें उन्होंने कहा है कि वह अपनी ईमानदारी और कड़ी मेहनत तथा जनता की सेवा के बाद चुनाव जीत कर आए हैं। लेकिन उनकी छवि को धूमिल करने के उद्देश्य से किसी व्यक्ति द्वारा इंस्ट्राग्राम और सोशल मीडिया पर एक आईडी बना कर उससे भद्दी टिप्पणी और बिना किसी साक्ष्य व सबूत के भद्दी पोस्ट किया है। जिससे सभासदों की छबि को धूमिल करने का प्रयास किया गया है। जिससे सभासदों को काफी आघात पहुंचा है। सभासदों ने कहा कि इस पोस्ट से उनके मान सम्मान को काफी ठेस पहुंची है। जिससे सभासदों की मान हानि हुई है। सभासदों ने उक्त आईडी से सोशल मीडिया पर डाली गई पोस्ट करने वाले के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर दोषी के विरुद्ध सख्त कार्यवाई की जानी चाहिए। साथ ही सोशल मीडिया पर डाली गई पोस्ट को हटवाये जाने की कृपा करें। तहरीर देने वाले सभासदों में शिवम यादव उर्फ अप्पू यादव, गगन कठेरिया, मोहित यादव, योगेश कुमार रमन सभासद हैं।

# जिलाधिकारी ने डिफाल्टर और असंतुष्ट फीडबैक वाले विभागों की लगाई क्लास

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जनसुनवाई (आईजीआरएस) संदर्भो के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को लेकर एक अत्यंत महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने डिफाल्टर और असंतुष्ट फीडबैक वाले विभागों की कड़े शब्दों में क्लास लगाई और स्पष्ट किया कि आम जनता की समस्याओं के समाधान में किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता और जनता के फीडबैक को बेहद गंभीरता से लिया। 'उन्होंने कड़े निर्देश जारी करते हुए कहा कि जिन-जिन अधिकारियों के संदर्भो में 75: से अधिक असंतुष्ट फीडबैक पाए गए हैं, उन्हें तत्काल प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाए।' उन्होंने निर्देश दिए कि 'जिन अधिकारियों का असंतुष्ट फीडबैक 50: से ऊपर है, उनका तत्काल स्पष्टीकरण तलब किया जाए। '50 प्रतिशत से कम असंतुष्ट फीडबैक वाले अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि यदि उनके कार्य व्यवहार और संदर्भो के निस्तारण में सुधार नहीं आया, तो आगे और भी अधिक कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बैठक में यह तथ्य सामने आया कि कई विभागों द्वारा न तो शिकायतकर्ताओं से बात की जा रही है और न ही मौके पर जाकर सर्वे किया जा रहा है। इस घोर लापरवाही पर नाराजगी जाहिर करते हुए जिलाधिकारी ने खान निरीक्षक, पीडब्ल्यूडी, डीआईओएस, एआरटीओ और चकबंदी अधिकारी की कार्यप्रणाली पर गहरा असंतोष व्यक्त किया। इसके साथ ही, स्थानीय निकायों की समीक्षा में अधिशासी अधिकारी मक्खनपुर, ईओ एका और ईओ सिरसागंज द्वारा भी शिकायतकर्ताओं से कोई संपर्क न करने और डिफाल्टर मामलों पर लापरवाही बरतने पर जिलाधिकारी ने उन्हें कड़ी फटकार लगाई। जिलाधिकारी ने अंत में कहा कि जनता की समस्याओं का निस्तारण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। असंतुष्ट फीडबैक किसी भी दशा में स्वीकार्य नहीं होगा। सभी अधिकारी हर हाल में शिकायतकर्ता से संवाद स्थापित करें और मौके पर जाकर पारदर्शी सर्वे सुनिश्चित करें, अन्यथा सख्त कार्रवाई के लिए तैयार रहें। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद की रैंकिंग अनिवार्य रुप से टॉप 20 में रहे, अन्यथा कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# रिश्वती लेते सिपाही गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** जनपद में पुलिस अधीक्षक रहे राजेश द्विवेदी के जाने के बाद जब से शौरव दीक्षित ने कार्यभार संभाला है तब से लगातार पुलिसिया कार्यवाही पर सवाल उठ रहे हैं वहीं थाना स्तर पर फैले भ्रष्टाचार को लेकर भी विभाग चर्चा में था लेकिन बृहस्पतिवार को पुलिस विभाग में फैले भ्रष्टाचार की पोल उस समय खुल गई जब एक पीड़ित की शिकायत पर बरेली की एंटी करप्शन टीम ने जनपद के जैतीपुर थाने में एक पुलिस कर्मचारी को 35 हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया लोगों की माने तो पुलिस कर्मी के चिल्लाने के बाद जैतीपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक अश्विनी कुमार दीवार फांदकर भाग गए इस कार्रवाई के तुरंत बाद पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित द्वारा प्रभारी निरीक्षक अश्विनी कुमार को निलंबित कर दिया गया निलंबन का मुख्य कारण कार्य में शिथिलता बताया गया गिरफ्तार आरोपी सिपाही के खिलाफ एंटी करप्शन टीम ने थाना गढ़िया रंगीन में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है एंटी करप्शन टीम से मिली जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता सुधांशु कुमार शर्मा का आरोप था कि उसके विरुद्ध दर्ज एक मुकदमे की विवेचना के निस्तारण और राहत दिलाने के नाम पर थाना जैतीपुर में तैनात आरक्षी विवेक कुमार ने 35 हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी. शिकायतकर्ता का यह भी आरोप था कि रिश्वत न देने पर उसे प्रताड़ित करने और मामले में नुकसान पहुंचाने की धमकी दी जा रही थी एंटी करप्शन टीम ने मामले का सत्यापन किया. जांच में आरोप सही पाए जाने पर ट्रैप कार्रवाई की योजना बनाई गई. ट्रैप प्रभारी निरीक्षक प्रवीण सान्याल के नेतृत्व में टीम ने जैतीपुर थाना क्षेत्र में जाल बिछाया तय योजना के तहत जैसे ही आरोपी सिपाही ने शिकायतकर्ता से 35 हजार रुपये की रिश्वत ली, टीम ने उसे मौके पर ही रंगे हाथ पकड़ लिया एंटी करप्शन टीम के प्रभारी प्रवीन सान्याल ने बताया कि आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है आगे की कार्रवाई की जा रही है।


## उत्तर रेलवे

### ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक / पी0एस0, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य / उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | MSS-LKO-GNG-RCR-170-26-1 (Misc-Static-Services-Rail Coach Restaurant) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30-05-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 15-06-2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 15-06-2026 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | ADVT-LKO-LKO-OH-655-26-1 (Advertising Out OF Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30-05-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 15-06-2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 15-06-2026 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | PnU-LKO-RBL-WRL-93-24-4 (Pay and Use-Lounges/Waiting/Retiring/Cloak Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30-05-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17-06-2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 17-06-2026 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | ADVT-LKO-PRG-OH-537-25-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 01-06-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16-06-2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 16-06-2026 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | ADVT-LKO-KSF-OH-647-26-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 01-06-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16-06-2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 16-06-2026 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | ADVT-LKO-PFM-OH-529-24-2 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 01-06-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16-06-2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 16-06-2026 समय 10:50 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | ADVT-LKO-PRG-OH-544-24-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 01-06-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16-06-2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 16-06-2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | ADVT-LKO-CPB-OH-652-26-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 01-06-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16-06-2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 16-06-2026 समय 11:10 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | ADVT-LKO-PRG-OSD-539-24-1 (Advertising-On Station Premise (Digital)) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 01-06-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16-06-2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 16-06-2026 समय 11:20 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | ADVT-LKO-PYGS-OSD-530-24-1 (Advertising-On Station Premise (Digital)) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 01-06-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16-06-2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 16-06-2026 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | ADVT-LKO-PYGS-OSN-492-24-3 (Advertising-On Station Premise (Non Digital)) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 01-06-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16-06-2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 16-06-2026 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | ADVT-Int-248107-1-25-1 (Advertising-Train Interior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 02-06-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 18-06-2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 18-06-2026 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | ADVT-LKO-PYGS-OSD-501-24-1 (Advertising-On Station Premise (Digital)) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 09-06-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 24-06-2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 24-06-2026 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | ADVT-IntExt-156297-1-24-2 (Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 09-06-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 24-06-2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 24-06-2026 समय 10:40 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Closed Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

2002/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# बरसात से पूर्व जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान को लेकर प्रशासन सक्रिय

- इमरती कॉलोनी एवं मार्केट क्षेत्र की जल निकासी व्यवस्था होगी सुदृढ़
- जिलाधिकारी ने सीएनडीएस, नगर पालिका, जल निगम व आईआईटी विशेषज्ञों के साथ की विस्तृत समीक्षा

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र।** जनपद में वर्षाकाल के दौरान होने वाली जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान हेतु जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने सीएनडीएस, नगर पालिका परिषद, जल निगम तथा आईआईटी कानपुर के विशेषज्ञों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक कर जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

गौरतलब है कि इमरती कॉलोनी एवं आसपास के क्षेत्रों में बरसात के दौरान होने वाले जलभराव की समस्या के समाधान के लिए पूर्व में स्थलीय निरीक्षण किया गया था, जिसमें स्थानीय नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों से सुझाव प्राप्त किए गए थे। इसके उपरांत संबंधित विभागों द्वारा विस्तृत सर्वेक्षण कराया गया तथा आईआईटी कानपुर की विशेषज्ञ टीम ने तकनीकी परीक्षण एवं अध्ययन कर विभिन्न विकल्पों का मूल्यांकन किया। बैठक में विशेषज्ञों द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट एवं ड्रेनेज डिजाइन की समीक्षा करते हुए बताया गया कि इमरती कॉलोनी से बढ़ौली चौराहा, कचहरी एवं महिला थाना मार्ग होते हुए बेलन नदी तक नाले का निर्माण जल निकासी के लिए सर्वाधिक प्रभावी एवं व्यवहारिक विकल्प होगा। इस प्रस्ताव से क्षेत्र में वर्षाजल का त्वरित एवं सुगम निकास सुनिश्चित हो सकेगा तथा जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान प्राप्त होगा। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बरसात से पूर्व आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि पुराने नगर पालिका क्षेत्र का समग्र सर्वेक्षण कर वैज्ञानिक आधार पर नया ड्रेनेज प्लान तैयार किया जाए, ताकि भविष्य में किसी भी क्षेत्र में जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो।

उन्होंने कहा कि नागरिकों को जलभराव जैसी समस्याओं से राहत दिलाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है तथा इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।

# एनटीपीसी सिंगरौली में क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) का दौरा, विकास एवं कल्याण गतिविधियों को मिली नई दिशा

- प्रचालन उत्कृष्टता, कर्मचारी कल्याण एवं सामुदायिक विकास गतिविधियों की समीक्षा

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) एवं एनएसपीसीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिवाकर कौशिक का दिनांक 11 एवं 12 जून 2026 को एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना का दो दिवसीय दौरा सम्पन्न हुआ। इस दौरान उन्होंने परियोजना की प्रमुख प्रचालन गतिविधियों, अधोसंरचनात्मक विकास कार्यों, कर्मचारी कल्याण पहलों तथा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) कार्यक्रमों का अवलोकन किया और अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ संवाद स्थापित किया।

दौरे के दौरान कौशिक ने परियोजना के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों का निरीक्षण किया, जिनमें स्टेज-ढ्ढढ्ढ परियोजना क्षेत्र, एफजीडी क्षेत्र, यूनिट-1 नियंत्रण कक्ष तथा स्टेज-ढ्ढ कोल स्टैक यार्ड प्रमुख रहे। उन्होंने संयंत्र के संचालन, रखरखाव, पर्यावरणीय अनुपालन एवं क्षमता संवर्धन से संबंधित गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा उत्कृष्ट प्रचालन मानकों को बनाए रखने पर बल दिया।

अपने प्रवास के दौरान उन्होंने नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) का भी भ्रमण किया, जहाँ वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विभिन्न प्रचालन एवं समन्वयात्मक विषयों पर सार्थक विचार-विमर्श हुआ। दोनों संगठनों के मध्य सहयोग एवं समन्वय को और सुदृढ़ करने की दिशा में सकारात्मक चर्चा की गई।

इसी क्रम में सीमा कौशिक, अध्यक्षा, उत्तरा क्लब, लखनऊ ने वनिता समाज, शक्तिनगर द्वारा संचालित वनिता रसोई, वात्सल्य क्रेच, टाइनी टॉट्स, बाल भवन एवं वेलफेयर शॉप का अवलोकन किया। उन्होंने इन संस्थानों द्वारा महिला एवं बाल कल्याण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की तथा वेलफेयर गतिविधियों से जुड़ी महिलाओं का सम्मान किया। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास समाज में संवेदनशीलता, आत्मनिर्भरता और सामुदायिक सहभागिता को सुदृढ़ करते हैं।

दौरे के दौरान कौशिक ने परियोजना परिसर में नवस्थापित आईटी कॉन्फ्रेंस हॉल का उद्घाटन किया। इसके पश्चात उन्होंने एसएमसी के सदस्यों के साथ बैठक कर सुरक्षा एवं कार्यस्थल उत्कृष्टता से जुड़े विभिन्न विषयों की समीक्षा की। उन्होंने कार्यकारी संघ एवं यूनियन प्रतिनिधियों के साथ भी संवाद कर कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों एवं सुझावों पर विचार-विमर्श किया।

शाम को उन्होंने नव निर्मित 'पृथ्वी भवन' अतिथिगृह का उद्घाटन तथा स्टेडियम परिसर में स्थापित आधुनिक जिम का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों के लिए गुणवत्तापूर्ण सुविधाओं का विकास संगठन की प्राथमिकताओं में शामिल है तथा ये पहलें कार्यस्थल पर बेहतर जीवन-स्तर एवं स्वास्थ्य संस्कृति को बढ़ावा देंगी।

# बाल श्रम सामाजिक बुराई, इसके उन्मूलन में सभी की भागीदारी जरूरी

- बाल श्रम निषेध दिवस पर जागरूकता गोष्ठी, प्रचार रथ को दिखाई हरी झंडी

अवधनामा संवाददाता




**हमीरपुर।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर साई ज्योति संस्था द्वारा शुक्रवार को साई कृपा होटल में जनजागरूकता अभियान एवं सामुदायिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बाल श्रम उन्मूलन, शिक्षा के महत्व और बाल अधिकारों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।

गोष्ठी में मुख्य अतिथि जिला श्रम प्रवर्तन अधिकारी दामोदर एवं श्रम प्रवर्तन अधिकारी विजयपाल ने कहा कि बाल श्रम एक गंभीर सामाजिक बुराई है, जिसके उन्मूलन के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। उन्होंने कहा कि बच्चों का स्थान कार्यस्थल नहीं बल्कि विद्यालय है और प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित एवं सम्मानजनक बचपन मिलना चाहिए। कार्यक्रम में बाल श्रम निषेध, बाल संरक्षण, शिक्षा के अधिकार तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित लोगों को बाल श्रम एवं बाल शोषण की घटनाओं की जानकारी संबंधित विभागों को देने के लिए प्रेरित किया गया।

गोष्ठी के उपरांत साई ज्योति संस्था द्वारा ई-रिक्शा के माध्यम से संचालित बाल श्रम निषेध जागरूकता प्रचार रथ को जिला श्रम प्रवर्तन अधिकारी दामोदर एवं श्रम प्रवर्तन अधिकारी विजयपाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह प्रचार रथ जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को बाल श्रम के दुष्परिणामों तथा बच्चों की शिक्षा एवं अधिकारों के प्रति जागरूक करेगा। संस्था के प्रतिनिधियों ने बताया कि बाल श्रम मुक्त समाज के निर्माण के लिए इस प्रकार के जनजागरूकता अभियान भविष्य में भी निरंतर चलाए जाएंगे। कार्यक्रम में देवेंद्र सिंह, चंद्रपाल, विमल, धीरेंद्र, पंकज तिवारी, शिवकांति, हरिराम सहित विभिन्न गांवों से आए लोगों ने भाग लिया।

## किसान ने बैंक शाखा प्रबंधक पर कमीशन मांगने का लगाया आरोप

**भरुआ सुमेरपुर।** टेढ़ा गांव के एक किसान ने उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक पर किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) बनाने के नाम पर कमीशन मांगने का आरोप लगाया है। किसान ने जिलाधिकारी एवं अग्रणी बैंक प्रबंधक को शिकायती पत्र देकर मामले की जांच और कार्रवाई की मांग की है।

गांव निवासी बाबू ने शिकायत में बताया कि उसने पूर्व में लिया गया किसान क्रेडिट कार्ड ऋण जमा कर दिया है और अब अपनी 15 बीघा कृषि भूमि बंधक रखकर पुनः केसीसी बनवाना चाहता है। आरोप है कि शाखा प्रबंधक इसके बदले पांच प्रतिशत कमीशन की मांग कर रहे हैं तथा बैंक में सक्रिय दलालों के माध्यम से संपर्क करने की सलाह दे रहे हैं। वहीं शाखा प्रबंधक संतोष कुमार रैठा ने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि किसान का खाता एनपीए हो चुका है, जिसके कारण केसीसी स्वीकृत करने में तकनीकी दिक्कतें आ रही हैं।

# एनसीएल ने 'रिलेशनशिप मैनेजमेंट और इमोशनल वेल-बीइंग' पर कार्यशाला का किया आयोजन

- आध्यात्मिक प्रशिक्षक, देवामीरा दास ने सिखाए स्वस्थ संबंधों के गुर

अवधनामा संवाददाता




**सोनभद्र/सिंगरौली।** शुक्रवार को सिंगरौली स्थित कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने 'फाइट क्लीनः स्ट्रेंथनिंग द बॉन्ड्स दैट फ्री अस' विषय पर सीईटीआई परिसर, सिंगरौली में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में आध्यात्मिक प्रशिक्षक, देवामीरा दास उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यस्थल और निजी जीवन में संतुलन बनाने हेतु पारस्परिक संबंधों की चुनौतियों और मानव मन पर उनके पड़ने वाले प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। साथ ही उन्होंने घर और कार्यस्थल पर आने वाली विभिन्न चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए आवश्यक व्यावहारिक उपकरणों और जीवन-कौशलों के बारे में भी बताया। अंत में श्री देवामीरा दास ने इस बात पर विशेष बल दिया कि आंतरिक जागरूकता, सीखने की ललक और सही आत्मिक सहयोग के माध्यम से ही आपसी संबंधों की जटिलताओं को गहराई से समझा जा सकता है।

इस दौरान कार्यक्रम में एनसीएल की सभी परियोजना और इकाइयों से लगभग 73 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और अपनी प्रतिक्रियात्मक आदतों, आत्म-नियमन (सेल्फ-रेगुलेशन) और सचेत होकर विवेकपूर्ण निर्णय लेने (कॉन्शियस रिस्पॉन्डिंग) के गुर सीखे। गौरतलब है कि एनसीएल द्वारा कर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन हेतु ऐसी अनेक कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता रहा है।

## रहुला गांव में 'जलसा इस्लाही मुआशरा' का आयोजन, उलेमाओं ने दी नेक अमल और शुक्रगुज़ारी की सीख

**बिलग्राम (हरदोई)।** क्षेत्र के रहुला गांव में जलसा इस्लाही मुआशरा का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय एवं बाहरी उलेमाओं, शोअरा और बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौलाना अंसार रामपुरी तथा हज़रत मौलाना अनीस अहमद आज़ाद कासमी बिलग्रामी मौजूद रहे। जलसे की सदारत हाफिज़ मोहम्मद अहमद ने की, जबकि निजामत की जिम्मेदारी मौलाना हारून ने निभाई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मौलाना अफ्फान द्वारा कुरआन-ए-पाक की तिलावत से किया गया। इसके बाद मौलाना अंसार रामपुरी ने इस्लाही मुआशरा विषय पर तकरीर करते हुए कहा कि इंसान को हर समय अल्लाह का खौफ और उसकी जवाबदेही का एहसास बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोगों के साथ अच्छा व्यवहार करें, मुस्कुराकर बात करें।

# आले रसूल की मोहब्बत में मांगी दुआ अल्लाह कुबूल करेगा : मौलाना ज़ैदी



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** मस्जिद पंजतनी इटावा में मरहूमा जमीला रिज़वी शरीफ मंजिल सैदबाड़ा की छमाही पर राहत अक़ील व मरहूमा आसिया बेगम कबीरगंज की बरसी पर तहसीन रज़ा की ओर से मजलिस का आयोजन किया गया।

मजलिस में तकरीर करते हुए मौलाना अनवारुल हसन जैदी इमामे जुमा इटावा ने कहा आले मोहम्मद मासूम होते हैं अगर कोई इनकी मोहब्बत में अल्लाह से दुआ करेगा अल्लाह उसकी दुआ जरूर कुबूल करेगा।आले मोहम्मद वो हैं जिन्होंने रोजा अफ्तार के वक्त दरवाजे पर आए फकीर को अफ्तार का सामान दे दिया और नमक से रोजा खोला।रसूल ने फरमाता जो गरीब की मदद करेगा वो मेरे साथ जन्नत में रहेगा।रसूल के बाद उनकी बेटी फातिमा ज़हरा के घर मे दुश्मनों ने आग लगा दी और बेपनाह जुल्म ढाए।इतना ही नहीं कर्बला में रसूल के नवासे इमाम हुसैन और उनके घराने व सहबियों को तीन दिन की भूख में शहीद कर दिया गया। मजलिस में अल्हाज सैयद कमर अब्बास नक़वी करबलाई,सलीम रज़ा, शावेज़ नक़वी, इबाद रिज़वी, मोहम्मद अब्बास, मोहम्मद मियां,हसन अब्बास, अख्तर अब्बास रिज़वी, अली मेहदी,तनवीर हसन, आतिफ एड., शब्बर अक़ील, इमरान वारसी, राहिल, सफीर हैदर, सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

# रासायनिक खादों पर निर्भरता कम कर जैविक खेती अपनाने पर दें ज़ोर : जिला कृषि अधिकारी

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा, उदी।** ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिक और उन्नत कृषि को बढ़ावा देने तथा किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के तहत पंचायत स्तर पर एक विशेष किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया।इस अभियान के दौरान कृषि विशेषज्ञों और अधिकारियों ने उपस्थित किसान भाइयों से सीधे संवाद कर वर्तमान परिदृश्य में बदलती खेती,मिट्टी की सेहत और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला कृषि अधिकारी ओंकार सिंह ने कहा कि जनपद में 05 जून से 21 जून 2026 तक विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जा रहा है।जिसमें उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में अंधाधुंध रासायनिक खादों के उपयोग से खेतों की उर्वरा शक्ति (मिट्टी की सेहत)लगातार कम हो रही है। इस रासायनिक निर्भरता को कम करना आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। उन्होंने किसानों का आह्वान किया,कि वे अपने मूल पारंपरिक तरीकों की ओर लौटें।

गोबर की खाद और केंचुआ खाद (वर्मी कंपोस्ट)का अधिक से अधिक इस्तेमाल कर,कैसे कम लागत में बेहतर और पौष्टिक फसल ली जा सकती है, इसके व्यावहारिक तरीके किसानों को बताए गए।बैठक में उर्वरक(खाद) वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिए किसानों को फार्मर रजिस्ट्री कराने की सलाह दी गई।अधिकारियों ने स्पष्ट किया,कि शासन द्वारा प्रति हेक्टेयर के लिए खाद का एक मानक निर्धारित किया गया है,जिसके तहत यूरिया अधिकतम 07 बोरी प्रति हेक्टेयर और डीएपी अधिकतम 05 बोरी प्रति हेक्टेयर।इसी निर्धारित मानक के अनुसार ही किसान भाइयों को उर्वरक उपलब्ध कराया जाएगा।

इसके साथ ही,बीज वितरण की ऑनलाइन व ऑफलाइन बुकिंग प्रक्रिया की जानकारी दी गई ताकि सही समय पर उन्नत किस्म के बीज किसानों तक पहुँच सकें।कार्यक्रम के दौरान स्थानीय किसानों ने अपनी दो मुख्य और गंभीर समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष प्रमुखता से रखा।जिसमें एक जंगली सुअरों का आतंक,खेतों में जंगली सुअरों द्वारा फसलों को किए जा रहे नुकसान से किसान बेहद परेशान हैं और दूसरा बंद पड़ा सरकारी ट्यूबवेल,क्षेत्र का सरकारी ट्यूबवेल लंबे समय से बंद पड़ा है,जिससे सिंचाई व्यवस्था बाधित है।किसानों की गंभीर समस्याओं पर संवेदनशीलता दिखाते हुए,जिला कृषि अधिकारी ने आश्वस्त किया,कि जंगली सुअरों की समस्या को उच्च स्तर पर संबंधित विभाग के समक्ष उठाया जाएगा।उक्त आयोजन में मुख्य रूप से

ओंकार सिंह जिला कृषि अधिकारी,डॉ.एस के सिंह प्रभारी केवीके,डॉ.वी.वी.जायसवाल कृषि वैज्ञानिक,हवा सिंह यादव एसएमएस, नरेंद्र कुमार एडीओ,नरेंद्र कुमार बीज गोदाम प्रभारी,अमित कुमार सिंह प्रधान प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## एसएसपी ने जनसुनवाई में फरियादियों की सुनी समस्याएं



**इटावा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस कार्यालय में नियमित रुप से होने वाली जनसुनवाई की गयी,जिसमें अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे फरियादियों के आवेदन लेकर उन्हें न्यायोचित/गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का आश्वासन दिया।उन्होंने विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए आवेदकों की शिकायतो को गंभीरतापूर्वक सुना एवं संबंधित राजपत्रित अधिकारी(पुलिस),थाना प्रभारी से स्वयं वार्ता कर आवेदकों की शिकायत का निराकरण किये जाने के लिए निर्देशित किया।उन्होंने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का तत्परता से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना इटावा पुलिस की प्राथमिकता है।

## ऑटो पलटने से पांच महिलाओं समेत सात घायल

**मौदहा, हमीरपुर।** बसवारी मार्ग पर शुक्रवार को एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे उसमें सवार पांच महिलाओं समेत सात लोग घायल हो गए। सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के बाद उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है। जानकारी के अनुसार नगर के सिचौलीपुरवा निवासी भूरी (60), कल्लो (40), नफीस (50), थाना ललपुरा क्षेत्र के नदेहरा गांव निवासी चमन (45), खुदेजा (50), मुवीना (40) तथा टिकरी निवासी अभय सिंह (35) ऑटो से कुनेहटा से मौदहा आ रहे थे। इसी दौरान कुनेहटा और बिगहना गांव के बीच चालक का संतुलन बिगड़ने से ऑटो सड़क पर पलट गया। हादसे में सभी सवारियां घायल हो गईं। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार किया गया।

## ओवरलोड गिट्टी लदे 11 डंपर पकड़े, खनिज विभाग को सौंपी कार्रवाई



**मौदहा, हमीरपुर।** जिलाधिकारी के निर्देश पर अवैध खनन एवं ओवरलोड वाहनों के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत उपजिलाधिकारी ने शुक्रवार को 11 ओवरलोड गिट्टी लदे डंपरों को पकड़कर खनिज विभाग के हवाले कर दिया। कार्रवाई के बाद डंपर चालकों में हड़कंप मच गया। राजमार्ग-34 स्थित बड़े चौराहे पर उपजिलाधिकारी करणवीर सिंह, नायब तहसीलदार अनिल कुमार तथा क्षेत्राधिकारी राजकुमार पांडेय ने संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान कानपुर की ओर जा रहे 11 डंपर ओवरलोड पाए गए। चालक वाहन और खनिज से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके, जिसके बाद सभी वाहनों को मंडी समिति परिसर में खड़ा करा दिया गया। बताया गया कि कई डंपरों में नंबर प्लेट तक नहीं लगी थी। हालांकि अधिकारियों के हटते ही ओवरलोड वाहनों की आवाजाही पुनः शुरू हो गई। उपजिलाधिकारी ने बताया कि मामले की सूचना खनिज विभाग को दे दी गई है और नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दोनों पैरों से दिव्यांग राहुल को मिला सहारा, जिलाधिकारी ने भेंट की ट्राई साइकिल

- जनसुनवाई में संवेदनशील पहल, ट्राई साइकिल पाकर भावुक हुए राहुल
- ट्राई साइकिल बनी राहुल की नई उम्मीद, जिलाधिकारी की संवेदनशील पहल
- मिला सहारा, दिव्यांग राहुल के चेहरे पर लौटी मुस्कान

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र।** जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान उस समय भावुक क्षण देखने को मिला, जब जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने दोनों पैरों से दिव्यांग राहुल कुमार पुत्र रतन प्रसाद, निवासी चोपन मार्केट, सब्जी मंडी के पास को ट्राई साइकिल प्रदान की। वर्षों से आवागमन की कठिनाइयों से जूझ रहे राहुल को जब ट्राई साइकिल मिली तो उनके चेहरे पर खुशी साफ झलक उठी और उनकी आंखें नम हो गई। राहुल कुमार दोनों पैरों से दिव्यांग हैं, जिसके कारण उन्हें अपने दैनिक कार्यों एवं आवागमन में अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। जनसुनवाई के दौरान उनकी समस्या जिलाधिकारी के संज्ञान में आने पर तत्काल संवेदनशीलता दिखाते हुए उन्हें ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई गई। ट्राई साइकिल प्राप्त करने के बाद राहुल ने भावुक होकर उ0प्र0 शासन एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि यह सहायता उनके लिए केवल एक साधन नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। अब वे अपने दैनिक कार्य पहले की अपेक्षा अधिक सुगमता से कर सकेंगे। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकता समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना है। दिव्यांगजन समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और उन्हें सम्मानजनक एवं आत्मनिर्भर जीवन उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पात्र दिव्यांगजनों को शासन की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराया जाएगा।

## डीएमएफ एवं राज्य योजना ग्रामीण के कार्यों की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

**सोनभद्र।** जनपद में संचालित विकास परियोजनाओं की प्रगति को गति देने के उद्देश्य से जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएफ) एवं राज्य योजना ग्रामीण के अंतर्गत निर्माणाधीन महत्वपूर्ण कार्यों की समीक्षा बैठक कर संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं निर्धारित समयसीमा के अनुरूप पूर्ण किए जाएं ताकि आमजन को उनका लाभ शीघ्र प्राप्त हो सके। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने पटवध-बसुहारी मार्ग पर घाघर नदी के ऊपर निर्माणाधीन सेतु एवं पहुंच मार्ग की प्रगति का विस्तृत अवलोकन किया। उन्होंने परियोजना की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेते हुए कार्य में अपेक्षित तेजी लाने तथा निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सेतु क्षेत्र के हजारों लोगों के आवागमन को सुगम एवं सुरक्षित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुआ रात्रि चौपाल का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** केन्द्र सरकार के सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के गौरवपूर्ण 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 5 जून से 21 जून तक संचालित होने वाले वृहद अभियान ?के अन्तर्गत विगत दिवस जिलाधिकारी की अध्यक्षता मे तहसील सदर के विकास खण्ड बावन में रात्रि चौपाल आयोजित की गयी।

जिलाधिकारी ने चौपाल मे लगी विभिन्न विभागों के स्टालों का निरीक्षण किया, तथा कर्मचारियों से विभागीय योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को पोषण किट दी तथा व बच्चों का अन्नप्राशन कराया। जिलाधिकारी ने चौपाल मे लोगों से संवाद कर उन्हें शासन द्वारा संचालित लाभार्थीपरक योजनाओं एवं कार्यक्रमों से अवगत कराया गया। रात्रि चौपाल के दौरान जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन द्वारा संचालित लाभार्थीपरक योजनाओं एवं कार्यक्रमों से सभी पात्रों को लाभान्वित किया जाय तथा शिकायतों एवं समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध तथा प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने शासन द्वारा संचालित विभिन्न लाभार्थीपरक कार्यक्रमों एवं योजनाओं से भी आम जनमानस को अवगत कराया।

# गबन मामला : हाईकोर्ट में पीआईएल दाखिल

## राम मंदिर के दान में गबन मामले में सीबीआई जांच की मांग, ऑडिट कराने की अपील

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दानपात्रों से चढ़ावे की संपत्ति के कथित गबन मामले की सीबीआई जांच की पीआईएल शुक्रवार को हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में दाखिल हुई है। इसपर अगले सप्ताह सुनवाई संभावित है। स्थानीय अधिवक्ता मोहित अशोक ने व्यक्तिगत रूप से यह जनहित याचिका दाखिल की है। इसमें, कथित गबन मामले की जांच समेत केस दर्ज करने के निर्देश सी बी आई को देने का कोर्ट से आग्रह किया गया है।

साथ ही श्रीरामजन्मभूमि मंदिर के दानपात्रों में चढ़ावे के रूप में मिलने वाली नकद धनराशि, सोने चांदी के आभूषणों व अन्य कीमती वस्तुओं का आडिट महालेखा परीक्षक नियंत्रक (कैग) से कराने की मांग भी की गई है। याचिकाकर्ता का कहना है कि करोड़ों हिंदुओं की आस्था के प्रतीक



**गबन के डेढ़ करोड़ बरामद होने की चर्चा**

बुधवार को कथित तौर पर गबन हुई डेढ़ करोड़ की राशि के बरामद होने की बात सामने आई। संदिग्धों से पूछताछ, उनके बैंक डिटेल आदि की जांच का क्रम जारी होने की चर्चा भी जोरों पर रही है। गबन के मामले में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के मैनेजर ने कुछ भी बोलने से इन्कार कर दिया। माना जा रहा है कि दान के पैसों की गिनती में लगे बैंक कर्मियों की भी जांच हो रही है। फिलहाल पूरे मामले में राम मंदिर ट्रस्ट ने चुप्पी साध रखी है।

भगवान श्रीराम जी के मंदिर में दान व चढ़ावे की संपत्ति के कथित गबन के आरोपों का मामला अखबारों में छपा। इससे भक्तों की भावनाओं को ठेस पंहुची। ऐसे में इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच और ऑडिट होना आवश्यक है। याचिका में केंद्र बी राज्य सरकार समेत सी बी आई, कैग व श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को भी पक्षकार बनाया गया है।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने रिपोर्ट तलब की

- राम मंदिर में दान राशि के कथित गबन के आरोप का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। मंदिर की व्यवस्था और वित्तीय पारदर्शिता को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर मंथन शुरू हो गया है। सूत्रों के अनुसार, मामले में जांच प्रक्रिया के साथ-साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी पूरे घटनाक्रम की रिपोर्ट तलब की है। माना जा रहा है कि रिपोर्ट के आधार पर मंदिर प्रबंधन और व्यवस्था से जुड़े विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की जाएगी।
- जांच के दायरे में आए कुछ कर्मचारियों की भूमिका को लेकर सवाल उठने के बाद उनकी सेवाएं समाप्त करने अथवा उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों से हटाने पर भी विचार किया जा रहा है। इसके अलावा मंदिर परिसर में कार्यरत कई कर्मचारियों के दायित्वों में भी बदलाव किया जा सकता है, ताकि व्यवस्था को और अधिक जवाबदेह तथा पारदर्शी बनाया जा सके।

### पूर्व लेखा प्रभारी के दावों ने भी दी मामले को हवा

- राम मंदिर में पूर्व लेखा प्रभारी रहे महिपाल सिंह के दावों ने भी पूरे मामले को हवा देने का काम किया है। शल मीडिया पर उनके बयानों का वीडियो वायरल हो रहा है। महिपाल सिंह का दावा है कि राम मंदिर की दान राशि में चोरी लंबे समय से होती आ रही है। नोटों की गड्डियों में हेराफेरी कर पैसे की चोरी की जाती थी। उन्होंने व्यवस्था से जुड़े कुछ वरिष्ठ लोगों के नाम भी लिए हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि इस मामले पर शिकायत करने पर उन्हें हटा दिया गया था।

# यूपी में आंधी-बारिश का अलर्ट, पश्चिमी हिस्सों में तेज हवाओं की चेतावनी

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर करवट ले ली है। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के लखनऊ केंद्र ने प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में आगामी दिनों के लिए बारिश, गरज-चमक और तेज हवाओं का पूर्वानुमान जारी किया है। विशेष रूप से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए शुक्रवार को अधिक सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है।

मौसम विभाग के अनुसार, 12 जून को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अनेक स्थानों पर तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ वर्षा होने की प्रबल संभावना है। विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर गरज-चमक के साथ 60 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली तेज हवाएं 80 किलोमीटर प्रति घंटे तक की गति पकड़ सकती हैं।

वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवाएं 70 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती हैं। 13 जून को प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी दोनों हिस्सों में कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ हल्की बारिश तथा 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। इसके बाद 14 से 17 जून तक अधिकांश क्षेत्रों में मौसम अपेक्षाकृत शुष्क रहने का अनुमान व्यक्त किया गया है। हालांकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर छिटपुट वर्षा की संभावना बनी रहेगी। 18 जून को एक बार फिर प्रदेश के दोनों हिस्सों में अलग-अलग स्थानों पर बारिश और गरज-चमक की गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं। मौसम विशेषज्ञों ने लोगों से खराब मौसम के दौरान खुले मैदानों, पेड़ों तथा बिजली के खंभों के नीचे खड़े होने से बचने की अपील की है। किसानों को भी सलाह दी गई है कि वे मौसम की ताजा जानकारी प्राप्त करने के बाद ही कृषि संबंधी गतिविधियों की योजना बनाएं। प्रदेश में हाल के दिनों में तेज आंधी और बारिश के कारण कई जिलों में जनहानि, बिजली आपूर्ति बाधित होने तथा संपत्ति को नुकसान पहुंचने की घटनाएं सामने आई हैं।



# लखनऊ-दिल्ली इंडिगो में टॉयलेट पेपर पर मिली बम की धमकी

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** लखनऊ से शुक्रवार सुबह दिल्ली जाने वाली उड़ान में अचानक बम विस्फोट की धमकी की सूचना मिलते ही एयरपोर्ट प्रशासन में हड़कंप मच गया। आनन फानन सुरक्षा एजेंसियों को बुलाकर जांच हड़ताल की गई। इसके बाद पता चला कि किसी शरारती तत्व द्वारा फर्जी करतूत की गई है।

एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक, शुक्रवार को सुबह 10:45 बजे लखनऊ से दिल्ली जाने वाली इण्डिगो की उड़ान (6ई2111) टेक ऑफ करने को तैयार थी। विमान में 180 यात्री बैठ चुके थे। तभी विमान के टॉयलेट में किसी यात्री को टिशू पेपर पर विमान में बम विस्फोट होना लिखा मिला। इसकी जानकारी विमान के पायलट को हुई तो उसने आनन फानन इसकी सूचना एटीसी को दी।

इसके बाद सुरक्षा कर्मियों ने गहनता से जांच पड़ताल की। काफी देर तक चली जांच पड़ताल के बाद भी कुछ नहीं मिला।बाद में पता चला कि यह किसी शरारती तत्व द्वारा फर्जी करतूत की गई है। फिलहाल सुरक्षा एजेंसियों द्वारा जांच पड़ताल के बाद यात्रियों और एयरपोर्ट प्रशासन ने राहत की साथ ली। एयरपोर्ट सूत्रों ने बताया कि अब यह विमान जल्द ही यहां से रवाना होने वाला है।



**यात्रियों में फैली दहशत**

विमान में सवार यात्रियों को पता चला तो वह दहशत में आ गए। एयरपोर्ट प्रशासन ने सुरक्षा एजेंसियों को सूचना दी। आनन फानन बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वायड, मेडिकल टीम और फायर टीम सहित अन्य सुरक्षा एजेंसियों को बुला लिया गया।

## सैनिकों की सतर्कता से फर्जी ब्रिगेडियर गिरफ्तार

**लखनऊ।** स्टेशन मुख्यालय शाहजहाँपुर द्वारा पूर्व सैनिकों के सहयोग से एक सुनियोजित एवं सावधानीपूर्वक संचालित अभियान में स्वयं को वरिष्ठ सैन्य अधिकारी बताकर घूम रहे एक व्यक्ति को सफलतापूर्वक पकड़ा गया। पिछले लगभग दो माह से शाहजहाँपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एक संदिग्ध व्यक्ति के सेना के वरिष्ठ अधिकारी के रूप में घूमने संबंधी सूचनाएँ प्राप्त हो रही थीं। प्राप्त सूचनाओं के आधार पर स्टेशन मुख्यालय शाहजहाँपुर के एडमिनिस्ट्रेटिव कमांडेंट कर्नल जे. एस. जगलान ने स्थानीय पूर्व सैनिकों के साथ समन्वय स्थापित कर उक्त व्यक्ति की वास्तविक पहचान सत्यापित करने तथा उसे पकड़ने हेतु एक योजनाबद्ध अभियान तैयार किया। अभियान के अंतर्गत उक्त व्यक्ति को स्थानीय विद्यार्थियों के सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। शाहिद संग्रहालय में आयोजित कार्यक्रम स्थल पर पहुँचने के उपरांत उसकी पहचान की पुष्टि की गई तथा उसे उसके साथियों सहित पकड़ लिया गया।

# मॉनीटरिंग करके पूर्ण करें सीएम ग्रिड परियोजनाएं, नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** नगर आयुक्त गौरव कुमार ने शुक्रवार को शहर की साफ-सफाई के साथ सीएम ग्रिड परियोजनाओं का निरीक्षण किया। सबसे पहले पटेल नगर पार्क स्थित निर्माणाधीन कल्याण मंडप का जायजा लिया। निर्माण कार्यों की प्रगति देखकर अभियंत्रण विभाग को निर्देशित किया कि नियमित मॉनीटरिंग करके कार्य निर्धारित समयसीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराएं।

इसके बाद सीएम ग्रिड परियोजना के प्रथम चरण के अंतर्गत जोन-3 में कपूरथला चौराहे से अलकापुरी तिराहे मंदिर मार्ग तक चल रहे कार्यों की समीक्षा की। चीफ इंजीनियर सिविल को निर्देश दिए कि सभी कार्य 15 दिन के अंदर पूर्ण करें, इससे जनता को बेहतर यातायात एवं आधारभूत सुविधाएं मिलें। इसके बाद पुरनिया अलीगंज रोड से कुर्सी रोड होते हुए जनगणना निदेशालय तक विकसित की जा रही सीएम ग्रिड परियोजना का निरीक्षण किया।




कार्यस्थल पर मौजूद बाधाओं एवं चुनौतियों की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अवरोधों को तत्काल दूर कर 30 जून तक परियोजना का कार्य पूर्ण कराया जाए। विंध्याचल क्रॉसिंग से बाटी चोखा रेस्टोरेंट, पप्पू स्टोर ताड़ीखाना क्षेत्र तक कार्य प्रगति पर पाया। मौके पर सीवर से जुड़ी समस्याओं को देखते हुए जीएम जलकल को 30 जून तक परियोजना को पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

फैजुल्लागंज स्थित शिव नगर कॉलोनी में नाला सफाई कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्य की गति बढ़ाने के लिए एक अतिरिक्त मशीन लगाने के निर्देश चीफ इंजीनियर आरआर मनोज प्रभात को दिए। कहा कि नाले से निकाली गई सिल्ट के सूखते ही तत्काल उठाई जाए।

# 'बिजली आपूर्ति या तकनीकी व्यवधानों तक ही सीमित नहीं'

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिख कर प्रदेश की योगी सरकार के विद्युत विभाग में प्रशासनिक मतभेद, संस्थागत टकराव का जिक्र करते हुए जनता के हितों के संरक्षण के लिए तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। श्री राय ने प्रदेश की विद्युत व्यवस्था, 10 प्रतिशत फ्यूल सरचार्ज की वसूली, ऊर्जा मंत्री के लगाए आरोपों, पावर कारपोरेशन की कार्यप्रणाली, उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग के निर्देशों की अवहेलना और आरक्षण व भर्ती-छंटनी संबंधी नियमों के कथित उल्लंघनों की स्वतंत्र उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। पत्र में श्री राय ने विद्युत विभाग में मंत्री और महाप्रबंधक के बीच मतभेदों को लेकर समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचारों का जिक्र करते हुए कहा कि इससे साफ है कि समस्या केवल बिजली आपूर्ति या तकनीकी



व्यवधानों तक ही सीमित नहीं है बल्कि शासनतंत्र के विभिन्न अंगों के बीच है। इससे समन्वय के अभाव, उत्तरदायित्व की अस्पष्टता और जनहित से जुड़े निर्णयों के क्रियान्वयन में गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़ा होता है। श्री राय ने लिखा कि प्रदेश में जहां विद्युत व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गयी है वहीं प्रदेश के ऊर्जा मंत्री बनाम पावर कारपोरेशन के रूप में सरकार के भीतर एक असाधारण टकराव का खामियाजा जनता झेलने को मजबूर है। सरकार का नियंत्रण शासन-प्रशासन से पूरी तरह खत्म हो चुका है। ऊर्जा मंत्री ने छंटनी, भर्ती, प्रशासनिक निर्णयों और फ्यूल सरचार्ज जैसे विषयों पर सार्वजनिक रूप से आपत्ति जताई है।

# पहले से सेवारत शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता समाप्त की जाए: प्रो. संजय

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** 23 अगस्त 2010 को एनसीटीई द्वारा जारी शिक्षक पात्रता परीक्षा संबंधी अधिसूचना तथा माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 29 मई के निर्णय के परिप्रेक्ष्य में देश के विभिन्न राज्यों में वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों एवं उत्तर प्रदेश में टीईटी लागू होने की तिथि 27 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को विधायी एवं नीतिगत संरक्षण प्रदान किए जाने के संबंध में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश ने उत्तर प्रदेश प्रेस क्लब लखनऊ में प्रेस वार्ता कर आंदोलन कार्यक्रम घोषित किया है।

प्रदेश अध्यक्ष प्रोफेसर संजय मेधावी ने बताया कि टीईटी लागू होने से पूर्व सेवारत शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता समाप्त कराने हेतु 18 जून को अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ देश के सभी जिला केंदों पर विशाल प्रदर्शन कर जिला अधिकारियों के माध्यम से भारत सरकार के प्रधानमंत्री एवं केन्द्रीय शिक्षा मंत्री को ज्ञापन भेजगा।



- **18 जून को देश के सभी जिला केंदों पर करेंगे विशाल प्रदर्शन**

प्रदेश महामंत्री जोगेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि संगठन द्वारा संसद के मानसून सत्र से पहले देश के सभी राज्य सभा एवम् लोकसभा सांसदों से भेंटकर उन्हें ज्ञापन सौंपकर संसद में विधायी संशोधन या विशेष प्रावधान कर शिक्षकों को स्थाई राहत प्रदान करने का आग्रह किया जाएगा। विदित हो कि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश,अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ से संबद्ध शिक्षक संगठन है। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ देश के 14 लाख से अधिक शिक्षक सदस्य बाला अखिल भारतीय शिक्षक संगठन है जो अपने स्थापना काल से अद्यतन शिक्षकों की सेवा सुरक्षा, शैक्षिक उन्नयन व राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के लिए कर्मशील है। प्रदेश महामंत्री जोगेंद्र पाल सिंह ने कहा कि वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों एवं उत्तर प्रदेश में टीईटी लागू होने की दिनांक 27 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों की नियुक्तियाँ उस समय प्रभावी नियमों एवं पात्रताओं के अनुरूप पूर्णतः वैध थीं।

# एलडीए वीसी का व्हाट्सएप हैक

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** साइबर हैकर ने एक बार फिर लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार को निशाना बनाया। उनका व्हाट्सएप नंबर हैक करके फोटो के माध्यम से वियतनाम देश के कोड व नंबर से फर्जी व्हाट्सएप एकांउट बनाकर देश-विदेश में मैसेज भेजे।

शुक्रवार सुबह निजी नंबर पर परिचितों की कॉल आने के बाद उपाध्यक्ष को साइबर हैकिंग का पता चला। ये जानकारी मिलते ही साइबर सेल की एक टीम एलडीए पहुंची। अकाउंट बनाकर साइबर सेल ने मामले की जांच शुरू कर दी है। हालांकि यह जानकारी नहीं हो सकी कि फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट कब से चल रहा था और कितनों को ठगी का शिकार बनाया गया है। उपाध्यक्ष ने बताया कि उनका निजी मोबाइल नंबर हैक करके वियतनाम देश का कोड +84 के साथ वहां के मोबाइल नंबर 528110165 से फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट बनाया गया। उस पर उनकी



फोटो लगाई गई। कुछ लोगों के पास उस नंबर से मैसेज गए तो उनके द्वारा जानकारी हुई। हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने अपने सभी परिचितों को कॉल, मैसेज और व्हाट्सएप स्टेट्स के माध्यम से अपील की है कि यदि इस नंबर से या अन्य किसी बाहरी नंबर से कॉल, मैसेज, व्हाट्सएप कॉल, चैट आती है तो रिप्लाई न करें। नंबर ब्लॉक करें। किसी तरह की रुपये की मांग करते हैं तो कतई न दें।

बता दें कि दो माह पहले उपाध्यक्ष का व्हाट्सएप नंबर हैक हुआ था। हैकरों ने अधिकारी, कर्मचारी व उनके परिचितों को मैसेज भेजकर 40 से 70 हजार रुपये मांगे थे। उसी दिन अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा की फर्जी फेसबुक आईडी बनाई गई थी। अभियंताओं के भी व्हाट्सएप नंबर हैक किए गए थे।

# बालश्रम को रेड कार्ड : बच्चों के अधिकारों के समर्थन में सामुदायिक पहल

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर इनिशिएटिव फाउंडेशन इंडिया द्वारा बारादरी परिसर, बुद्धेश्वर मंदिर, लखनऊ में 'सशक्त बचपन, सशक्त समाज' विषय पर सामुदायिक संवाद एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य बालश्रम उन्मूलन, बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा एवं संरक्षण के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समुदाय की सहभागिता को प्रोत्साहित करना था। इस वर्ष की वैश्विक थीम 'बालश्रम को रेड कार्ड - बच्चों के लिए निष्पक्ष अवसर, वयस्कों के लिए सम्मानजनक कार्य' को केंद्र में रखते हुए प्रतिभागियों ने बालश्रम के विरुद्ध सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम में बाल अधिकार एवं बाल संरक्षण विषय पर संवाद, गीत, हस्ताक्षर अभियान, सामूहिक शपथ तथा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली बारादरी परिसर, बुद्धेश्वर मंदिर से प्रारंभ होकर बुद्धेश्वर चौराहे होते हुए मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार पर संपन्न हुई। इस अवसर पर सामाजिक शिक्षिका पुष्पा ने कहा कि हर बच्चे का स्थान विद्यालय में है, कार्यस्थल पर नहीं। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना हम सभी की साझा जिम्मेदारी है।




- **बालश्रम के विरुद्ध एकजुट हुआ समुदाय, निकाली जागरूकता रैली**

सामाजिक कार्यकर्ता रविन्द्र ने कहा कि बालश्रम केवल बच्चों के अधिकारों का हनन नहीं है, बल्कि समाज के भविष्य को कमजोर करने वाली समस्या भी है। इसके समाधान के लिए समुदाय की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। संस्था की वालंटियर शिवानी ने बच्चों की सुरक्षा एवं अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया, जबकि सामुदायिक लीडर संगीता ने कहा कि बालश्रम मुक्त समाज का निर्माण तभी संभव है जब परिवार, समुदाय, विद्यालय और प्रशासन मिलकर कार्य करें। इनिशिएटिव फाउंडेशन इंडिया के निदेशक अमित ने कहा कि बालश्रम केवल बच्चों के अधिकारों का हनन नहीं, बल्कि समाज के भविष्य के लिए भी एक गंभीर चुनौती है। प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित, शिक्षित एवं सम्मानजनक बचपन उपलब्ध कराना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

# 'युवाओं की आवाज़ को दबाने की हर कोशिश नाकाम होगी'

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** भाकपा (माले) ने पेपर लीक और शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आज (12 जून) ईको गार्डेन, लखनऊ में प्रस्तावित छात्र-युवा प्रदर्शन से पहले आइसा एवं पार्टी के युवा नेताओं को हाउस अरेस्ट किए जाने, उनके परिजनों को प्रताड़ित किए जाने तथा विभिन्न स्थानों पर पुलिसिया दबाव और गिरफ्तारियों की कड़ी निंदा की है। इस प्रदर्शन में डिजिटल व्यंग्य मंच 'कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी)' के संस्थापक अभिजीत दीपके के भी शामिल होने की सूचना है।

भाकपा (माले) के राज्य सचिव सुधाकर यादव ने जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार युवाओं के बढ़ते आक्रोश और बेरोजगारी, पेपर लीक तथा शिक्षा व्यवस्था की विफलताओं के खिलाफ उठ रही जनआवाज़ से भयभीत है। यही कारण है कि प्रदर्शन शुरू होने से पहले ही आइसा और माले के युवा नेताओं को नजरबंद किया जा रहा है, उनके घरों पर छापेमारी की जा रही है तथा उनके परिजनों तक को पुलिसिया उत्पीड़न का शिकार बनाया जा रहा है।

- **लोकतांत्रिक विरोध-प्रदर्शन नागरिकों का संवैधानिक अधिकार : भाकपा माले**

उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक विरोध-प्रदर्शन नागरिकों का संवैधानिक अधिकार है, लेकिन सरकार दमन और डर के सहारे युवाओं की आवाज़ को कुचलना चाहती है। यह प्रयास कभी सफल नहीं होगा। भाकपा (माले) युवाओं के संघर्ष के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है और उनके लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर आवाज़ उठाएगी।

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सीएमएस छात्रों ने 4 गोल्ड मेडल समेत 12 पदक जीते

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज द्वितीय कैम्पस के मेधावी छात्रों ने भारतीय सँस्कृति ज्ञान परीक्षा में 4 गोल्ड, 4 सिल्वर एवं 4 ब्रांज समेत कुल 12 मेडल अर्जित कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। यह प्रतिष्ठित परीक्षा गायत्री तीर्थ, शान्तिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित हुई। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है।

श्री खन्ना ने बताया कि इस प्रतिष्ठित परीक्षा में चेरिश कटियार, अनय तिवारी, आराध्या शर्मा एवं पार्थ पटेल ने गोल्ड मेडल अर्जित कर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परचम लहराया है जबकि पुंजदत्त पाण्डेय, मुस्तफा, जोया आरा एवं अर्णव पाण्डेय ने सिल्वर मेडल अपने नाम किया है। इसी प्रकार, आर्यमा शुक्ला, रुद्रेश पटेल, सानवी पाल एवं शुभ श्रीवास्तव ने ब्रांज मेडल जीता है। सी.एम.एस. के इन प्रतिभाशाली छात्रों ने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दिखा दिया है कि सी.एम.एस. छात्र सिर्फ किताबी ज्ञान में ही नहीं अपितु नैतिकता, आध्यात्मिकता व चारित्रिक उत्कृष्टता की अपनी सांस्कृतिक विरासत में भी महारत रखते हैं। प्रतियोगिता के आयोजकों ने सी.एम.एस. छात्रों के मानवीय व आध्यात्मिक सोच से परिपूर्ण विश्वव्यापी दृष्टिकोण की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए प्रशस्ति पत्र मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने विद्यालय के इन प्रतिभाशाली छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की है। श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. सदैव ही विभिन्न रचनात्मक एवं सृजनात्मक प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपने छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा को निखारने के साथ ही जीवन में आगे ही आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित करता रहता है।



## नेपाल से पुणे-मुंबई ब्राउन शुगर सप्लाई करने वाले दो तस्कर गिरफ्तार

**लखनऊ।** नेपाल से ब्राउन शुगर पुणे व मुंबई सप्लाई की जा रही थी। बृहस्पतिवार रात एसटीएफ और इटौंजा पुलिस की संयुक्त टीम ने ब्राउन शुगर की तस्करी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनके पास से 1.20 करोड़ रुपये कीमत की ब्राउन शुगर बरामद हुई है। एसीपी बख्शी का तालाब विकास पांडेय ने बताया कि इटौंजा टोल प्लाजा के पास बीती रात एसटीएफ और इटौंजा पुलिस की संयुक्त टीम ने बाइक सवार दो तस्करों, लखीमपुर खीरी के तिकुनिया क्षेत्र के कढ़िया निवासी प्रकाश और खैरतिया-कुवायुदियाला गांव निवासी आकाशदीप सिंह को गिरफ्तार किया। उनके पास से 600 ग्राम ब्राउन शुगर, दो मोबाइल फोन, एक आधार कार्ड, 100 रुपये का एक नेपाली नोट और 50 रुपये का एक नेपाली नोट बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने बताया कि वे नेपाल से ब्राउन शुगर खरीदकर लाते थे।

# उपभोक्ताओं को सिक्योरिटी पर 6.50 फीसदी ब्याज मिलना शुरू

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद द्वारा प्रदेश के लगभग 3 करोड़ 73 लाख विद्युत उपभोक्ताओं की जमा सिक्योरिटी धनराशि पर वर्ष 2025-26 हेतु देय ब्याज का लाभ तत्काल प्रदान किए जाने की मांग उठाए जाने के बाद उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) ने अपने बिलिंग सॉफ्टवेयर में आवश्यक व्यवस्था कर दी है।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष एवं राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि विद्युत अधिनियम-2003 की धारा 47 तथा विद्युत वितरण संहिता-2005 की धारा 4.20 के अंतर्गत सभी विद्युत उपभोक्ताओं को उनकी जमा सिक्योरिटी धनराशि पर प्रत्येक वर्ष 1 अप्रैल को लागू बैंक दर के अनुसार ब्याज प्राप्त करना उनका वैधानिक अधिकार है।

- **सिक्योरिटी पर ब्याज जुलाई के महीने में उन्हें मिलेगा ना हो परेशन**

वर्ष 2025-26 के लिए 1 अप्रैल 2025 को लागू बैंक दर 6.50 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि परिषद द्वारा इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाए जाने के बाद वर्तमान में यूपीपीसीएल ने बिलिंग सॉफ्टवेयर में व्यवस्था लागू कर दी है। अब जो विद्युत उपभोक्ता अपने बिजली बिल का भुगतान कर रहे हैं, उनके बिलों में जमा सिक्योरिटी धनराशि पर देय 6.50 प्रतिशत ब्याज का समायोजन किया जा रहा है तथा उतनी राशि की कमी बिजली बिल में दिखाई दे रही है। श्री वर्मा ने प्रदेश के सभी विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने बिजली बिल का सावधानीपूर्वक मिलान करें और यह सुनिश्चित करें कि उनकी सिक्योरिटी धनराशि पर देय ब्याज का समायोजन बिल में किया गया है।